ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष चतुर्थी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 27 मई 2024
वर्ष 5, अंक 62, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

मुरादाबाद

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



युवाओं को देंगे अनिवार्य राष्ट्रीय सेवा 16

मनोरंजन से भरपूर होगी मिस्टर एंड मिसेज माही 15

## हाईकोर्ट ने पूछा : बताएं, किस कानून के तहत चलाया जा रहा था गेम जोन

अहमदाबाद, एजेंसी

- हाईकोर्ट ने लिया स्वत: संज्ञान अधिकारियों से मांगी रिपोर्ट

गुजरात हाईकोर्ट की विशेष पीठ ने रविवार को राजकोट के गेम जोन में आग लगने की घटना का स्वतः संज्ञान लेते हुए इसे प्रथम दृष्टया मानव निर्मित आपदा बताया है। इस हादसे में 27 लोगों की मौत हो गई थी। न्यायमूर्ति बीरेन वैष्णव और न्यायमूर्ति देवन देसाई की खंडपीठ ने कहा कि ऐसे गेमिंग जोन और मनोरंजक सुविधाएं सक्षम अधिकारियों से आवश्यक मंजूरी के बिना बनाए गए हैं। पीठ ने अहमदाबाद, वडोदरा, सूरत और राजकोट नगर निगमों के अधिवक्ताओं को निर्देश दिया कि वे सोमवार को इस निर्देश के साथ उपस्थित हों कि कानून के किन प्रावधानों के तहत अधिकारियों ने इन इकाइयों को अपने अधिकार क्षेत्र में स्थापित किया या संचालित करना जारी रखा।

राजकोट में शनिवार शाम लगी भीषण आग में 27 लोगों की मौत हो गई थी, जिसमें 12 साल से कम उम्र के चार बच्चे भी शामिल थे। इस हादसे में तीन लोग घायल हो गए। ये सभी यहां गेम जोन में गर्मियों की छुट्टियों का आनंद ले रहे थे।

### शवों की पहचान को लिए डीएनए नमूने

**राजकोट।** गुजरात के राजकोट में गेम जोन हादसा मामले में एसआईटी ने रविवार तड़के स्थानीय प्रशासन के साथ बैठक की। अधिकारियों ने बताया कि जले हुए शवों की पहचान के लिए लोगों के परिजनों के डीएनए के नमूने एकत्र किए गए हैं। मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल ने घटनास्थल और एक अस्पताल का दौरा किया जहां घायलों को भर्ती कराया गया है। गेम जोन के मालिक और प्रबंधक को गिरफ्तार कर लिया गया है। जांच के लिए एसआईटी शनिवार राजकोट पहुंची।

## कोलकाता नाइट राइडर्स बना आईपीएल-2024 का चैंपियन



चेन्नई, एजेंसी

- 52 रनों की नाबाद पारी खेलकर वेंकटेश ने दिलाई आसान जीत
- 3 विकेट चटकाकर आंद्रे रसल ने तोड़ी सनराइजर्स की कमर

आंद्रे रसल और स्टार्क के शानदार गेंदबाजी प्रदर्शन के बाद वेंकटेश अय्यर नाबाद 52 और रहमानउल्लाह गुरबाज 39 रनों की तूफानी पारियों के दम पर कोलकाता नाइट राइडर्स ने रविवार को एकतरफा अंदाज में सनराइजर्स हैदराबाद को आठ विकेट से हराकर 10 साल के इंतजार के बाद एक बार फिर ट्रॉफी पर कब्जा कर आईपीएल 2024 सत्र का चैंपियन बन गया। कोलकाता चार बार फाइनल में पहुंची है और तीन बार उन्हें जीत हासिल हुई है। 114 रनों के छोटे लक्ष्य का पीछा करने उतरी केकेआर की शुरुआत अच्छी नहीं रही और दूसरे ही ओवर में नारायण (6) रन बनाकर पवेलियन लौट गए। उसके बाद वेंकटेश ने नाबाद 52 रनों की पारी खेली। वहीं रहमानउल्लाह गुरबाज 39 रन बनाकर आउट हुए। कोलकाता ने 10.3 ओवर में दो विकेट पर 114 रन बनाकर खिताबी मुकाबला जीत लिया। इस जीत में गेंदबाज आंद्रे रसल को तीन विकेट मिले। मिचेल स्टार्क और हर्षित राणा ने दो-दो विकेट लिए। वैभव अरोड़ा , सुनील नारायण और वरूण चक्रवर्ती ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

### एक नजर

#### बीएसएफ ने ड्रोन व 11 किलो हेरोइन पकड़ा

**जालंधर।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने सीमा पार से संचालित नार्को-सिंडिकेट्स को ध्वस्त करते हुए पंजाब के गुरदासपुर और अमृतसर के सीमावर्ती क्षेत्रों से एक ड्रोन और 11 किग्रा हेरोइन बरामद किया। शनिवार रात को बीएसएफ जवानों ने गुरदासपुर के सीमावर्ती क्षेत्र में एक ड्रोन की गतिविधि पर नज़र रखी और संदिग्ध स्थानों पर जवानों को तैनात किया। रविवार सुबह 5 :20 बजे बीएसएफ को गुरदासपुर के गांव अगवान में हेरोइन के दो पैकेट मिले। इसमें 11 किलो 36 ग्राम हेरोइन थी।

#### मणिपुर में बांध के पास मिले तीन आईईडी

**इंफाल।** मणिपुर में सेना ने रविवार को इंफाल पूर्वी जिले के मफौ बांध के पास तीन इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) को सफलतापूर्वक निष्क्रिय कर एक बड़ी घटना को टाल दिया। सेना के प्रवक्ता ने कहा कि माफौ बांध के पास नोंगडैम तांगखुल और एतम तांगखुल गांवों को जोड़ने वाली सड़क पर ये आईईडी बरामद किए गए। नियमित गश्त के दौरान, सेना के जवानों ने सड़क के किनारे एक साथ रखे हुए तीन आईईडी को बरामद किया और सुरक्षित तरीके से निष्क्रिय कर दिया।

## सपा सरकार में लोग डर से कांपते थे, अब थर-थर कांपता है माफिया

### मिर्जापुर में बोले प्रधानमंत्री, योगी माफिया की गर्मी उतारने में एक्सपर्ट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/ एजेंसी



- मोदी ने कहा-सपा का कानून व्यवस्था से छत्तीस का आंकड़ा

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ की सरकार माफिया की सफाई अभियान को बड़ी बहादुरी के साथ पूरा कर रही है। योगी माफिया की गर्मी उतारने में एक्सपर्ट हैं। कहा कि सपा सरकार में जनता थर-थर कांपती थी, मगर भाजपा सरकार में माफिया थर-थर कांप रहे हैं। मोदी रविवार को मिर्जापुर जिले के मझवां में मिर्जापुर लोकसभा सीट से अपना दल की प्रत्याशी अनुप्रिया पटेल, रॉबर्ट्सगंज से प्रत्याशी रिंकी कोल और दुद्धी (सोनभद्र) विधानसभा उपचुनाव के लिए प्रत्याशी श्रवण कुमार गौड़ के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

प्रधानमंत्री ने कहा कि इंडी गठबंधन घोर साम्प्रदायिक, घोर जातिवादी और घोर परिवारवादी है। ये लोग धार्मिक आधार पर आरक्षण लागू करके बाबा साहब की पीठ में छुरा भोंकना चाहते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि जनता के एक-एक वोट की ताकत से जहां एक तरफ अयोध्या में श्रीराम मंदिर बना है तो वहीं दूसरी ओर मां विंध्यवासिनी का नव्य-भव्य धाम भी तेजी से बन रहा है।

मोदी ने कहा कि इंडी गठबंधन वालों को देश अच्छी तरह से जान गया है। सपा ने अपने परिवार के अलावा किसी अन्य यादव को टिकट नहीं दिया। कहा कि कानून व्यवस्था और सपा का छत्तीस का आंकड़ा रहा है। जीवन और जमीन कब छिन जाए कोई नहीं जानता था। सपा में माफिया को भी वोट बैंक के हिसाब से देखा जाता था। मगर, अब ऐसा नहीं है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि अब इनके निशाने पर हमारे देश का पवित्र संविधान है। ये दलित, पिछड़ों और आदिवासियों का हक लूटना चाहते हैं। संविधान साफ-साफ कहता है कि धर्म के आधार पर आरक्षण हो ही नहीं सकता। 2012 में उप्र. विधानसभा चुनाव के समय जनवरी में सपा ने अपना घोषणापत्र जारी किया था। तब उसमें कहा था कि जैसे दलितों, पिछड़ों को आरक्षण मिला है वैसे ही मुसलमानों को आरक्षण दिया जाएगा। यहां मुख्यमंत्री योगी, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु, संजीव गौड़, सांसद पकौड़ी लाल कोल, राज्यसभा सांसद राम सकल सहित अन्य मौजूद रहे।

#### हम घर का मिस्त्री नहीं बदलते ये पीएम बदलेंगे


प्रधानमंत्री ने कहा हम जब अपना घर बनाते हैं तो हर महीने नया मिस्त्री नहीं लगाते। इंडी गठबंधन कह रहा है कि पांच साल में पांच प्रधानमंत्री होंगे। जब हम एक घर बनाने के लिए पांच बार मिस्त्री नहीं बदलते तो पांच प्रधानमंत्री कैसे रखेंगे। कोई प्रधानमंत्री अपनी कुर्सी बचाने में ही लगा रहेगा तो वो देश को मजबूत कैसे बनाएगा, इसलिए मजबूत देश के लिए प्रधानमंत्री भी मजबूत होना चाहिए।

#### मेरा बचपन कप-प्लेट धोते धोते बीता

अपना दल के चुनाव चिह्न कप-प्लेट की ओर इशारा करते हुए मोदी ने मिर्जापुर की उम्मीदवार अनुप्रिया पटेल और राबर्ट्सगंज से प्रत्याशी रिंकी कोल की सराहना करते हुए कहा, मैं बचपन में कप प्लेट धोते-धोते बड़ा हुआ हूं। चाय पिलाते-पिलाते बड़ा हुआ हूं। उन्होंने कहा कि इस बात का विशेष ध्यान रहे कि आप सिर्फ एमपी नहीं, पीएम भी चुन रहे हैं।

## पूर्वी दिल्ली के बच्चा अस्पताल में लगी आग, सात शिशुओं की मौत

नई दिल्ली, एजेंसी



घटनास्थल की जांच के लिए पहुंची पुलिस, एकत्र किए नमूने। ● एजेंसी

- ऑक्सीजन सिलेंडर में ब्लास्ट के बाद लगी आग, जांच के आदेश
- कई इमारतें, वाहन क्षतिग्रस्त अस्पताल मालिक गिरफ्तार

पूर्वी दिल्ली के विवेक विहार में बच्चों के एक अस्पताल में आग लगने से सात नवजात शिशुओं की मौत हो गई। जबकि पांच अन्य झुलस गए। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के अधिकारियों ने रविवार को बताया कि 'बेबी केयर न्यू बॉर्न' अस्पताल में शनिवार रात करीब 11:30 बजे आग लग गई और जल्द ही यह दो अन्य इमारतों में भी फैल गई। संभागीय अग्निशमन अधिकारी राजेंद्र अटवाल ने कहा कि दो मंजिला इमारत में रखे ऑक्सीजन सिलेंडर में विस्फोट हुआ, जिससे आसपास की इमारतें क्षतिग्रस्त हो गईं।

घटना में दो बुटीक, बगल की इमारत में संचालित इंडसइंड बैंक का एक हिस्सा और भूतल पर स्थित एक दुकान भी क्षतिग्रस्त हो गई। इमारत के बाहर खड़ी एक एम्बुलेंस और एक स्कूटी भी क्षतिग्रस्त हुई है।

डीएफएस प्रमुख अतुल गर्ग ने बताया कि 12 नवजात शिशुओं को अस्पताल से निकाला गया लेकिन उनमें से सात की मौत हो गई। पांच शिशुओं का एक अन्य अस्पताल में इलाज किया जा रहा है और उनमें से कुछ मामूली रूप से झुलसे हैं। पुलिस उपायुक्त (शाहदरा) सुरेंद्र चौधरी ने कहा कि अस्पताल के मालिक नवीन किची और डॉक्टर आकाश को गिरफ्तार कर लिया गया है। अधिकारियों के मुताबिक अस्पताल अवैध रूप से संचालित किया जा रहा था। दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने मुख्य सचिव नरेश कुमार को अस्पताल में आग लगने की घटना की जांच के निर्देश दिए हैं। दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल ने कहा है कि घटना के दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।

### इमारत में आग लगने से तीन लोगों की मौत

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के कृष्णा नगर इलाके में शनिवार देर रात चार मंजिला आवासीय इमारत में आग लगने से तीन लोगों की मौत हो गई। दिल्ली अग्निशमन सेवा के अधिकारियों ने रविवार को बताया कि 66 वर्षीय परमिला शाद नाम की महिला का जला हुआ शव इमारत की पहली मंजिल पर मिला। 18 वर्षीय केशव शर्मा एवं 34 वर्षीय अंजू शर्मा की अस्पताल में मौत हो गई। आग से पार्किंग में खड़े 11 दोपहिया वाहन भी राख हो गए।

## प. बंगाल तट की तरफ बढ़ रहा चक्रवाती तूफान रेमल



दक्षिण 24 परगना में लोगों को सतर्क करते एनडीआरएफकर्मी।

कोलकाता/ नई दिल्ली, एजेंसी

- प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में हुई बैठक में तैयारियों की समीक्षा
- प. बंगाल के तटीय क्षेत्रों से एक लाख से अधिक को निकाला

चक्रवाती तूफान 'रेमल' के और तीव्र होने तथा रविवार आधी रात तक बांग्लादेश और पश्चिम बंगाल के तटों पर दस्तक देने की संभावना के मद्देनजर बंगाल के संवेदनशील क्षेत्रों से एक लाख से अधिक लोगों को निकालकर सुरक्षित ठिकानों पर पहुंचाया गया है। बंगाल के तटीय इलाकों को हाई अलर्ट पर रखा गया है, क्योंकि तेज गति वाली हवाओं के साथ बढ़ रहे चक्रवात के कारण राज्य के कई हिस्सों में पहले से ही बारिश हो चुकी है। इस बीच रेमल से निपटने को लेकर की गई तैयारियों की समीक्षा को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में एक समीक्षा बैठक हुई जिसमें अधिकारियों को निर्देश दिए गए।

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, 'रेमल' शाम छह बजे सागर द्वीप से 160 किमी दक्षिण-दक्षिणपूर्व में केंद्रित था। अधिकारियों ने कहा कि चक्रवाती तूफान की गति 100-110 किमी प्रति घंटा है, जो 120 किमी प्रति घंटे तक पहुंच सकती है। इसके रविवार आधी रात तक पश्चिम बंगाल के सागर द्वीप समूह और बांग्लादेश के मोंगला बंदरगाह के पास खेपुपारा के बीच तट पर दस्तक देने की संभावना है। अपराह्न तीन बजे तक पश्चिम बंगाल सरकार ने तटीय और संवेदनशील क्षेत्रों से लगभग 1.10 लाख लोगों को निकाल लिया था और उन्हें आश्रय गृहों, स्कूलों और कॉलेजों जैसे सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को चक्रवाती तूफान 'रेमल' से निपटने के लिए की गई तैयारियों की समीक्षा के लिए एक बैठक की अध्यक्षता की। राज्य मंत्री अखिल गिरी ने कहा कि पूर्व में चक्रवात अम्फान और चक्रवात यास से निपटने में हमारे अनुभव का अच्छा उपयोग किया जाएगा। पश्चिम बंगाल के राज्यपाल डॉ सीवी आनंद बोस ने कहा कि वह स्थिति पर करीब से नजर रख रहे हैं और चक्रवात से निपटने को राज्य और केंद्रीय विशेषज्ञों के साथ संपर्क में हैं।

## 43 डिग्री तापमान में आग के सामने बैठ कर तपस्या कर रहे साधु की मौत

कार्यालय संवाददाता, संभल



- गांव बेनीपुर चक में परिक्रमा मार्ग पर तपस्या कर रहे थे पागल बाबा
- अमेठी जिले के गांव रामसेजल के संत 23 मई से कर रहे थे तप

**अमृत विचार :** जिले के कैलादेवी थाना क्षेत्र में भीषण गर्मी में पंचाग्नि (आग के सामने बैठकर ) तप कर रहे साधु की हालत बिगड़ने के बाद मृत्यु हो गई। बाबा ने विश्व शांति, जगत कल्याण एवं गोरक्षा के लिए 23 मई से तप शुरू किया था। बाबा के निधन की सूचना से सेवादारों और श्रद्धालुओं में शोक व्याप्त है।

पागल बाबा के नाम से पुकारे जाने वाले श्रीपाल तिवारी (72) अमेठी जिले के शिव धाम निकट सगरा महाकाल के गांव रामसेजल भवानी के रहने वाले थे। बाबा ने संभल के गांव बेनीपुर चक में 43 डिग्री तापमान में अग्नि प्रज्वलित कर बीच में बैठकर तपस्या शुरू की थी। 23 मई से शुरू हुई तपस्या 27 मई तक की जानी थी। बाबा के सेवादार बताते हैं कि इसके लिए प्रशासन ने अनुमति भी ली गई थी। रविवार को सुबह से ही बाबा तपस्या में लीन रहे। सुबह करीब 11 बजे बाबा की हालत बिगड़ी तो मौजूद सेवादार गांव बेनीपुर चक के निवासी गजराम ने दूसरे सेवादार भारत यादव को सूचना दी। इस बीच बाबा को सांस लेने में तकलीफ होने लगी। यह देख सेवादार गजराम बाबा को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। यहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## अंतर्राष्ट्रीय फर्जी कॉल पर लगाएं प्रतिबंध

- सरकार ने दूरसंचार कंपनियों को दिए निर्देश

**नई दिल्ली।** सरकार ने दूरसंचार कंपनियों को भारतीय मोबाइल नंबर प्रदर्शित करने वाली सभी इनकमिंग अंतर्राष्ट्रीय फर्जी कॉल को प्रतिबंधित करने का निर्देश दिया है। दूरसंचार विभाग (डीओटी) ने रविवार को जारी बयान में कहा कि यह बताया गया है कि जालसाज भारतीय नागरिकों को भारतीय मोबाइल नंबर दिखाकर अंतर्राष्ट्रीय फर्जी कॉल कर रहे हैं और साइबर अपराध और वित्तीय धोखाधड़ी कर रहे हैं। बयान के अनुसार, प्रतीत होता है कि ऐसी कॉलें भारत के भीतर से उत्पन्न हो रही हैं।

## मोदी के अगले कार्यकाल में लागू होगा यूसीसी : शाह

नई दिल्ली, एजेंसी



- एक राष्ट्र-एक चुनाव को भी लागू करेगी अगली मोदी सरकार

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि भाजपा के सत्ता में आने पर सभी पक्षों के साथ व्यापक विचार-विमर्श के बाद अगले पांच वर्ष के भीतर पूरे देश के लिए समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू की जाएगी। शाह ने एक न्यूज एजेंसी से साक्षात्कार में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में अगली सरकार अपने अगले कार्यकाल में 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' को लागू करेगी क्योंकि देश में एक साथ चुनाव कराने का समय आ गया है।

भाजपा के वरिष्ठ नेता ने कहा कि एक साथ चुनाव कराने से खर्च भी कम होगा। चुनाव को सर्दियों या साल के किसी अन्य समय में आयोजित करने की संभावना के बारे में पूछे जाने पर शाह ने कहा कि इस पर विचार किया जा सकता है। यदि हम कोई एक चुनाव प्रीपोन (निर्धारित समय से पूर्व) कराते हैं तो यह किया जा सकता है। यह किया भी जाना चाहिए। यह छात्रों की छुट्टी का समय भी होता है। यह बहुत सारी समस्याएं भी पैदा करता है।

## सेना प्रमुख जनरल पांडे का कार्यकाल एक माह बढ़ा



**नई दिल्ली।** सरकार ने एक महत्त्वपूर्ण निर्णय लेते हुए सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे का कार्यकाल एक महीने बढ़ा दिया है। रक्षा मंत्रालय ने रविवार को बताया कि जनरल पांडे 31 मई को सेवानिवृत होने वाले थे लेकिन अब वह 30 जून को सेवानिवृत्त होंगे। कहा गया कि केंद्रीय मंत्रिमंडल की नियुक्ति मामलों की समिति ने सेना नियमों 1954 के नियम 16ए (4) के तहत यह निर्णय लिया है। जनरल पांडे को दिसंबर 1982 में सेना की इंजीनियर कोर में कमीशन मिला था।

## नैनीताल में उमड़े पर्यटक, ट्रैफिक व्यवस्था हुई ध्वस्त

### सरोवर नगरी के रास्तों पर लगा 10-15 किमी लंबा जाम -पर्यटकों के साथ ही स्थानीय लोगों को हुई समस्या

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी



नैनीताल में पर्यटकों के उमड़ने से रविवार को माल रोड पर जाम में फंसी गाड़ियां।

**अमृत विचार :** ग्रीष्मकालीन अवकाश शुरू होते ही सरोवर नगरी नैनीताल में पर्यटकों की भीड़ उमड़ पड़ी। हजारों की तादाद में पर्यटकों के पहुंचने पर पुलिस का ट्रैफिक प्लान धड़ाम हो गया। नैनीताल जाने वाले हर रास्ते पर सात-आठ घंटे तक जाम लगा रहा। इस जाम में पर्यटकों, स्थानीय लोगों के वाहनों समेत कई एंबुलेंस भी फंसी रहीं। पुलिस ने मशक्कत के बाद सुबह लगा जाम शाम तक खुलवाया।

दिल्ली, उत्तर प्रदेश समेत मैदानी राज्यों में पड़ रही भारी गर्मी व स्कूलों में अवकाश के बाद अचानक पर्यटकों की भीड़ नैनीताल की ओर रुख कर रही है। इस वजह से नैनीताल व आसपास के सभी होटल पैक हो चुके हैं वहीं रास्तों पर भी हजारों वाहनों के पहुंचने से जाम लग रहा है। रविवार को नैनीताल जाने वाले सभी रास्तों पर 10 से 15 किमी लंबा जाम लग गया। सुबह 10-11 बजे से जाम लगने का सिलसिला शुरू हुआ जो शाम 4-5 बजे तक जारी रहा। पुलिस ने जाम से निबटने के लिए अलग-अलग रूटों पर पार्किंग एवं शटल सेवा, जिन पर्यटकों की सरोवर नगरी में बुकिंग थी, सिर्फ उन्हीं को नैनीताल में जाने की अनुमति देने समेत कई नियम बनाए मगर पुलिस के ये इंतजाम नाकाफी रहे। सभी रास्तों पर वाहनों की लंबी कतारें लगने से सिर्फ पर्यटक नहीं बल्कि स्थानीय लोगों को भी दिक्कतें हुई।

### कैंचीधाम से भीमताल तक रेंगते रहे वाहन

बाबा नीब करौरी महाराज के दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ती जा रही है। इस वजह से कैंचीधाम में भी कई किमी लंबा जाम लगा रहा। कैंचीधाम से भीमताल तक लगभग 40 किमी का सफर में वाहन रेंगते रहे। वहीं भीमताल, भवाली की प्रमुख मार्ग पर वाहनों की कतार लगने से क्षेत्रवासियों को भारी परेशानी हुई।

मैदानी क्षेत्रों से पर्यटक बहुत बड़ी संख्या में आ रहे हैं, इस वजह से सड़कों पर यातायात का बोझ बढ़ गया है। अधिकांश पुलिस बल को ट्रैफिक में लगाया गया है। शटल सेवा चलाई जा रही है। जिन पर्यटकों की होटल में बुकिंग नहीं है, उन्हें बाहर ही रोका जा रहा है।
– **प्रहलाद नारायण मीणा**, एसएसपी, नैनीताल

## एक नजर



बैनर से जागरूकता का संदेश देते पदाधिकारी।

### शादियों में भोजन की बर्बादी रोकने को चलाया अभियान

**मैनाठेर, अमृत विचार :** सामाजिक संस्था तुर्क फाउंडेशन शादियों में खाने, (भोजन) की बर्बादी रोकने के लिए अभियान चला रही है। इसी क्रम में रविवार को राकेश फार्म हाउस स्थित नसीर पुर पुलिया, संभल रोड में संदेश लिखे बैनर, पोस्टर लगाए गए व लोगों को जागरूक करने के लिए विचार गोष्ठी भी आयोजित की गई। बैठक में लोगों से अपील की गई कि खाना व अनाज की बर्बादी शादियों में रोकी जानी आवश्यक है। कार्यक्रम में डा. मोहम्मद जावेद, अन्ज़ार हुसैन एडवोकेट, हाजी रियाज अहमद, फौजी रियाजुल हसन, शहवाज आलम, महफूज हुसैन, राकेश सिंह आदि शामिल रहे।

### भीषण गर्मी में बिजली कटौती का दंश झेल रहे उपभोक्ता, विद्युत कर्मचारी भी उपकेंद्र से गायब

# तहसील स्कूल क्षेत्र में दिनभर बिजली गुल रहने से बढ़ी परेशानी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** रविवार को माह का सबसे गर्म दिन रहा। सुबह से सूर्य देव के प्रकोप के साथ बिजली आपूर्ति कटौती भी अपना असर दिखाती रही। ओवरलोडिंग से कहीं ट्रांसफार्मरों के फ्यूज उड़े तो कहीं तारों में आग लगने से हजारों उपभोक्ताओं को सुबह से शाम तक बिजली कटौती की मार झेलनी पड़ी। गुरहट्टी चौराहे से ताड़ीखाना रोड, कचहरी रोड व जेल रोड पर सुबह आठ से 12 बजे तक बिजली आपूर्ति गुल रही। तहसील स्कूल क्षेत्र के अंडेवालान व बाड़ा शाह सफा मोहल्ले के ट्रांसफार्मरों के फ्यूज उड़ने से दिनभर बिजली आपूर्ति बाधित रही। वहीं उपकेंद्र से बिजली कर्मचारी भी गायब मिले।

43 डिग्री के तापमान में जला देने वाली धूप के साथ-साथ बिजली कटौती ने महानगर के लोगों के पसीने छुड़ा दिए। सुबह आठ बजे से ताड़ीखाना से लेकर दुर्गा मंदिर गुरहट्टी चौराहा जेल रोड की बिजली आपूर्ति 12 बजे बजे तक गुल रही। वहां के दुकानदारों की माने तो 12:30 बजे से बिजली आपूर्ति फिर गायब हो गई। जिससे 5 हजार उपभोक्ताओं को बिजली कटौती की समस्या से दोपहर दो बजे तक जूझना पड़ा। गुरहट्टी स्थित विद्युत उपकेंद्र से एक बजे बिजली कर्मचारी भी गायब मिले। चौराहे पर स्थित शुक्ला पान भंडार के स्वामी गौरव शुक्ला ने बताया कि बिना किसी फाल्ट के बिजली आपूर्ति बंद है। वहीं तहसील स्कूल विद्युत उपकेंद्र के जुड़े मोहल्ला तहसील स्कूल ,अंडेवालान और बाड़ा शाह सफा मोहल्ले के ट्रांसफार्मर के सुबह आठ बजे से शाम चार बजे तक पांच बार फ्यूज उड़ गए। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार के फोन करने के बाद आधे से एक घंटे में बिजली कर्मचारियों मौके पर पहुंचे। आधा घंटा फ्यूज जोड़ने में लगा जिससे दोनों मोहल्ले के 1200 उपभोक्ताओं को को शाम 4 बजे तक 8 घंटे लगातार बिजली कटौती की समस्या से जूझना पड़ा। वहीं लाल मस्जिद मोहल्ले में ओवरलोडिंग को लेकर दिन में चार से पांच बार ट्रांसफार्मर के फ्यूज उड़ने से लोगों को पूरे दिन बिजली कटौती की मार झेलनी पड़ी।



कांठ रोड पर मरम्मत कार्य करते विद्युत कर्मचारी। ● अमृत विचार



सुबह 10 बजे दुकान पर आए तो बिजली आपूर्ति गायब थी। जानकारी करने पर पता लगा कि सुबह आठ से बिजली आपूर्ति बंद है। इसके बाद 12 बजे बिजली आपूर्ति आई और आधे घंटे बाद फिर गुल हो गई।
–सौरव अग्रवाल, गुरहट्टी बाजार



बिजली आपूर्ति दिन में कई बार गुल होने लगी है। हर आधे से एक घंटे में बिजली आ-जा रही है। हर 20 से 25 मिनट की ट्रिपिंग हो रही है।
–अमित कुमार, व्यापारी कचहरी, रोड

रविवार की सुबह से गर्मी अधिक होने से ट्रांसफार्मर हीट होने के कारण फ्यूज उड़ने से पूरे दिन कई मोहल्लों में दिक्कत रही है। जिसके कारण कई मोहल्ले में ट्रांसफार्मर हीट होने पर बिजली आपूर्ति बंद करनी पड़ी थी।
–शैलेंद्र सिंह, अधिशासी अभियंता, विद्युत वितरण खंड द्वितीय

# पारा @43 डिग्री सेल्सियस, रविवार सीजन का सबसे गर्म दिन

### पूरे महीने झेलनी पड़ेगी गर्मी, बारिश के अभी आसार नहीं, दोपहर में हीट स्ट्रोक से बचने की सलाह दे रहे चिकित्सक

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** रविवार इस सीजन का सबसे गर्म दिन रहा। जिसने पिछले 10 सालों का रिकॉर्ड तोड़ दिया। रविवार को सूरज आग उगल रहा था। दोपहर में अधिकतम तापमान 43 डिग्री पहुंचा तो लोग गर्मी से त्राहि त्राहि कर उठे। दिन में सड़कों पर आवाजाही कम रही। आपदा प्रबंध प्राधिकरण और स्वास्थ्य विभाग ने गर्मी और लू को लेकर अलर्ट जारी किया है। अभी पूरे महीने गर्मी से राहत की कोई उम्मीद मुरादाबाद व आसपास के जिलों में नहीं है।

सुबह से ही सूरज की तपिश बढ़ती जा रही है। दोपहर में सूरज मानो आग उगल रहा है। रविवार को अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। जो इस सीजन का सबसे गर्म दिन रहा। यह स्थिति 31 मई तक बने रहने का अनुमान मौसम वैज्ञानिक जता रहे हैं। जबकि शनिवार को अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस रहा, इसके मुकाबले रविवार दो डिग्री अधिक गर्म रहा। न्यूनतम तापमान 28.5 डिग्री रहा। आर्द्रता 30 प्रतिशत और 7.5 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से गर्म हवा चली। लू के थपेड़ों ने लोगों को झुलसा दिया। घर में रहने के बाद भी लोगों का गर्मी से राहत नहीं मिली। बिजली के उपकरण पंखा, कूलर भी बेमानी साबित हुए। भीषण गर्मी में लो वोल्टेज और बिजली कटौती ने लोगों को और बेचैन कर दिया है। रात में लो वोल्टेज और बिजली कटौती से लोगों की नींद पूरी न होने से उनमें अनिद्रा, बेचैनी, चिड़चिड़ापन बढ़ रही है। इसको लेकर चिकित्सक भी सतर्क रहने की सलाह दे रहे हैं। जिला अस्पताल के वरिष्ठ फिजिशियन डॉ. रामप्रकाश का कहना है कि गर्मी और लू से बचकर रहने की जरूरत है। खासकर बच्चे और बुजुर्गों को अधिक सतर्क रहना होगा। हृदयरोगी अपना रक्तचाप जांच कराकर अपने चिकित्सक की परामर्श से दवा नियमित लेते रहें। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह का कहना है कि लू (हीट स्ट्रोक) से बचने का पूरा प्रयास करें।

गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के पूर्व प्रोफेसर मौसम वैज्ञानिक आरके सिंह ने बताया कि अभी मौसम शुष्क रहेगा। रविवार को अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस रहा। उन्होंने बताया कि आईएमडी (भारत मौसम विज्ञान विभाग) ने रविवार के तापमान को मई माह में पिछले 10 का अधिकतम तापमान बताया है। रविवार को न्यूनतम तापमान 28.5 डिग्री रहा। इस पूरे महीने अभी बारिश की कोई उम्मीद नहीं है। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और स्वास्थ्य विभाग की ओर से गर्मी व लू से बचने के लिए अलर्ट जारी किया गया है।



भीषण गर्मी के कारण बाजारों में पसरा सन्नाटा। ● अमृत विचार

| 16 से 26 मई का अधिकतम तापमान | |
|---|---|
| 26 मई | 43 डिग्री सेल्सियस |
| 25 मई | 41 डिग्री सेल्सियस |
| 24 मई | 40 .5 डिग्री सेल्सियस |
| 23 मई | 39 डिग्री सेल्सियस |
| 22 मई | 41 डिग्री सेल्सियस |
| 21 मई | 40 डिग्री सेल्सियस |
| 20 मई | 42 डिग्री सेल्सियस |
| 19 मई | 42 डिग्री सेल्सियस |
| 18 मई | 42 डिग्री सेल्सियस |
| 17 मई | 42 डिग्री सेल्सियस |
| 16 मई | 41 डिग्री सेल्सियस |



धूप से बचने को अपने चेहरे को कपड़े से ढक कर कुछ इस तरह से जातीं युवतियां।

### बचाव के उपाय

- पर्याप्त मात्रा में तरल पदार्थ का सेवन करें।
- ठंडी व छायादार जगह पर रहें।
- हल्के रंग के ढीले व आरामदायक कपड़े पहनें।
- धूप में बहुत जरूरी होने पर ही निकलें, सिर ढककर बाहर जाएं।
- अपने साथ पानी की बोतल अवश्य रखें।
- अधिक तेल, मसाला, मिर्च व तीखे चीजों को खाने से बचें।
- धूप और तेज गर्म हवा जैसे लू के संपर्क में सीधे आने से बचें।



पूर्व महापौर वीना अग्रवाल की मूर्ति पर श्रद्धांजलि अर्पित करने पहुंचे महापौर विनोद अग्रवाल व अन्य।

### पूर्व महापौर वीना अग्रवाल को दी श्रद्धांजलि

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** नगर निगम की पूर्व महापौर वीना अग्रवाल की आठवीं पुण्यतिथि पर स्व. वीना अग्रवाल स्मृति उद्यान कंपनी बाग में उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि/माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। महापौर विनोद अग्रवाल ने अपनी पत्नी की प्रतिमा पर फूल माला चढ़ाकर श्रद्धांजलि दी।

श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में वीना अग्रवाल की पुत्रवधू व भाजपा नेत्री प्रिया अग्रवाल, नगर निगम कार्यकारिणी के उप सभापति पार्षद डॉ. गौरव श्रीवास्तव, अप नगर आयुक्त अतुल कुमार, अजीत सिंह, कर्मचारी यूनियन के अध्यक्ष मोहम्मद सुभान, मोहम्मद अली वारसी, संयुक्त व्यापार मंडल के प्रदेशाध्यक्ष अरविंद अग्रवाल जोनी, राजेश गुप्ता, कुलदीप नारायण, दिनेश सिंह सिसौदिया, विवेक शर्मा, पंकज यादव, राहुल देव वरुण, शैलेंद्र सैनी, योगेंद्र रस्तोगी, रमेश सैनी, गौरी जैन, रेखा मदान, ज्योति बंसल आदि मौजूद रहे।

### वसूली में शिथिलता पड़ सकती है भारी

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** तहसीलों में राजस्व से संबंधित वादों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण में देरी और राजस्व वसूली में शिथिलता अधिकारियों पर भारी पड़ सकती है। क्योंकि 18 मई को उत्तर प्रदेश राजस्व परिषद के अध्यक्ष डॉ. रजनीश दुबे ने सर्किट हाउस में समीक्षा में निस्तारण की लचर गति पर नाराजगी जताकर अधिकारियों को गंभीरता दिखाने के लिए कहा था। ऐसे में अब राजस्व अधिकारियों को और सक्रिय होना पड़ेगा।

मंडलायुक्त ने भी शिथिलता पर चिंता जताकर सुधार के लिए कहा था। ऐसे में अब अधिकारियों को वादों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण और राजस्व वसूली बढ़ाने पर पूरा जोर देना होगा। जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह का कहना है कि राजस्व वादों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण और राजस्व की वसूली लक्ष्य के अनुरूप कराना प्राथमिकता है।

## अधिकारियों की कार्यप्रणाली से परेशानी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद/कांठ

**अमृत विचार:** जिला अस्पताल के ओपीडी हॉल में संयुक्त संघर्ष समिति चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण की बैठक में विभिन्न संवर्ग के कर्मचारियों की समस्याओं का मुद्दा छाया रहा।अधिकारियों की कार्य प्रणाली को लेकर बैठक में आक्रोश व्यक्त किया गया। कर्मचारियों के बिना स्पष्टीकरण लिए काटे जा रहे वेतन व दूसरी जगह पर संबद्ध किए जाने के विरोध में आंदोलन को लेकर रणनीति बनाई गई।

रविवार को बैठक को संबोधित करते हुए डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन के जिला मंत्री हेमंत चौधरी ने कहा कि पूरा दिन कार्य करने के बाद भी छोटी-छोटी कमियों पर बिना कोई स्पष्टीकरण मांगे वेतन काट दिया जाता है। इसमें कर्मचारियों का मनोबल टूटता है और इसका प्रभाव उनके कार्य पर पड़ता है। वहीं पंकज पांडे ने कहा कि सेवा पुस्तिका अपूर्ण है। कर्मचारियों को छह माह से भुगतान नहीं हुआ है। सेवानिवृत्त कर्मचारियों के देयकों का भुगतान अनावश्यक रोका जा रहा है। वहीं कर्मचारियों से ऑनलाइन डाटा का काम उनके अपने खर्च पर कराया जा रहा है। कर्मचारियों को शासनादेश के विपरीत दूसरी जगह संबद्ध किया जा रहा है। समिति के जिला मंत्री विनोद कुमार शर्मा ने कहा कि समस्याओं को देखते हुए आंदोलन की रणनीति तैयार की जाएगी। किसी कर्मचारी का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं होगा। बैठक में अंकुर शर्मा, अनुकूल चौहान, भगवान सिंह, अमित भारद्वाज, कमल कुमार, वंदना गौरव, शमा परवीन निर्देश रानी, कृष्ण कुमार गुप्ता, सरिता, कुसुम, भावना व सीएचसी कांठ से रजनी आनन्द, सानू आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. जयपाल सिंह तथा संचालन हेमंत चौधरी ने किया।



संयुक्त संघर्ष समिति की बैठक को संबोधित करते जिला मंत्री हेमंत चौधरी।

**दिक्कत** प्रतिदिन 10 से 15 घंटे की देरी से पहुंच रहीं ट्रेनें, गर्मी में रेलवे स्टेशन पर समय बिता रहे यात्री

# भीषण गर्मी में ट्रेनों की लेटलतीफी पड़ रही यात्रियों पर भारी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** भीषण गर्मी के बीच ट्रेनों की लेट लतीफी यात्रियों का हाल-बेहाल कर रही है। जिसके चलते यात्रियों को परेशानियों को सामना करना पड़ रहा है। पहले किसान आंदोलन के कारण ट्रेनें लेट हो रही थी। लेकिन अब आंदोलन खत्म होने के बाद भी ट्रेनों के संचालन में सुधार नहीं हो रहा है। प्रतिदिन 10 से ज्यादा ट्रेनें अपने निर्धारित समय से काफी घंटों की देरी से पहुंच रही है।

लगातार 33 दिन तक अंबाला में चले किसान आंदोलन के कारण ट्रेनें लेट हो रही थी। लेकिन आंदोलन खत्म होने के बाद भी ट्रेनें समय से नहीं पहुंच रही है। जिसके कारण भीषण गर्मी में ट्रेन में सफर करने वाले यात्री दुश्वारियों झेल रहे हैं। रेलवे प्रशासन द्वारा गर्मी में चलाई गई समर स्पेशल व दैनिक ट्रेनें अपने निर्धारित समय पर मुरादाबाद नहीं पहुंच पा रही है। जिससे यात्री काफी परेशान हैं। पिछले एक महीने की बात करते तो समर स्पेशल व दैनिक ट्रेनों का संचालन बुरी तरह बिगड़ा हुआ है। जिसके चलते मुरादाबाद से होकर गुजरने वाली ट्रेनें एक से 20 घंटे की देरी से पहुंची रही हैं। ट्रेनें लेट होने के कारण यात्री गर्मी के बीच स्टेशनों पर समय बिताने को मजबूर हैं।



रेलवे स्टेशन पर ट्रेन का इंतजार करते यात्री। ● अमृत विचार

| ट्रेन संख्या | नाम | कितनी देरी से पहुंची |
|---|---|---|
| 04067 | दिल्ली समर स्पेशल | 11 घंटे 12 मिनट |
| 04059 | आनंद विहार टर्मिनल | चार घंटे 23 मिनट |
| 15909 | अवध आसाम एक्सप्रेस | छह घंटे चार मिनट |
| 15903 | चंडीगढ़ एक्सप्रेस | सात घंटे चार मिनट |
| 12588 | गोरखपुर अमरनाथ एक्सप्रेस | तीन घंटे 42 मिनट |
| 04313 | देहरादून समर स्पेशल | 10 घंटे 26 मिनट |
| 04073 | न्यू दिल्ली गरीबरथ स्पेशल | छह घंटे 18 मिनट |
| 14673 | शहीद एक्सप्रेस | चार घंटे 18 मिनट |
| 12331 | हिमगिरी एक्सप्रेस | 13 घंटे 52 मिनट |
| 04651 | अमृतसर क्लोन स्पेशल | पांच घंटे 31 मिनट |
| 04652 | जयनगर क्लोन स्पेशल | चार घंटे 44 मिनट |
| 05220 | मुजफ्फरपुर समर स्पेशल | पांच घंटे 15 मिनट |



राहगीरों को भोजन बांटते संस्था के सदस्य।

### जानकी रसोई के सदस्यों ने राहगीरों को बांटा भोजन

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** रविवार को महानगर के बर्तन बाजार में ठाकुर श्रीरघुनाथ जी रामर्चा सेवा ट्रस्ट द्वारा जानकी रसोई का आयोजन किया गया। जिसमें भारी संख्या में लोगों ने भोजन ग्रहण किया। ट्रस्ट के अध्यक्ष पंडित राघवेंद्र जोशी ने बताया कि ट्रस्ट द्वारा समय-समय पर जानकी रसोई का आयोजन किया जाता है। इसके अलावा अन्य धार्मिक कार्यक्रम भी आयोजित होते हैं। इस दौरान विपिन गुप्ता, अमित अग्रवाल, प्रियंक अग्रवाल मौजूद रहे।



## 'अमृत विचार' आपके साथ

आप हमें भेजना चाहते हैं कोई जानकारी या प्रकाशित कराना चाहते हैं कोई समस्या तो व्हाट्सएप करें 9450434176 या amritvichar.moradabad@gmail.com पर हमें ई-मेल करें। हम आपकी बात को आपके नाम के साथ प्रकाशित करेंगे। कार्यक्रमों की सूचना भी हमें भेज सकते हैं। पता : अमृत विचार कार्यालय आशियाना फेस वन मुरादाबाद उप्र।

## शहर में आज



- ☞ जिला कृषि, विकास, औद्योगिक एवं सांस्कृतिक प्रदर्शनी में एक शाम बेटियों के नाम शाम 7 :00 बजे से।
- ☞ गायत्री परिवार ट्रस्ट की ओर से 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ की तैयारियों को लेकर चर्चा शाम 4 :30 बजे से।
- ☞ सपा प्रत्याशी रुचिवीरा समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय, चक्कर की मिलक, कोठी नं. 4 सिविल लाइंस पर प्रात : 9 बजे से अपरान्ह 1बजे तक कार्यकर्ताओं से भेंट करेंगी।

### कृषि प्रदर्शनी अनुगूंज राष्ट्र की शान का एएमए जिला पंचायत ने किया दीप प्रज्वलित, मेधावी बच्चों को किया सम्मानित

# हरियाणवी, पंजाबी व कत्थक नृत्य की धमाकेदार प्रस्तुति से बच्चों ने मचाई धूम

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद





रविवार को जिला कृषि विकास औद्योगिक एवं सांस्कृतिक प्रदर्शनी में लोक नृत्य प्रस्तुत करते महानगर के विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** रविवार को जिला कृषि, औद्योगिक एवं सांस्कृतिक प्रदर्शनी में विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने हरियाणी, पंजाबी व कत्थक नृत्य प्रस्तुत कर समा बांध दिया। साथ ही दर्शकों को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया।

इस बार अनुगूंज राष्ट्र की शानः किसान, दस्तकार और जवानों के नाम जिला कृषि विकास, औद्योगिक एवं सांस्कृतिक प्रदर्शनी का आरंभ अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत डॉ. श्याम बहादुर शर्मा व आरआरके स्कूल की प्रधानाचार्या वंदना छाबड़ा, परियोजना निदेशक सतीश प्रसाद मिश्र, जिला कृषि अधिकारी, प्रभारी सचिव ऋतुषा तिवारी व प्रदर्शनी प्रभारी राहुल शर्मा ने ने मंच पर दीप प्रज्वलित कर किया। मंच पर आरआर के स्कूल के बच्चों की धूम रही।

दूसरे दिन प्रदर्शनी में नगर के 10 स्कूलों के बच्चों द्वारा कोपल कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। जिसमें आरके स्कूल के बच्चों ने सबसे पहले गणेश वंदना की। इसके बाद सीनियर सेकेंडरी स्कूल के बच्चों के ग्रुप ने हरियाणवी लोक नृत्य और मेरे मन में उठे शोर गीत पर कार्यक्रम प्रस्तुत किए। केसीएम स्कूल के बच्चों ने मराठी लोक गीत पर कार्यक्रम प्रस्तुत किया। एसएस चिल्ड्रन एकेडमी गर्ल्स स्कूल सिविल लाइन की ओर से ग्रुप डांस में होली के गीतों पर नृत्य कर प्रस्तुत किया। आरके स्कूल के छात्राओं ने कजरा मोहब्बत वाला अंखियों में ऐसा डाला फिल्मी गीत पर ग्रुप डांस में अपनी प्रस्तुति दी। बोनी एनी पब्लिक स्कूल के बच्चों ने एक भारत श्रेष्ठ भारत पर कार्यक्रम प्रस्तुत किया। वहीं एसएस चिल्ड्रन एकेडमी कांठ रोड के बच्चों ने राजस्थानी लोक गीत पर जलवे बिखरे। केसीएम स्कूल के छात्राओं ने डांस प्रस्तुत किया। गांधीनगर पब्लिक स्कूल के बच्चों ने शुभ दिन आयो रे गीत पर प्रस्तुति दी। आरएसडी एकेडमी पब्लिक स्कूल के बच्चों ने आई गर्ल नंदिनी गीत पर डांस प्रस्तुत किया। तो वहीं सीएएनएस एकेडमी स्कूल के बच्चों ने ढोल बाजे रे बाजे ढोल गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया। आरआरके स्कूल के बच्चों ने अंत में क्लासिकल कथक डांस प्रस्तुत किया। प्रदर्शनी में सभी बच्चों ने एक से बढ़कर एक शानदार प्रस्तुति दी। बाद में सभी बच्चों शील्ड व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# अमीरों को जाल में फंसाकर मांगते थे रंगदारी

### मझोला पुलिस ने एक महिला समेत चार लोगों को किया गिरफ्तार, युवती समेत दो फरार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



पुलिस लाइन सभागार में खुलासा करते पुलिस अधीक्षक नगर अखिलेश भदौरिया।

**अमृत विचार:** रविवार को पुलिस ने लड़की के साथ अश्लील फोटो खींचकर मूंढापांडे के खरकपुर जगतपुर गांव के इस्लाम अली से पांच लाख की रंगदारी वसूलने का प्रयास करने वाले गिरोह के सरगना समेत चार सदस्यों को गिरफ्तार किया। जिसमें मुख्य आरोपी अपनी रिश्ते की बहन के साथ मिलकर धनवान लोगों को अपने जाल में फंसाकर रंगदारी मांगने का धंधा करता था। गिरोह के दो आरोपी पुलिस की पकड़ से दूर हैं। जिसमें एक सरगना की रिश्ते की बहन सानिया भी शामिल है।

एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया और सीओ सिविल लाइंस अर्पित कपूर ने पुलिस लाइन में संयुक्त रूप से इस गिरोह का पर्दाफाश किया। उन्होंने बताया कि 25 मई को मूंढापांडे थाना क्षेत्र के खरकपुर जगतपुर गांव के अहसान अली ने मझोला थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोप लगाया था कि 24 मई को मेरे भाई इस्लाम अली को दो बाइक सवार अज्ञात व्यक्ति करके अपहरण कर ले गए थे। उन्होंने उसे बंधक बना लिया है। मझोला पुलिस की टीम ने इस मामले की बारीकी से पड़ताल की। प्रभारी निरीक्षक कमलेश कांत वर्मा और चौकी इंचार्ज टीपी नगर सुशील चौधरी के नेतृत्व में टीम ने पूरे गिरोह का पता लगा लिया।

रविवार को पुलिस की टीम ने मझोला क्षेत्र के आजाद नगर से गिरोह के सरगना आसिम उर्फ सोनू के अलावा ग्यासुद्दीन निवासी महलकपुर माफी थाना पाकबड़ा, अब्दुल रहीम निवासी हासमपुर चौराहा, साजिया निवासी आजाद नगर को गिरफ्तार कर लिया।



आरोपियों से बरामद सामान।

साजिया के पहले पति की मौत हो चुकी है। वह आजादनगर में अंसार हुसैन के साथ रहती है। अंसार भी इस गिरोह का सदस्य है। अंसार और सरगना की बहन सानिया पुलिस को चकमा देकर फरार हो गए। चारों आरोपियों के कब्जे से अपहृत इस्लाम अली को सकुशल बरामद कर लिया गया। एसपी सिटी ने बताया कि सानिया हरथला नया गांव की ही रहने वाली है। पकड़े गए आरोपियों ने बताया कि गिरोह पैसे वाले लोगों की तलाश में रहता है।

उन्हें किसी बहाने से घर बुलाकर बंधक बनाने के बाद सानिया के साथ अश्लील फोटो खींच लेता है। जिसके बाद उससे रंगदारी की मांग करता है। इस्लाम अली के प्लाट बेचने की सूचना मिली थी। वह झाड़ फूंक का काम करता है। महिला का इलाज करने के बहाने उसे बुलाकर आजादनगर में अंसार के घर बंधक बना लिया था। अश्लील फोटो खींचकर उसके परिवार से पांच लाख की रंगदारी मांगी जा रही थी। पुलिस ने आरोपियों के पास से दो तमंचे 315 बोर और दो कारतूस, एक अवैध चाकू, मोबाइल फोन, एक मोटर साइकिल, एक स्कूटी बरामद की है। आरोपियों का चालान करके न्यायालय में पेशकर जेल भेज दिया।

### जल्द पैसा कमाने के लिए बनाया गिरोह

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** पकड़े गए आरोपियों ने पूछताछ में कई राज खोले हैं। गिरोह के सरगना ने बताया कि ग्यासुद्दीन और अब्दुल रहीम टायर पंक्चर लगाने का काम करते हैं। आसिम उर्फ सोनू और सानिया ने शार्ट कट रास्ते से कमाई का सपना दिखाकर गिरोह बनाया। ग्यासुद्दीन की मोटर साइकिल से इस्लाम अली को उसके घर से बुलाकर लाया गया था। अंसार और साजिया के घर पर बंधक बनाकर रखा जाता है। सानिया बेहद शातिर है। पिछले सप्ताह वह सिविल लाइंस पुलिस से भिड़ गई थी। पुलिस ने उसका शांतिभंग में चालान किया था। इस गिरोह की लिस्ट में कई और लोग भी शामिल थे। बंधक बनाने वाले लोगों से जबरन अश्लील फोटो खींचे जाता है। सीओ सिविल लाइंस अर्पित कपूर ने बताया कि गिरोह के बारे में और भी छानबीन की जा रही। यह देखा जा रहा कि अब तक कितने लोगों को इन्होंने फंसाकर रंगदारी वसूली है। आसिम के खिलाफ दो रिपोर्ट दर्ज हैं। बाकी का आपराधिक इतिहास तलाशा जा रहा है।

## उधारी के पैसे मांगने पर महिला अधिवक्ता को मिली धमकी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**कार्रवाई**

- सिविल लाइंस थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दर्ज की रिपोर्ट
- आरोपी ने अधिवक्ता से 80 हजार रुपये लिए थे उधार

**अमृत विचार:** एक युवक को महिला अधिवक्ता ने शादी के लिए पैसे उधार दिए। जब महिला अधिवक्ता ने अपने उधारी के पैसे वापस मांगे तो आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी दे डाली। पुलिस ने महिला अधिवक्ता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

थाना सिविल लाइंस पुलिस को दी गई तहरीर में महिला अधिवक्ता आलिया परवीन ने बताया कि थाना कटघर क्षेत्र के करूला गली दो निवासी अली जान उर्फ शबलू टेंपो वाले से उसकी जान पहचान थी। जान पहचान होने पर अली जान ने महिला अधिवक्ता ने अपनी शादी के लिए 80 हजार रुपये उधार मांगे। जिसके चलते छह जुलाई 2020 को महिला अधिवक्ता ने कचहरी स्थित अपने चेंबर पर बुलाकर 80 हजार रुपये अली जान को दे दिए।

पैसे लेते समय अली जान ने छह महीने में वापस देने की बात कही थी, लेकिन कई साल बीत जाने के बाद भी उसने पैसे वापस नहीं किए। हर बार आरोपी बहाना कर देता था। बीती तीन मार्च 2024 को महिला अधिवक्ता ने अपने पैसे वापस लेने के लिए अली जान को फोन किया तो उसने गालियां दी और कहा कि अगर तूने पैसे वापस मांगे तो तुझे जान से मार दूंगा। जिसकी शिकायत उसने अली जान के पिता की तो पिता ने ईद पर का समय मांग लिया।

जिसके बाद पीड़िता ने 14 अप्रैल 2024 को अपने पैसे मांगने के लिए अली जान को फोन किया तो उसने एक बार फिर से महिला अधिवक्ता को जान से मारने की धमकी दी और कहा कि तू कचहरी अकेली जाती है। अगर तूने दोबारा पैसे मांगे तो तुझे मुंह दिखाने लायक नहीं छोड़ूंगा। पीड़ित महिला अधिवक्ता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी अली जान उर्फ शबलू टेंपो वाला के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## एक नजर

### जेल में बंद युवक की हालत बिगड़ने से मौत

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** तीन दिन पहले जेल गए युवक की रविवार को अचानक ज्यादा हालत बिगड़ने पर मौत हो गई। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया है। थाना मझोला क्षेत्र के लाइनपार वाल्मीकि बस्ती निवासी सुधीर (35) की रविवार शाम चार बजे जिला अस्पताल में मौत हो गई। वरिष्ठ जेल अधीक्षक पीपी सिंह ने बताया कि 23 मई को सुधीर जेल में लाया गया था। उसी समय से उसकी तबीयत खराब थी। उसे मिर्गी के दौरे पड़ते थे। जिला जेल के अस्पताल में उसका उपचार चल रहा था। रविवार को दोपहर में उसे एक बार फिर मिर्गी आई। जिससे उसकी हालत अधिक खराब हो गई। आनन-फानन में उसे जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों उसकी जांच पड़ताल कर रहे थे तभी मौत हो गई।

# आखिरकार टूटी नींद, ठीक की लीकेज

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



रामगंगा विहार में पाइपलाइन की लीकेज ठीक करता नगर निगम कर्मी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** भीषण गर्मी में पेयजल के लिए मचे हाहाकार के बीच रामगंगा विहार में पेयजल पाइप की टूटी लाइन से हो रही पानी की बर्बादी रोकने में सुस्त सिस्टम की नींद आखिरकार टूटी। मीडिया में छपी खबरों का संज्ञान लेकर आखिरकार नगर निगम के जलकल अनुभाग के कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर लीकेज को ठीक किया। इससे पानी की बर्बादी रुकी।

रामगंगा विहार में सेल टैक्स कार्यालय के निकट कई दिनों से पेयजल की पाइपलाइन टूटने से पानी की बर्बादी हो रही थी। यह स्थिति तब थी जब गर्मी में पानी के लिए लोग तरस रहे हैं। क्योंकि लो प्रेशर के चलते टंकी में पानी नहीं चढ़ रहा है। इस समस्या को देखकर भाजपा नेता व अधिवक्ता प्रदीप सक्सेना ने नगर आयुक्त से लेकर निगम के जलकल अनुभाग के सहायक अभियंता, अवर अभियंता आदि से इसे ठीक कराने की मांग की। इस समस्या को समाचार पत्रों में प्रकाशित होने के बाद आखिरकार सिस्टम से जुड़े लोगों की नींद टूटी। जलकल अनुभाग से आई टीम के कर्मियों ने लीकेज को काफी मशक्कत के बाद ठीक किया। प्रदीप सक्सेना का कहना है कि कॉलोनी में सेल्स टैक्स कार्यालय के समीप सड़क किनारे पाइपलाइन टूटी होने की जानकारी उन्होंने नगर आयुक्त सहित अन्य अधिकारियों से की थी। लेकिन इस पर ध्यान नहीं दिया गया। मीडिया रिपोर्ट के बाद उनकी नींद टूटी। रविवार को पाइपलाइन की लीकेज की मरम्मत की गई।

## बहन के घर गए युवक का पेड़ पर लटका मिला शव

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** बहन के घर जाने के लिए निकले युवक का मझोला थाना क्षेत्र में पेड़ पर शव लटका मिला। पुलिस मामले को आत्महत्या मान रही है। वहीं युवक की मौत से उसके परिवार में कोहराम मचा है।

थाना कांठ क्षेत्र के गांव सहडौली निवासी अनूप सिंह अमरोहा स्थित एक गैस एजेंसी में काम करता था। बताया गया कि बीते शनिवार को अनूप सिंह परिवार वालों से लखनऊ में रहने वाली बहन के घर जाने के लिए निकला था। लेकिन, वह बहन के घर नहीं पहुंचा। रविवार सुबह मझोला थाना क्षेत्र के जीरो प्वाइंट पर अनूप सिंह का शव पेड़ पर रस्सी से लटका मिला। आसपास के लोगों की सूचना पर मझोला थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतारा। मृतक के पास से मिले मोबाइल से उसकी शिनाख्त कर पुलिस ने परिजनों को सूचना दी और शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# एमडीए अधिकारियों के नाम पर वसूली करने वालों पर रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**आरोप**

- एमडीए के जेई की तहरीर पर कटघर पुलिस ने की कार्रवाई
- भवन निर्माताओं से डरा धमका कर वसूल रहे थे रकम

**अमृत विचार:** कटघर थाना पुलिस ने मुगलपुरा के मोहल्ला बरवालान निवासी मोहम्मद अजहर और उसके साथी पर रंगदारी वसूलने की रिपोर्ट दर्ज की है। यह रिपोर्ट एमडीए के जेई तेजवीर सिंह की तहरीर पर दर्ज की गई है। जिसमें आरोप है कि अजहर गिरोह बनाकर भवन निर्माण कराने वालों को कार्रवाई का डर दिखाकर एमडीए अधिकारियों और कर्मचारियों के नाम पर अवैध रूप से वसूली करता था।

मुरादाबाद विकास प्राधिकरण के जेई तेजवीर सिंह ने कटघर पुलिस को तहरीर देकर बताया कि प्राधिकरण क्षेत्र में भवन निर्माणकर्ताओं से अवैध वसूली की शिकायतें मिल रही थीं। यह सूचना आ रही थी कि मुगलपुरा थाना क्षेत्र के बरवालान निवासी मोहम्मद अजहर भवन निर्माणकर्ताओं को डरा धमका कर प्राधिकरण के अधिकारियों और कर्मचारियों के नाम पर अवैध वसूली करता है। इससे प्राधिकरण की छवि प्रभावित हो रही है। जेई तेजवीर सिंह के अनुसार आरोपी अजहर ने अपने निवास स्थान पर कार्यालय खोलकर तीन-चार कर्मचारी तैनात कर रखे हैं। अजहर और उसके कर्मचारी घूम-घूमकर निर्माणाधीन भवनों के फोटोग्राफ खींचते हैं। जिसके बाद खुद को पत्रकार बताकर उनके निर्माण को अवैध साबित करते हुए प्राधिकरण में शिकायत करने का भय दिखाते हैं। बाद में प्राधिकरण के अधिकारी-कर्मचारी के नाम पर भवन स्वामियों से अवैध वसूली करते हैं। आरोपी प्राधिकरण की कार्रवाई से बचाने का भरोसा देकर अवैध निर्माण को बढ़ावा दे रहे हैं। इतना ही नहीं प्राधिकरण के कर्मचारियों से भी वसूली कर लेते हैं। समझौता न करने पर अलग-अलग नाम से उनकी शिकायतें की जाती है। एमडीए उपाध्यक्ष ने इस गैरकानूनी कृत्यों में संलिप्त असामाजिक तत्वों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने के निर्देश दिए थे।

### गिरोह बनाकर वसूलते हैं रंगदारी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** जेई के अनुसार आरोपी अजहर ने गिरोह बनाकर रंगदारी वसूलने को अपना पेशा बना लिया है। प्राधिकरण विकास क्षेत्र जोन-दो जामा मस्जिद रोड पर क्षेत्र भ्रमण के दौरान आजम स्ट्रील एंव आरएच (टाइल्स) ट्रेडर्स के बीच गांव रसूलपुर नगला खेम की लगभग 600 वर्ग मीटर भूमि पर प्राधिकरण से अपेक्षित अनुमति प्राप्त किए बिना इसरत अली के भवन निर्माण का मामला संज्ञान में आया। यह भी पता चला कि अजहर द्वारा निर्माणकर्ता से 50 हजार रुपये की वसूली की गई और ढाई लाख रुपये प्राधिकरण के अधिकारी-कर्मचारी के नाम पर काम पूरा कराने का ठेका लिया। तहरीर में जेई ने यह भी बताया कि आरोपी मोहम्मद अजहर ने अपने आवास पर कार्यालय बना रखा है, जिसमें बाकायदा कम्प्यूटर, लैपटॉप, प्रिन्टर व फोटोस्टेट मशीन लगी है। आरोपी की कॉल डिटेल और इसके कर्मचारियों से पूछताछ कर इस गिरोह के गैरकानूनी कृत्यों की जानकारी की जा सकती है। इस संबंध में थाना कटघर प्रभारी निरीक्षक तेजवीर सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी मोहम्मद अजहर और उसके तीन-चार अज्ञात साथियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। विवेचना में जो भी तथ्य सामने आएगा उसके अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

**गेहूं खरीद** लक्ष्य हासिल करने के लिए अब आखिरी दिनों में अधिकारियों-कर्मचारियों को दिखानी होगी और सक्रियता

# मंडल में 117055 .62 मीट्रिक टन गेहूं की हुई खरीद

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

### मुरादाबाद मंडल के जिलों में गेहूं खरीद की स्थिति

| जिला | क्रेंद्र | किसानों की संख्या | कुल खरीद (मीट्रिक टन) में |
|---|---|---|---|
| मुरादाबाद | 86 | 4233 | 34260 .57 |
| अमरोहा | 44 | 909 | 3895 .11 |
| बिजनौर | 49 | 2411 | 10495 .23 |
| रामपुर | 158 | 3947 | 40525 .37 |
| सम्भल | 82 | 3569 | 27879 .32 |
| योग | 419 | 15069 | 11,7,055 .62 |



खरीद बढ़ाने के लिए सभी एजेंसियों के जिला प्रबंधन, वरिष्ठ विपणन निरीक्षक, विपणन निरीक्षक और केंद्र प्रभारियों को निर्देश दिया है, जिन केंद्र प्रभारियों की खरीद की प्रगति बेहतर रही है उन्हें मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह के हाथों सम्मानित कराकर प्रोत्साहित किया गया था।

–राजेश्वर प्रताप सिंह, जिला खाद्य विपणन अधिकारी

**स्थिति**

- खरीद में बेहतर प्रगति करने वाले केंद्र प्रभारी हो चुके हैं सम्मानित
- बाजार में किसानों को मिल रहा गेहूं का अधिक दाम

**अमृत विचार:** एक मार्च से शुरू हुआ गेहूं खरीद सत्र अब समाप्ति की ओर है। अभी तक मुरादाबाद मंडल के पांचों जिलों में 419 केंद्रों पर 15069 किसानों से 117055.62 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद हुई है। जो 4,05,000 मीट्रिक टन खरीद लक्ष्य से पीछे है। ऐसे में अब खरीद बढ़ाने के लिए आखिरी दिनों में अधिकारियों व कर्मचारियों को और सक्रियता दिखानी पड़ेगी।

मुरादाबाद मंडल में गेहूं खरीद के लिए इस बार 419 केंद्र बनाए गए। जिन पर पंजीकृत किसानों से गेहूं की अधिक खरीद कराने के लिए इस बार सरकार ने एक मार्च से खरीद सत्र प्रारंभ कर दिया। इसके बावजूद अभी उम्मीद के मुताबिक खरीद नहीं हो पाई है। जबकि सत्र के तीन महीने पूरे होने में चंद दिन ही बचे हैं। अधिकारी भी मानकर चल रहे हैं कि दस दिन में खरीद लगभग बंद हो जाएगी क्योंकि अब केंद्रों पर किसानों का आना काफी कम हो गया है।

ऐसे में लक्ष्य हासिल करने के लिए अब एड़ी चोटी का जोर लगाना होगा। मंडल के पांचों जिलों में 25 मई तक 15069 किसानों से 419 केंद्रों पर 117055.62 मीट्रिक टन गेहूं खरीद हुई है।

ऐसे में 15 जून तक सत्र में लक्ष्य पूरा करने को आखिरी के दिन अहम हैं। बात करें मुरादाबाद जिले की तो यहां 86 केंद्रों पर 4233 किसानों से 34260.57 मीट्रिक टन (एमटी) गेहूं खरीदा गया है।

जबकि अमरोहा में 44 केंद्र पर 909 किसानों ने 3895.11 एमटी गेहूं बेचा है। बिजनौर में 49 केंद्र पर 2411 किसानों से 10495.23, रामपुर जिले में 158 केंद्रों पर 3947 किसानों से सर्वाधिक 40525.37 और सम्भल जिले में 82 केंद्रों पर 3569 किसानों से 27879.32 मीट्रिक टन गेहूं खरीदा गया है।

# रिटायर्ड जज के मकान पर कब्जा, भाई और बहन के खिलाफ एफआईआर दर्ज

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- दोनों के खिलाफ मुगलपुरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई
- दिल्ली के रहने वाले रिटायर्ड जज ने की शिकायत

**अमृत विचार:** रिटायर्ड जज की साली के बेटे व बेटी ने उनके मकान पर कब्जा कर लिया। मकान खाली न करने पर पूर्व जज ने दोनों के खिलाफ मुगलपुरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

दिल्ली के पहाड़गज में रहने वाले मुजफ्फर हुसैन उत्तर प्रदेश उच्चतर न्यायिक सेवा में जज के पद से रिटायर्ड है। पुलिस को दी गई तहरीर में उन्होंने बताया कि उन्होंने 1975 में मुगलपुरा के मोहल्ला सक्का प्रथम लाल कोठी स्कूल के पास अपनी पत्नी नसीम बेगम के नाम से प्लाट खरीदकर मकान बनाया था। मकान का निर्माण कराने के बाद मुजफ्फर हुसैन 1978 से 2003 तक न्यायिक सेवा में उत्तर प्रदेश के कई जिलों में तैनात रहे। उसके बाद 2003 से 2007 तक केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण मुंबई बेंच में न्यायिक सदस्य रहे और वहीं से रिटायर्ड हुए। इस बीच 1986 उनकी पत्नी बहन नूर सुबह बेगम की शादी फरहत अली खान एडवोकेट से हो गई।

लेकिन 2014 में फरहत अली की मौत हो गई। पति की मौत के बाद साली नूर सुबह बेगम ने उनके मकान के ऊपरी हिस्से में रहने का अनुरोध किया। जिसके बाद वह रिटायर्ड जज के मकान में रहने लगी। इस बीच साल 2015 में साली नूर सुबह बेगम ने मकान खाली कर दिया और अपना ताला डालकर चली गई। साल 2021 में साली नूर सुबह बेगम की भी मौत हो गई।

जिसके बाद नूर सुबह बेगम के बेटे मुजीब काशिफ व उसकी बहन अल्मास ने उस मकान पर कब्जा कर लिया और अपने ताले डाल दिए। अब जब रिटायर्ड जज भाई-बहन से मकान की चाबी मांग रहे तो दोनों ने देने से साफ इंकार कर दिया। मकान की हालत काफी जर्जर हो चुकी है और उसका निर्माण भी कराया जाना है। रिटायर्ड जज की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी मुजीब काशिफ व उसकी बहन अल्मास के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## एक नजर

### ई-रिक्शा में बिना ढके मीट लेकर जा रहे दो गिरफ्तार

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** रविवार को कांठ रोड पर ई-रिक्शा में बिना ढके मीट लेकर जा रहे दो ई-रिक्शा को बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने पकड़ लिया। हरथला चौकी इंचार्ज ने तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर दो को गिरफ्तार कर लिया है। इनमें अब्दुल मन्नान निवासी असालतपुरा व शाहेदीन निवासी भूडा कर चौराहा मीना मस्जिद के पास असालतपुरा है। आरोपी अब्दुल मन्नान ने बताया कि वह ई-रिक्शा से शादाब से मीट ले कर आता हूं। ई-रिक्शा में भैस वंशीय पशु का मीट कटा है। बजरंग दल कार्यकर्ताओं में महानगर सुरक्षा प्रमुख रोहित मदान, सुधांशु, मयंक मोहन, प्रीतम आदि शामिल थे। प्रभारी निरीक्षक आरपी शर्मा ने बताया कि सैंपल जांच के लिए भेजा जा रहा है।

### तेल की फैक्ट्री सील की

**भोजपुर, अमृत विचार :** रविंद्र ब्रांड सरसों के तेल के अधिकारी राजू अग्रवाल एवं योगेंद्र चौधरी द्वारा की शिकायत पर एफएसओ ओमपाल सिंह ने थाना क्षेत्र के ग्राम सिरसवा स्थित तेल फैक्ट्री का निरीक्षण किया। फैक्ट्री में ताला लगा होने की वजह से अग्रिम आदेशों तक तेल की फैक्ट्री को सील कर दिया।



युग शक्ति गायत्री चेतना केंद्र गायत्री परिवार ट्रस्ट की ओर से 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ की तैयारियों को लेकर बैठक करते पदाधिकारी व सदस्य।

## 29 को गायत्री महायज्ञ में डाली जाएंगी आहुति

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** युग शक्ति गायत्री चेतना केंद्र गायत्री परिवार ट्रस्ट की ओर से आवास विकास सिविल लाइंस स्थित कार्यालय पर रविवार को बैठक हुई। इसमें 29 मई को कैरवी रिसोर्ट निकट श्री शिरडी साईं पब्लिक स्कूल अगवानपुर फ्लाईओवर से पहले कांठ रोड पर 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ की तैयारियों पर चर्चा हुई।

जिसमें अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान में जन जागृति के लिए शांतिकुंज हरिद्वार की वरिष्ठ टोली के द्वारा 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ आयोजन पर विचार किया गया। बताया गया कि इसके अंतर्गत व्यसन मुक्ति, नारी जागरण, स्वास्थ्य संवर्धन, पर्यावरण संरक्षण, विश्व शांति-जनकल्याण और जन जागृति व जन्मदिवस संस्कार, विवाह दिवस संस्कार, दीक्षा संस्कार, विद्या आरंभ संस्कार, नामकरण संस्कार आदि के लिए महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। बैठक में संतोष नारंग, मीनू विज, पूनम चौधरी, प्रेम प्रकाश कपूर, अंकित अग्रवाल, देवेश भारद्वाज, राजीव गुप्ता, हरीश वर्मा, अखिलेश शर्मा, लवलेश कुमार, स्वाति अग्रवाल, संतोष सैनी, कविता शर्मा, बबीता कुशवाहा, आशा मल्होत्रा, गायत्री शर्मा, सुधा अग्रवाल, इन्दु बिश्नोई सहित युग शक्ति गायत्री चेतना परिवार ट्रस्ट के अन्य पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।

### सार्वजनिक स्थलों से रोस्टर के अनुसार कब्जे हटवा रही नगर निगम टीम

## आज जामा मस्जिद चौराहे से हटेगा अतिक्रमण

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** रविवार को अवकाश के चलते नगर निगम की जेसीबी के पहिए थमे रहे। सोमवार को एक बार फिर प्रवर्तन दल की टीम नोडल अधिकारी अपर नगर आयुक्त द्वितीय अजीत कुमार सिंह के नेतृत्व में अतिक्रमण ध्वस्त करने निकलेगी।

नगर आयुक्त के निर्देश पर महानगर में अतिक्रमण हटाने का अभियान चल रहा है। इसके लिए रोस्टर जारी किया गया। हालांकि नगर विधायक के नेतृत्व में व्यापारियों के द्वारा विरोध जताने पर दो-तीन दिन मोहलत देकर व्यापारियों से स्वयं अतिक्रमण हटाने के लिए कहा गया। इसके बाद भी जिन व्यापारियों व भवन स्वामियों ने अपना अतिक्रमण नहीं हटाया वहां निगम की जेसीबी अतिक्रमण तोड़ रही है। इसके क्रम में अभियान चल रहा है। जारी रोस्टर के अनुसार 28 मई को दस सराय पुलिस चौकी से कोहिनूर तिराहे तक व कोहिनूर से चंदौसी फाटक होते हुए हनुमान मूर्ति तक और 29 मई को मझोला थाने के लोकोशेड से महाराणा प्रताप चौक से मंडी रोड होते हुए प्रकाश नगर कपूर कंपनी पुल तक और 30 मई को महाराणा प्रताप चौक से सर्किट हाउस होकर गागन पुल तक अतिक्रमण पर बुलडोजर चलेगा। 31 मई को बुद्धि विहार में डॉ. शेफाली सिंह के आवास से होकर आर्यन इंटरनेशनल स्कूल, महिलाल स्कूल, खुशहालपुर तिराहा होते हुए शाहपुर तिगरी तक एक जून को कांशीराम द्वार से गौतमबुद्ध पार्क होकर खुशहालपुर तिराहा तक अभियान चलेगा। 3 जून को सम्भल फाटक से ईदगाह रोड होते हुए गलशहीद चौराहा, कटार शहीद होकर जामा मस्जिद चौराहे तक, 4 जून को जामा मस्जिद चौराहे से फैजगंज होकर मंडी चौक, बर्तन बाजार अमरोहा गेट तक, 5 जून को पत्थर के चौराहे से गलशहीद थाना होकर पक्का बाग और 6 जून को बांसगांव चौराहे से नागफनी थाना तक और सैनी गली मार्ग होकर किसरौल तिराहा व बारादरी तक आखिरी दिन अभियान चलेगा।



हैलेट रोड पर दुकानदारों द्वारा किया गया अतिक्रमण। ● अमृत विचार

अपर नगर आयुक्त व नोडल अधिकारी का कहना है कि सार्वजनिक स्थानों, सड़क की पटरियों व नाले पर किए अतिक्रमण को हर हाल में हटाया जाएगा। व्यापारियों को पर्याप्त समय दिया जा चुका है। अब निगम की टीम प्रवर्तन दल के साथ अभियान में अतिक्रमण हटवा रही है।

## शादी समारोह में दो लोगों को लगा करंट, एक की मौत

### पाकबड़ा के श्रीराम मंडप में हुआ हादसा, परिवार में मचा कोहराम

संवाददाता, पाकबड़ा

**अमृत विचार:** शादी के मंडप में तार जोड़ते समय दो लोगों को करंट लग गया। करंट लगने से एक व्यक्ति पहले ही नीचे गिर गया। जबकि दूसरा पाइप पर चिपक गया। जैसे ही लाइट का कनेक्शन हटाया तो वह भी नीचे गिर पड़ा। गंभीर हालात मं लोग उसे पाकबड़ा के निजी अस्पताल ले गए, जहां से उसे रेफर कर दिया। जिसके बाद परिजन युवक को लोकोशेड स्थित दूसरे निजी अस्पताल में लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजन शव लेकर घर पहुंचे। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।



युवक की मौत पर विलाप करते परिजन। ● अमृत विचार

नगर के बुध बाजार स्थित श्रीराम मंडप में रविवार को शादी समारोह का आयोजित होना था। जिसके लिए मंडप में बड़ा मंदिर निवासी नरेश एवं कहारों वाला मंदिर निवासी सुनील पाइप के ऊपर चढ़कर लाइट के तार जोड़ रहे थे। अचानक तार पाइप से टकरा गया। जैसे ही पाइप में करंट आया बड़ा मंदिर निवासी नरेश तुरंत ही नीचे गिर गया। जिससे मामूली झटका लगा। उसके बाद जल्दी से कनेक्शन काटा। कनेक्शन काटते ही सुनील धड़ाम से नीचे गिर पड़ा। तुरंत मंडप संचालक एवं सभी उसे लोग मिलकर पाकबड़ा स्थित निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे रेफर कर दिया। जिसके बाद दिल्ली रोड स्थित निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिवार के लोग अस्पताल से शव लेकर घर चले गए। सुनील की मौत से उसके परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### यातायात में बाधक बना छज्जा पुलिस ने तोड़ा

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** पीली कोठी का छज्जा यातायात में बाधा बन रहा था। रविवार को पुलिस ने उसे तुड़वा दिया। छज्जा तोड़ने का कार्य सुबह से ही प्रारंभ हो गया। जोकि शाम तक जारी रहा। छज्जा तोड़े जाने के कारण वाहनों को मुरादाबाद क्लब के रास्ते से निकाला गया।

सोमवार को भी काम के कारण डायवर्जन लागू रहेगा। शहर के मुख्य स्थान में शुमार पीली कोठी के छज्जे को हटाने के लिए मंथन किया जा रहा था। यातायात में बाधा बन रहे छज्जे को हटाने का कार्य रविवार को आरंभ हुआ। काम सुबह दस बजे से शाम पांच बजे तक किया गया। काम पूरा ना हो पाने के कारण सोमवार को भी सुबह छह बजे से सुबह ग्यारह बजे तक रूट डायवर्जन लागू रहेगा। वाहनों को मुरादाबाद क्लब के सामने से गुजरने वाले मार्ग से होते हुए नंदन स्वीट्स वाले मार्ग पर डायवर्ट किया गया है। बिल्डिंग पुरानी होने के कारण मजदूरों के माध्यम से ही छज्जा हटाने की प्रक्रिया की जा रही है। बता दें कि छज्जा होने के कारण भारी वाहनों को वाहनों को मोड़ने में दिक्कत होती थी और समय भी अधिक लग जाता था। इसके कारण यातायात भी प्रभावित रहता था।




ओपन स्टेज कार्यक्रम में मौजूद कलाकार एवं आयोजक। ● अमृत विचार

## कार्यक्रम में कलाकारों ने दिखाई प्रतिभा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** ईवाईएलएम बैठक फाउंडेशन द्वारा बैठक कलाकारों की-1.4 का आयोजन मिगलानी सेलेब्रेशंस में किया गया। जिसमें मुरादाबाद, बरेली, दिल्ली, अलीगढ़, अमरोहा आदि के विभिन्न कलाकारों ने हिस्सा लिया। यह एक ओपन स्टेज कार्यक्रम था।

दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का आरंभ दिल्ली से आए गायक गौरव शर्मा, गायक शौर्य अग्रवाल, स्टैंड अप कॉमेडियन अपूर्व मित्तल और इशिका सिंह ने किया । मिगलानी सेलेब्रेशंस के नियोजक शिव मिगलानी और कार्तिक मिगलानी कार्यक्रम में उपस्थित रहकर कलाकारों को उत्साह बढ़ाया। मुख्य अतिथि मदालसा शर्मा ने कलाकारों की प्रस्तुति को सराहा। परिवर्तन द चेंज के संस्थापक कपिल कुमार और संस्था से प्रिंस भी मौजूद रहे। परम जैन और वियान अग्रवाल द्वारा युगल वाद्य प्रदर्शन, बरेली से अथर्व शर्मा, मुरादाबाद से श्रुतिका, अभिषा प्रसु, अयान ग्रोवर आदि का नृत्य, मुरादाबाद से राहत अली, रहमान अख्तर, आध्या अग्रवाल, आशी, मोही, उमंग अग्रवाल, शिवम, अलीगढ़ से रस पंकज, बरेली से बब्लू, तुलसी, अमरोहा से अमित वर्मा व अर्चना चौहान आदि ने विभिन्न मनमोहक प्रस्तुतियों से सबका मन मोह लिया।ईवाईएलएम बैठक फाउंडेशन की संस्थापिका इशिका सिंह ने कार्यक्रम का संचालन किया। निर्देशक अक्षत टंडन ने बताया कि बैठक का उद्देश्य शहर एवं आसपास के क्षेत्र की प्रतिभाओं को हर महीने एक मंच प्रदान करना है।

### समस्त सृष्टि की प्रजा का पालक है परमात्मा : वैदिक

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** आर्य समाज स्टेशन रोड पर रविवार को साप्ताहिक अधिवेशन का आयोजन हुआ। जिसके प्रारंभ में पं. वीरेंद्र आर्य ने मयंक कुमार, रमाशंकर आर्य, डॉ. राम मुनि और दिनेश रस्तोगी की यजमानी में वैदिक यज्ञ किया।



अधिवेशन में प्रवचन करते वैदिक मनीषी

सत्संग में अजब सिंह आर्य ने महर्षि दयानंद सरस्वती की महत्ता पर भजन प्रस्तुत किया। रमेश सिंह आर्य ने महर्षि दयानंद सरस्वती के अमर ग्रंथ सत्यार्थ प्रकाश का पाठ किया। वैदिक मनीषी और वेद मंत्रों के मर्मज्ञ डॉ. सूर्यप्रकाश द्विवेदी ने अथर्ववेद के मंत्रों की व्याख्या की। बताया कि परमपिता परमात्मा समस्त सृष्टि की प्रजा का नियामक और पालक होने के कारण प्रजापति कहलाता है। प्राणशक्ति जीव के शरीर की संरचना की प्रारंभिक शक्ति है जिनके बिना जीव स्वरूप नहीं ले सकता। इस अवसर पर अरविंद आर्यबंधु, विनोद कुमार गुप्ता, डॉ. राम मुनि, डॉ. अभय श्रोत्रिय, डॉ. आलोक कुमार, लोकेश आर्य, रवीन्द्र आर्य, सुभाष आर्य, रमाशंकर आर्य, राकेश आर्य, दिनेश रस्तोगी मौजूद रहे।



अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद की ओर से लगाए गए शिविर में उपस्थित चिकित्सक व पदाधिकारी।

## 126 मरीजों का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद व इंडिया हेल्थ लाइन की ओर से 12वां निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण व परामर्श शिविर पूर्वाह्न 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक चला। यह कार्यक्रम चंद्र नगर प्रखण्ड के अंतर्गत हिमगिरि स्थित एसडीएम स्कूल में आयोजित हुआ।

शिविर में फिजिशयन डॉ. नितिन बत्रा, दन्त रोग विशेषज्ञ डॉ. अंकित अग्रवाल आदि उपस्थित रहे। आयोजन में 126 मरीजों का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर में 45 ईसीजी, 78 शुगर टेस्ट, 57 मरीजों का ब्लड प्रेशर टेस्ट एवं निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। शिविर में बहुत ही रियायती दरों पर खून आदि की जांच के सैंपल भी लिए गए। शिविर में मुख्य रूप से राष्ट्रीय बजरंग दल मेरठ प्रांत अध्यक्ष रोहन सक्सेना, प्रांत उपाध्यक्ष राष्ट्रीय ओजस्विनी परिषद वंदना शर्मा, महानगर अध्यक्ष राष्ट्रीय ओजस्विनी परिषद स्वाति शर्मा, अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद महानगर महामंत्री अमित अग्रवाल, विभाग महामंत्री गौरव सैनी, पप्पू वैध, स्वतंत्र, राकेश कुमार, कृष, दर्पण आदि मौजूद रहे।

### शिविर में 260 लोगों की शुगर की हुई जांच

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** नवजीवन सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल व राजऋषि पब्लिक स्कूल के सौजन्य से अताई स्ट्रीट मंडी चौक स्थित नारायण भवन में रविवार को निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया गया। शिविर में 260 पेट से संबंधित रोगियों के परीक्षण के साथ ब्लड प्रेशर व शुगर की जांच की गई। कैंप में बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. पुष्पेंद्र कुमार, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. स्वेच्छा बंसल, पेट रोग लिवर रोग विशेषज्ञ डॉ. अर्पित बंसल ने सभी का परीक्षण कर परामर्श दिया।

शिविर में पूर्व सभासद कमलेश खन्ना, राजऋषि पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या सीमा साहिब, कमल अरोड़ा, डा संतोष नारायण मेहरोत्रा, राजीव अरोड़ा, संदीप गुप्ता, सुधांशु अग्रवाल, संजय मेहरोत्रा, सूरज सिंह मेहरोत्रा, अनूप मेहरोत्रा, संजय धवन, राजू टंडन आदि मौजूद रहे।



शिविर में चिकित्सकों को सम्मानित करते सहारा अमन कमेटी के पदाधिकारी व अन्य।

## शिविर में मरीजों को बांटी निशुल्क दवा

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** सहारा अमन कमेटी की ओर से निशुल्क स्वास्थ्य शिविर कटघर पचपेड़ा पर लगाया गया। इसमें फोर्टिस के चिकित्सकों ने 400 से अधिक मरीजों की निशुल्क जांच की। उन्हें निशुल्क दवा भी वितरित की गई।

शिविर में चिकित्सकों ने 320 लोगों की मधुमेह और रक्तचाप की जांच की गई। 117 मरीजों की निशुल्क ईसीजी भी की गई। शिविर में फोर्टिस हॉस्पिटल के हृदयरोग विशेषज्ञ, हड्डी, नस व कैंसर विशेषज्ञों ने भी जांच की। अंत में सहारा अमन कमेटी की ओर से सभी चिकित्सकों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान कमेटी के संरक्षक राजेंद्र कुमार टंडन, विवेक गुप्ता, सुधीर पाठक, अली नईम चिश्ती, सज्जादे नसीम, शिबली मियां, हाफिज इफ्तिखार, फजले हक सूफी, वसीम अहमद कादरी, साजिद हुसैन अंसारी, आरिफ मंसूरी, मोहम्मद राजा, एम ताहिर, परवेज मोहम्मद, फहीम मोहम्मद आदि मौजूद रहे।

## काली माता मंदिर पर यज्ञ में दीं आहुति

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** हर वर्ष माता गिरिजा देनी रामनगर में होने वाला भंडारा इस वर्ष श्री काली माता मंदिर पर संपन्न हुआ। जिसमें सभी भक्तों का पूर्ण योगदान रहा।

रविवार को श्रृंगार आरती मंडल, श्री काली माता मंदिर के संयुक्त तत्वावधान में विशाल भंडारे एवं यज्ञ का आयोजन किया गया। सुबह प्रातः 9 बजे से हवन-यज्ञ की विधिवत प्रारंभ किया गया। सभी कार्यकर्ताओं ने बढ़ चढ़कर हवन पूजन में भाग लिया। इसके बाद दोपहर 12 बजे से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारा शाम पांच बजे तक चला। जिसमें लगभग 4 हजार भक्तों ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया।आस पास के कई मोहल्लों से महिलाओं और बच्चों ने प्रसाद ग्रहण किया। श्रृंगार आरती मंडल के 100 से अधिक सदस्यों ने इस कार्य को संपन्न कराने में अपना विशेष सहयोग प्रदान किया। श्रृंगार आरती मंडल के सौजन्य से प्रति वर्ष मई माह में माता गिरिजा देवी रामनगर में विशाल भंडारे एवं हवन यज्ञ का आयोजन किया जाता है। किंतु मंदिर के कपाट 30 जून तक बंद होने के कारण इस वर्ष का द्वादश भंडारा श्री काली माता मंदिर लालबाग मुरादाबाद पर किया गया। भंडारे का आयोजन करने वालों में राकेश कुमार टंडन की मुख्य भूमिका रही । आयोजन में वीरेंद्र कुमार गुप्ता, अजीत कुमार अग्रवाल, सुरेश सैनी, संजय सक्सेना, शुभम कुमार, आकाश गुप्ता, संजय कुमार आदि शामिल रहे।



लालबाग स्थित काली माता मंदिर में हवन में आहुति देते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

## डीएम ने टेनिस कोर्ट में आजमाए हाथ

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** मुरादाबाद क्लब में टेनिस कोर्ट का जीर्णोद्धार पूरा होने पर रविवार को जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना आदि अधिकारियों ने कोर्ट का फीता काटकर उद्घाटन किया गया। दोनों अधिकारियों ने कोर्ट में टेनिस खेलकर अपनी प्रतिभा दिखाई।

उद्घाटन के लिए पहुंचने पर अधिकारियों का क्लब के पदाधिकारियों ने बुके देकर स्वागत किया। मुरादाबाद टेनिस एसोसिएशन के अध्यक्ष संजीव जैन की देखरेख में जीर्णोद्धार का कार्य एक महीने में पूरा होने पर खिलाड़ियों ने खुशी जताई। जिलाधिकारी ने एमडीए के उपाध्यक्ष शैलेष कुमार व क्लब के पदाधिकारियों के साथ भ्रमण कर अन्य व्यवस्थाएं देखी। एसोसिएशन के अध्यक्ष ने बताया कि 10-11 अगस्त को क्लब की ओर से टेनिस टूर्नामेंट आयोजित कराई जाएगी। इसके स्पांसर श्रीकृष्णा इम्पैक्स व राजन ओवरसीज होंगे। इसमें ओपन के अलावा 30, 40, 50 वर्ग के महिला व पुरुष खिलाड़ी शामिल होंगे। उद्घाटन के बाद एक शो मैच डॉ. अनुराग अग्रवाल और अवनीश रस्तोगी की टीम के साथ डॉ. पीके गुप्ता व अनुज गुप्ता के बीच खेला गया। इस अवसर पर क्लब के सेक्रेटरी डॉ. एसके राज, ट्रेजरार आरएन अग्रवाल के अलावा महानगर के कई निर्यातक व खिलाड़ी आदि मौजूद रहे।



टेनिस खेलते जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह व एसएसपी हेमराज मीना। ● अमृत विचार

- 10-11 अगस्त को क्लब की ओर से टेनिस टूर्नामेंट आयोजित होगा

### कार्ड की लिमिट बढ़ाने का झांसा देकर 51 हजार ठगे

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** शातिर ठग ने क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने का झांसा देकर रोडवेज बस कंडक्टर से 51 हजार की ठगी कर डाली। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जनपद बदायूं के थाना बिल्सी क्षेत्र के गांव सिरासोल निवासी शेखर चौहान पीतलनगरी रोडवेज डिपो में कंडक्टर हैं और पीतल नगरी रोडवेज में ही रहते हैं। शेखर चौहान के अनुसार उनके पास एसबीआई का एक क्रेडिट कार्ड है। इसकी लिमिट एक लाख रुपये है। कॉल करने वाले ने खुद को बैंक का अधिकारी बताया और कहा कि आपके पास जो क्रेडिट कार्ड है, उसकी लिमिट बढ़वा लीजिए। इसके बाद आरोपी ने उनके मोबाइल पर एक लिंक भेजा। इस पर क्लिक करते ही क्रेडिट कार्ड से 51 हजार 661 रुपये कट गए। मोबाइल पर मैसेज आया, तब पीड़ित कंडक्टर को ठगी का अहसास हुआ।

**खेलकूद**

### जीआईसी के मैदान में समर हॉकी मैच में खिलाड़ियों ने दिखाई प्रतिभा

## संडे क्लब ने समर कैंप ऑरेंज को किया पराजित

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** जीआईसी के मैदान में चल रहे समर हॉकी कैंप के अंदर हॉकी मैच का आयोजन किया गया । 7 ए साइड हॉकी की तर्ज पर मैच का आयोजन संडे क्लब और समर कैंप ऑरेंज के बीच हुआ। इसमें संडे क्लब ने समर कैंप ऑरेंज को तीन-दो से पराजित कर आगे के चरण में प्रवेश किया ।

समर कैंप ऑरेंज और संडे क्लब के बीच शानदार मैच में मुख्य अतिथि टीएमयू के शारीरिक शिक्षा विभाग के अध्यक्ष डॉ. योगेंद्र शर्मा रहे। इनके अतिरिक्त शारीरिक शिक्षा के टीचर इंडियन पब्लिक स्कूल के वसीम अहमद खान विशेष अतिथि रहे । इन लोगों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का आनंद लिया। उनके अतिरिक्त और इन खिलाड़ियों में महफूज खां, कौसर खान, अमन अली, शाने आलम खां, पारस, कन्हैया रस्तोगी आदि मौजूद रहे। अंत में सचिव इकबाल खान ने सभी का आभार व्यक्त किया। गोल संडे क्लब से फराज अली ने दो तथा शानू में एक गोल किया जबकि समर कैंप ऑरेंज की ओर से आदित्य ने एक और एक गोल सिद्धांत नहीं किया।अंपायर बेसिक शिक्षा विभाग के स्पोर्ट्स टीचर अमन अली और शिर्डी साईं पब्लिक स्कूल के मोहम्मद इमरान रहे ।



खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते अतिथि। ● अमृत विचार

## एक नजर

### खेत से मोटरसाइकिल और मोबाइल चोरी

**छजलैट, अमृत विचार :** थाना छजलैट क्षेत्र के ग्राम मल्हपुर खैया निवासी कुशल पुत्र महेंद्र सिंह ने थाने में तहरीर देकर बताया कि वह 25 मई को अपने खेत पर मोटरसाइकिल व मोबाइल लेकर गया था। वह चकरोड पर मोटरसाइकिल खड़ी की और उस पर कमीज रख दी जिसमें मोबाइल भी रखा था। वह काम करने खेत में चला गया। जब वापस आकर देखा तो मोटरसाइकिल व मोबाइल नहीं था। उसने आसपास किसानों से पूछताछ की, मगर कुछ पता नहीं चला। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

### तमंचे व कारतूस के साथ एक गिरफ्तार

**छजलैट, अमृत विचार :** थाना छजलैट पुलिस ने एक युवक को तमंचे व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। थाना छजलैट पुलिस के परीक्षक रामकुमार सोम एवं गौरव राठौर ने तलाशी के उपरांत एक व्यक्ति को 12 बोर के तमंचे व जिंदा करतूत के साथ गिरफ्तार किया है। युवक ने अपना नाम ओमवीर सिंह पुत्र राकेश कुमार निवासी ग्राम गोविंदपुर थाना छजलैट बताया है। पुलिस ने युवक के विरुद्ध संबंधित आर्म्स एक्ट की धारा में रिपोर्ट दर्ज कर न्यायालय भेज दिया है।

### युवती को भगा ले जाने में चार के खिलाफ रिपोर्ट

**कुंदरकी, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के एक गांव से युवक द्वारा युवती को बहला फुसला कर भगा कर ले जाने में आरोपी सहित उसके परिवार के चार लोगों के खिलाफ पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। युवती के पिता का आरोप है कि पड़ोस के ही गांव हाथीपुर चित्तू का रहने वाला अरमान 25 मई की सुबह उसकी पुत्री को बहला फुसला कर अपने साथ ले गया। उसके इस कार्य में शकील, रफी और अकील भी शामिल हैं। पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है।

### पूर्व प्रधान और वर्तमान प्रधान के पति का चालान

**कुंदरकी, अमृत विचार :** रविवार को हुए एक झगड़े में पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए सभी का शांतिभंग में चालान कर दिया। जिसमें पूर्व प्रधान एवं वर्तमान प्रधान के पति सहित अब्बास अली पुत्र मुस्ताक हुसैन, राहत जान पुत्र नबाब जान, मेहराज पुत्र आसक, आसकार पुत्र फरजन्द अली निवासीगण ग्राम भीकनपुर कुलबाड़ा थाना कुंदरकी को गिरफ्तार किया गया था। आरोपियों को एसडीएम न्यायालय में पेश किया गया।

# अघोषित बिजली कटौती से लोगों में आक्रोश

## बिजलीघर का घेराव कर किया प्रदर्शन, एक दर्जन से अधिक गांवों की आपूर्ति बाधित

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** नगर में बिजली कटौती से परेशान लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। आक्रोशत लोगों ने नगर के बिजलीघर पर पहुंचकर प्रदर्शन कर नारेबाजी की। लोगों ने विद्युत आपूर्ति में सुधार की मांग की।

रविवार को बिजली कटौती को लेकर लोग उस समय आक्रोशित हो गए, जब उन्हें पता चला कि बिजलीघर में आपूर्ति जारी है, लेकिन नगर के कई मोहल्लों की आपूर्ति बिना किसी कारण बंद है। इस पर नगरवासियों ने विद्युत उपकेंद्र पर पहुंचकर वहां मौजूद कर्मचारियों से आपूर्ति बंद करने का कारण पूछा तो कर्मचारी संतोषजनक जवाब नहीं दे सके। जिस पर लोगों ने उन्हें खरीखोटी सुनाई। लोगों का कहना था कि नगर के वार्ड 21 में लगभग 48 घंटे से बिजली आपूर्ति बंद है। आरोप लगाया कि अधिकारी व कर्मचारी फोन नहीं उठाते। समय से बिल जमा करने के बावजूद भी बिजली की कटौती हो रही है। जिससे बच्चों व बुजुर्गों का बुरा हल है। आक्रोषित लोगों ने बिजली घर पर जमकर हंगामा किया व एसडीओ कार्यालय का घेराव भी किया। प्रदर्शन करने वालों में मेंबर शकील, यासीन, तस्लीम, हनीफ, भूरा, डॉ. नासिर, दिलशाद, डॉ. जावेद, नसीम, शफीक आदि मौजूद रहे।

वहीं, क्षेत्र के गांव गोपीवाला निर्मलपुर गोवध वाला, निर्मलपुर, असलेमपुर, कालेवाला, कमलापुरी, कालाझंडा, फौलादपुर, रघुनाथपुर आदि में भी विद्युत आपूर्ति बाधित रही। जिससे ग्रामीणों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि विद्युत आपूर्ति सुचारू नहीं की गई तो ग्रामीण धरना-प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होंगे।


ठाकुरद्वारा विद्युत उपकेंद्र पर प्रदर्शन करते नगरवासी। ● अमृत विचार

**रोष**
- लोगों ने बिजली उपकेंद्र पर प्रदर्शन कर जताई नाराजगी
- बिजली कर्मचारियों, अधिकारियों पर फोन न उठाने का आरोप


बिलारी में ट्रांसफार्मर को ठंडा करने के लिए पानी डालते कर्मचारी। ● अमृत विचार

### पानी डालकर ठंडे किए जा रहे ट्रांसफार्मर

**बिलारी, अमृत विचार :** नगर व देहात क्षेत्र के लोग चिलचिलाती गर्मी से बेहाल है। लगातार बढ़ते तापमान से बिजली विभाग की परेशानी बढ़ रही है। क्षेत्र में ट्रिपिंग व उपकरणों में आग लगने की घटना बढ़ी हैं। रविवार को भयंकर गर्मी के चलते लोग परेशान हैं। इस दौरान लगातार हो रही ट्रिपिंग से भी लोग जूझ रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ बिजली विभाग की समस्याएं भी बढ़ी हैं। बिजली घर में लगे ट्रांसफार्मर इस कदर गर्म हो चुके हैं कि उन पर बिजली विभाग के कर्मचारी सबमर्सिबल पंप से पानी डाल कर ठंडा करते नजर आ रहे हैं। बिजली घर पर रखे ट्रांसफार्मर का तापमान 90 डिग्री से ऊपर जाने पर अलार्म बज जाता है। वहीं उपकरणों को हीट से बचाने के लिए कर्मचारियों को ट्रांसफार्मर बंद करके उस पर पानी डालकर ठंडा करना पड़ रहा है। फिलहाल ट्रांसफार्मर को पानी से ठंडा करके उस पर पंखे की व्यवस्था की गई है। इस संबंध में एसडीओ प्रणव चौधरी ने बताया कि भीषण गर्मी में बिजली उपकरणों को हीट से बचाने व सुचारू आपूर्ति के लिए विभाग द्वारा विभिन्न उपाय किए जा रहे हैं।

## सार-संक्षेप


भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

### श्रद्धालुओं ने भंडारे में ग्रहण किया प्रसाद

**कांठ, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के ग्राम मुख्तयारपुर नवादा स्थित झाड़ वाले मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें दूरदराज के क्षेत्रों से आए श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। रविवार को मंदिर में सुबह 9 :00 बजे हवन हुआ जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने आहुतियां देकर सुख समृद्धि की कामना की। इसके बाद भंडारे का आयोजन शुरू हुआ जिसमें श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में पहुंचकर भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। विजयानंद महाराज के नेतृत्व में भंडारे और हवन आदि का संयोजन किया गया।


नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र सौंपते राष्ट्रीय अध्यक्ष। ● अमृत विचार

### किसान यूनियन मुलायम के राष्ट्रीय अध्यक्ष का स्वागत

**कुंदरकी, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन मुलायम की बैठक ग्राम सीलपुर में हुई। जिसमें लोगों को भी यूनियन में जोड़ा गया। बैठक में पहुंचे भारतीय किसान यूनियन मुलायम के राष्ट्रीय अध्यक्ष नेम सिंह उर्फ राजेश यादव का कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। रविवार को ग्राम किसान यूनियन मुलायम के राष्ट्रीयअध्यक्ष नेम सिंह उर्फ राजेश यादव ने गांव सीलपुर में ही फुरकान खां को युवा ब्लॉक अध्यक्ष व रफीक अहमद युवा ब्लॉक उपाध्यक्ष, तस्लीम खान युवा ग्राम अध्यक्ष बनाया गया है। इस मौके पर मुजफ्फर चौधरी, मुमताज आलम, मौलाना फारूक, मिर्जा गालिब, आजाद, आफताब आलम, मिंजार तस्लीम अहमद, इरफान अहमद आदि मौजूद रहे।

### झूठी सूचना पर हुई छापेमारी की कार्रवाई: नारंग

**रुद्रपुर, अमृत विचार :** 78 घंटे तक आयकर विभाग के सवालों का जवाब देने वाले विनायक ग्रुप फर्म एवं नारंग परिवार के मुखिया गुलशन नारंग ने कहा कि हर पिता का सपना होता है कि उनके बेटे तरक्की करें। बच्चों ने कड़ी मेहनत कर अपना कारोबार बढ़ाया, लेकिन इस खुशी से नाखुश किसी प्रतिद्वंद्वी ने आयकर विभाग को झूठी शिकायत की और छापेमारी हुई। इसके अलावा शहर में झूठी अफवाह फैलाई गई कि करोड़ों का जखीरा मिला है, जबकि सत्यता यह है कि पूरी कार्रवाई में 3 .30 लाख कैश और पूरे परिवार के पास 31 लाख के जेवरात हैं। पूछे गए सवाल में नारंग ने कहा कि भगवान झूठी शिकायत करने वालों के साथ इंसाफ करेंगे और नारंग परिवार ईमानदारी से अपना कर्तव्य पूर्ण करते रहेंगे।

### चौथे दिन की दोपहर तक चला सर्च अभियान

**रुद्रपुर, अमृत विचार :** छापेमारी के दौरान गुरुवार को एलायंस कॉलोनी स्थित विनायक ग्रुप के पार्टनर सौरभ गाबा के आवास पर कोई नहीं मिलने के बाद आयकर विभाग की टीम ने शुक्रवार को मकान को सील व नोटिस चस्पा कर दिया था और शनिवार को अचानक सील खोलकर सर्च अभियान शुरू किया था। रेड के चौथे दिन की दोपहर दो बजे तक आयकर विभाग की टीम ने सर्च मुहिम को अंतिम रूप दिया और आला अधिकारियों के आदेश पर कार्रवाई पूर्ण कर खाली कर दिया।

### शराब पीने का विरोध करने पर महिला को पीटा

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** नगर में पति को शराब पीने से मना करने पर पति सहित अन्य परिजनों ने पत्नी के साथ मारपीट कर घायल कर दिया। घायल विवाहिता ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। नगर के मोहल्ला बहेड़ावाला निवासी सोनम पत्नी सलीम ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि देर रात उसका पति शराब पीकर घर आया तो उसने शराब पीकर घर आने का विरोध किया। इस पर उसका पति आग बबूला हो गया और पति, ससुर, देवर व सास ने मारपीट कर घायल कर दिया। उसके शोर मचाने पर मोहल्ले के लोगों को आता देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। किसी तरह उनके चुंगल से निकल कर कोतवाली पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# गठबंधन की बनेगी सरकारः असलम

संवाददाता, बिलारी

**अमृत, विचार :** कांग्रेस पार्टी का कारवां बढ़ाने एवं आगामी विधानसभा की आधारशिला मजबूत करने के उद्देश्य से ग्राम ढकिया नरू में नवनियुक्त जिला महासचिव पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के समीर मलिक के निवास पर बैठक संपन्न हुई।

रविवार को आयोजित बैठक में जिलाध्यक्ष असलम खुर्शीद ने कहा कि लोकसभा चुनावों में जनता इस बार परिवर्तन कर रही है। केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनने जा रही है। उन्होंने कहा कि देश की जनता भाजपा की नीतियों से परेशान होकर इंडिया गठबंधन को जीता रही है। जिला चेयरमैन अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ अफजल साबरी ने कहा कि मौजूदा केंद्र सरकार के पास कोई युवाओं के लिए शिक्षा व रोजगार के लिए कोई योजना नहीं है। राजेंद्र वाल्मीकि ने कहा कि आने वाला समय भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का है वही सांप्रदायिकता से मुकाबला कर रही है। सागर तुरैहा जिला पिछड़ा वर्ग अध्यक्ष ने भी कांग्रेस का कांरवां बढ़ाने की अपील की। जिलाध्यक्ष ने बैठक से पूर्व बिलारी ब्लॉक के अध्यक्ष राहत अंसारी के निधन पर उनके आवास पर जाकर परिवार का हाल-चाल जाना। बैठक की अध्यक्षता असलम खुर्शीद व संचालन शाकिर मलिक ने किया। बैठक में समीर मलिक, रफी ठेकेदार, हाजी हनीफ ठेकेदार, नफीस उस्मान एडवोकेट, मोहम्मद सलीम एडवोकेट, मोहम्मद उस्मान हाफिज, शाहिद मलिक, सोहेल मलिक, जुबेर मलिक, हाजी सत्तार मलिक, सद्दाम सैफी, शफीक ठेकेदार, डॉ. लतीफ, मौ. तसलीम, जरीफ ठेकेदार, शाकिर आदि उपस्थित रहे।


कांग्रेस जिलाध्यक्ष असलम खुर्शीद का स्वागत करते कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

- कांग्रेस जिलाध्यक्ष असलम खुर्शीद ने ढकिया नरू में की बैठक की अध्यक्षता

### युवक को लाठी-डंडों से पीटा, एफआईआर दर्ज

**बिलारी, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के गांव थावंला में ससुराल पक्ष के लोगों ने युवक को लाठी-डंडों से पीटकर बुरी तरह से घायल कर दिया। मामले में दी गई तहरीर पर चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। थावंला गांव के मोहम्मद जाकिर पुत्र नन्हे ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि उसका निकाह एक माह पूर्व अनम पुत्री जाहिद के साथ हुआ था। जिसको लेकर उसके ससुराल पक्ष के लोग मुशाहिद, शाहिद, जाहिद जीशान आदि उससे रंजिश रखने लगे।

25 मई को शाम करीब 6 बजे वह अपने घर से इब्राहिमपुर की ओर जा रहा था। तो रास्ते में मुशाहिद व शाहिद आदि ने गाली गलौज शुरू कर दी। मना करने पर हाथापाई पर उतारू हो गए। जब घर वापस आया तो सभी लोग घर में लाठी डंडे लेकर घुस आए, सभी ने उसे, उसके पिता नन्हे, मां नसीमा के साथ मारपीट की।

# परिषदीय स्कूलों में समर कैंप का शिक्षकों ने किया विरोध

संवाददाता, छजलैट

**अमृत विचार :** शासन के निर्देश पर परिषदीय विद्यालय में 5 से 11 जून तक आयोजित समर कैंप का शिक्षकों ने विरोध किया है। शिक्षकों ने गर्मी में लाखों बच्चों के हित में कैंप स्थगित करने की मांग की है।


डॉ. कपिल सिरोही।

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ छजलैट के अध्यक्ष डॉ. कपिल सिरोही ने बताया कि शासन के निर्देश पर परिषदीय स्कूलों में ईको क्लब के माध्यम से समर कैंप का आयोजन किया जाना है। 5 जून से लेकर 11 जून ईको क्लब फॉर मिशन लाइफ को लेकर बच्चे स्कूल में अलग-अलग गतिविधियां सीखेंगे। विश्व पर्यावरण दिवस को लेकर महानिदेशक स्कूली शिक्षा ने प्रदेश के सभी एडी बेसिक व बीएसए को पत्र लिखा है। इसमें आदेशित किया गया है कि ग्रीष्मकालीन अवकाश में ईको क्लब फॉर मिशन लाइफ थीम पर समर कैंप आयोजित किए जाएं। महानिदेशक के आदेश के बाद से ही शिक्षकों में हड़कंप मचा हुआ है। कपिल सिरोही ने बताया कि ग्रीष्मावकाश में समर कैम्प का आयोजन किसी भी तरह से व्यवहारिक नहीं है। जून में प्रदेश में भीषण गर्मी पड़ती है जिससे बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। ब्लॉक छजलैट के कोषाध्यक्ष मोहम्मद रिजवान ने कहा कि जनहित में इस आदेश को वापस लेना चाहिए।

### पांच लाख की रंगदारी मांगने पर तीन पर रिपोर्ट

**काशीपुर, अमृत विचार :** आपत्तिजनक वीडियो वायरल करने की धमकी देकर पांच लाख रुपये की रंगदारी मांगने के आरोप में एक अधिवक्ता ने तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज कराया है। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

ग्राम भगवंतपुर निवासी अधिवक्ता रंजीत सिंह ने कोर्ट में दिए गए प्रार्थना पत्र में कहा है कि 30 अक्टूबर, 2023 को सुबह करीब 11 बजे वह अपने चैंबर पर बैठा था। तभी उसके मोबाइल पर भगवंतपुर निवासी गुरबाज सिंह व ग्राम मिस्सरवाला निवासी पवनदीप सिंह ने कॉल कर पांच लाख रुपये की रंगदारी मांगते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दी। गुरबाज के पिता अमीर सिंह से शिकायत करने पर उन्होंने भी धमकी दी।


डायट में आयोजित पाक कला प्रैक्टिकल के दौरान मौजूद प्रशिक्षु व अन्य। ● अमृत विचार

# डायट में हुआ पाक कला का प्रैक्टिकल

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** धर्मसिंह जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में सामाजिक रूप से उपयोगी उत्पादक कार्य विषय के अंतर्गत डीएलएड तृतीय सेमेस्टर के सेक्सन बी के प्रशिक्षुओं द्वारा शनिवार को पाक कला प्रैक्टिकल का आयोजन किया गया।

प्रैक्टिकल का शुभारंभ डायट प्राचार्य डॉ. ओमप्रकाश गुप्त ने किया। उन्होंने कहा कि इस समय गर्मी अधिक हो रही है। इसलिए पानी अधिक से अधिक पिएं। जब खान पान अच्छा होगा तभी हमारा शरीर स्वस्थ रहेगा। जब शरीर स्वस्थ रहेगा तभी हमारा मस्तिष्क स्वस्थ रहेगा। संस्थान के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंन्द्र सिंह रावत ने प्रशिक्षुओं को संतुलित भोजन और स्वस्थ रहने के लिए आवश्यक आहार के बारे में जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम की प्रभारी अंशु गुप्ता रहीं। इस अवसर पर डॉ. अनिल कुमार यादव, अजय विक्रम सिंह, डॉ. अभिषेक भारद्वाज, आशुतोष त्यागी, डॉ. सुनील कुमार, पुलकित शर्मा, डॉ. नेहा इकबाल सहित कनिष्ठ लिपिक भी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। वहीं प्रशिक्षुओं में अभिषेक कुमार, मो. अमन मंसूरी, युवराज देवल, कृतिका, फरैनाज, कहकसा परवीन, रजिया बी, चित्रा भारती, लवली, ब्रिजेश कुमार, रिया सिंह, नरगिस जहां, विन्देश्वर प्रजापति आदि प्रशिक्षु मौजूद रहे।

# शादी समारोह से लौट रहे युवक की हादसे में मौत

संवाददाता, जसपुर

**अमृत विचार :** शादी समारोह से पैदल घर लौट रहे युवक को एक बाइक चालक ने जबरदस्त टक्कर मार दी। हादसे में युवक की मौत हो गई। इससे उसके परिवार में कोहराम मच गया। दुर्घटना में मोटरसाइकिल चालक भी गंभीर रूप से घायल हो गया। उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है।

जसपुर-पतरामपुर मार्ग के मोहल्ला नई बस्ती भट्टा कॉलोनी निवासी 22 वर्षीय युवक आदिल अपने फुफेरे भाई मोहल्ला पुराना मछली बाजार, जसपुर निवासी तहसीन के शादी समारोह से शनिवार को रात्रि करीब 11 बजे अपने दो साथियों के साथ पैदल अपने घर जा रहा था। तभी एक मोटरसाइकिल चालक ने आदिल को पीछे से टक्कर मार दी । इससे आदिल गंभीर रूप से घायल हो गया। देखते ही देखते मौके पर भारी भीड़ लग गई। घटना से आहत लोग उत्तेजित हो गए। सूचना मिलने पर बाजार चौकी पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने उत्तेजित लोगों को समझाकर किसी तरह शांत किया। सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हुए आदिल को जसपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने आदिल को मृत घोषित कर दिया।

**मातम में बदलीं खुशियां**

**जसपुर।** आदिल की मौत के बाद उसके फुफेरे भाई तहसीन के शादी समारोह की खुशियां मातम में बदल गईं। शादी समारोह में भाग ले रहे आदिल के परिजनों व अन्य लोगों का रोते-रोते बुरा हाल हो गया। मृतक आदिल पांच भाइयों में चौथे नंबर का भाई था।

### छापामार कार्रवाई कर लौटी आयकर की टीम

**रुद्रपुर, अमृत विचार :** पिछले 78 घंटे से शहर में विनायक ग्रुप के ठिकानों पर चल रही लखनऊ आयकर विभाग की छापेमारी आखिरकार समाप्त हो गई।

गुरुवार की सुबह साढ़े दस बजे लखनऊ आयकर विभाग के डिप्टी कमिश्नर पीएस पंचपाल, इनकम टैक्स अधिकारी मुकेश कुमार व दीपक कुमार की मौजूदगी में टीम ने विनायक ग्रुप के गल्ला मंडी स्थित नारंग फर्नीचर मार्ट, राम नगर स्थित विनायक प्लाई के अलावा सिविल लाइंस स्थित रौनिक नारंग को बंधक बनाकर पूछताछ की थी, जबकि विनायक ग्रुप के पार्टनर सौरभ गाबा के एलायंस कॉलोनी स्थित आवास में सर्च अभियान चलाया था। चर्चा है कि जैसे ही रविवार की सुबह साढ़े दस बजे विनायक ग्रुप के संचालक रौनिक नारंग की हालत बिगड़ी, वैसे ही आयकर विभाग की टीम ने 78 घंटे की रेड करने के बाद आखिरकार ठिकानों को खाली कर दिया।

**परेशानी** गर्मी के कारण राहत पाने के लिए तालाब में गई थी गाय

# दलदल में फंसी गाय को निकाला

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** चिलचिलाती गर्मी में छुट्टा पशु भी परेशान हैं। गर्मी से राहत पाने के लिए एक गाय तालाब में घुस गई। काफी देर बाद गाय ने निकलने का प्रयास किया, मगर दलदल के कारण निकल नहीं पाई। बाद में ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद गाय को बाहर निकाला।

थाना क्षेत्र के गांव गोपीवाला के खेतों में काम कर रहे लोगों ने बताया कि सवेरे 10:00 बजे के आसपास छुट्टा गाय चरते हुए गर्मी के चलते तालाब में घुस गई। किसान जब शाम 5:00 बजे अपने खेतों पर पहुंचे तो देखा कि गाय तालाब में ही फंसी थी और निकलने का प्रयास कर रही थी। मगर असफल रही। किसानों ने इसकी सूचना गांव में दी। जिस पर गांव के जयप्रकाश सिंह, हरगोविंद सिंह आदि रस्से व अन्य सामान लेकर तालाब पर पहुंचे। करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद तालाब में फंसी गाय को बाहर निकाल कर उसकी जान बचाई। गांव के पुष्पेंद्र, धर्मेंद्र चौहान, नरेंद्र सिह, विजय पाल सिंह ने बताया कि जिस स्थान पर गाय तालाब में गई थी वहां काफी दलदल थी। जिस कारण गाय बाहर नहीं निकल पाई थी। उन्होंने गाय को बाहर निकाल कर चारा आदि खिलाया।


ठाकुरद्वारा के गांव गोपीवाला में तालाब में फंसी गाय। ● अमृत विचार

- ग्रामीणों ने रस्सों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद गाय को निकाला

### आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में चार पर रिपोर्ट

**बिलारी, अमृत विचारः** कोतवाली क्षेत्र के गांव धनुपुरा तुरखेड़ा के युवक को आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में उसके साढ़ू सहित चार लोगों पर एफआईआर दर्ज किया गया है। धनुपुरा तुरखेड़ा के मोहर सिंह ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि 14 मई की शाम को उसके बेटे नरेंद्र सिंह को उसका साढ़ू बबलू निवासी राजा की सीकरी थाना आशकपुर जिला बदायूं अपने साथ बुलाकर ससुराल मल्लपुर सिधारी ले गया था। उसके बेटे व साढू की ससुराल भी मल्लपुर सिधारी में है। आरोप लगाया कि उसके बेटे नरेंद्र के साथ मुन्नी देवी पत्नी अजब सिंह, रवि पुत्र अजब सिंह, अनीता पत्नी दीपकस बबलू आदि ने मारपीट की। जिससे खफा होकर उसके बेटे ने जहरीला पदार्थ खा लिया था। बेहोशी की हालत में उसका बेटा किसी तरह घर पहुंचा। बाद में इलाज के दौरान उनके बेटे ने दम तोड़ दिया।

# बाइक चोरों की गिरफ्तारी को दी दबिश, दो संदिग्ध पकड़े

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** आयशा मैरिज हाल से चोरी बाइकों के आरोपियों की गिरफ्तारी को पुलिस ने शनिवार रात दबिश दी। दो संदिग्धों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है।

कोतवाली के ग्राम शरीफ नगर में आयशा मैरिज हाल से 24 अप्रैल को जनपद बिजनौर के थाना अफजलगढ़ के ग्राम अभयराजपुर निवासी निसार अहमद की हीरो बाइक और 25 अप्रैल को थाना अफजलगढ़ के ग्राम सुआवाला निवासी सलमान पुत्र हामिद अली की अपाचे बाइक चोरी हो गई थी। शरीफ नगर निवासी महफूज पुत्र अकबर अली एवं शावेज पुत्र फईम अहमद को जसपुर में बाइक बेचते समय बाइक स्वामी निवासी निसार अहमद के रिश्तेदारों ने पहचान लिया था। इसके बाद आरोपी महफूज बाइक को गांव के पृथ्वी सिंह के घर पर खड़ी कर फरार हो गया था। पुलिस ने पृथ्वी सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है, जबकि आरोपित महफूज और शावेज पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं। बाइक स्वामी सलमान समेत अन्य लोगों ने बाइक चोरी की तहरीर पुलिस को देकर बरामदगी की मांग की है। पुलिस ने उच्चाधिकारियों के निर्देश पर शनिवार रात शरीफ नगर में बाइक चोरी के आरोपियों की गिरफ्तारी को दबिश दी। इस बीच पुलिस ने दो संदिग्ध लोगों को हिरासत में लिया है।

**कार्रवाई**
- आयशा मैरिज हाल के बाहर से चुराई गई थी बाइक
- पुलिस इस मामले में पहले ही एक आरोपी को कर चुकी है गिरफ्तार

### बैटरी रिसाइक्लिंग प्लांट में लगी आग से नुकसान

**काशीपुर, अमृत विचार :** काशीपुर के महुआखेड़ागंज में स्थित एक बैटरी रीसाइक्लिंग प्लांट में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने भीषण रूप ले लिया। सूचना पर पहुंची अग्निशमन विभाग की दो फायर यूनिट ने बमुश्किल आग पर काबू पाया। वहीं प्रथम दृष्टया में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है।

रविवार की सुबह महुआखेड़ागंज स्थित बैटरी रीसाइक्लिंग प्लांट में आग लग गई। इसके बाद आसपास मौजूद लोगों ने घटना की जानकारी प्लांट संचालक व अग्निशमन विभाग को दी। अग्निशमन विभाग की दो यूनिट ने तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। काशीपुर अग्निशमन के प्रभारी गोविन्द राम ने बताया कि आग लगने के सही कारणों का पता नहीं चला है। प्रथम दृष्टया आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है।

# गर्मी ने निकाला पसीना, तेज धूप से झुलस रहा शरीर

## अधिकतम तापमान 43 डिग्री पहुंचा, बाजारों में छाया सन्नाटा

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** उमस भरी गर्मी से लोग परेशान हैं। तेज धूप जैसे शरीर को झुलसा रही है। लोग धूप में निकलने से बच रहे हैं। इससे सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। गर्मी के चलते पंखे और कूलर की हवा भी महसूस नहीं हो रही। वहीं, बिजली की कटौती से लोगों में नाराजगी बढ़ रही है।

शनिवार से नौतपा के सूरज की तपिश से लोग बेहाल हो रहे हैं। उमस भरी गर्मी ने लोगों का पसीना निकाल दिया है। रविवार को गर्मी से लोग बेहाल नजर आ रहे हैं। सुबह 8 बजे से ही तेज धूप की तपिश से लोगों पसीना पसीना हो गए। अब उमस भरी गर्मी से तेवर तल्ख बने हैं। दोपहर में गर्मी और उमस चरम पर रहने से लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो गया। बाजारों में सन्नाटा पसर गया। व्यापारी अपने दुकानों पर बैठकर ग्राहकों का इंतजार करते रहे। भीषण गर्मी का असर रोडवेज की बसों पर भी देखने को मिला गर्मी में रोडवेज की बसें यात्रियों के इंतजार में बस अड्डे पर खड़ी हो रहीं। चिलचिलाती धूप के कारण सड़कों पर दोपहर तक सन्नाटा पसरा रहा। लोग गर्मी के कारण अपने घरों में कैद रहे। रविवार को शहर का तापमान 43 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। लोग सिर्फ जरूरी काम से ही बाहर निकले। धूप से बचने के लिए छाता का सहारा लिया। रात में भी गर्मी के कारण लोग देरी से सो रहे हैं। जिससे नींद पूरा नहीं हो रही है। वहीं बारिश न होने से किसानों के सामने सिंचाई का संकट पैदा हो गया है। जबकि यह समय धान की रोपाई का है, इस समय बारिश की सख्त जरूरत रहती है। एक तो बारिश नहीं और बिजली की अघोषित कटौती से किसान सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं।



नहर में नहाते युवा और बच्चे। ● अमृत विचार

**नहर में डुबकी लगा रहे युवा :** नौतपा के दूसरे दिन रविवार को आसमान से बरसती आग से राहत लेने के लिए लोग नहर पर पहुंच गए। रविवार को नौगांवा सादात थाना क्षेत्र में नहर पर गर्मी से बचने के लिए लोग नहाते नजर आए। युवाओं ने गर्मी से राहत पाने के लिए नहर में सुबह से लेकर देर शाम तक डुबकी लगाई।

### पिछले दिनों दर्ज तापमान

| दिनांक | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|
| 26.05 | 31 डिग्री | 43 डिग्री |
| 25.05 | 32 डिग्री | 42 डिग्री |
| 24.0 | 30 डिग्री | 42 डिग्री |
| 23.05 | 27 डिग्री | 40 डिग्री |

### कटौती से नहीं हो पा रही फसलों की सिंचाई

**अमरोहा, अमृत विचार :** तापमान बढ़ने के साथ ही मौसम की उमस भरी गर्मी के साथ ही बिजली की समस्या भी बढ़ने लगी है। लो वोल्टेज, ब्रेकडाउन सहित कर्मचारियों की लापरवाही से बिजली की किल्लत के बीच आबादी को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यही नहीं बिजली कटौती से अक्सर घरों में पानी की किल्लत की समस्या रहती हैं। वहीं ग्रामीण इलाकों में अघोषित बिजली कटौती के कारण फसलों की सिंचाई नहीं हो पा रही है। चिलचिलाती धूप के कारण फसल सूखने का डर बना रहता है। किसानों का कहना है कि बारिश होने से ही कुछ समाधान हो सकता है।

### भीषण गर्मी व धूप की तपिश से लोग बेहाल

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** इन दिनों सूर्यदेव आसमान से भीषण आग उगल रहे हैं। अधिकतम पारा भी 43 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंच गया है। ऐसे हालात में लोगों का दोपहर में घर से बाहर निकलना स्वास्थ्य की दृष्टि से उचित नहीं है। भीषण गर्मी एवं धूप की तपिश की वजह से रविवार को शहर की सड़कें भी सुनसान हो गईं और बाजारों से रौनक गायब रही। ग्राहकों के न आने की वजह से दुकानदार भी खाली बैठे रहे। रविवार को इस गर्मी का सबसे अधिक गर्म दिन रहा। अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया। सुबह से ही सूरज ने आमसान से जैसे आग उगलनी शुरू कर दी थी। दोपहर के समय तो लोगों का घर से बाहर निकलना भी दूभर हो गया। मौसम में हवा बहुत कम और बहुत ज्यादा गर्म हवा चल रही थी, गर्म हवा और अत्यधिक तपिश के कारण ही लोग घरों व कार्यस्थल पर ही मौजूद रहे। निजी कार्य से बाहर निकलने में लोग को बहुत अधिक परेशानी का सामना करना पड़ा।

### आर्य समाज ने पर्यावरण शुद्धि के लिए किया यज्ञ

**हसनपुर, अमृत विचार :** आर्य समाज हसनपुर द्वारा साप्ताहिक यज्ञ में पर्यावरण एवं आत्मिक शुद्धि हेतु आहुतियां दी गईं।

इस दौरान बताया गया कि आर्य समाज में स्वामी दयानंद सरस्वती द्वारा राष्ट्रीय चेतना के लिए जो कार्य शुरू हुआ था वह अब भी जारी है। हम भारतवासियों का दायित्व है कि हम राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता के लिए उस अलख को जगाए रखें। आर्य समाज की विचारधारा प्राचीन वैदिक परंपरा एवं संस्कृति तथा पर्यावरण की शुद्ध एवं संरक्षण की रही है, जिसके लिए वर्तमान में पीपल, बरगद, नीम, बेल एवं फलदार वृक्षों का सार्वजनिक स्थान एवं सड़क किनारे पौधरोपण होना चाहिए। हमारी वैदिक संस्कृति एवं परंपरा संपूर्ण विश्व के स्वस्थ निरोगी एवं सुखी जीवन की कामना करती है और पूरे विश्व को परिवार मानती है। यज्ञ की मुख्य यजमान तनवी गुप्ता रही एवं पुरोहित मिलन आर्य ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ संपन्न कराया। मुख्य रूप से नन्हे सिंह आर्य, इंद्रपाल आर्य, रोहताश सिंह आर्य, नवीन रस्तोगी, दिनेश अग्रवाल, सविता गुप्ता, उधम सिंह आर्य, कंचन गुप्ता, रोनित गुप्ता, योगेंद्र सिंह, ज्ञानेंद्र आर्य रहे।

## एक नजर

### कच्ची शराब के सेवन से युवक की मौत

**हसनपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव में कच्ची शराब के सेवन से युवक की मौत हो गई। परिजनों ने बिना कार्रवाई के शव का अंतिम संस्कार कर दिया। हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव हथियाखेड़ा निवासी 30 वर्षीय योगेंद्र पुत्र धर्मवीर सिंह शराब पीने का आदी था। शनिवार देर शाम कच्ची शराब के सेवन से उसकी मौत हो गई। परिजनों ने बिना किसी कार्रवाई के अंतिम संस्कार कर दिया। कोतवाल सनोज प्रताप ने बताया कि इस संबंध में कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई है।

### खोखे का ताला तोड़कर सामान चोरी

**गजरौला, अमृत विचार :** शहर में रखे छोले कुलचे के खोखे से चोरों ने हजारों रुपये का सामान चोरी कर लिया। पीड़िता ने घटना की तहरीर पुलिस को दी है। शहर के मोहल्ला मायापुरी निवासी उर्मिला पत्नी चमन सिंह ने नगर के इंदिरा चौक पर छोले कुलचे का खोखा लगा रखा है। जिसमें शनिवार की रात चोरों ने ताला तोड़कर हजारों रुपये का सामना चोरी कर लिया। रविवार सुबह उर्मिला अपने खोके पर पहुंची तो घटना जानकारी हुई। पीड़िता ने घटना की तहरीर पुलिस को देकर कार्रवाई की मांग की है। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि मामले में तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### चौराहे पर युवती से युवक ने की अश्लील हरकत

**हसनपुर, अमृत विचार :** चौराहे पर युवक ने युवती का हाथ पकड़ कर अश्लील हरकत की। पीड़िता के पिता ने कोतवाली में आरोपी युवक के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई करने की गुहार लगाई।

कोतवाली क्षेत्र के गांव निवासी युवती नगर में प्रतिदिन ब्यूटी पार्लर का कार्य सीखने के लिए आती है। गांव निवासी युवक उसका काफी समय से पीछा कर रहा था। रविवार को जैसे ही युवती पुराना डाकघर चौराहे के निकट पहुंची तो युवक ने उसका हाथ पकड़ लिया और बात करने की कोशिश करने लगा। इस दौरान युवक द्वारा युवती के साथ अश्लील हरकत की। युवती ने युवक से हाथ छुड़ाने की कोशिश की तो युवक ने मारपीट भी की। युवती ने पिता को जानकारी दी तो पिता पीड़िता को लेकर कोतवाली पहुंचा। प्रभारी निरीक्षक सनोज प्रताप सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार जांच कर कार्रवाई की जा रही है।



केक काटकर पायलट दिवस मनाते एंबुलेंस कर्मचारी। ● अमृत विचार

## एंबुलेंस चालकों ने केक काटकर मनाया विश्व पायलट दिवस

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** विश्व पायलट दिवस पर एंबुलेंस चालकों ने सीएचसी में केक काटा। रविवार को पूरे विश्व में विश्व पायलट दिवस मनाया गया। नगर के सीएचसी में 108 तथा 102 एंबुलेंस चालकों ने केक काटकर विश्व पायलट दिवस मनाया। इस दौरान उन्होंने लोगों की जिंदगी बचाने को शपथ भी ली।

हसनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ. ध्रुवेंद्र सिंह तथा 108 एवं 102 एंबुलेंस के डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर जितेंद्र कुमार के नेतृत्व में विश्व पायलट दिवस के अवसर पर एंबुलेंस चालकों ने सीएचसी में केक काटा। इस मौके पर एंबुलेंस चालकों को कर्तव्यों के प्रति शपथ दिलाई। इस मौके पर राजीव, बच्चू सिंह, ताराचंद, अरविंद, ओमवीर, शिवम, रवि कुमार, पंकज, विषोम, नेत्रपाल आदि मौजूद रहे।

### गर्मी में लोगों को छाछ पिलाकर दिलाई राहत

**गजरौला, अमृत विचार :** बढ़ते तापमान और गर्म हवा से त्रस्त लोगों को राहत देने के लिए समाजसेवियों ने छाछ एवं शरबत का वितरण किया। कई स्थानों पर प्याऊ भी लगाए।

बता दें कि गर्मी में इस बार तापमान पिछले कई वर्षों के रिकॉर्ड तोड़ रहा है। तेज धूप और लू के चलते लोगों का बुरा हाल है। रविवार को बढ़ती तपिश से परेशान लोगों को राहत पहुंचाने के लिए स्व. आशाराम वेलफेयर सोसायटी के संस्थापक विचित्र भाटी ने अपने धनौरा रोड स्थित पेट्रोल पंप के सामने छाछ का वितरण किया। छाछ पीकर लोगों को गर्मी में राहत मिली। इस मौके पर भाग्य भाटी, योगेश भड़ाना, गुरुबचन सिंह, सिद्धार्थ नागर, डॉ. रवि भूषण शर्मा, डॉ. आशुतोष भूषण शर्मा, सतेंद्र सिंह उर्फ सोनू गुर्जर, उत्कर्ष भाटी, ज्ञानेंद्र, सुरेंद्र रहे। इंदिरा चौक सहित कई स्थानों पर शरबत का वितरण किया गया।

## पूरी आस्तीन के कपड़े पहनकर घर से बाहर निकलें

संवाददाता, हसनपुर

- **गर्मी में चिकित्सक दे रहे हल्का खाना खाने और अधिक पेय पदार्थ की सलाह**

**अमृत विचार :** गर्मी से लोगों की अब तबीयत खराब हो रही है। घर से बाहर निकलते ही शरीर जैसे झुलस रहा है। गर्मी के कारण लोग बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। ऐसे में खानपान का ध्यान रखना जरूरी है। चिकित्सक हल्का खाना खाने और मौसम के अनुसार पेय पदार्थ ज्यादा लेने की सलाह दे रहे हैं।

चिकित्सकों के अनुसार धूप से आते ही ठंडा पानी पीने से बचें। इससे लोगों को डायरिया, सिरदर्द और उल्टी की समस्या हो सकती है। गर्भवती महिलाओं को भी गर्मियों में अपना खास ध्यान रखने की जरूरत होती है। हेल्थ एक्सपर्ट्स के अनुसार, गर्भवती महिलाओं को लू से बचने के लिए घर के अंदर ही रहना चाहिए और पर्याप्त मात्रा में पानी का सेवन करना चाहिए। इसके अलावा लस्सी, छाछ, नारियल पानी, नींबू पानी, जूस आदि का सेवन कर सकते हैं। गर्मी में खाली पेट बाहर निकलने के कारण भी लू का जोखिम बढ़ सकता है। इन दिनों ज्यादा खाने से भी बचना चाहिए। गर्मियों में घर से बाहर जाते समय पूरी आस्तीन के सूती कपड़े पहनें। साथ ही, सिर को टोपी या स्कार्फ की मदद से ढकें। चिकित्सकों के अनुसार गर्मी में देर तक घूमने से पसीना अधिक निकलता है अगर पानी भरपूर न पिया जाए तो शरीर में पानी की कमी हो जाती है, बाहर जाने से बचें, धूप से बचने की कोशिश करें, खाली पेट घर से बाहर न निकलें। गर्मी से बचने के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी पीना चाहिए, दही का सेवन करना चाहिए, इसके साथ ही खीरा, ककड़ी और तरबूज का भी सेवन करना चाहिए।



गर्मी में तला-भुना खाना खाने से बचना चाहिए। इससे लोग बीमार हो सकते हैं। मौसम के अनुसार पेय पदार्थ ज्यादा लेने चाहिए, जिससे शरीर में पानी के साथ ही अन्य जरूरी तत्वों की कमी न हो। इनमें सत्तू, , छाछ, बेल का शर्बत, नारियल पानी आदि है। **- डॉ. संदल अग्रवाल**



गर्भवती महिलाओं को भी गर्मियों में अपना खास ध्यान रखने की जरूरत होती है। गर्भवती महिलाओं को लू से बचने के लिए घर के अंदर ही रहना चाहिए और पर्याप्त मात्रा में पानी का सेवन करना चाहिए। जितना हो सके धूप से बचकर कर रहें। घर से बाहर निकलें तो सिर को ढककर ही निकलें। **- डॉ. दीपिका अग्रवाल**



भीषण गर्मी में पेय पदार्थ का सेवन अधिक करें क्योंकि गर्मी के मौसम में शरीर में पानी की कमी हो जाती है जिसके कारण आदमी बीमार हो जाता है। इसलिए पानी अधिक मात्रा में पिएं। अगर घर से देर तक बाहर रहना है तो अपने साथ हमेशा पानी रखें और थोड़ी देर के बाद पीते रहें। **- डॉ. अक्षय गर्ग**



भीषण गर्मी के कारण लोगों में बीमारी फैल रहीं हैं। जिसका मुख्य कारण खान-पान पर ध्यान न देना है। इसलिए बीमारी से बचने के लिए भारी खाने से बचें, हल्का-फुल्का खाएं। अधिक मात्रा में पानी का सेवन करें। **- डॉ. रितिका गर्ग**

## मुखबिरी के शक में मां-बेटे को सट्टेबाज ने जमकर पीटा

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** सट्टेबाज ने मुखबिरी के शक में घर में घुसकर मां-बेटे को पीटकर घायल कर दिया और मौके से फरार हो गया। इसके बाद घायल मां बेटे के साथ थाने पहुंची। आरोपी के खिलाफ तहरीर देकर मारपीट एवं 50 हजार रुपये लूटने का आरोप लगाया। पुलिस ने तहरीर लेकर घायलों को उपचार के लिए सीएचसी भेज दिया।

थाना सैदनगली के कस्बा उझारी के मोहल्ला पठान वाला में अनस पुत्र हारून अपनी मां केसर के साथ रहता है। आरोप है कि मोहल्ले का एक व्यक्ति कस्बे में सट्टा खिलाता है। उसे अनस पर मुखबिरी करने का शक था। जिस पर रविवार रात सट्टेबाज अपने साथियों के साथ अनस के घर पहुंचा और अनस व उसकी मां केसर के साथ मारपीट कर उन्हें घायल कर दिया और सभी वहां से भाग गए। इसके बाद दोनों घायल परिजनों के साथ थाने पहुंचे और आरोपी सट्टेबाज के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई। पुलिस ने तहरीर लेकर दोनों मां बेटों को उपचार के लिए हसनपुर स्थित सीएचसी भेज दिया। जहां चिकित्सकों ने दोनों का उपचार किया। घायल अनस ने बताया कि आरोपी को राजनीतिक संरक्षण प्राप्त है। उसके द्वारा घर पर चढ़ाई मुझे और मां को पीटकर घायल कर दिया और 50 हजार रुपये ले जाने का भी आरोप लगाया है। थाना अध्यक्ष निशांत राठी ने बताया की मारपीट की तहरीर मिली है। घायलों को मेडिकल के लिए भेजा है। तहरीर एवं मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर मामले में कार्रवाई की जाएगी।

## करोड़ों खर्च के बाद भी नहीं सुधरी विद्युत आपूर्ति

संवाददाता, हसनपुर

- **घंटों कटौती से लोगों को हो रही परेशानी, कारोबार प्रभावित**

**अमृत विचार :** विद्युत विभाग ने करोड़ों रुपये से हसनपुर नगर में विद्युत लाइनें एवं ट्रांसफार्मर बदलवाए। लेकिन इतना होने के बाद भी नगर वासियों को विद्युत आपूर्ति सुचारु रूप से नहीं मिल रही। जिससे लोगों में रोष है। वहीं कुछ राजनीतिक एवं सामाजिक लोगों द्वारा विद्युत विभाग के खिलाफ आंदोलन की बात कही जा रही है। जैसे-जैसे गर्मी बढ़ रही है, वैसे ही विद्युत आपूर्ति में कटौती हो रही है। जिससे विद्युत विभाग के दावों की पोल खुलकर सामने आ गई है। विभाग द्वारा करोड़ों रुपये लगाकर नगर की विद्युत लाइनें बदलीं एवं ट्रांसफार्मर भी लगवाए गए हैं। लेकिन सरकार के करोड़ों रुपये खर्च होने के बाद भी नगर वासियों को कोई लाभ नहीं पहुंचा है। विभागीय उदासीनता के कारण उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली की आपूर्ति नहीं की जा रही है। प्रतिदिन किसी न किसी कारण से घंटों विद्युत आपूर्ति बाधित रहती है। जिसका प्रतिकूल असर बच्चों की पढ़ाई-लिखाई, व्यापार और उद्योग-धंधों पर पड़ रहा है।

उपभोक्ताओं का आरोप है कि नगर में पूरे-पूरे दिन बिजली नहीं आती, आती है तो वोल्टेज बहुत कम आते हैं। जिस कारण नागरिकों विशेषकर महिलाओं बच्चों और बुजुर्गों को घरों में गर्मी और पानी की किल्लत का सामना करना पड़ता है। हसनपुर के मोहल्ला कायस्थान, कोट पश्चिमी, लाल बाग, रहरा रोड, नवाबान, महल, बरवंडान में बिजली की कमी के साथ-साथ कम वोल्टेज की समस्या बहुत गंभीर है। जब अमृत विचार की टीम ने जनता से राय जानी तो उन्होंने राय रखी।



बिजली व्यवस्था की बिगड़ती स्थिति चिंताजनक है, अधिकारियों व कर्मचारियों की लापरवाही जनता को झेलनी पड़ रही है। जिसके कारण महिलाओं एवं बच्चों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। **- मुजाहिद चौधरी, एडवोकेट**



नगर में विद्युत आपूर्ति पूरी तरीके से चौपट हो चुकी है, विद्युत आपूर्ति दी जाती है तो वोल्टेज कम होने के कारण दिक्कत का सामना करना पड़ता है। शिकायत करने के बाद भी विभाग के अधिकारी सुनवाई नहीं करते। **- पंडित रविशंकर शर्मा, एडवोकेट**



बिजली की चिंताजनक स्थिति थी। कमी आई है, लेकिन सुधार की गुंजाइश है। बिजली घर का फोन मिलाते रहते हैं फोन नहीं मिलता। रात को 12 से सुबह को 6 तक तो फोन उठाता ही नहीं है। **- तरुण अग्रवाल, नगर अध्यक्ष व्यापारी सुरक्षा फॉर्म संस्थान**



विद्युत व्यवस्था में विभाग द्वारा सुधार किया है, लेकिन अभी उसमें और सुधार की गुंजाइश है। लेकिन नगर के कुछ मोहल्लों में विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था खराब है। विद्युत विभाग के अधिकारियों के द्वारा सूचना न मिलने के कारण भी जनता में नाराजगी है। **- सचिन गुप्ता, जिला संगठन मंत्री व्यापारी सुरक्षा फॉर्म संस्थान**

## रोजगार सेवक का वीडियो वायरल कर लगाए आरोप

संवाददाता, हसनपुर

- **मजदूरों ने की हाजिरी न लेने और मनमानी की शिकायत**
- **बीडीओ ने कहा मामले की जांच कर कार्रवाई होगी**

**अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के गांव में मनरेगा के अंतर्गत कार्य कर रहे मजदूरों ने रोजगार सेवक पर गंभीर आरोप लगाते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल किया है। मजदूरों ने उत्पीड़न का आरोप भी लगाया है।

हसनपुर तहसील क्षेत्र के ब्लॉक हसनपुर के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत अलीपुर खादर में ग्राम प्रधान एवं रोजगार सेवक के माध्यम से मनरेगा के अंतर्गत खोदाई का कार्य चल रहा है। जिसमें मनरेगा के दर्जनों मजदूर कार्य कर रहे हैं। मनरेगा मजदूरों द्वारा रविवार को खोदाई करते हुए वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किया गया है। मजदूरों ने वीडियो के माध्यम से रोजगार सेवक पर आरोप लगाते हुए कहा कि 50 मीटर की सड़क नाप कर खोदाई करवाता है। सुबह 6 बजे खोदाई का कार्य शुरू हो गया था। लेकिन 11 बजे तक रोजगार सेवक मजदूरों की हाजरी एवं फोटो खींचने नहीं आया। मजदूरों ने आरोप लगाया कि रोजगार सेवक सरकारी कार्यों में अपनी मनमानी कर रहा है। जिससे मजदूरों में रोष है। मामले में खंड विकास अधिकारी नीरज गर्ग ने बताया कि उन्हें ऐसी कोई भी वीडियो के विषय में जानकारी नहीं है, अगर ऐसा है तो जांच कर दोषी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

**परेशानी** छुट्टा पशु आएदिन हाईवे के बीच में बैठ जाते हैं, रात में बढ़ जाती है हादसों की आशंका

## हादसों की वजह बन रहे हाईवे पर घूमते छुट्टा पशु

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** छुट्टा पशुओं की वजह से सड़क हादसे हो रहे हैं। कहीं हादसे में मौत हो रही है तो कहीं घायलों को अस्पताल में भर्ती होना पड़ रहा है। शहर में छुट्टा पशुओं के हमले से कई लोगों की मौत भी चुकी है, लेकिन छुट्टा पशुओं से निजात दिलाने में अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं। छुट्टा पशुओं से फसलों के नुकसान के साथ ही लोगों की जान खतरे में पड़ रही है। स्थिति यह है कि वाहन चालक खाली सड़क में भी रफ्तार बढ़ाने से डरते हैं और सफर तय करने में ज्यादा समय लग रहा है। रविवार को भी दिल्ली-मुरादाबाद नेशनल हाईवे पर जगह-जगह छुट्टा पशु घूमते दिखाई दिए। हाईवे पर पशुओं के बैठने से आएदिन वाहन चालक हादसे का शिकार हो रहे हैं। पिछले एक माह पहले छुट्टा पशु से एक महिला की मौत भी हो चुकी है।



नेशनल हाईवे पर खड़े छुट्टा पशु। ● अमृत विचार

- **एक माह पहले ही हुई थी हादसे में महिला की मौत**
- **हाईवे पर हादसों के बाद जाम से भी होती है परेशानी**

बीच सड़क पर पशुओं के जमावड़े से वाहन चालकों के साथ राहगीरों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। रात के समय वाहनों से पशुओं के टकराने की घटनाएं आम हो गईं हैं। वहीं, दिन में पशुओं के सड़क पर होने से समस्या उत्पन्न होती है। इससे यातायात प्रभावित होता है। **-देवराज**

सड़कों पर छुट्टा पशुओं से केवल बाइक या साइकिल सवार ही नहीं बड़े वाहन चालक परेशान होते हैं। आए दिन वाहन दुर्घटनाएं हो रही हैं। कई वाहन चालक सवार छुट्टा पशुओं की चपेट में आने से अपनी जान भी गंवा चुके हैं। छुट्टा पशुओं के कारण वाहनों की रफ्तार धीमी करनी पड़ गई है। **- अजित सिंह**

### हाईवे पर कम हो गई है वाहनों की रफ्तार

**गजरौला, अमृत विचार :** वाहन चालकों के अनुसार छुट्टा पशुओं के कारण उन्होंने वाहनों की रफ्तार कम कर दी है। सड़कों पर इधर-उधर घूमने से वाहन चालकों को परेशानी तो होती ही है, अक्सर कोई न कोई पशु हाईवे पर बीच सड़क में ही बैठा रहता है। ऐसे में किसी के लिए भी संभलकर चलना आसान नहीं रह जाता। इस स्थिति में कई बार हादसे होते-होते बचे है।

### गेस्ट हाउस में परिजनों ने प्रेमी युगल को पकड़ा

**गजरौला, अमृत विचार :** गेस्ट हाउस में रविवार को प्रेमी युगल को परिजनों ने पकड़ लिया। जिसके बाद युवती के परिवार वालों ने हंगामा किया। गेस्ट हाउस संचालक मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची लेकिन इससे पहले ही परिवार वाले युवती को लेकर वहां से चले गए।

रविवार को भी भानपुर फाटक के पास हाईवे के किनारे स्थित एक गेस्ट हाउस में प्रेमी युगल पकड़ा गया। बताते हैं कि युवती का पीछा करते हुए उसके परिवार वाले गेस्ट हाउस तक पहुंच गए थे। उन्होंने ही दोनों को पकड़ने के बाद हंगामा किया। वहां लोगों की भीड़ जमा हो गई। युवती के परिवार वालों ने गेस्ट हाउस संचालक को भी घेर लिया। संचालक मौका पाकर वहां से फरार हो गया। लोगों का आरोप है कि गेस्ट हाउस में गलत काम होता है। पुलिस को भी इसकी जानकारी है लेकिन फिर भी कोई कार्रवाई नहीं हो रही है।

## तीन महीने से सड़क पर जलभराव शिकायतों के बाद भी अनदेखी

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के गांव में ग्रामीण तीन महीने से जलभराव की समस्या से जूझ रहे हैं। लेकिन किसी भी जनप्रतिनिधि एवं जिम्मेदार अधिकारी द्वारा इस समस्या पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा। जबकि यह मार्ग गांव स्थित तीन विद्यालयों को जोड़ता है। जिससे प्रतिदिन सैकड़ों स्कूली बच्चे गुजरते हैं। लेकिन जलभराव के कारण उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ता है।

तहसील क्षेत्र के ग्राम झुंडी माफी के मुख्य मार्ग पर जलभराव की समस्या से ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रधान से कई बार शिकायत दर्ज करने के बाद भी समस्या का कोई निस्तारण नहीं हुआ। जबकि गांव में स्थित प्राथमिक विद्यालय, उच्च माध्यमिक विद्यालय एवं हाईस्कूल को जाने के लिए यही मार्ग है, जिससे बच्चे यहां किसी तरह से गुजरते हैं। कभी-कभी तो बच्चों का पैर फिसल जाता है और बच्चे गंदे पानी में गिर जाते हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि जलभराव के कारण बीमारी फैलने का भी डर बना रहता है। ग्रामीणों ने बताया कि अगर जल्दी समस्या का निस्तारण नहीं होता है तो वह जनपद के वरिष्ठ अधिकारियों से मिलकर शिकायत दर्ज करेंगे।

इस मौके पर इंद्र, तुलाराम, स्वराज, होराम, मुकेश, डंपर, करन, शीशपाल, रामसिंह आदि ग्रामीण मौजूद रहे।



गांव झुंडी माफी में मुख्य मार्ग पर जलभराव। ● अमृत विचार

## एक नजर



किशोर के साथ परिजन व अन्य।

### आरपीएफ ने बिछड़े किशोर को परिजनों से मिलाया

**गजरौला, अमृत विचार :** आरपीएफ ने परिवार से बिछड़े बालक को ट्रेन से सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंपा। शनिवार रात सुरक्षा नियंत्रण कक्ष मुरादाबाद से मैसेज मिला था कि गाड़ी संख्या 15012 में यथार्थ दुबे नामक किशोर है, जो कि दिमागी रूप से कमजोर है। सूचना पर बच्चे को ट्रेन उतार कर स्टेशन मास्टर कार्यालय की निगरानी में रखा गया। दरअसल रविवार दोपहर व्यक्ति स्टेशन आया जिसने नाम रतनलाल सन पुत्र प्रहलाद राम निवासी मेरठ बताया। स्वयं को बच्चे का फूफा बताते हुए बच्चे का नाम यथार्थ दुबे पुत्र शिव कुमार दुबे निवासी ग्राम धनौती थाना विजयपुर जिला गोपालगंज बताया। बच्चे को स्टेशन मास्टर कार्यालय से सभी की देखरेख में उनके फूफा को सुपुर्द किया गया।

# किशोरी की बरामदगी को परिजनों का थाने पर हंगामा

## 15 मई से लापता है किशोरी, पुलिस ने दिया कार्रवाई का भरोसा

संवाददाता, गजरौला



थाने पर मौजूद किशोरी के परिजन। ● अमृत विचार

- परिजनों के साथ बजरंग दल के कार्यकर्ता भी पहुंचे थे थाने

**अमृत विचार :** किशोरी की बरामदगी की मांग को लेकर परिजनों व मोहल्लेवासियों और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने फिर से थाने का घेराव कर हंगामा किया। पुलिस अधिकारियों ने किशोरी को जल्द बरामद करने का भरोसा दिलाते हुए शांत कराया। बजरंग दल के कार्यकर्ता भी थाने पहुंचे तथा प्रभारी निरीक्षक से मिलकर किशोरी को जल्द ही बरामद करने की मांग की।

बता दें कि शहर निवासी 14 वर्षीय किशोरी बीती 15 मई को लापता हो गई थी। परिजनों ने दूसरे संप्रदाय के युवक पर किशोरी का अपहरण कर ले जाने का आरोप लगाया है। परिजनों ने इस बाबत थाने में रिपोर्ट भी दर्ज कराई है। वहीं, मामले में मोबाइल कॉल डिटेल पर पुलिस ने नगर के मोहल्ला जलाल नगर निवासी अलीशान को गिरफ्तार कर चालान किया था। लेकिन अभी तक भी किशोरी को बरामद नहीं किया जा सका है। दो दिन की चेतावनी देते हुए किशोरी की बरामदगी नहीं होने पर आंदोलन शुरू करने की चेतावनी दी थी। बावजूद इसके पुलिस किशोरी को बरामद नहीं कर सकी। इसके विरोध में रविवार को फिर से गुस्साए लोगों ने थाने पहुंचे तथा हंगामा किया। किशोरी की जल्द सकुशल बरामदगी की मांग उठाई। वहीं पुलिस ने इस मामले में शहर मोहल्ला जलालनगर निवासी जुबैर व कासिम और तौसीफ को गिरफ्तार कर चालान किया है। इस दौरान कुशल चौधरी, योगेश चौधरी, राजीव,सोनू, सुमित, मयंक शर्मा, राजन, मुलचंद,मीना, ज्योती आदि लोग मौजूद रहे।

# भीषण गर्मी में जल्दी पक रहा टमाटर, गिरे दाम

संवाददाता, मंडी धनौरा

**परेशानी**

- 25 किलोग्राम की कैरेट के रेट महज 80 से 90 रुपये
- टमाटर के फुटकर दाम भी 10 रुपये प्रति किलोग्राम

**अमृत विचार :** तापमान में बढ़ोतरी के कारण जल्दी पकने से मंडी में टमाटर की आवक बढ़ गई है। इससे टमाटर का भाव धड़ाम हो गए हैं। थोक में डेढ़ से दो-तीन रुपये किलो के हिसाब से ही आढ़ती टमाटर खरीद रहे हैं। इससे किसानों की लागत भी नहीं निकल पा रही है। जिसके चलते किसान टमाटर फेंकने को मजबूर है। वहीं फुटकर में टमाटर 10 रुपये किलो बिक रहा है। इससे मंडी में टमाटर बेचने आए किसान परेशान हैं। मंडी में टमाटर की फसल की लागत तक नहीं मिला रही है। कई किसानों ने मंडी पहुंचकर टमाटर ऐसे ही छोड़ दिए तो किसी ने फेंक दिए।

नगर के शहबाजपुर गुजर्र, मोहनपुर, इन्द्रपुर व नसीरपुर शुमाली समेत कई गांवों में टमाटर की खेती होती है। किसानों का कहना है कि सर्दी में 20 से 30 रुपये प्रति किलो के भाव में टमाटर बिक रहा था, लेकिन गर्मी में दिन का तापमान बढ़ने से टमाटर जल्द पक रहा है। पका टमाटर अधिक समय तक रोका नहीं जा सकता। इसको लेकर सब्जी मंडी में टमाटर की आवक बढ़ गई है। इसकी वजह से थोक में टमाटर के भाव धड़ाम हो गए हैं।

शहर से सटे गांव शहबाजपुर निवासी कृष्ण अवतार ने बताया कि वह मंडी टमाटर बेचने पहुंचे तो किराया और कमीशन काटकर जेब में डेढ़ रुपये किलो के पैसे भी नहीं आए। रविवार को टमाटर 80 से 90 रुपये प्रति कैरेट (25 किलो टमाटर) बिका। गांव महोनपुर निवासी रतनलाल सैनी भी डेढ़ क्विंटल टमाटर बेचने पहुंचे। खेतों से ही छांटकर अच्छे टमाटर लाए, लेकिन खरीददारों ने टमाटर को हरा-पीला और किसी को ज्यादा लाल बताकर फेंक दिया। वह टमाटर भी सड़क पर फेंक दिए गए, जो साफ-सुथरे और खाने योग्य थे।

## सार-संक्षेप



भीषण गर्मी में लोगों को शरबत बांटते युवा। ● अमृत विचार

### युवाओं ने गर्मी में राहगीरों को शरबत पिलाया

**गजरौला, अमृत विचार :** भीषण गर्मी में राहगीरों को राहत के लिए युवाओं ने गजरौला-सलेमपुर गोसाई मार्ग पर शरबत का वितरण किया। चिलचिलाती धूप के चलते क्षेत्र के गांव सलेमपुर गोसाई में रविवार को लोगों को शरबत पिलाया गया। दोपहर तक शरबत वितरण के दौरान लोगों की भीड़ लगी रही। देवेश कुमार, रोबिन, अजित सिंह, भूरे सिंह, सचिन कुमार, योगेश कुमार आदि मौजूद रहे।

### उफ ये गर्मी ! आसमान से बरस रही आग

**सैदनगली, अमृत विचार :** मई माह में पारा लगातार चढ़ता ही जा रहा है। दोपहर के समय गर्म हवा और तेज धूप ने लोगों को घरों में दुबकने को मजबूर कर दिया है। जरूरी काम से सड़क पर निकलने वाले लोग कपड़ा आदि चेहरे पर लपेटकर निकले। लोगों की दिनचर्या घर से कार्यालय तक सीमित रह गई है। सड़कों पर आवाजाही थम गई है और दिन में गुलजार रहने वाले मुख्य मार्गों पर सन्नाटा है। रविवार को सूर्य भगवान पूरी तीव्रता के साथ आग बरसा रहे हैं।



तेज धूप में सिर पर कपड़ा ओढ़कर सड़क पर जातीं युवतियां।



डिडौली में सत्संग में बोलते संत। ● अमृत विचार

# कलियुग केवल नाम अधारा सुमिरि सुमिरि नर उतरहिं पारा

संवाददाता, डिडौली

**अमृत विचार :** मानव उत्थान सेवा समिति के तत्वावधान में डिडौली में रामप्रकाश वर्मा के आवास पर सत्संग हुआ। जिसमें हरिद्वार व अयोध्या से महात्मा ज्ञान शब्दानंद ने कहा कि कलियुग केवल नाम अधारा, सुमिरि सुमिरि नर उतरहिं पारा। कलियुग में सिर्फ नाम के आधार पर ही मनुष्य भवसागर से पार हो जाएगा। इसलिए मनुष्य को कलियुग में निरंतर सुमिरन करते हुए और अपने कार्य को करते हुए भगवान के नाम का सुमिरन करते रहना चाहिए। महात्मा मुद्रिका बाई के द्वारा सुंदर, भजन व गीता, रामायण के आधार पर सत्संग हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में राम प्रकाश वर्मा, सचिन वर्मा, सुशील वर्मा, बीरो देवी, कंचन देवी, चमन देवी, प्रियनका देवी, सोमती देवी, राम अवतार वर्मा आदि रहे। सत्संग के तत्पश्चात प्रसाद बांटा गया।

# सब्जी कारोबारी की हत्या में तीन लोगों पर आरोप

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा



कोतवाली में प्रभारी निरीक्षक से बातचीत करते मृतक के परिजन। ● अमृत विचार

- 18 मई को नजीबाबाद में सड़क किनारे मिला था कारोबारी का शव

**अमृत विचार :** देहरादून जाने के लिए निकले युवक का शव बिजनौर जनपद के नजीबाबाद में 19 मई को सड़क किनारे पड़ा मिला था। मृतक की पत्नी ने अपने देवर के सालों और सास पर पति की हत्या का आरोप लगाया है। महिला ने परिवार वालों के साथ पहुंचकर थाने में तहरीर दी है।

नगर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला अहमद नगर में चंद्र प्रकाश सैनी का परिवार रहता है। चंद्रप्रकाश सैनी सब्जी कारोबारी थे। रविवार को चंद्र प्रकाश की पत्नी अनीता समेत अन्य लोग नगर कोतवाली पहुंचे। परिजनों के मुताबिक चंद्र प्रकाश की उसके भाई मुकेश के ससुराल वालों से मुकदमे बाजी चल रही थी। जिस कारण उनके साले सुदेश और कपिल ने जान से मारने की धमकी दी दी। चंद्र प्रकाश की पत्नी अनीता का आरोप है कि 18 मई को चंद्र प्रकाश घर से बाहर जाने की बात कहकर निकले थे। लेकिन कई घंटे तक वह घर नहीं पहुंचे। जिसको ढूंढते हुए परिजन बिजनौर के नजीबाबाद पहुंचे थे। जहां पुलिस को सड़क किनारे मिले शव की शिनाख्त करने पर फोटो व कपड़े से चंद्रप्रकाश की पहचान की गई। रविवार को थाने पहुंची चंद्र प्रकाश की पत्नी अनीता ने तहरीर देकर मुकेश के साले सुदेश, कपिल और उनकी सास पर हत्या किए जाने का आरोप लगाया है।

पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुटी है। प्रभारी निरीक्षक राजेश तिवारी ने बताया कि 19 मई को नजीबाबाद में चंद्र प्रकाश का शव सड़क किनारे पड़ा मिला था। वहां की पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया था। उसमें हार्ट अटैक की बात सामने आई थी। लेकिन अब मृतक की पत्नी ने तीन लोगों पर हत्या का आरोप लगाया है। मामले की जांच की जा रही है। साक्ष्य के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।



मामले की जानकारी करती पुलिस। ● अमृत विचार

### करंट से घोड़ी व उसके बच्चे की मौत

**हसनपुर, अमृत विचार :** हाईटेंशन लाइन का तार टूटकर गिरने से नीचे चर रही घोड़ी व उसका बच्चा करंट की चपेट में आकर मौत के मुंह में समा गये। मुहल्ला होली वाला निवासी मुन्ने रविवार शाम चामुंडा मंदिर के समीप घोड़ियों को चरा रहे थे। इस दौरान अचानक हाईटेंशन लाइन का तार टूटकर नीचे गिर गया। हाईटेंशन लाइन के करंट की चपेट में घोड़ी व उसका बच्चा आ गया। जिससे कुछ देर बाद उनकी मौत हो गई। मुन्ना ने बताया कि घोड़ी व उसके बच्चे की मौत से उसे डेढ़ लाख रुपये का नुकसान हुआ है। कई बार लोगों ने बिजली विभाग से हाईटेंशन लाइन के जर्जर तार को बदलने की मांग की थी।

### शॉर्ट सर्किट से घर में लगी आग से सामान जला

**आदमपुर, अमृत विचार :** मकान मालिक अपनी पत्नी व बच्चों को लेने ससुराल गया था। इसी बीच शार्ट सर्किट से घर में आग लग गई। जिसमें नकदी सहित लाखों का सामान जलकर राख हो गया। तहसील क्षेत्र के गांव आदमपुर निवासी भूरे शनिवार शाम पत्नी व बच्चों को लेने अपनी ससुराल संभल गया था। जिससे उसके घर पर ताला लगा था। रविवार की दोपहर करीब 12 बजे उसके घर से धुंआ उठता दिखाई दिया। जिस पर तहसीन ने बिजली उप केंद्र आदमपुर को फोन कर बिजली आपूर्ति बंद कराई। ग्रामीणों की मदद से किसी तरह आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक घर में रखी 50 हजार की नकदी, फ्रिज, कूलर, संदूक, बिस्तर, चारपाई, पहनने के कपड़े तथा आधार कार्ड व जरूरी कागज जलकर राख हो गए।



आग लगने से जला सामान।

### शारीरिक रूप से कमजोर बच्चों का परीक्षण कर दवा दी

**डिडौली, अमृत विचार :** सुशीला देवी किसान इंटर कॉलेज डिडौली में निशुल्क होम्योपैथिक कैंप का आयोजन हुआ। जिसमें दिल्ली के डॉ. कमल मलिक समेत मेरठ, अंबाला, गाजियाबाद, मुरादाबाद से आए लगभग 150 चिकित्सकों ने 630 कमजोर एवं अल्पविकसित बच्चों का चिकित्सीय परीक्षण कर निशुल्क दवा दी। यह कैंप प्रत्येक चार माह के बाद सुशीला देवी किसान इंटर कॉलेज डिडौली में नियमित रूप से लगाया जाता है। जिसमें निशुल्क परीक्षण कर निशुल्क दवा दी जाती है। अगला कैंप 15 सितंबर को लगेगा। जिसमें जरूरतमंद बच्चों का परीक्षण कर दवाई का वितरण किया जाएगा। इस अवसर पर डॉ नीरज मलिक, डॉ. रिचा मलिक, डॉ अमित शर्मा, डॉ. संदीप परीचा, डॉ. भास्कर शर्मा , डॉ. टी. पी. सिंह आदि ने सहयोग किया।



शिविर में मौजूद चिकित्सकों की टीम।



मालगाड़ी की बोगी की जांच करते रेल कर्मचारी। ● अमृत विचार

# कोयले से भरी मालगाड़ी की बोगी में लगी आग

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** रविवार रात मालगाड़ी में भरे कोयले की बोगी में आग लग गई। गजरौला रेलवे स्टेशन पर मालगाड़ी को रोककर आग पर काबू पाया गया। मालगाड़ी कोयला लेकर मुरादाबाद से गाजियाबाद जा रही थी।

मुरादाबाद से गाजियाबाद जा रही कोयले से भरी मालगाड़ी की एक बोगी में मुरादाबाद-अमरोहा के बीच आग लग गई। इसकी सूचना मालगाड़ी के चालक ने रेलवे कंट्रोल को दी। मालगाड़ी को आग बुझाने के लिए अमरोहा स्टेशन पर रोकना था, लेकिन जगह नहीं होने पर गजरौला स्टेशन के अधिकारियों को सूचना दी। रेलवे के अधिकारी प्लेटफार्म चार पर माल गोदाम के निकट पहुंच गए। रेलवे स्टेशन पर मालगाड़ी आकर रुकी। दमकल ने आग पर काबू पा लिया। स्टेशन अधीक्षक के एल कश्यप ने बताया कि दमकल को सूचना देकर आग को बुझा दिया गया।

## अवैध खनन करते लोडर सहित दो ट्रैक्टर पकड़े

**अमरोहा/नौगांवा, अमृत विचार :** पुलिस ने खनन करते लोडर सहित दो ट्रैक्टर को पकड़कर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

थाना नौगांवा सादात क्षेत्र की कुमखिया चौकी क्षेत्र के ग्राम नानक नगली में छिद्दा पुत्र फौजम के खेत से बिना परमिशन के अवैध खनन किया जा रहा था। जो उसी गांव के निवासी जलालूदीन, भिलया पुत्र फखरूद्दीन के प्लाट में डाला जा रहा था। खनन का विडियो वायरल होने पर पुलिस ने अवैध खनन करते लोडर और मिट्टी से भरे दो ट्रैक्टर पकड़ लिए। पुलिस को देखते ही चालक ट्रैक्टर छोड़ कर भाग गए। पुलिस ने तीनों वाहनों को कुमखिया चौकी ले जाकर खड़ा कर दिया है। मामले में खनन अधिकारी को सूचित कर दिया गया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। कोतवाली प्रभारी सुधीर कुमार ने बताया कि खनन के मामले में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# अनुसूचित जाति, जनजाति महासभा ने किया मेधावियों को सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** नगर के बैंक्वेट हॉल में अनुसूचित जाति जनजाति महासभा की ओर से मेधावियों का सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। रविवार को आयोजित सम्मान समारोह कार्यक्रम में संघ लोक सेवा आयोग व उत्तर प्रदेश संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा पास करने वाले अभ्यर्थियों को सम्मानित किया गया।

जिसमें निधि कुमारी पीसीएस, हिमांशु कुमार, कुमारी दीपशिखा, सचिन कुमार, पंचशील बौद्ध, आकांक्षा सम्मानित हुए। इसक बाद हाई स्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षाओं में प्रदेश जिले का नाम रोशन करने वाले छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए पूर्व आईपीएस अपर पुलिस महानिदेशक प्रेम प्रकाश ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि सभी विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करते हुए विषम से विषम परिस्थितियों में भी अपने लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में आगे बढ़ते रहना चाहिए। अपर जिलाधिकारी गाजियाबाद महानगर गंभीर सिंह ने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी को अपने जीवन में समय का सदुपयोग करते हुए अपने लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में निरंतर आगे बढ़ते रहना चाहिए। इस अवसर पर राजकुमार अरुण, गौरव कुमार मौर्य, इंद्रपाल सिंह, राजेश कुमार आदि रहे।



मेधावियों को सम्मानित करते पूर्व एडीजी प्रेम प्रकाश, पालिकाध्यक्ष शशि जैन व अन्य।

**आयोजन** आर्य समाज के साप्ताहिक हवन में सभी से सद्भाव बनाए रखने की अपील की

# स्वामी दयानंद सरस्वती के बताए मार्ग पर चलें : अभय

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** आर्य समाज में साप्ताहिक हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। आर्यजनों की उपस्थिति में वैदिक यज्ञ अनुष्ठान आचार्य सोमेश कुमार शास्त्री के ब्रहम्त्व में संपन्न हुआ। यज्ञ में ईश्वर स्तुति स्वस्तिवाचनम शांति करणम महामृत्युंजय मंत्र एवं देश में खुशहाली व समाज में सुख शांति समृद्धि स्वास्थ्य दीर्घायु यश वैभव एवं पर्यावरण की शुद्धि की कामना की गई।

मुख्य यज्ञमान विनय प्रकाश आर्य रहे। महर्षि दयानंद द्वारा रचित अमर ग्रंथ सत्यार्थ प्रकाश का वाचन हेतराम सागर, आर्य समाज के नियम दिनेश चन्द्र रस्तौगी एवं संगठन सुक्त सुभाष दुआ द्वारा प्रस्तुत किए। आर्य समाज के प्रधान अभय आर्य ने कहा हमें स्वामी दयानंद सरस्वती द्वारा बताए मार्ग पर चलना चाहिए और प्रेरणा लेनी चाहिए। कहा कि समाज में सभी को प्यार और सद्भाव से रहना चाहिए। प्यार और एकता से ही समाज में खुशहाली आती है। कार्यक्रम में विनय प्रकाश आर्य, मंत्री नत्थू सिंह आर्य ,कोषाध्यक्ष अंकुर अग्रवाल ,हेतराम सागर, सुरेश विरमानी, डॉ. गजेंद्र पाल सिंह, मनोहर लाल आर्य, अभय आर्य रहे।



हवन में आहुति देते आर्य समाज के लोग। ● अमृत विचार



तिगरी में हवन करते संस्थान के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### भगवान श्री दक्ष प्रजापति का गुणगान कर सुख, समृद्धि का आशीर्वाद मांगा

**गजरौला, अमृत विचार :** श्री दक्ष उत्तम प्रकृति संस्थान के सभी पदाधिकारियों ने तिगरी में गंगा स्नान कर हवन किया और भगवान श्री दक्ष प्रजापति का गुणगान करते हुए उनसे सुख, समृद्धि का आशीर्वाद मांगा। संस्थान उपाध्यक्ष डॉ. उत्तम सिंह प्रजापति ने कहा कि इन दिनों पड़ रही भीषण गर्मी से बचाव के लिए नियमित रूप से रसीले फलों और जल का सेवन करते रहें। वहीं बढ़ते प्रदूषण से निजात पाने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को पौधे अवश्य लगाने चाहिए। जिससे कि वे पौधे बड़े होकर प्रकृति को रक्षित करें। कहा कि प्रकृति ही सबको सामान्य तापमान दे सकती है। यदि हम सब संकल्पित होकर अपने-अपने स्थान पर पौधरोपण व रक्षण करें तो, आने वाले समय में इसके सुखद परिणाम होंगे।

# दो पक्षों में मारपीट, महिलाओं समेत सात लोग हुए घायल

संवाददाता, हसनपुर

- पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा
- दोनों पक्षों ने कार्रवाई के लिए पुलिस को दी तहरीर

**अमृत विचार :** मारपीट का बीच बचाव कर रहे आरोपियों ने पीड़ितों के घर पर चढ़ाई कर मारपीट करते हुए दो महिलाओं समेत सात लोगों को बुरी तरह से घायल कर दिया। घायलों को पुलिस ने मेडिकल के लिए भेजा है।

नगर के मोहल्ला चमन में नशे में दो पक्ष आपस में मारपीट कर रहे थे। घरों के बाहर गाली गलौच एवं मारपीट करने का बीच बचाव करने पर मारपीट करने वाले आरोपी आग बबूला हो गये। उसके बाद बीच बचाव करने वालों के घर पर आरोपियों ने चढ़ाई कर दी। साहिबा पत्नी मारूफ, पाकीजा पत्नी अनवर, फुरकान व मोहसिन के साथ बुरी तरह से मारपीट कर उन्हें घायल कर दिया। आरोपियों ने पीड़ितों की कार में भी तोड़फोड़ कर उसे क्षतिग्रस्त कर दिया। इसके बाद घायल कोतवाली पहुंचे। वहीं दूसरे पक्ष से सानू, अनीता, अनिल भी घायल हो गए। पुलिस ने घायलों की हालत को देखकर उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को उपचार के लिए भेज दिया। दोनों पक्षों की तरफ से पुलिस को तहरीर दी गई है।

पुलिस ने एक आरोपी को हिरासत में लिया है। कोतवाल सनोज प्रताप ने बताया कि दोनों पक्षों की तरफ से तहरीर प्राप्त हुई है। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। जांच पड़ताल कर मामले में कार्यवाही की जा रही है।

### दो घंटे देरी से पहुंची बाघ एक्सप्रेस

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** काठगोदाम से हावड़ा स्टेशन के लिए चलने वाली बाघ एक्सप्रेस रविवार को अपने निर्धारित समय से दो घंटे देरी से काठगोदाम पहुंची। आम तौर पर उक्त ट्रेन सुबह 9 :15 बजे काठगोदाम पहुंचती है, लेकिन 2 घंटे देरी होने के कारण ट्रेन सुबह करीब 11 :15 बजे स्टेशन पहुंची। काठगोदाम स्टेशन अधीक्षक डीएस बोरा ने बताया कि बाघ एक्सप्रेस को समय से रवाना किया है।

**ठेका सूचना**

हजरत शेख दाऊद बंदगी रह० (वक्फ-311) उझारी, जनपद अमरोहा में प्रत्येक वर्ष लगने वाले सालाना उर्स/मेले का ठेका दिनांक 28/05/2024 (मंगलवार) को दरगाह हजरत शेख दाऊद बंदगी रह० के मैदान में खुली बोली के आधार पर प्रात: 11 :00 बजे किया जाएगा। इच्छुक ठेकेदार समय से पहुंचकर बोली लगा सकते हैं। ठेके की शरायत की जानकारी विज्ञापन प्रकाशित होने के पश्चात किसी भी दिन प्राप्त की जा सकती हैं।

मौ० ताहिर (सदर) इफ्तिखार उल हसन (सचिव)

दरगाह कमेटी
हजरत शेख दाऊद बंदगी रह०
(वक्फ-311) उझारी, जनपद अमरोहा।
मो० 9319201176

## एक नजर

### फर्जी रसीद बताकर काटे बिजली के तार

असमोली, अमृत विचार : असमोली विकासखंड क्षेत्र के गांव गोंजनी निवासी टीकम की पत्नी अंजू ने रविवार को ऑनलाइन डीएम मनीष बंसल के पास अपनी शिकायत दर्ज कराई। कहा कि छह माह पहले घरेलू बिजली की कनेक्शन कराया था। शुक्रवार को गांव पहुंचकर जेई मोनित कुमार ने अंजू से कनेक्शन से संबंधित कागजात मांगे। जिस पर अंजू ने कनेक्शन की रसीद जेई को दिखाई। आरोप है कि जेई ने रसीद को फर्जी बताते हुए पोल पर लगा केबिल के तार काटकर घर की बिजली की आपूर्ति बाधित कर दी। अंजू ने केबिल जुड़वाकर बिजली की आपूर्ति कराने की मांग की।

### बाइक खड़ी करने के विवाद में एक गिरफ्तार

संभल, अमृत विचार : हयातनगर थाना क्षेत्र में सरायतरीन के मुहल्ला चकली निवासी मोहम्मद उस्मान का रविवार को मुहल्ला नबाबखेल निवासी शान के साथ मुहल्ला शाहजीपुरा में मनिहारान वाली गली में बाइक खड़ी करने को लेकर विवाद हो गया और गाली गलौज करते हुए मोहम्मद उस्मान व शान मारपीट करने लगे। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मोहम्मद उस्मान को हिरासत में लेकर शांतिभंग की धारा में चालान कर दिया।

### प्रमाण पत्र नहीं बनने पर दिव्यांगों में आक्रोश

संभल/ओबरी अमृत विचार : विकास विकलांग सेवा समिति की बैठक एमएम कोचिंग सेंटर असमोली में हुई। समिति के अध्यक्ष आस मोहम्मद ने कहा कि दिव्यांगों के अभी तक दिव्यांग प्रमाण पत्र नहीं बने हैं। वह विभागों के चक्कर काट रहे हैं। समिति ने पूर्व में स्वास्थ्य विभाग को समस्या बताई थी, फिर भी समाधान नहीं हुआ। तहसीलों में शिविर भी नहीं लग रहे। जिससे दिव्यांगों में आक्रोश पनप रहा है। इस समस्या का समाधान कराया जाए। बैठक में चौधरी जामिन अली, दिनेश कुमार, आदेश कुमार, मोहम्मद मोनिस, खुर्शीद, मोहम्मद आदिल, वसीम, रिहान, मुरसलीन, उमेश, फरहत, खलील, शिवा, परवीन आदि रहे।

## अपनी मृत्यु का आभास पहले से होने की चर्चा

# बाबा ने कहा था, यह मेरा अंतिम पंचाग्नि तप

गौरव वर्मा, संभल

- बेनीपुर चक में तप शुरू करते वक्त पागल बाबा की बात याद कर शोक जता रहे सेवादार

अमृत विचार :संभल के गांव बेनीपुर चक में भीषण गर्मी में पंचाग्नि तप करने के दौरान पागल बाबा के निधन से सेवादारों में शोक का माहौल है। सेवादार कहते हैं कि बाबा ने तप शुरू करते वक्त कहा था कि यह पंचाग्नि तप अंतिम होगा। ऐसे में चर्चा है कि क्या बाबा को पहले ही अपनी मृत्यु का आभास हो गया था।

कहते हैं धर्म के मार्ग पर चलकर जीवन यापन करने वाले व्यक्ति के मुंह से निकली बात अकसर सच हो जाती है। ऐसे घटनाक्रम पहले भी सामने आ चुके हैं जबकि किसी धार्मिक व्यक्ति ने कोई बात कही और वह सही साबित हुई। भीषण गर्मी में पंचाग्नि तप कर रहे पागल बाबा के निधन से भी ऐसा ही एक किस्सा जुड़ गया है। जनपद अमेठी के गांव रामसेजल भवानी निवासी संत पागल बाबा पूर्व में 23 बार पंचाग्नि तप कर चुके थे।

उन्होंने हर बार अलग-अलग मामलों को लेकर तप किया। गांव बेनीपुर चक में बाबा का 24वां पंचाग्नि तप रहा। सेवादार भारत यादव ने जिला अस्पताल में बताया कि बाबा ने जब 23 मई को पंचाग्नि तप शुरू किया था, कहा था कि यह पंचाग्नि तप अंतिम होगा। वैसे बाबा ठीक थे। दिन में पंचाग्नि तप करते थे और रात के वक्त उसी स्थान पर सो जाते थे। अब उनका निधन होने से उनके मुंह से निकली वहीं बात याद आ रही जो पंचाग्नि तप शुरू करते वक्त कही थी। पागल बाबा के निधन से तमाम सेवादारों में शोक का माहौल है।

### स्वास्थ्य विभाग पर लापरवाही का आरोप

संभल, अमृत विचार : सेवादार भारत यादव ने बताया कि पंचाग्नि तप के लिए प्रशासन से अनुमति ली गई थी। मौके पर सभी व्यवस्थाएं रहीं लेकिन स्वास्थ्य विभाग ने कोई व्यवस्था नहीं की। स्वास्थ्य विभाग की ओर से न तो एंबुलेंस की व्यवस्था की गई और न ही तप कर रहे बाबा का चेकअप किया गया। रविवार को सुबह तक बाबा ठीक थे लेकिन अचानक ही उनकी हालत बिगड़ी।

### संत को हुई उल्टी तो पेट से खौलता पानी निकला

संभल अमृत विचार : गांव बेनीपुर चक से निजी वाहन से पागल बाबा को जिला अस्पताल लाने वाले सेवादार गांव खिरनी निवासी गजराम ने कहा कि जैसे ही बाबा की हालत बिगड़ी तो सेवादार भारत यादव को सूचना दी गई। उस वक्त बाबा को सांस लेने में तकलीफ हो रही थी। आनन फानन में निजी वाहन से बाबा को लेकर जिला अस्पताल के लिए चले। अस्पताल के मोड़ पर ही बाबा को उल्टी हुई। उनका सिर मेरे पैरों पर रखा था। उल्टी होने पर खोलता हुआ पानी मुंह से आया। जिला अस्पताल में देखते ही डॉक्टर ने बाबा को मृत घोषित कर दिया।

### सीमा विवाद में उलझी पुलिस

संभल अमृत विचार : पागल बाबा के निधन की सूचना पर पहले कोतवाली पुलिस और फिर कैला देवी पुलिस जिला अस्पताल पहुंची। यहां करीब आधा घंटे तक पुलिस इस बात को लेकर उलझी रही कि गांव बेनीपुर चक किसके क्षेत्र में आता है। काफी देर बाद साफ हो सका कि गांव बेनीपुर चक कैला देवी थाना पुलिस के क्षेत्र में है। जिसके बाद पुलिस ने कार्रवाई शुरू की।

## किशोरी ने फंदे से लटक कर दी जान

संभल/जुनावई, अमृत विचार :जुनावई थाना क्षेत्र में किसी बात को लेकर किशोरी ने घर में टिनशेड में लगे लकड़ी के बल्ले में दुपट्टा के फंदे से लटककर जान दे दी। परिजनों ने बिना किसी कार्रवाई के गंगा घाट पर शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

थाना क्षेत्र के गांव परतपुर निवासी देवीदास दिल्ली में रहकर मजदूरी करता है। देवीदास की 17 वर्षीय बेटी कमलेश ने शनिवार को देरशाम घर में पड़े टिनशेड में लगे लकड़ी के बल्ले में दुपट्टा के फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। किशोरी की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। किशोरी की मौत की खबर मिलने पर देवीदास दिल्ली से यहां पहुंचा। परिजनों ने शव का सांकरा गंगाघाट पर अंतिम संस्कार कर दिया। किसी तरह की कार्रवाई नहीं की गई। किशोरी के जान देने की वजह नहीं पता चल सकी।

# गर्मी में तेज आवाज के साथ टूट गई सड़क

## गवां कस्बे में रविवार दोपहर की घटना, नजारा सीसीटीवी में हुआ कैद, मौके पर लोगों की भीड़ हो गई जमा

कार्यालय संवाददाता, संभल/रजपुरा

अमृत विचार: रजपुरा थाना क्षेत्र के कस्बा गवां में भीषण गर्मी के दौरान सीमेंट से बनी सड़क अचानक तेज आवाज के साथ उखड़ कर ऊपर उठ गई। यह नजारा देख मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सड़क उखड़ने की घटना सीसीटीवी में भी कैद हुई है।

रविवार दोपहर को बदन झुलसा देने वाली गर्मी के बीच सड़क पर बेहद कम आवाजाही थी। इसी दौरान गवां कस्बे में हरदासपुर मार्ग पर नखासा बाजार के समीप कुछ वक्त पहले बनाई गई सीसी रोड अचानक से उखड़कर ऊपर उठ गई। तेज आवाज के साथ सड़क उखड़ी तो आसपास के दुकानदारों की निगाह उस पर पहुंची। बात कस्बे में फैली तो मौके पर तमाम लोगों की भीड़ जुट गई। सड़क उखड़ी या किसी ने उखाड़ी यह सच जानने के लिए आसपास की दुकानों के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखी गई। एक कैमरे की रिकॉर्डिंग में सड़क के अचानक उखड़ने का नजारा दिख गया। लोगों का कहना है कि गर्मी की वजह से जमीन में गैस बन जाने से यह सड़क उखड़ गई। सड़क उखड़ने का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है।


संभल के गवां में अचानक टूटी सीमेंट से बनी सड़क। ● अमृत विचार

> गर्मी की वजह से सीमेंट से बनी सड़क के अचानक उखड़कर ऊपर उठ जाने की बात तकनीकी तौर पर समझ नहीं आती। इसके पीछे कोई दूसरा कारण रहा होगा। सड़क की निचली सतह में किसी तरह पानी या नमी बने रहने से ऐसा हो सकता है या फिर कोई अन्य कारण भी हो सकता है।
> –अवनीश कांत, अवर अभियंता, लोक निर्माण विभाग

### नौतपा के दूसरे दिन प्रचंड गर्मी से बेहाल हुआ जनजीवन

संभल / बबराला, अमृत विचार :नौतपा के दूसरे दिन रविवार को भीषण गर्मी रही। आसमान से मानो दिनभर आग सी बरसती रही। सुबह आठ बजे से ही सूरज की तपिश सताने लगी। प्रचंड गर्मी ने दोपहर में सड़क पर लॉकडाउन लगा दिया। लू के थपेड़ों से शरीर झुलसता रहा। आमजन घरों में कैद रहा। अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। बता दें कि 25 मई से नौतपा शुरू हो गया है। नौतपा को नवताप के नाम से भी जाना जाता है। ज्येष्ठ माह के पहले नौ दिनों के दौरान सूर्यदेव धरती के सबसे करीब होते हैं।

### सब्जी मंडी में फड़ों के ऊपर लगाए तिरपाल

गुन्नौर अमृत विचार : रविवार को साप्ताहिक सब्जी मंडी में सब्जी विक्रेताओं ने तन झुलसाने वाली प्रचंड गर्मी से बचाव के लिए फड़ों के ऊपर बरसाती और तिरपाल लगा दिए। इससे उन्हें धूप से कुछ राहत तो मिली लेकिन आसमान से बरस रही आग के बीच खरीददारों की आमद काफी कम रही। गर्मी के सितम से बचने के लिए लोग घरों के बाहर नहीं निकले। जिससे सब्जी मंडी में सन्नाटे जैसा माहौल बना रहा।

### अनवरत जारी है भीषण गर्मी का प्रकोप

चन्दौसी, अमृत विचार : भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है। जनजीवन ठहर सा गया है। रविवार को तापमान 44 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। सुबह से ही लोगों का पसीना बहने लगा। चिलचिलाती धूप में लोगों का घर से निकलना दुश्वार हो गया। दोपहर में सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। दिन निकलते ही सूर्यदेव आग उलगने लगे। रविवार को अवकाश होने पर लोग परिवार के साथ घरों में ही रहे। जरुरत पड़ने पर ही घर से निकले और अपने जरुरी कामकाज निपटा कर घर में कैद हो गए। दिन ढलने पर गर्मी से कुछ राहत महसूस की गई।


पतंजलि योगपीठ की बैठक में मौजूद नव नियुक्त पदाधिकारी। ● अमृत विचार

# सशक्त, स्वस्थ व आत्मनिर्भर भारत मिशन में पूरी क्षमता से जुटें

कार्यालय संवाददाता, संभल

- पतंजलि योगपीठ की बैठक में सौंपी गईं संगठन की जिम्मेदारियां
- डा. प्रदीप त्यागी बने भारत स्वाभिमान ट्रस्ट के तहसील प्रभारी

अमृत विचार: शंकर स्कूल में आगामी 21 जून को होने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को सफल बनाने हेतु पतंजलि योगपीठ की ओर से संगठन के विस्तार के लिए आयोजित बैठक में कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां दी गईं।

बैठक की अध्यक्षता राज्य संवाद प्रभारी कुलदीप ऐरन ने की। उन्होंने कहा कि हम सभी को बाबा रामदेव के सशक्त भारत और स्वस्थ भारत व आत्मनिर्भर भारत के मिशन को पूर्ण करने के लिए पूरी क्षमता से कार्य करना है। इस दौरान भारत स्वाभिमान ट्रस्ट के जिला मीडिया प्रभारी हरनाम सिंह के प्रस्ताव पर डॉक्टर प्रदीप त्यागी को संगठन का तहसील अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इसी तरह अमित शुक्ला के प्रस्ताव पर के विकास वर्मा को पतंजलि योग समिति तहसील प्रभारी, कृष्णा प्रसाद मिश्रा के प्रस्ताव पर गजेंद्र यादव को पतंजलि किसान सेवा समिति तहसील प्रभारी जबकि वीकेश शर्मा के प्रस्ताव पर राजकुमार शर्मा को तहसील सोशल मीडिया प्रभारी का दायित्व दिया गया। इसके अलावा डॉ. नीरज शर्मा के प्रस्ताव पर राहुल वर्मा को पतंजलि युवा भारत का तहसील प्रभारी बनाया गया। बैठक का समापन शांति पाठ के साथ किया गया। बैठक में शोभित गुप्ता, विशाल वर्मा, दुष्यंत मिश्रा, भारत मिश्रा, सनी गुप्ता, ऋषभ श्रीवास्तव, उज्ज्वल सक्सेना, अरविंद श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

## अवैध कब्जे के मामले में दोनों पक्षों की रिपोर्ट दर्ज

गुन्नौर, अमृत विचार :कस्बा के मुहल्ला सराय में मकान, दुकान पर अवैध कब्जे को लेकर हुई मारपीट मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों की ओर से रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

महिला ब्रजेश रानी की ओर से दर्ज कराई गई रिपोर्ट में भाजपा नेता कुमोद, उसके दो भाइयों और भतीजे को जबकि ध्रुव की ओर से ब्रजेश रानी और उसके दो पुत्रों को नामजद किया गया है। बता दें कि मुहल्ला सराय में शनिवार को सुबह के वक्त दुकान मकान पर कब्जा और विरोध के दौरान दो पक्ष आमने सामने आ गए थे। एक पक्ष ने जमकर सरिया-डंडे चलाए तो दूसरी ओर से तेजाब की बोतल से हमला किया जाने की बात कही गई। मामला प्रॉपर्टी पर अवैध कब्जा और भाजपा नेता से जुड़ा होने के कारण पुलिस घटना के हर पहलू पर गहनता से जांच कर रही है। पुलिस रिपोर्ट में नामजद आरोपियों को गिरफ्तार नहीं कर पाई है।

# संभल हसनपुर मार्ग पर बाइकों की भिड़ंत में दो लोग घायल

संवाददाता, संभल

अमृत विचारः नखासा थाना क्षेत्र में संभल हसनपुर मार्ग पर आमने सामने दो बाइकों की भिड़ंत हो गई। इस हादसे में दो बाइक सवार गंभीर रुप से घायल हो गए। आनन फानन में मौके पर पहुंचे परिजनों ने घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

बदायूं जिले के गांव अखतरा निवासी अब्दुल कादिर रविवार को बाइक पर सवार होकर अपने घर से किसी काम के लिए दिल्ली जा रहा था। अब्दुल कादिर दोपहर में 12 बजे के आसपास जैसे ही नखासा थाना क्षेत्र के गांव गैलुआ के पास पहुंचा। सामने से काम निपटाकर गांव गैलुआ निवासी ध्रुव बाइक पर सवार होकर देहपा से आ रहा था। संभल हसनपुर मार्ग पर आमने सामने से ध्रुव व अब्दुल कादिर की बाइकें आपस में टकरा गई। जिससे सड़क पर गिरकर अब्दुल कादिर व ध्रुव घायल हो गए।

### चालक को झपकी लगी खेत में घुसी डीसीएम

संभल, अमृत विचार : संभल हसनपुर मार्ग पर चालक को नींद की झपकी लगने से डीसीएम सड़क किनारे खेत में खड़ी मक्का की फसल में घुस गई। आनन फानन में चालक ने लकड़ी का बल्ला लगाकर डीसीएम को पलटने से रोका। गनीमत रही कि सामने से कोई वाहन नहीं आ रहा था। मुरादाबाद जिले के भोजपुर निवासी चालक बबलू शनिवार की रात गाजियाबाद से मुर्गी को खिलाने वाला दाना डीसीएम में लादकर संभल आ रहा था। रविवार की तड़के चार बजे बबलू डीसीएम लेकर जैसे ही नखासा थाना क्षेत्र के गांव सिंहपुरसानी व कुरकावली के बीच पहुंचा तो बबलू को नींद आ गई। जिससे अनियंत्रित होकर डीसीएम सड़क की दूसरी लेन को पार करती हुई खेत में घुस गई।

# बैंक खाता हैक कर रकम उड़ाने वाली युवती सहित 6 लोग पकड़े

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

- मप्र पुलिस चंदौसी कोतवाली में पकड़े लोगों से कर रही पूछताछ

अमृत विचारः बैंक खाता हैक कर अन्य युवकों के अकाउंट में रुपये जमा करने के मामले में मध्य प्रदेश पुलिस चंदौसी कोतवाली पहुंची। यहां मप्र पुलिस ने मुख्य आरोपी व एक युवती सहित छह लोगों को हिरासत में लिया है। पूछताछ की जा रही है कि उनके अकाउंट में रुपये किसने जमा कराए। मामला 25 लाख का बताया जा रहा है।

रविवार की सुबह जनपद उज्जैन (मध्य प्रदेश) की क्राइम ब्रांच के इंस्पेक्टर अनुज कुमार अपनी टीम के साथ कोतवाली पहुंचे। यहां उन्होंने राज मोहल्ला निवासी मुख्य आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की। इसके बाद एक युवती सहित पांच युवकों को हिरासत में लेकर कोतवाली ले आए। बताया जाता है कि मुख्य आरोपी अपने दोस्त व परिचितों के खाते में रुपये जमा कराता था। इसकी एवज में वह खाता धारक को 500 से 1000 रुपये देकर रकम निकलवा लेता था। परिचित भी दोस्ती की खातिर यह सब करते आ रहे थे। क्राइम ब्रांच के इंस्पेक्टर अनुज कुमार ने बताया कि साइबर क्राइम का मामला है। मध्य प्रदेश के व्यक्ति के अकाउंट को हैक कर रुपये निकालकर अन्य खातों में भेजे जा रहे हैं। कुछ लोगों ने मामले की शिकायत उज्जैन पुलिस में दर्ज कराई है। जानकारी की गई तो चन्दौसी का नाम सामने आया है। यहां एक युवक साइबर क्राइम को अंजाम दे रहा है। जो अपने दोस्तों व परिचितों को लालच देकर उनके अकाउंट में मोटी रकम जमा कराता था। उसके बाद कुछ रुपये देकर रकम निकलवा लेता था। फिलहाल पकड़े गए युवकों से यह जानकारी की जा रही कि उनके अकाउंट में रकम कहां से आती थी।

**आयोजन** भक्ति गीतों और मां गायत्री के जयकारों से वातावरण गुंजायमान रहा

# नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ से पूर्व निकाली कलशयात्रा

संवाददाता, बबराला

अमृत विचार :शांतिकुंज हरिद्वार के संयोजन में गांव नूरपुर के आयोजित नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ से पूर्व भव्य कलश यात्रा निकाली गई। सिर पर जल कलश रखकर पीले वस्त्रधारण कर महिलाओं की कलश यात्रा पर पुष्प वर्षा की गई। भक्ति गीतों और मां गायत्री के जयकारों से वातावरण गुंजायमान रहा।

बबराला में भागीरथी मार्ग स्थित गायत्री शक्तिपीठ से शुरू हुई कलशयात्रा इंदिरा चौक से आगरा-मुरादाबाद नेशनल हाईवे पर गांव बाघऊ से होते हुए करीब तीन किमी का रास्ता तय कर गांव नूरपुर में यज्ञ स्थल पहुंची। जहां मंत्रोच्चार के बीच कलश स्थापना की गई। रास्ते में कलश यात्रा पर पुष्प वर्षा होती रही। ग्रामीण श्रद्धालुओं ने कलश यात्रा में शामिल 251 महिलाओं-कन्याओं का अभिनंदन किया। गायत्री परिवार के साधकों ने विभिन्न भजनों से श्रोताओं को भक्ति रस में डुबो दिया। गांव नूरपुर में 28 मई तक गायत्री महायज्ञ होगा। आयोजन समिति के योगेश यादव ने बताया कि गायत्री महायज्ञ के दौरान देव पूजन के साथ ही ध्यान, साधना, प्रज्ञा योग, यज्ञ का ज्ञान विज्ञान और महिला सशक्तिकरण से जुड़े आयोजन होंगे। समापन दिवस पर महायज्ञ के बाद विभिन्न संस्कार संपन्न कराए जाएंगे। नई पीढ़ी को संस्कारवान बनाने की दीक्षा दी जाएगी। देर शाम को दीप महायज्ञ होगा। मंगलवार को महायज्ञ की पूर्णाहुति होगी। शोभायात्रा व कलश पूजन में विधायक राम खिलाड़ी सिंह यादव, नरेंद्र राघव, राकेश गुप्ता, अखिलेश यादव, सुमित यादव, अतुल वार्ष्णेय, प्रमोद यादव, अवधेश यादव, बंटी शर्मा और विजय पाल प्रधान आदि रहे।



बबराला में गायत्री महायज्ञ में शामिल श्रद्धालु। ● अमृत विचार

### कुरीतियों व अंधविश्वास से बचे युवा पीढ़ी

संभल/सौंधन, अमृत विचार : कैला देवी में स्थित मां कैला देवी हायर सेकेंडरी स्कूल में आदर्श युवा क्रांतिकारी टीम की बैठक हुई। जिसमें योगाचार्य सुरेंद्र आर्य विद्यार्थी ने युवाओं को समाज में विभिन्न प्रकार की कुरीतियों, पाखंड अंधविश्वास, जातिवाद, अनाचार, अत्याचार से बचने तथा समाज को वेद तथा धर्म के प्रति जागरूक करने के लिए प्रेरित किया, ताकि एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके। योगाचार्य ने कहा कि आज युवा निरंतर व्यसनों में फंसता जा रहा है। यदि युवाओं को सही समय पर अच्छा धार्मिक आध्यात्मिक मार्गदर्शन नहीं मिला तो आगे आने वाला देश का भविष्य खतरे में होगा। बैठक में बृजेश यादव, पीतांबर आर्य, आवेश आर्य, रजनीश आर्य, रविंद्र आर्य, लोकेंद्र आर्य, सतीश आर्य, उमेश आर्य, शैलेंद्र आर्य, योगेश, शिवम आदि रहे।

## सार-संक्षेप

### डॉक्टरों ने की ग्रामीणों की आंखों की जांच

मनोटा, अमृत विचार : जनता राष्ट्रीय इंटर कॉलेज सतुपुरा में गाजियाबाद के वरदान नेत्र चिकित्सालय के डॉक्टरों की टीम ने ग्रामीणों की आंखों की जांच की। नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ .विजय, डॉ .विनय कुमार और डॉ . प्रदीप ने शिविर में 175 मरीजों का परीक्षण किया। ग्रामीणों को सलाह भी दी। इस दौरान डॉ . विघ्नेश त्यागी, योगेन्द्र त्यागी, परवेन्द्र सिंह, रणजीत सिंह, श्रवण त्यागी, सौरभ त्यागी, हरीश त्यागी, प्रधान प्रेमराज त्यागी, राहुल त्यागी, सुभाष त्यागी, मोहित त्यागी, शिवम त्यागी, विजयपाल त्यागी, विकास उपाध्याय, उमाशंकर गर्ग, अंश त्यागी, अनमोल त्यागी आदि रहे।


आरोग्य मेले में रोगियों का उपचार करते चिकित्साकर्मी। ● अमृत विचार

### आरोग्य मेले में 2964 मरीजों को मिला निःशुल्क उपचार

संभल, अमृत विचार : संभल जिले के 28 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और 4 नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर लगे आरोग्य स्वास्थ्य मेले में 2964 मरीजों का नि :शुल्क उपचार हुआ। वहीं 213 लाभार्थियों के आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाए गए। आरोग्य स्वास्थ्य मेले में 40 डॉक्टरों और 107 पैरामेडिकल स्टाफ ने ड्यूटी की। मेले में 1114 पुरुषों, 1106 महिलाओं और 744 बच्चों का नि :शुल्क उपचार किया। 154 लोगों की एंटीजन किट से कोविड जांच की गई। जिसमें सभी नेगेटिव पाए गए। 213 लाभार्थियों के आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाने का काम हुआ। मेले का स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को देखा। डॉक्टरों को जरूरी निर्देश दिए।



गर्मी से निजात के लिए शरबत बांटते सोसाइटी के लोग। ● अमृत विचार

### गर्मी में ठंडा शरबत बांटकर पहुंचाई राहत

संभल, अमृत विचार : रजा एजुकेशनल वेलफेयर सोसायटी के तत्वावधान में डॉक्टर कॉलोनी में स्थित पल्स मेडिकल सेंटर पर भीषण गर्मी में शरबत की सबील लगाई गई। जिसमें राहगीरों को ठंडा शरबत वितरित किया गया। मरीजों और तीमारदारों ने भी शरबत पीकर राहत महसूस की। सोसायटी के प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद आसिफ रजा ने कहा कि भीषण गर्मी में अन्य लोगों को ऐसे कार्य करके राहत पहुंचाने का काम करना चाहिए। इस दौरान डॉ .वसीम, मोहम्मद आलम, सलमान, इस्तेकार, अनस, फुजैल, सैफ आदि रहे।

### युवती से छेड़छाड़ के विरोध पर मारपीट, चार घायल

संभल, अमृत विचार : सदर कोतवाली क्षेत्र के एक मुहल्ला में स्थित रिसोर्ट में शादी समारोह में खाना खाते समय कुछ युवकों द्वारा युवती से छेड़छाड़ के विरोध पर जमकर मारपीट हुई। जिसमें एक पक्ष से तीन व दूसरे पक्ष से एक युवक घायल हो गया। कोतवाली क्षेत्र के एक मुहल्ला निवासी युवक मुहल्ला मंडी किशनदास में स्थित रिसोर्ट में आयोजित रविवार को युवती की शादी समारोह में शामिल होने आया था। बरात के आने से पहले कन्या पक्ष की ओर से रिश्तेदारों व परिचितों को खाना खिलाया जा रहा था। आरोप है कि खाना खाते समय युवक एक युवती के साथ छेड़छाड़ करने लगा। विरोध करते हुए युवती ने सारी बात अपने परिवार के व्यक्ति को बताई। इसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। विवाद इतना बढ़ गया कि युवक अपने साथियों के साथ मिलकर मारपीट करने लगा। बचाने पहुंचे लोगों के साथ भी मारपीट की। युवक ने किसी धारदार हथियार से हमलाकर शुऐब, अजीम व वसीम को घायल कर दिया और धमकी देते हुए युवक भाग गया।

### पंजा कुश्ती प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

संभल, अमृत विचार :संभल विकासखंड क्षेत्र में स्थित त्यागी स्पोर्टस स्कूल व कन्या गुरुकुल में आयोजित पंजा कुश्ती प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय आने वाले खिलाड़ियों को उत्तर प्रदेश पंजा कुश्ती संघ के पदाधिकारियों ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस प्रतियोगिता में प्रथम लाने वाले प्रतिभागी अगले माह लखनऊ में होने वाली पंजा कुश्ती प्रतियोगिता में भाग लेंगे। विकासखंड क्षेत्र के गांव कल्याणपुर में स्थित त्यागी स्पोर्टस स्कूल व कन्या गुरुकुल में रविवार की सुबह आठ बजे वैदिक यज्ञ कर पंजा कुश्ती प्रतियोगिता का शुभारंभ पंजा कुश्ती संघ के जिलाध्यक्ष संभल व पूर्व एमएलसी भारत सिंह यादव, उपाध्यक्ष आर्य भोले सिंह त्यागी और संयुक्त सचिव धर्मदेव भाटी ने किया। प्रतियोगिता में 12 वर्ष से लेकर 70 वर्ष तक के दिव्यांग खिलाड़ियों सहित अन्य खिलाड़ियों ने दम-खम दिखाया। प्रतियोगिता में प्रथम लाने वाले खिलाड़ी 13 से 16 जून तक होने वाली लखनऊ में पंजा कुश्ती प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। इस दौरान समाज हित संरक्षण समिति के अध्यक्ष महंत भगवान दास शर्मा, कबड्डी कोच महावीर सिंह यादव, मनोज सैनी, नरेंद्र त्यागी, रवि त्यागी, कामेंद्र चौधरी, सुमित भटनागर, शगुन सक्सेना, मिंकू सिंह, सुरेंद्र सिंह यादव, विजयपाल त्यागी, राजेंद्र शर्मा, अशोक पंवार, शिवम पूनिया, गजेंद्र सिंह चौधरी, महाराज रामौतार पुरी आदि मौजूद रहे।

### जंगली सूअरों की तस्करी में चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

संभल/धनारी, अमृत विचार : संभल जिले के धनारी थाना क्षेत्र में जंगली सूअरों की तस्करी के मामले में पुलिस ने चार नामजद और चार अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। थाना क्षेत्र गांव कृतिया में कोढरी देवी मंदिर से पहले गांव के प्रताप सिंह के नलकूप के पास शनिवार को जंगली सूअरों की तस्करी का खुलासा हुआ था। पैर बंधे दो जंगली सूअर नलकूप के पीछे और पांच जंगली सूअर पास में ही मिले थे। जबकि कुछ जंगली सूअरों के शव भी बरामद हुए थे। जांच में पता कि तस्करों द्वारा जंगली सूअरों का का शिकार कर नलकूप पर मांस पकाकर खाया जाता था। नलकूप के कमरे में भी बर्तन मिले थे जिन्हें जब्त कर दिया गया। इस मामले में वन रक्षक राजकुमार ने पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने नलकूप स्वामी प्रताप सिंह, नेकराम, सुमित, भूरे निवासी गांव कृतिया और तीन चार अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### मिट्टी उठाने के विरोध पर किसान से मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

संभल/धनारी, अमृत विचार : धनारी थाना क्षेत्र में खेत के पास से मिट्टी उठाने का विरोध करने पर दबंगों ने किसान से मारपीट की। जान से मारने की धमकी दी। इस मामले में पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। थाना क्षेत्र के गांव रामनगर उर्फ कनुआ नगला निवासी इंद्रपाल शनिवार को खेत पर गया तो देखा कि पास से ही रमेश, राजकुमार और महेश निवासी गांव किशनपुर श्यामपुर मिट्टी उठा रहे थे। जिससे खेत की मेड़ कट गई। किसान ने विरोध किया तो दबंग गाली गलौज करने लगे और लाठी डंडों से मारपीट की। जान से मारने की धमकी दी गई। आसपास के लोग भी मौके पर पहुंच गए। पीड़ित इंद्रपाल पहुंच गए। पीड़ित इंद्रपाल की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। इंद्रपाल का मेडिकल परीक्षण कराया।

### जंगल में मिला तीन दिन से गायब ग्रामीण का शव

संभल/कैलादेवी, अमृत विचार : कैलादेवी थाना क्षेत्र में तीन पहले घर से गए व्यक्ति का शव छोटे भाई को ढूंढते समय गांव के पास जंगल में रास्ते के किनारे रखे ट्रांसफार्मर के पास पड़ा मिला। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। थाना क्षेत्र के गांव सिसौना निवासी धनपाल 35 वर्ष शुक्रवार की शाम परिजनों को बिना बताए घर से कहीं चला गया था। देर रात तक जब धनपाल घर नहीं वापस आया तो उसका छोटा भाई धनवीर ने आसपास में तलाश की। शनिवार की दोपहर में ग्रामीणों ने धनपाल को गांव के ही धर्मवीर के नलकूप पर नहाते देखा था। सूचना मिलने पर धनवीर के नलकूप पर पहुंचने से पहले ही धनपाल यहां से कहीं चला गया। जिसके बाद धनवीर फिर से धनपाल की तलाश करता रहा, लेकिन उसका पता नहीं चल सका। रविवार की सुबह गांव से पचास मीटर की दूरी पर जंगल में स्थित रास्ते के किनारे रखे ट्रांसफार्मर के पास पहुंचा। यहां धनपाल मृत अवस्था में पड़ा हुआ था और शरीर पर चोट के निशान थे। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा भरकर धनपाल का शव पोस्टमार्टम को भेज दिया।

## एक नजर

### बेटी की मौत से परेशान पिता ने दी जान

उसावां (बदायूं), अमृत विचार : बेटी की मौत ने बुजुर्ग को इस कदर तोड़ दिया कि वह अवसाद ग्रस्त हो गया और रविवार को फंदे पर लटक कर जान दे दी। उसावां थाना क्षेत्र के गांव गौतरा पट्टी नरपत रमसी निवासी रक्षपाल (50) खेती करके परिवार का भरण पोषण करते थे। उनके दो बेटे और एक बेटी मीना थी। पत्नी की डेढ़ वर्ष पूर्व बीमारी से मौत हो चुकी है। पत्नी की मौत के बाद रक्षपाल का ख्याल उनकी बेटी मीना रखती थी। करीब एक वर्ष पूर्व मीना ने किसी बात से नाराज होकर आत्महत्या कर ली थी। मीना की मौत ने रक्षपाल को पूरी तरह तोड़ दिया।

### घर में घुसकर युवक के सीने में चाकू घोंपा

बरेली/सीबीगंज, अमृत विचार : सीबीगंज थाना क्षेत्र में जमीनी रंजिश में बाइक सवार तीन युवकों ने घर में घुसकर युवक की सीने में चाकू घोंपकर हत्या की कोशिश की। आरोपियों ने युवक के पिता के साथ भी मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान के आदेश पर थाना पुलिस ने तीनों के खिलाफ हत्या की कोशिश समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# मतगणना के दिन मुरादाबाद-आगरा हाईवे पर यातायात रहेगा परिवर्तित

## 4 जून को 100 मीटर के दायरे में सभी दुकानें शाम छह बजे तक रहेंगी बंद

संवाददाता, बहजोई

- मतगणना स्थल के सामने से वाहनों के निकलने पर भी रहेगा प्रतिबंध
- मुरादाबाद, संभल, चंदौसी की ओर जाने वाले वाहन नूरपुर तिराहे से राजपुरा गवा होकर जाएंगे

अमृत विचार: संभल लोकसभा सीट की मतगणना को लेकर यातायात पुलिस ने रूट डायवर्जन प्लान बनाया है। 4 जून को मतगणना के दौरान सुबह 6 बजे से मतगणना की समाप्ति तक रूट डायवर्जन रहेगा। मतगणना स्थल मुरादाबाद आगरा हाईवे वाहनों के लिए बंद रहेगा। रूट ड्राइवर्जन के लिए यातायात पुलिस के जवान अलग-अलग जगह तैनात किए जा रहे हैं। रूट ड्राइवर्जन का पालन कड़ाई से किया जाएगा। पालन न करने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

यातायात प्रभारी अनुज मलिक ने बताया कि 4 जून को मुरादाबाद आगरा हाईवे स्थित यूपी स्टेट वेयरहाउस मतगणना स्थल पर मतगणना होगी। इसके लिए रूट डायवर्ट किया जाएगा। जिससे मतगणना स्थल के सामने होकर कोई भी वहां न गुजरे यातायात पुलिस ने रूट डायवर्जन किया है। जिसके तहत अलीगढ़, गुन्नौर व बदायूं से आने वाले भारी वाहनों जिनको मुरादाबाद, संभल, चंदौसी बहजोई की ओर जाना है। वह वहां नूरपुर तिराहे से राजपुरा गवा होकर जाएंगे।

वहीं हल्के में भारी वाहनों जिन्हें बहजोई, चंदौसी व संभल की ओर जाना है वह वहां पाठकपुर तिराहे, फरीदपुर टिकटा रोड से बेहटा जयसिंह चौराहा बहजोई होकर जाएंगे। मुरादाबाद की ओर से आने वाले सभी वाहन जिनको धनारी बबरला, अलीगढ़, दिल्ली जाना है वह सभी वाहन संभल बेहटा जय सिंह चौराहा बहजोई से टिकटा रोड रजपुरा होकर जाना होगा।

### कर्मचारियों के लिए यहां पर रहेगी पार्किंग

बहजोई, अमृत विचार : बबराला की ओर से जो भी सरकारी कर्मचारी मतगणना के लिए आएंगे उनके लिए वार्ष्णेय इंटर कॉलेज पर बैरियर लगाकर रोका जाएगा। मिनी स्टेडियम में पार्किंग रखी गई है। वहीं पुलिस लाइन मंडी परिषद में पार्किंग बनाई गई है। चंदौसी की ओर से आने वाले कर्मचारियों का अन्य लोगों की पार्किंग रोडवेज बस अड्डा पजाया पर है। यहां ही सभी वाहन रोक दिए जाएंगे।

### किसी को भी बिना पास के एंट्री नहीं दी जाएगी

बहजोई, अमृत विचार : बबराला बहजोई मार्ग स्थित मतगणना के दौरान इस्लामनगर चौराहा से वार्ष्णेय इंटर कॉलेज चौराहे के बीच पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। इस दौरान सभी दुकानें ठेले बंद रहेंगे। जब तक मतगणना चलेगी तब तक कोई दुकान नहीं खुलेगी। इसके लिए इस्लामनगर चौराहा तथा वार्ष्णेय इंटर कॉलेज पर पुलिस बल तैनात किया जाएगा। किसी को भी बिना पास के इस स्थान पर एंट्री नहीं दी।

### राशन का 350 कुंतल चावल पकड़ा, अफसर जांच में जुटे

बबराला , अमृत विचार : गरीबों को बांटे जाने वाले राशन के चावल की हेराफेरी का मामला सामने आया है। प्रशासन ने ट्रक में भरे 350 कुंतल चावल जब्त किए हैं। इसके बाद खाद्य विभाग के सहयोग से जांच के साथ ही कार्रवाई शुरू कर दी है।

बताया गया है कि बहजोई से अनूपशहर मंडी लेकर जा रहे कालाबाजारी के राशन के चावल से भरा ट्रक यूपी 38 टी- 3851 रात करीब साढ़े आठ बजे बबराला के इंदिरा चौराहे पर पकड़ा गया है। चालक सहित ट्रक को नायब तहसीलदार बबलू कुमार मंडी समिति में ले गए हैं। ट्रक में 350 कुंतल चावल बताए जा रहे हैं

अपर जिलाधिकारी को सूचना मिली कि एक ट्रक में कालाबाजारी कर लाए गए राशन के चावल को अनूपशहर मंडी ले जाया जा रहा है। नायब तहसीलदार बबलू कुमार ने इंदिरा चौराहे पर ट्रक को रोक लिया। ट्रक को मंडी समिति में खड़ा करा कर एसडीएम को सूचना दी गई। एसडीएम रमेश बाबू ने बताया कि ट्रक पकडा गया है जांच कर रहे हैं।

# दुकानदार से तमंचे के बल पर 60 हजार से अधिक लूटे

संवाददाता, संभल/ओबरी

**वारदात**

- बाइक गिराकर बदमाशों ने दिया घटना को अंजाम
- थैले में रखे थे रुपये,पुलिस ने सीसीटीवी खंगाले

अमृत विचारः असमोली थाना क्षेत्र में मनोटा पाकबडा मार्ग पर बाइक सवारों ने दुकानदार की बाइक गिराकर तमंचे के बल पर थैले में रखे साठ हजार रुपये व सिक्के लूटकर मौके से फरार हो गए। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे सीओ असमोली व पुलिस ने बाइक सवारों की आसपास में तलाश की। रविवार की सुबह घटना स्थल पर पहुंचकर पुलिस ने रास्ते के किनारे लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले।

थाना क्षेत्र के गांव तेलीपुरा निवासी आजम मुरादाबाद जिले के कस्बा पाकबड़ा में पॉलोथीन की चलाता है। हर रोज की तरह आजम शनिवार की देर शाम दुकान बंदकर बाइक पर सवार होकर घर वापस आ रहा था। गांव मनोटा रतनपुर कलां मार्ग थाना क्षेत्र के गांव भैंसोड़ा से निकलते ही पीछे से आए दो बाइकों पर सवार छह बदमाशों ने आजम की बाइक गिरा दी और आजम की ओर तमंचा तानकर जान से मारने की धमकी देते हुए बदमाशों ने बाइक से बंधे थैले में रखे में साठ हजार रुपये व कुछ सिक्के लूटकर मौके से फरार हो गए। आजम की सूचना पर परिजन व सीओ असमोली संतोष कुमार व थाना प्रभारी हरीश कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और आजम से घटना के बारे में पूछताछ की। जिसके बाद पुलिस देर रात तक बदमाशों को पकड़ने के लिए कॉंबिंग करती रही, लेकिन बदमाशों का पता नहीं चला सका। रविवार की सुबह पुलिस फिर से घटनास्थल पर पहुंची और जांच पड़ताल कर गांव में रास्ते पर लगे सीसीटीवी कैमरे को खंगाला।

# पंखे पर करंट आने से महिला की मौत

संवाददाता, संभल/सौंधन



महिला की मौत के बाद बिलखती परिवार की महिलाएं। ● अमृत विचार

अमृत विचारः कैला देवी थाना क्षेत्र में कमरे में रखे टेबिल फैन में उतरे करंट की चपेट में आकर महिला की मौत हो गई, लेकिन थोड़ी देर बाद महिला के शरीर में हलचल होने पर परिजन जिंदगी की आस में महिला को लेकर निजी अस्पताल पहुंचे। डॉक्टर ने देखने के बाद महिला को मृत घोषित कर दिया। महिला बिना दरवाजे के बाथरूम में नहाने के बाद कपड़े बदलने कमरे में गई थी।



महमूदन का फाइल फोटो।

थाना क्षेत्र के गांव सौंधन मोहम्मदपुर निवासी सखावत की पत्नी महमूदन 42 वर्षीय रविवार की सुबह घर में अकेली थी। नौ बजे के आसपास सखावत घर पहुंचा तो अंदर से दरवाजा बंद था। दरवाजा खोलने के लिए सखावत ने महमूदन को आवाज लगाई। बिना दरवाजे के बाथरुम में नहाते समय महमूदन ने सखावत से घर के बाहर थोड़ी देर इंतजार करने को कहा। आधा घंटा बीतने के बाद भी दरवाजा नहीं खोला तो सखावत दीवार फांदकर घर के अंदर दाखिल हो गए और घर का मुख्य दरवाजा खोलकर सखावत ने कमरे में पहुंचकर देखा तो महमूदन अर्द्ध निर्वस्त्र अवस्था में टेबिल फैन के पास जमीन पर पड़ी थी। जिससे सखावत की चीख निकल गई। चीख पुकार को सुनकर आसपास के लोग व अन्य परिजन मौके पर आ गए और उपचार के लिए महमूदन को लेकर संभल निजी अस्पताल आ गए। यहां डॉक्टर ने देखते ही महमूदन को मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद परिजन महमूदन का शव लेकर घर आ गए। रिश्तेदारों के आने के बाद सखावत पत्नी के शव को सुपुर्दे खाक करने की तैयारी कर रहे थे।

अचानक महमूदन के शरीर में हलचल होने लगी। जिंदगी की आस लिए सखावत महमूदन को लेकर सौंधन में डॉक्टर के पास आ गए। लेकिन यहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

# अच्छी शिक्षा ग्रहण करके अपना भविष्य बनाएं विद्यार्थी

संवाददाता, बहजोई

अमृत विचारः बहजोई महाविद्यालय, बहजोई में स्नातकोत्तर कक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें सीनियर छात्र-छात्राओं को विदाई दी गई। वहीं मिस फेयरवेल व मिस्टर फेयरवेल का भी चुनाव किया गया। जिन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

बहजोई महाविद्यालय के सभागार में आयोजित कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष लव कुमार सर्राफ, सचिव अजय कुमार आयरन, उपाध्यक्ष विपिन कुमार गुप्ता, प्राचार्य डॉ. वीरेन्द्र कुमार गुप्ता, डॉ. गीता व मंजू वार्ष्णेय ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके किया। छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर जमकर तालियां बटोरी। कार्यक्रम में अध्यक्ष लव कुमार 'सर्राफ' और सचिव अजय कुमार 'आयरन' ने छात्र - छात्राओं को उनके भविष्य के लिए मंगलकामनाएं दीं और भविष्य में उतरोत्तर विकास के लिए शुभकामनाएं भी दीं। प्राचार्य डॉ. वीरेंद्र कुमार गुप्ता ने छात्र - छात्राओ से कहा कि आप जहां भी जाएं अपना और महाविद्यालय का नाम रोशन करें । आप निरंतर सफलताओं को प्राप्त करते हुए अपने और अपने माता पिता के सपनों को साकार करें। कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं में छात्र - छात्राओं ने भाग लिया तथा छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रस्तुतियों के माध्यम से अपने गुरुजनों का अभार व्यक्त किया। इसके साथ ही कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने महाविद्यालय के अपने अनुभवों साझा किया। इस दौरान मनीष कुमार, दीप्ति वार्ष्णेय, गौरव कुमार, श्रीनिवास सिंह यादव, डॉ. रामचंद्र आदि रहे।

# भ्रष्टाचार के खिलाफ दिलाई शपथ

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी



प्रेरणा दिवस पर व्यापारियों को सम्मानित करते संगठन के पदाधिकारी।

- अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की ओर से फव्वारा चौक पर हुआ कार्यक्रम

अमृत विचारः अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय आह्वान पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 26 मई रविवार को प्रेरणा दिवस के रूप में मनाया गया। जिसमें व्यापारियों को भ्रष्टाचार के खिलाफ शपथ दिलाते हुए जागरूक कर शरबत वितरित किया गया।

जिलाध्यक्ष प्रेम ग्रोवर ने कहा कि जिस तरह पांचों अंगुलियां एक होकर मुठ्ठी के रूप में ताकत बनती हैं। इसी तरह अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने व्यापारियों को एक किया है। व्यापारियों की एकजुटता के कारण अधिकारी व्यापारियों की हर समस्याओं का समाधान करता है। युवा प्रदेश मंत्री शाह आलम मंसूरी ने कहा कि 26 मई 1979 को अमीनाबाद लखनऊ में सर्वे ( छापे ) के दौरान व्यापारी हरिश्चंद्र अग्रवाल पुलिस की गोली से शहीद हुए थे। उनकी शहादत को याद करते हुए अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल हर वर्ष 26 मई को प्रेरणा दिवस मनाता है। प्रेरणा दिवस पर जो व्यापारी हित के लिए संघर्ष करते हैं व व्यापारियों की समस्याओं को प्रशासन शासन तक पहुंचाते हैं। उनको संगठन सम्मानित करता है। इसके अलावा फल वितरण व शरबत वितरण किया जाता है । व्यापारियों को शपथ दिलाई जाती है कि भ्रष्टाचार के खिलाफ हमेशा आवाज उठाते रहना और व्यापारियों के उत्पीड़न व समाज के लिए अच्छे कार्य करने हैं। प्रभात कृष्णा ने कहा कि व्यापारी देश की अर्थव्यवस्था का प्रहरी है। अंत में पूर्व युवा जिलाध्यक्ष स्व. आशुतोष मिश्रा की तीसरी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर जयशंकर दुबे, अनुज वार्ष्णेय, राजू चड्ढा, वसीम अख्तर, सुभाष मित्तल, सुशील अग्रवाल, सुभाष पाल, इरफान मंसूरी, सचिन, अय्यूब कुरैशी, अब्दुल खालिक, मोहम्मद मुजीब, प्रमोद अग्रवाल आदि व्यापारी मौजूद रहे।

# समर कैंप में बच्चे सीख रहे आत्मनिर्भर बनने के गुण

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी



हनुमान गढ़ी स्कूल में आयोजित समर कैंप में उपस्थित बच्चे व स्टाफ।



जायंट्स ग्रुप वूमेन शिखर के समर कैंप में उपस्थित बच्चे व सदस्य।

- सात दिवसीय समर कैंप में प्रतिभाग कर रहे विद्यार्थी

अमृत विचारः जगदीश शरण सर्राफ सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज हनुमान गढ़ी में सात दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। रविवार को कैंप का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में रेखा रस्तोगी एवं विशिष्ट अतिथि समाजसेवी डॉ. टीएस पाल, प्रबन्ध समिति के प्रबंधक सुनील कुमार, पंकज सर्राफ, शिवम् यादव, डॉ. गौरव बंसल आदि ने दीप प्रज्वलित करके पुष्पार्चन के साथ किया।

सर्वप्रथम अतिथि परिचय एवं अभिनंदन कराया गया। तदोपरांत छात्र-छात्राओं को नृत्य, संगीत, ताइक्वांडो, बैडमिंटन आदि का प्रशिक्षण दिया गया। मुख्य अतिथि रेखा रस्तोगी ने कहा कि इस समर कैंप के माध्यम से बच्चों में नई ऊर्जा एवं उत्साह का संचार होगा। सभी को मन लगाकर इस कैंप का लाभ लेना चाहिए। विशिष्ट अतिथि डॉ. टीएस पाल ने कहा कि समर कैंप में कई तरह की एक्टिविटीज होती हैं, जिससे बच्चों की छिपी प्रतिभा सामने आती है। अध्यक्षता राजश्री अग्रवाल ने एवं संचालन आचार्य जगपाल ने किया। प्रधानाचार्य वीरपाल सिंह, सुरेश चंद्र, चंद्रपाल, अनमोल शर्मा, कपिल गोस्वामी, ऋतु अग्रवाल, विनोद शर्मा, रामकिशोर, चंद्रशेखर, गुंजन, वैशाली, ममता, आराधना, विजय आदि आचार्यो का सहयोग रहा।

### जल का सदुपयोग करने का लिया संकल्प

चन्दौसी, अमृत विचार : जायंट्स ग्रुप वूमेन शिखर की ओर से समर कैंप का आयोजन हो रहा है। रविवार को ग्रुप की सदस्य शीनू शर्मा ने बताया कि हमें अपने जीवन को सुरक्षित रखने के लिए आत्म निर्भर होना चाहिए और अपने समय का सदुपयोग सही कार्य करके करना चाहिए। बताया कि जल ही जीवन है। हमें जल को बर्बाद नहीं करना चाहिए। जितनी जरूरत हो उतना ही जल का प्रयोग करें। ग्रुप अध्यक्ष शालिनी शर्मा ने बताया हमें अपने आसपास के वातावरण को शुद्ध रखने के लिए साफ सफाई पर ध्यान देना चाहिए। इस समय अधिक गर्मी होने के कारण अनेक बीमारियों के फैलने की आशंका बनी रहती है। कैंप में बच्चों ने अनेक कलाओं जैसे डांस, मेंहदी, ढोलक, प्लास्टिक की बोतल से वॉल हैंगर बनाना, जल बचाओ पर पेंटिंग और ताइक्वांडो सीखकर अपने आत्म निर्भर बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर सीमा अग्रवाल, नीतू रस्तोगी, नंदिनी अग्रवाल, सुमन सैनी, शिखा शर्मा मौजूद रहीं।

# पल्लेदार की हत्या में महिला का हाथ, पुलिस खुलासे के करीब

संवाददाता, इस्लामनगर(बदायूं)

- महिला ने पल्लेदार के सिर पर किए थे वार, घेर में जाकर छिपाया था मंगलसूत्र और 40 हजार रुपये

अमृत विचार : इस्लामनगर थाना क्षेत्र के गांव अल्लेहपुर समसपुर की मढ़ैया निवासी पल्लेदार की हत्या के मामले में पुलिस खुलासे के करीब पहुंच चुकी है। पुलिस के अनुसार पल्लेदार की पत्नी ने ही उसकी हत्या की थी और डकैती का रूप दे दिया। पुलिस ने महिला को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो मामला खुल गया। फिलहाल पुलिस सोमवार को घटना का खुलासा करेगी। तब अन्य तथ्य भी उजागर हो सकेंगे।

अल्लेहपुर समसपुर की मढ़ैया निवासी महेश राणा की हत्या शुक्रवार की रात को कर दी गई थी। मृतक की पत्नी का आरोप था कि डकैतों ने उसके पति की हत्या कर दी और लूट पाट की। घटना को गंभीरता से लेते हुए एडीजी पीसी मीना भी घटना स्थल पर पहुंचे थे और जल्द खुलासा करने के निर्देश एसएसपी को दिए थे। मृतक की पत्नी ममता लगातार डकैती की बात कह रही थी, लेकिन पुलिस ने जब तथ्य जुटाने शुरू किए। तो आरोपी तक पहुंच गई। पुलिस ने महेश राणा की पत्नी ममता को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की तो मामला साफ हो गया। पुलिस सूत्रों की माने तो ममता पर महेश शक करता था और आए दिन उसके साथ मारपीट करता था। इससे वह परेशान हो गई। शुक्रवार की रात को उसने महेश को ठिकाने लगाने का मन बना लिया। रात ढाई बजे के करीब उसने महेश कि सर पर ईंट और डंडों से प्रहार कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई।

## सार-संक्षेप



तेग बहादुर कालोनी में सुंदरकांड पाठ करते ट्रस्ट के सदस्य। ● अमृत विचार

### मेरी लगी बालाजी संग प्रीत, ये दुनिया ...

चन्दौसी, अमृत विचार : स्वामी भूमानंद सेवा ट्रस्ट की ओर से गुरु तेग बहादुर कालोनी में संगीतमय सुंदर कांड पाठ का आयोजन किया गया। जिसमें पंडित दीन दयाल शर्मा ने विधि विधान से सभी देवी-देवताओं का पूजन कराया। इसके पश्चात केजी शर्मा, राजेश शंखधार, जेएन मिश्रा, आभा सक्सेना, अनिल सक्सेना, अतुल सक्सेना, राजीव शर्मा, रमेश ग्रेवाल, ब्रजेंद्र शर्मा, सुरेंद्र चंद्र शर्मा, पीएन शर्मा ने गणेश व सरस्वती वंदना, हनुमान चालीसा, बजरंग बाण, सुंदर कांड पाठ का वाचन किया। भजनों की श्रंखला में केजी शर्मा ने मोहन से दिल क्यों लगाया है, यह मैं जानूं या वो जाने, सुधा शर्मा ने मेरी लगी बालाजी संग प्रीत,ये दुनिया , मीनाक्षी पांडे ने राम को देखकर जनक नंदिनी, बाग में वो खड़ी की खड़ी रह गई आदि भजन सुनकर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए। सच्चिदानंद शर्मा, संजीव शर्मा, राकेश चौबे, योगेंद्र कुमार शर्मा, टीसी शर्मा, सूरज पाराशरी, सुमित पाराशरी, गोविंद वार्ष्णेय, सीमा चटर्जी, मनोज शर्मा आदि मौजूद रहे।

### दवा लेने घर से निकले बुजुर्ग ने की आत्महत्या

बदायूं, अमृत विचार : बीमारी से परेशान बुजुर्ग ने रामगंगा नदी में छलांग लगा दी। तीन घंटे की मशक्कत के बाद गोताखोर शव बाहर निकाल सके। बुजुर्ग की मौत से परिजनों का रो रोकर बुराहाल है। हजरतपुर थाना क्षेत्र के गांव बमनपुरा नवीन निवासी भोजपाल काफी समय से बीमार चल रहे थे। कई चिकित्सक से इलाज कराने के बाद भी उनकी सेहत में सुधार नहीं हो रहा था। वह परेशान चल रहे थे। रविवार को वह हजरतपुर से दवा लेने की बात कहकर घर से गए थे। वह चिकित्सक के यहां पहुंचे और दवा ले ली। वापस आते समय हजरतपुर क्षेत्र में रामगंगा के पुल के पास बैठ गए। वहां मौजूद लोगों के अनुसार काफी देर तक वहां बैठने के बाद उठे और रामगंगा में छलांग लगा दी। इसी दौरान रामगंगा घाट पर किसी का अंतिम संस्कार कर रहे लोगों ने उन्हें कूदते हुए देखा तो वह चिल्लाने लगे। किसी ने उन्हें पहचान लिया और उनके परिजन और पुलिस को सूचना दी।

# मानव अधिकारों के बारे में जागरूक करने पर जोर

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

- बालश्रम का इस्तेमाल मानव अधिकार का हनन
- जरुरत मंदों को सहायता देने का कार्य कर रही है संस्था

अमृत विचारः मानवाधिकार एवं सामाजिक सुरक्षा प्रहरी की एक कार्यशाला व शरबत वितरण कार्यक्रम रविवार को घंटाघर स्थित श्री सनातन धर्म पुस्तकालय में हुआ। पदाधिकारियों व सदस्यों को लोगों को मानव अधिकारों के बारे में जागरुक करने पर जोर दिया गया।

मुख्य अतिथि समाजसेवी विनय कुमार ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का आरंभ किया और कहा कि मानवाधिकार का संरक्षण समृद्ध परिवार, समाज व समृद्ध देश हेतु बेहद जरुरी है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए संस्था के अध्यक्ष ब्रजेश सिंह चौहान ने कहा कि बालश्रम का इस्तेमाल मानव अधिकार का हनन है। मानवाधिकार की जागरुकता विषय पर विस्तार से जानकारी दी। मुख्य वक्ता योगेंद्र कुमार शर्मा ने कहा कि यह संस्था जरुरत मंद को सहायता देने का कार्य कर रही है। विशिष्ट अतिथि साधना श्रीवास्तव ने भी विचार व्यक्त किए।

संचालन डॉ. जयशंकर दुबे ने किया। इस अवसर पर मुकेश अग्रवाल, चौधरी विवेक कुमार, डॉ. योगेंद्र मोहन शास्त्री, संजय गुप्ता, नरेंद्र सिंह तोमर, क्षेम प्रकाश, अरविंद शर्मा, रमेश चंद्र आर्य, दिनेश पाल सिंह, पूनम रानी, रमाकांत शर्मा, देव ठाकुर, सोनू ठाकुर, अरुण कुमार, धनीराम कोली, अल्का सक्सैना, प्रियंका गुप्ता, पीजी गुप्ता, रेनू शर्मा, गोपाल सिंह, नरेश राघव आदि मौजूद रहे।

**अनदेखी** — बिजली विभाग की कॉलोनी होने का हवाला देकर नहीं पहुंचते सफाई कर्मी

# पॉवर हाउस कालोनी के लोगों को नहीं मिल रहीं मूलभूत सुविधाएं

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी



कालोनी के बाहर लगा खराब वाटर कूलर व हैंडपंप के पास फैली गंदगी।

अमृत विचारः पॉवर हाउस कॉलोनी के लोग मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। क्योंकि नगर पालिका प्रशासन उसे अपने अधिकार क्षेत्र में नहीं मानता। जिससे कॉलोनी में नगर पालिका की सुविधाएं नहीं मिल रही हैं। पेयजल पाइपलाइन भी नहीं डाली गई, कॉलोनी में सफाई कर्मी नहीं पहुंचता, सड़क भी नहीं बनी है। कॉलोनी वासियों को स्वयं ही सफाई का कार्य करना पड़ रहा है। लाइनपार स्थित पॉवर हाउस कॉलोनी में करीब 30 परिवार रहते हैं। मगर इस कॉलोनी को नगर पालिका प्रशासन अपने क्षेत्र नहीं मानकर कोई सुविधा मुहैया नहीं कराती है। जबकि कॉलोनी के लोग नगर पालिका के चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग करते हैं। मगर इन्हें पालिका की सुविधाओं से वंचित रखा गया है। पालिका की ओर से पाइप लाइन भी नहीं डाली गई है। लोगों को कालोनी के बाहर लगे सरकारी हैंडपंप का सहारा लेना पड़ता है। हैंडपप के नजदीक कूड़े का ढेर लगा रहता है। इतना ही नहीं यहां लगा वाटर कूलर भी खराब पड़ा है। कॉलोनी के मुख्य द्वार के नाले पर पड़ा स्लैब भी टूटा है। जिससे कॉलोनी में चौपहिया वाहन नहीं पहुंच पाते। यह लोग पूरी तरह से मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं।



मेरे पति बिजली विभाग में जेई के पद पर कार्यरत हैं। कॉलोनी में कोई सुविधा नहीं मिल रही है। नाली को स्वयं ही साफ कर कूड़ा बाहर डालना पड़ता है। -सोनी भंडारी



हम कॉलोनी में कई वर्षों से रह रहे हैं। पालिका की उदासीनता के कारण स्वयं ही सफाई करनी पड़ रही है। पाइप लाइन नहीं होने पर पानी के लिए सबमर्सिबल लगा लिए हैं। -साधना देवी



जब पालिका के चुनाव में हमें वोट डालने का अधिकार दिया गया है। तो पालिका की सुविधाओं से क्यों वंचित किया जा रहा है। यह तो अधिकारियों की हठधर्मिता है। -सुनीता देवी



पालिका प्रशासन से कई बार कहने के बाद भी कोई फायदा नहीं हुआ है। हमसे कह दिया जाता है कि आपकी कॉलोनी सरकारी है, इसलिए पालिका की ओर से कोई सुविधा नहीं दी जाएगी। -नन्हें कुरैशी

पावर हाउस कालोनी के लोगों को सुविधाओं से वंचित नहीं रखा गया है। सफाई कर्मी नहीं पहुंचता व अन्य सुविधाएं मुहैया नहीं हो रही हैं। इसके लिए जानकारी की जाएगी। किसी भी हालत में कालोनी वासियों को परेशान नहीं होने दिया जाएगा। -लता वार्ष्णेय, पालिकाध्यक्ष, चन्दौसी।

**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना नाम MOHAMMAD SHADAV से बदलकर MOHAMMAD SHADAB पुत्र बब्बन नि. अंगूरी बाग निकट जुल्फेकार स्कूल, रामपुर रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए।

**सम्बन्ध-विच्छेद**

मेरा पुत्र इन्जमाम (बालिग) बुरी संगत में पड़ गया है जिस कारण उससे सम्बन्ध विच्छेद कर मैंने अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में अपने कुकृत्यों का वह स्वयं जिम्मेदार होगा। जमीर अहमद पुत्र मौ० अहमद खां निवासी पक्का बाग घेर मुवारक शाह खां तहसील सदर थाना गंज जिला रामपुर।

**सम्बन्ध-विच्छेद**

मैंने व मेरे परिवार ने अपने पुत्र नदीम उर्फ बिलाल व उसकी पत्नी अनम जहां के दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। इनका मेरी चल, अचल संपत्ति व मकान से कोई लेना-देना नहीं है। जरगाय पुत्र शौकत अली निवासी मालवा थाना शिवाला कला तह0 चांदपुर, बिजनौर।

**सम्बन्ध विच्छेद**

मैंने अपने पुत्र मौ. रिजवान निवासी दिल्ली पैलेस 62 फिटा रोड, सहारनपुर और पुत्री नगमा रूही पत्नी नाजिर हुसैन निवासी मुगलपुरा गुईंयाबाग मुरादाबाद को गलत आचरण के चलते सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है।

-फुरकान पुत्र मौ. उस्मान निवासी मुगलपुरा प्रथम, इनसाइड नल वाली मस्जिद, मुरादाबाद।

एकं हन्यान्न वा हन्यादिषुर्मुक्तो धनुष्मता।
बुद्धिर्बुद्धिमतोत्सृष्टा हन्याद् राष्ट्रम सराजकम्।।

किसी धनुर्धर वीर के द्वारा छोड़ा हुआ बाण संभव है किसी एक को मारे या न भी मारे। मगर बुद्धिमान द्वारा प्रयुक्त की हुई बुद्धि राजा के साथ-साथ संपूर्ण राष्ट्र का विनाश कर सकती है।

## संपादकीय

# जलवायु परिवर्तन की चुनौती

पूरा देश इस समय भीषण गर्मी से जूझ रहा है। इससे लोगों के स्वास्थ्य और उत्पादकता पर गंभीर खतरा हो सकता है। आगामी दिनों में लू का जोखिम और बढ़ने की आशंका है। उत्तर प्रदेश के कई जिलों में तापमान 45 डिग्री के करीब पहुंच गया। मौसम विभाग के मुताबिक अगले पांच दिन तक रात के पारे में कोई बदलाव के आसार नहीं है। रात का तापमान विशेष रूप से खतरनाक होता है। हर साल तापमान के रिकॉर्ड ध्वस्त हो रहे हैं। मौसम के बदलाव ने आम लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। देश के 150 प्रमुख जलाशयों में जल भंडारण पिछले सप्ताह पांच वर्षों में सबसे निचले स्तर पर आ गया। इससे कई राज्यों में पानी की कमी बढ़ गई और जल विद्युत उत्पादन पर असर पड़ा है। विश्व बैंक के एक अध्ययन के मुताबिक, देश का करीब 75 फीसदी कार्यबल कृषि और निर्माण क्षेत्र में गर्मी का सीधे सामना करने वाले श्रम पर निर्भर करता है।

आंकड़ों के मुताबिक 2030 तक गर्मी के प्रकोप से जुड़ी उत्पादकता में गिरावट की वजह से दुनिया भर में कुल होने वाली नौकरियों के नुकसान में अकेले भारत का योगदान करीब 43 फीसदी तक हो सकता है। वास्तव में आज पूरी तरह से जलवायु परिवर्तन हो चुका है और इसका खामियाजा इंसान को भुगतना पड़ रहा है। शहरीकरण और औद्योगिकीकरण के कारण लोगों के जीवन जीने के तौर-तरीकों में काफी परिवर्तन आया है। विश्व भर की सड़कों पर वाहनों की संख्या काफी अधिक हो गई है। जीवन शैली में परिवर्तन ने खतरनाक गैसों के उत्सर्जन में काफी अधिक योगदान दिया है। यदि ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में उल्लेखनीय रूप से कमी नहीं की गई, तो सदी के मध्य तक अधिकांश क्षेत्रों में दैनिक उच्च और निम्न तापमान में कम से कम 5 डिग्री फ़ॉरेनहाइट की वृद्धि होगी, जो सदी के अंत तक 10 डिग्री फॉरेनहाइट तक बढ़ जाएगी। वर्तमान में जलवायु परिवर्तन वैश्विक समाज के समक्ष मौजूद सबसे बड़ी चुनौती है एवं इससे निपटना वर्तमान समय की बड़ी आवश्यकता बन गई है। जलवायु परिवर्तन के कुछ प्रभावों को वर्तमान में भी महसूस किया जा सकता है। पृथ्वी के तापमान में वृद्धि होने से हिमनद पिघल रहे हैं और महासागरों का जल स्तर बढ़ता जा रहा है। आधुनिक युग में जैसे-जैसे मानवीय गतिविधियां बढ़ रही हैं, वैसे-वैसे ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन में भी वृद्धि हो रही है जिसके कारण तापमान में वृद्धि हो रही है। यानि यह समय जलवायु परिवर्तन की दिशा में गंभीरता से विचार करने का है।

# शरीर और मन : परिवेश और आनुवंशिकता



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

मनुष्य की संरचना में दो घटक बड़े स्पष्ट हैं एक देह या शरीर और दूसरा अंत:करण। अंत:करण अर्थात् मन, बुद्धि, चित्त अहंकार। देह और मन, इन दोनों की संरचना में दो तत्व हैं, एक परिवेश है और दूसरा आनुवंशिकता है। मनुष्य की शारीरिक संरचना में उसका रंग रूप देह-यष्टि परिवेश से प्रभावित होती है।

मनुष्य ने जब धरती और बीज के संबंध में सोचा तब सारा ब्रह्मांड उसकी दृष्टि में था और जब उसने उत्पत्ति और विकास के संबंध में सोचा तब भी धरती और बीज के बिंब उसकी आंखों में थे। जब उसने प्रकृति के संबंध में सोचा, तब जीवन के बिंब उसके पास थे और इसी प्रकार जब जीवन के संबंध में सोचा तब प्रकृति के बिंब उसके पास थे। इस प्रकार निरंतर प्रक्रिया में मनुष्य के चिंतन और ज्ञान का विकास हुआ। मनुष्य के मन पर भी उसके परिवेश का जो चित्र अंकित होता है, वह उसकी समग्र अभिव्यक्ति संपदा (शब्द, उपमा, प्रतीक, कहावत, मुहावरों आदि) में बिंबित होता है और भाषा की संरचना में इन बिंबों की अनिवार्य भूमिका होती है।

विचार मनुष्य का बल है, वैभव है, लेकिन यदि वही विचार मनुष्य के लिए कैदखाना बन जाए, तब? लेकिन अपरिमित बल के साथ ही मनुष्य में निर्बलता भी है कि वह विचारधाराओं को अपने लिए जेल खाना बना लेता है, कट्टर बन जाता है। विचार को लेकर लड़ने लगता है। वह भूल जाता है कि कोई भी विचार आखिरी लकीर नहीं है। विचारधाराएं मनुष्य के लिए हैं, मनुष्य विचारधाराओं के लिए नहीं हैं। ये समस्त ज्ञान विज्ञान विचार दर्शन कला संगीत मनुष्य जीवन रूपी वृक्ष के फल हैं। वृक्ष पर फल बार-बार आते हैं, फल तथा ऋतु का संबंध है। ऋतु बदलती है, नए फल आ जाते हैं। युग बदलता है, विचार बदल जाते हैं।

जीवन का विस्तार बहुत व्यापक है, वह किसी एक ही विचारधारा से न कभी पहले चल सका है, न आज चल रहा है और न आगे कभी चलेगा। इसलिए विचारधाराओं से भी पहला काम मनुष्य का अध्ययन है, पहला काम मनुष्य की पहचान है। हम सोचते हैं कि मनुष्य का क्या जानना, हम मनुष्य ही तो हैं। हां, ठीक बात है, हम मनुष्य हैं, मनुष्य की विराटता में एक इकाई। मनुष्य में बुनियादी समानता हैं, निश्चित ही हैं, किंतु विचित्रता भी हैं। इतनी विचित्रता कि उनको हम जितना भी जानते हैं, उतनी ही विचित्रता सामने आ जाती है। दिशा और काल में मनुष्य का कितना विस्तार है? क्या इस विस्तार की कल्पना भी हम कर सकते हैं? मनुष्य को जानने की बहुत सी पद्धतियां हैं, एक पद्धति ने मनुष्य को परिवेश और आनुवंशिकता के आधार पर जानने का प्रयास किया है।

मनुष्य की संरचना में दो घटक बड़े स्पष्ट हैं एक देह या शरीर और दूसरा अंतःकरण। अंतःकरण अर्थात् मन, बुद्धि, चित्त अहंकार। देह और मन, इन दोनों की संरचना में दो तत्व हैं, एक परिवेश है और दूसरा आनुवंशिकता है। मनुष्य की शारीरिक संरचना में उसका रंग रूप देह-यष्टि परिवेश से प्रभावित होती है। अफ्रीका का आदमी, अमेरिका का आदमी या फ्रांस का आदमी एक जैसे रंग रूप देह-यष्टि के नहीं होते। चीन के आदमी का कद, रंग, उसकी आंखें, उसकी खोपड़ी, उसके हाथ पैर अलग-अलग रूप-रंग और आकृति के होते हैं। फिर समुद्र के पास रहने वाला आदमी पर्वतों के पास रहने वाले आदमी से भिन्न होता है। एक की छाती अधिक मजबूत है और दूसरे की टांगें अधिक मजबूत हैं। यह भिन्नता प्राकृतिक-भौगोलिक परिवेश के कारण होती है। देह तत्व को प्रभावित करने वाला दूसरा प्रभावशाली तत्व उसकी आनुवंशिकता है।

माता-पिता और उनकी वंश परंपरा आदमी के रूप, नाक-नक्श पर प्रत्यक्ष होती है। किसी बच्चे को तुरंत पहचान लिया जाता है यह उसका बेटा है। अनेक व्याधियां आनुवंशिक होती हैं। बहुत सी लोकोक्तियां आनुवंशिकता पर हैं अब तो आनुवंशिकी (जैनेटिक्स) का विकास हो रहा है, जिस प्रकार माता-पिता और माता-पिता की वंश परंपराओं से हमने अपना शरीर प्राप्त किया है। उसी प्रकार हमारा मन भी उसी वंश परंपरा का दाय है। इसीलिए हमारा मन बीते हुए युगों का एपीटोम है। हमारे अर्द्धचेतन और अचेतन मन में युग-युगांतर की स्मृतियां सो रही हैं। शरीर की तरह हमारा मन भी अविच्छिन्न परंपरा का ही दाय है। जिस प्रकार शरीर पर परिवेश और आनुवंशिकता का प्रभाव होता है, उसी प्रकार मनुष्य की मानसिक संरचना अर्थात् मन पर भी परिवेश और आनुवंशिकता का प्रभाव होता है। मनुष्य की मानसिक संरचना में आनुवंशिकी का प्रभाव बहुत स्पष्ट होता है-नानी की टेव धेवती में आ। मूसे के जाए बिले खोदेंगे। मन पर परिवेश का प्रभाव सांस्कृतिक तत्व के रूप में होता है। बालक का जन्म शून्य में नहीं होता, सांस्कृतिक-परिवेश में होता है। बालक उस परिवेश से ही बोली और भाषा ग्रहण करता है तथा बोली और भाषा की तरह ही सांस्कृतिक तत्व ग्रहण करता रहता है।

प्रत्येक सांस्कृतिक परिवेश की विचार-प्रणाली होती है, आचार प्रणाली होती है, विश्वास-प्रणाली होती है, सौंदर्यचेतना होती है। प्रत्येक सांस्कृतिक परिवेश में सैकड़ों अवधारणाएं प्रचलित होती हैं। मनुष्य के चित्त का आधार पाकर वे अवधारणाएं भौतिक शक्ति जैसी बन जाती हैं। इसलिए बालक का मन अपने सांस्कृतिक परिवेश से रचा-पचा होता है। इस प्रकार मनुष्य की आंतरिक और बाहरी संरचना में परिवेश और आनुवंशिकता दोनों तत्व निर्णायक और प्रभावकारी होते हैं। जिस आनुवंशिकता से बालक को शरीर प्राप्त हुआ है, उसी आनुवंशिकता से उसे मन भी प्राप्त हुआ है। मन की प्रवृत्ति के रूप में जो तत्व है, वह भी वंश परंपरा से प्राप्त है। उसकी मानसिक संरचना में अतीत जीवन की स्मृतियों का कोश है।

आनुवंशिकता के कारण ही मनुष्य के मन को युगंधर या बीते युगों की स्मृतियों का ऐपीटोम कहा जाता है। समस्त युग उसके अवचेतन में समाए हुए हैं। यह ऐपीटोम केवल इस जीवन का ही नहीं है, उस वंशानुक्रम के जीवन का है, जो अंततः आदि-पुरुष (माता-पिता) से जुड़ता है। ध्यान रखने की बात यह है कि मनुष्य जीवन केवल वर्तमान से ही संचालित नहीं होता, मनुष्य जीवन के इतिहास की समग्रता अथवा वे स्मृतिकोश भी जीवन को संचालित करते हैं। मनुष्य धरती पर उगते हुए बीज को तभी से देख रहा है, जब से उसने धरती पर जन्म लिया था। धरती से बीज उगना इन अर्थों में साधारण घटना है कि उसे सभी ने देखा है और बार-बार देखा है, परंतु उसकी असाधारणता भी यही है कि उसे सभी ने देखा है, लोक ने भी देखा है, शास्त्र ने भी देखा है, पंडित ने भी देखा है मूढ़ ने भी देखा है, धनी ने भी देखा है और निर्धन ने भी देखा है। किसी ने पास से देखा है तो किसी ने दूर से देखा है, किसी ने प्रत्यक्ष देखा है तो किसी ने परोक्ष रूप से देखा है और इस निरंतर देखने के कारण ज्ञान की निरंतर वृद्धि हुई है।

मनुष्य ने जब धरती और बीज के संबंध में सोचा तब सारा ब्रह्मांड उसकी दृष्टि में था और जब उसने उत्पत्ति और विकास के संबंध में सोचा तब भी धरती और बीज के बिंब उसकी आंखों में थे। जब उसने प्रकृति के संबंध में सोचा, तब जीवन के बिंब उसके पास थे और इसी प्रकार जब जीवन के संबंध में सोचा तब प्रकृति के बिंब उसके पास थे। इस प्रकार निरंतर प्रक्रिया में मनुष्य के चिंतन और ज्ञान का विकास हुआ। मनुष्य के मन पर भी उसके परिवेश का जो चित्र अंकित होता है, वह उसकी समग्र अभिव्यक्ति संपदा (शब्द, उपमा, प्रतीक, कहावत, मुहावरों आदि) में बिबिंत होता है और भाषा की संरचना में इन बिंबों की अनिवार्य भूमिका होती है।

उदाहरण के लिए वृक्ष से पत्ता गिरा। पत् धातु का अर्थ है गिरना, अतः गिरने के कारण पत्र संज्ञा बनी। पत्र शब्द से पत्ता, पत्ती, पन्ही, पात, पतिया शब्द निष्पन्न हुए। पुराने जमाने में पत्रों पर संदेश भी लिखे जाते थे, इसलिए पत्र शब्द का एक नया अर्थ विकसित हुआ चिट्ठी। जीवन में सुख के साथ दुख लगा हुआ है, जो फूलता है वह कुम्हलाता भी है। एक दिन फल लगते हैं और एक दिन पतझड़ भी होता है। यह संसार कांटों की झाड़ी है। संसार के संबंध उसी प्रकार के है, जैसे वृक्ष पर पत्ते उगते हैं, झड़ते हैं और हवा उन्हें दूर उड़ा ले जाती है। इस प्रकार लोकमानस की पूरी चिंतन प्रक्रिया वानस्पतिक बिंबों से ओत-प्रोत है।

## प्रसंगवश

# राजधानी में कानून व्यवस्था



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

अभी कुछ दिन पहले लखनऊ में तैनात एक महिला पुलिस उप-अधीक्षक के एकलौते बेटे को दो गुंडे लड़कों द्वारा कार से रौंदने की घटना लोगों को भूली नहीं थी कि अब रिटायर्ड कमिश्नर देवेन्द्र नाथ दुबे के इंदिरानगर स्थित आवास पर दिन दहाड़े दिल दहलाने वाली ताजी घटना फिर हो गई जिसमें 25 मई को उनकी पत्नी की हत्या व घर में डकैती सुबह 7 और 9 बजे के बीच अंजाम दे दी गई, जब वे गोल्फ खेलने घर से बाहर गए थे।

पुलिस की शिथिल कार्य प्रणाली के चलते अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। प्रशासन और पुलिस का भय अपराध जगत में रहा ही नहीं। वे घटनाएं करते रहते हैं और उन पर कार्यवाही नहीं होती है। जनवरी-2023 में मेरे साथ आन लाइन ठगी हुई थी। नगर के सुशांत गोल्फ सिटी थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई, अखबारों में खबर का कवरेज आया, किंतु पुलिस बदमाशों को नहीं पकड़ सकी। दुबे जी 71 के हैं, मैं 84 का। खबरों में बहुधा आ जाता है कि वरिष्ठ नागरिकों की पुलिस सूची बनाए है ताकि उनकी सुरक्षा का अनुश्रवण कर सके, लेकिन मेरे पास तो कभी कोई पुलिस वाला हाल पूछने आया नहीं और न रिपोर्ट पर कार्यवाही की। जब सर्वप्रथम लखनऊ व नोएडा में पुलिस कमिश्नर प्रणाली लागू की गई थी, तभी मैंने इस पद्धति को कम असरदार बताया था। इससे केवल पुलिस का एकाधिकार हो जाता है, मजिस्ट्रेसी मूक दर्शक बन जाती है। ऐसे में अपराध नियंत्रण कम कारगर रहता है।

राजधानी में तो पुलिस भी अपराध में लिप्त देखी गई है। इसी जनवरी (2024) में लखनऊ एटीएस में तैनात एक अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा एक महिला से बलात्कार व तत्परिणामी गर्भाधान और जबरिया गर्भपात कराने, धमकाने का आदि मामला प्रकाश में आया था। गोमतीनगर थाने में रिपोर्ट तब दर्ज हुई, जब महिला योगी जी के पास खड़ी हो गई। सोचिए, यह पुलिस अपराध नियंत्रण कैसे करेगी? सपा के शासनकाल में पुलिस मंत्रियों की भैंसें ढूंढती थी, अब खुद अपराध करती है। उचित होगा कि मुख्यमंत्री पुलिस कमिश्नर प्रणाली समाप्त कर, कानून व्यवस्था पटरी पर लाने का प्रयास करें।

# बदल चुका है बड़े मंगल का स्वरूप



ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक

इस व्यवस्था के बीच भक्तों के जुलूस, नंगे पांव आदि कठिन साधना यात्रा करने वाले लोग गायब हो गए और धीरे-धीरे पांडाल में वितरित होने वाले प्रसाद पर मोहल्ले के लोगों का आधिपत्य बढ़ गया। यद्यपि आज भी राहगीर बड़े चाव से प्रसाद ग्रहण करते नजर आते हैं। अब धीरे-धीरे इस उत्सव के भंडारें में वीआईपी लोगों की एंट्री व सायंकालीन भंडारे का भी चलन जुड़ गया है।

जेठ माह की चिलचिलाती धूप में हर मंगलवार को 'बड़े मंगल' के रूप में मनाया जाना लखनऊ की अनूठी धार्मिक सांस्कृतिक परंपरा का एक महत्वपूर्ण अंग है। यह उत्सव मुख्यतः मोहल्ला अलीगंज के डंडहिया बाजार स्थित एक प्राचीन मंदिर तथा दूसरे अपेक्षाकृत बाद में निर्मित हनुमानजी के मंदिरों की गाथा को समर्पित है।

जनश्रुति के अनुसार तत्कालीन नवाब मोहम्मद अली शाह की बेगम आलिया/राबिया की कहानी इन दोनों हनुमान मंदिरों से जुड़ी हुई है। संतान प्राप्ति के लिए तमाम प्रयास विफल होने पर शोकग्रस्त बेगम को स्वप्न में प्राचीन मंदिर वाले हनुमानजी ने दर्शन दिए। बेगम आलिया ने मंदिर जाकर हनुमानजी की पूजा अर्चना की और संतान प्राप्ति हेतु मनौती मानी। कालांतर में मुराद पूरी होने पर उन्होंने मंदिर का जीर्णोद्धार कराया और श्रद्धापूर्वक मंदिर के कलश के लिए चंद्रमा की आकृति भेंट की, जो आज भी मंदिर के शीर्ष कलश पर फहरा रही पताकाओं के साथ विराजमान है।

कहते हैं उसी कालखंड में लखनऊ में एक महामारी भी फैली। बेगम आलिया ने लोगों की सेवा सुश्रुषा की व्यवस्था की और खाने-पीने के लिए मंदिर में भंडारा भी चलवाया। बाद में बेगम ने मंदिर के पुजारी से यह अनुरोध किया कि वे कैसरबाग स्थित अपने आवास के पास हनुमानजी को स्थापित करना चाहती हैं। इस प्राचीन हनुमान मंदिर के गर्भगृह में मुख्य प्रतिमा के अलावा हनुमानजी की अतिरिक्त प्रतिमाएं सदा से रही हैं। आज भी इस मंदिर के गर्भगृह में मुख्य प्रतिमा के साथ हनुमानजी की तीन विभिन्न आकार वाली छोटी-बड़ी प्रतिमाएं मौजूद हैं। बेगम की श्रद्धा-भक्ति से प्रभावित होकर पुजारी ने उन्हें गर्भगृह में स्थित एक प्रतिमा ले जाने की अनुमति दे दी। हाथी पर बैठाकर हनुमानजी की वह प्रतिमा कैसरबाग के लिए प्रस्थित हुई, परंतु थोड़ी दूर लगभग एक किलोमीटर चलकर हाथी एक स्थान पर बैठ गया और तमाम प्रयास के बावजूद आगे नहीं बढ़ा।

बेगम आलिया ने यह मानकर कि हनुमानजी यहीं स्थापित होना चाहते हैं, उसी स्थान पर मंदिर का निर्माण कराकर हनुमानजी को स्थापित किया, जो आजकल इस महोत्सव का मुख्य आकर्षण है। यह भी उल्लेखनीय है कि इन दोनों मंदिरों के शिखर के नीचे अब भारत माता की ट्राइकलर्ड मूर्ति भी शोभायमान है। पिछले लगभग बीस वर्षों में 'बड़ा मंगल' के इस पर्व का स्वरूप काफी कुछ बदल चुका है। प्रारंभ में गोमती नगर क्षेत्र से ध्वजा पताका लिए जयकारा लगाते, गीत गाती महिलाओं व पुरुषों के समूह सड़कों पर अलीगंज की ओर जाते आम तौर पर दिखाई पड़ते थे। कुछ भक्त अपनी मनौती के अनुसार चिलचिलाती धूप में नंगे पांव ही चलते थे। हर सड़क पर दो-चार ऐसे भी लोग दिख जाते थे, जो केवल लेट लेटकर मंदिर तक की कष्टप्रद यात्रा करते थे। मंदिर में उनके प्रवेश व दर्शन का अलग गलियारा होता था। रास्ते में कोई अनाम व्यक्ति प्याऊ का संचालन करता रहता था। उसी दौरान संभवतः 2004 के आसपास स्व. अखिलेश दास ने संगठित रूप से प्याऊ की व्यवस्था प्रारंभ की। इसके पश्चात साल दर साल पहले शर्बत, फिर बुंदिया, बाद में पूड़ी, सब्जी आदि इत्यादि सभी के पंडाल लगने लगे।

इस व्यवस्था के बीच भक्तों के जुलूस, नंगे पांव आदि कठिन साधना यात्रा करने वाले लोग गायब हो गए और धीरे-धीरे पांडाल में वितरित होने वाले प्रसाद पर मोहल्ले के लोगों का आधिपत्य बढ़ गया। यद्यपि आज भी राहगीर बड़े चाव से प्रसाद ग्रहण करते नजर आते हैं। अब धीरे-धीरे इस उत्सव के भंडारें में वीआईपी लोगों की एंट्री व सायंकालीन भंडारे का भी चलन जुड़ गया है। अब यह पर्व लखनऊ के ग्रामीण क्षेत्रों के साथ साथ प्रदेश के अन्य शहरों में भी लोकप्रिय हो रहा है। मंगलवार के साथ-साथ अब शहर में शनिवार को भी भंडारे के आयोजन बढ़ रहे हैं। भंडारा व प्रसाद ग्रहण करने वालों की संख्या तो बढ़ रही है, पर सड़क पर भक्तों की भीड़ नहीं दिखाई पड़ती है।

## सोशल फोरम

# कौन थे बनाफर



देवेंद्र सिंह
वरिष्ठ लेखक

कनिष्क के शासन काल में बनारस का क्षत्रप बनस्पर था। बाद में बनस्पर महाक्षत्रप भी बना। बनस्पर के वंशज ही बुंदेलखंड में बनाफर कहलाने लगे। इनकी बोली भी बनाफरी कहलाती है।

बुंदेलखंड में आल्हा गायन की परंपरा रही है। आदमी के पास जब खेती-किसानी में कुछ करने को नहीं रहता था तब चौपालों में आल्हा गायन होता था, लेकिन फुर्सत में मैं आल्हा नहीं क्रांति की दास्तान ही पढ़ता हूं। 25 मई को आल्हा का जन्मदिन था कि ऊदल का।

फेसबुक पर पढ़ रहा हूं कि आल्हा ऊदल के जन्मदिन पर बधाइयां। पता नहीं कि किसने उनके जन्म तिथि की खोज की। दोनों का जन्मदिन तो एक ही दिन नहीं हो सकता, क्योंकि आल्हा खंड में सब जगह आल्हा को बड़ा बतलाया गया है। इनको बनाफर कहा गया है। अब ये बनाफर क्या है? जब मैं जालौन के इतिहास पर काम कर रहा था तब बनाफरों के बारे में भी थोड़ा पढ़ने को मिला वह भी किसी ऐसे वैसे का लिखा नहीं। प्रसिद्ध इतिहासकार काशी प्रसाद जयसवाल की पुस्तक अंधकालीन युगीन भारत जिसका अनुवाद रामचंद्र वर्मा ने किया है। वे पेज 76-77 में लिखते हैं कि कनिष्क के शासन काल में बनारस का क्षत्रप बनस्पर था। बाद में बनस्पर महाक्षत्रप भी बना। बनस्पर के वंशज ही बुंदेलखंड में बनाफर कहलाने लगे। इनकी बोली भी बनाफरी कहलाती है।

चंदेलों के समय में अपनी वीरता तथा युद्ध कौशल के कारण ये बहुत प्रसिद्ध थे, पर समाज में उस समय उनको जातिप्रथा में वह स्थान नहीं मिला जिसके ये अधिकारी थे। उरई के माहिल इनके खिलाफ ही रहे। कर्नल टॉड ने अपनी पुस्तक में क्षत्रियों की सूची में 36 कुल लिखे हैं, उसमें यादव, भट्टी, जरिया, जादौं और बनाफर को एक साथ लिखा है और क्षत्रियों में शुमार किया है। **-फेसबुक वॉल से**

# लीडरशिप से जुड़ीं बातें



मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

मैंने सुना है कई स्त्रियां अपने पति के हाथों पिटकर भी उससे प्रेम करती हैं। क्या यह हिंसा उन्हें अपने मालिक के शक्तिशाली होने का एहसास दिलाती है? और इस तरह अंतत: वे खुद भी उसकी पत्नी होने के नाते पावरफुल और सुरक्षित महसूस करती हैं। उन ड्राइवरों और इन पत्नियों का यह अजीब व्यवहार हमें बताता है कि क्यों हम एक माचो मैन या ताकतवर नेता को पसंद करते हैं। हमें डेयरिंग पति चाहिए केयरिंग न हो तो चलेगा। ताकतवर सेठ हमें विनम्र बॉस के मुकाबले ज्यादा अच्छा लग सकता है। हमें एक ऐसा नेता चाहिए जिसके पीछे हम छुप सकें।

यह मेरे बिजनेस के शुरुआती दिनों की बात है। वे दिन अब तक जो पढ़ा, सीखा उसकी आजमाइश के दिन थे। रोज पुराने विश्वास टूटते और नए सबक सीखे जाते। बतौर बिजनेसमैन जो काम मेरे जिम्मे थे, उनमें एक खास काम अपनी टीम को लीड करना था। इसलिए लीडरशिप से जुड़ी बातें मैं पढ़ता समझता और असल जिंदगी में उन्हें लागू करने की कोशिश करता। यह उन्हीं दिनों का एक किस्सा है।

मैंने देखा कि कुछ मजदूर मेरी बातों को गंभीरता से नहीं ले रहे। मैं उनकी आंखों में मैं अपने लिए एक किस्म की अवज्ञा का भाव देखता था। मैं समझ नहीं पा रहा था कि विनम्र और दोस्ताना व्यवहार के बावजूद वह क्या है, जो उन्हें मुझे अपना नेता मानने से रोकता है। मेरे ऑफिस के पास ही एक ट्रांसपोर्ट व्यवसायी का ऑफिस था। अपने कर्मचारियों के साथ उनका व्यवहार मुझसे बिल्कुल उलट था। वे अपने ड्राइवरों और क्लीनरों की नियमित रूप से अनुष्ठान पूर्वक पिटाई करते थे। पच्चीस साल पहले के इस दौर में पुलिस कचहरी भी इसे मालिक नौकरों का निजी मामला मानकर इसमें टांग नहीं अड़ाते थे। वैसे भी वे बड़े आदमी थे, थाना, कचहरी, नेतागिरी, हर तरह से सक्षम। मेरा मैनेजमेंट ज्ञान कहता था कि वे एक बुरे एमप्लायर हैं और उनके यहां काम कर रहे लोग उन से असंतुष्ट होंगे, लेकिन अक्सर उनके ड्राइवरों की आपसी बातचीत के जो टुकड़े हवा मेरे कानों तक लाती थी, वह मेरे मैनेजमेंट ज्ञान को ताश के महल की तरह उड़ा ले जाते थे। मेरी समझ के उलट वे ट्रांसपोर्ट व्यवसायी अपने स्टाफ के बीच बहुत लोकप्रिय थे, उनके कर्मचारी आपस में बात करते हमारा सेठ 'शेर' है। कल देखा नहीं फलां आदमी की उसने कैसे पिटाई की। ड्राइवरों का अपना एक समाज था। उस समाज में जिसका सेठ जितना शक्तिशाली और क्रूर हो उसकी उतनी ही इज्जत थी। अपने समाज में इज्जत पाना और एक शक्तिशाली मुखिया के कबीले का हिस्सा होना इतना बड़ा फायदा था कि इसके बदले में कभी-कभार की पिटाई और गाली गलौज बरदाश्त की जा सकती थी। ये तमाम ड्राइवर अपनी निजी जिंदगी में मजलूम थे। पावर लेस थे। एक शक्तिशाली बॉस उन्हें पावरफुल महसूस करवाता था। वे उससे प्रेम करते थे।

मैंने सुना है कई स्त्रियां अपने पति के हाथों पिटकर भी उससे प्रेम करती हैं। क्या यह हिंसा उन्हें अपने मालिक के शक्तिशाली होने का एहसास दिलाती है? और इस तरह अंततः वे खुद भी उसकी पत्नी होने के नाते पावरफुल और सुरक्षित महसूस करती हैं। उन ड्राइवरों और इन पत्नियों का यह अजीब व्यवहार हमें बताता है कि क्यों हम एक माचो मैन या ताकतवर नेता को पसंद करते हैं। हमें डेयरिंग पति चाहिए केयरिंग न हो तो चलेगा। ताकतवर सेठ हमें विनम्र बॉस के मुकाबले ज्यादा अच्छा लग सकता है।

हमें एक ऐसा नेता चाहिए जिसके पीछे हम छुप सकें। अपनी निजी जिंदगी में हम जितने कमजोर होंगे एक ताकतवर लीडर की चाहना उतनी अधिक होगी। हम सब कभी बच्चे थे। हमें हमारे पिता सुरक्षित महसूस करवाते थे। फिर उम्र बड़ी हो गई, पिताजी नहीं रहे, पर हमारे भीतर का वह डरा सहमा बच्चा बड़ा नहीं हुआ। हम अब भी एक ताकतवर पिता खोजते हैं, जो हमें सुरक्षित महसूस करवाए। चाहे वह ऑफिस का बॉस हो समाज का अध्यक्ष या देश का नेता।

# ऐसा बेजान चुनाव कभी नहीं देखा



बद्री प्रसाद सिंह
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक उप्र.

देखें 4 जून को जनता जनार्दन किसका राज्याभिषेक और किसको वनवास देती है, लेकिन इतना तो तय है कि मुद्दाविहीन इस चुनाव में वरिष्ठ नेताओं ने अपने भाषणों से अपनी गरिमा गिराई है।

मैंने अपने जीवन में ऐसा बेजान चुनाव कभी नहीं देखा। न कहीं प्रचार, न कहीं कोई उत्सव। बस किराए पर लाई गई भीड़ से जनसभा और रोड शो जिसके पास जितना संसाधन, उसकी सभाओं में उतनी भीड़। किराए के इन टट्टुओं के चेहरे पर न तो मुस्कान दिखी न कोई उत्साह, बस एक चिंता रहती थी कि घर वापसी के लिए सवारी मिलेगी या अपने साधन से घर लौटना पड़ेगा अथवा सभा में भोजन और पेयजल मिलेगा भी या इस भीषण गर्मी में खाली पेट रहना पड़ेगा।

पहले के चुनावों में शहर, कस्बों के चौराहों पर चुनाव प्रचार वाले लाउडस्पीकर अनवरत बजते रहे थे, गांवों में रिक्शा, टेंपो, जीप पर बंधे लाउडस्पीकर दहाड़ते रहते और प्रत्याशी के नाम, दल, चुनाव चिन्ह की घोषणा करते रहते थे। चौराहों, चाय की दूकानों पर चुनाव चर्चा चलती रहती थी, जो कभी गाली-गलौज और मारपीट में परिवर्तित हो जाती थी। दीवारें विभिन्न चुनाव चिन्हों से रंगी रहती, होर्डिंग, कटाउट शान से खड़े दिखते थे, लेकिन इस बार यह सब गायब दिखा।

बड़े दलों के चुनाव चिन्ह से तो लोग परिचित हैं, लेकिन छोटे दल या निर्दलीय प्रत्याशी के तो चुनाव चिन्ह ही पता नहीं चल पाए। मतदान अब किसी सैद्धांतिक आधार पर नहीं होने वाला है। इसमें धर्म जाति, धन, शराब, अपराध का रोल बढ़ता जा रहा है। पहले सोचा गया था कि शिक्षा और जागरुकता बढ़ने से चुनाव में इनका दखल कम होगा, दुर्भाग्यवश ऐसा न हो सका। हर दल, क्षेत्र में जाति और धर्म के मतदाताओं की गणना कर तदनुसार टिकट बांट रहा है। सपा तो खुले आम पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) चिल्ला रही है। बसपा को दलित ही दिखता है, भाजपा भी अब पिछड़ों पर अधिक दांव लगा रही है। सवर्ण को कोई दल घास नहीं डाल रहा है, क्योंकि उसके पास मतदाता कम हैं। आप किसी क्षेत्र में चले जाएं, मतदाता की जाति का पता कर बता सकते हैं कि वह किसे मत देगा। जनसंख्या के आधार पर जब जातियों का मूल्यांकन हो रहा है तो फिर जनसंख्या नियंत्रण की बात करना बेमानी है। जिन जातियों ने जनसंख्या नियंत्रण में कुछ योगदान दिया है, वह अब पछता रहे होंगे।

4 जून को देश या उत्तर प्रदेश में किस दल को कितनी सीटें मिलेंगी, कहना मुश्किल है। उत्तर प्रदेश 8-10 सीटें छोड़ दें, शेष सभी सीटों पर कांटे की टक्कर स्पष्ट नजर आ रही है। चुनाव आयोग का सही मतदान प्रतिशत शीघ्र न बताना जनमानस में भ्रम पैदा कर रहा है। प्रजातंत्र में मतदाता का निर्णय सर्वोपरि है। देखें 4 जून को जनता जनार्दन किसका राज्याभिषेक और किसको वनवास देती है, लेकिन इतना तो तय है कि मुद्दाविहीन इस चुनाव में वरिष्ठ नेताओं ने अपने भाषणों से अपनी गरिमा गिराई है।

## एक नजर

### अधेड़ ने छह वर्षीय बालक से किया कुकर्म, रिपोर्ट दर्ज

**नगीना/बढ़ापुर, अमृत विचार :** 55 वर्षीय व्यक्ति के छह साल के बालक से कुकर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित की मां की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस आरोपी को फरार बता रही है। थाना नगीना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति का 6 वर्षीय बेटा बच्चों के साथ खेल रहा था। बताया जाता है कि बालक खेलते-खेलते पड़ोसी के घर में चला गया। आरोपी ने बालक के अकेले होने पर उसके साथ कुकर्म किया। बालक के शोर मचाने पर बालक के परिजनों व अन्य लोगों को देख आरोपी घर से फरार हो गया। पीड़ित बालक की मां की तहरीर पर पुलिस ने घटना के नामजद आरोपी नरेन्द्र कुमार के विरुद्ध पोक्सो एक्ट सहित संबंधित धारा में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस ने पीड़ित बालक का सीएचसी में चिकित्सकीय परीक्षण कराकर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### लोगों को बताए नशे से बचने के उपाय

**हल्दौर, अमृत विचार :** भारत को नशा मुक्त करने के लिए राजस्थान के माउंट आबू संस्थान के लोग सात राज्यों में सेवा करते हुए हल्दौर पहुंचे। जहां वाहन में लगी एलसीडी से लोगों को जागरूक करते हुए नशा मुक्ति के घरेलू उपाय बताए। वाहन में लगी एलसीडी से लोगों को जागरूक किया तथा नशे से बचने के घरेलू उपाय बताए गए। इस अवसर पर किसान नेता ठाकुर नरेंद्र सिंहए पीताम्बर, बुन्दु हसन, अब्दुल समी, शादी लाल मारवाड़ी, हनीफ मिस्त्री, संजय सिंह आदि नगरवासी उपस्थित रहे।

### ट्यूबवेल पर दो पक्षों में मारपीट, एक घायल

**किरतपुर, अमृत विचार :** ट्यूबवेल पर नहाने गए दो पक्षों में किसी बात को लेकर मारपीट हो गई। जिसमें एक व्यक्ति घायल हो गया। किरतपुर के ग्राम शाहपुर रतन की ओर जाने वाली रोड पर स्थित सरकारी ट्यूबवेल पर कुछ व्यक्ति नहाने गए। नहाने को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। जिसमें इमदाद पुत्र मुन्ने के गंभीर चोट आई। इमदाद पुत्र मुंडे ने थाना प्रभारी को शुभम पुत्र नंदराम, सौरव पुत्र प्रमोद, मोईन पुत्र खुशीराम के खिलाफ शिकायती पत्र दिया। थाना प्रभारी उदय प्रताप ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्ज कर शुभम व सौरभ को गिरफ्तार कर लिया है।

# फरियादियों की समस्याओं का समय से करें समाधान

## एसपी पूर्वी ने किया थाने का अर्धवार्षिक निरीक्षण

संवाददाता, अफजलगढ़

**अमृत विचार :** एसपी पूर्वी धर्म सिंह मार्छाल ने थाने का अर्धवार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ने अभिलेखों की जांच की और शस्त्रों को भी देखा।

रविवार शाम एसपी पूर्वी धर्म सिंह मार्छाल ने थाने का अर्धवार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने महिला हेल्प डेस्क, कंप्यूटर कक्ष व अभिलेखों की जांच करने के साथ पुलिस कर्मियों की बीट बुक की भी जांच की। उन्होंने थाने में असलहा के रखरखाव की भी जानकारी ली। एसपी पूर्वी धर्म सिंह मार्छाल ने थाने में तैनात सभी दारोगाओं को लंबित विवेचनाओं को समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए। एसपी पूर्वी ने थाने के मेस व शौचालय सहित साफ सफाई को देखा। उन्होंने थाने के विभिन्न मामलों के बारे में थानाध्यक्ष पुष्कर सिंह मेहरा से जानकारी ली। हथियार और मालखाने के निरीक्षण के दौरान लैग गार्ड, सुरक्षा कवच व हैलमेट देखे। निरीक्षण के दौरान एसपी पूर्वी धर्म सिंह मार्छाल ने थाने में पुलिस द्वारा जब्त वाहनों की भी जानकारी ली। उन्होंने थाने में साफ-सफाई के साथ स्वच्छ वातावरण की सहराना की। थाने में आने वाली सभी फरिदायियों से शालीनता से उनकी समस्या सुनकर उचित समाधान की बात कही। उन्होंने अधीनस्थ कर्मचारियों नए कानूनों के बारे में भी जानकारी दी। इस अवसर पर थानाध्यक्ष पुष्कर सिंह मेहरा के आलावा एसएसआई श्रीपाल सिंह, कस्बा इंचार्ज सुमित राठी, एसआई नरेश कुमार, एसआई शिवा कुमार आदि उपस्थित रहे।



थाने के अर्धवार्षिक निरीक्षण के दौरान एसपी पूर्वी धर्म सिंह मार्छाल। ● अमृत विचार



राम बरात में शामिल झांकी। ● अमृत विचार

## राम बरात में झांकियों ने मन मोहा

संवाददाता, नहटौर

**अमृत विचार :** श्री सनातन धर्म प्रचार सभा समिति के सौजन्य से चल रही श्रीराम कथा के पांचवें दिन राम विवाह के उपलक्ष्य में राम बरात निकाली गई। राम बरात में झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं।

श्री पंचायती मंदिर से राम बरात विधि विधान के साथ प्रारंभ होकर चामुंडा मंदिर तक निकाली गई। राम बरात में राम-लक्ष्मण की व अन्य झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। राम बरात के दौरान बैंड बाजों की धार्मिक धुनों से भक्तिमय माहौल हो गया। चामुंडा मंदिर पर श्रीराम कथा के आयोजन में कथा व्यास रविशंकर ने राम विवाह प्रसंग के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने राम विवाह प्रसंग सुनाते हुए कहा कि जनकपुरी में जानकी स्वयंवर में जिस धनुष को कोई हिला भी नहीं सका। उस धनुष को राम ने उठाकर अपनी वीरता का अदभुत परिचय दिया। धनुष उठाने पर सीता ने वरमाला डाल दी।

## सार-संक्षेप

### रविवार को 41 डिग्री सेल्सियस रहा अधिकतम तापमान

**नगीना, अमृत विचार :** कृषि अनुसंधान मौसम वेधशाला की प्रेक्षक के मुताबिक रविवार को अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। दिनभर तेज धूप और और गर्म हवा से आम जीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ। गर्मी के कारण ज्यादातर लोग अपने घरों में कैद रहे। आकाश में परिंदे भी उड़ान भरते नहीं देखे गए, पेड़ों की छांव में बैठकर परिंदों ने जान बचाई। शहर के चौराहों पर भी सन्नाटा छाया रहा। दोपहर बाद हवा चलने से आम आदमी को राहत पहुंची। नगीना चिकित्सा प्रभारी डॉ. नवीन चौहान ने गर्म हवा से बचने के लिए बुजुर्गों व बच्चों को घरों में ही रहने की सलाह दी है। उन्होंने शीतल जल का सेवन करने और बासी भोजन न करने की सलाह दी। बुजुर्गों को दोपहर में चश्मा लगाने की भी सलाह दी है। अनुमान है कि अभी तापमान और बढ़ सकता है।

### सड़क हादसे में दो महिलाओं सहित चार लोग घायल

**नहटौर, अमृत विचार :** सड़क किनारे खड़ी स्कॉर्पियो में आल्टो कार ने टक्कर मार दी। जिसमें सवार दो महिलाओं सहित चार लोग घायल हो गए। राहगीरों ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां दोनों महिलाओं की हालत नाजुक देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। थाना भोजपुर निवासी ग्राम हमीरपुर जिला मुरादाबाद निवासी सर्वेश कुमार पुत्र छोटेलाल अपनी आल्टो कार से हरिद्वार से घर लौट रहे थे। वह जब यहां नहटौर धामपुर मार्ग स्थित वाल्मीकि बस्ती के सामने पहुंचे तो सड़क किनारे खड़ी स्कॉर्पियो गाड़ी में टक्कर मार दी। जिसमें छाया देवी पत्नी सर्वेश कुमार, कविता देवी पत्नी अमर सिंह ग्राम भूमरा मसली थाना सुबारपुर जिला रामपुर, सर्वेश कुमार पुत्र छोटेलाल व अमर सिंह पुत्र राम अवतार गंभीर रूप से घायल गए। घायलों को राहगीरों ने सीएचसी में भर्ती कराया। जहां पर दोनों महिलाओं छाया देवी व कविता देवी की हालत नाजुक देखते हुए उन्हे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी हैं।




लोगों को शरबत पिलाते समाजसेवी। ● अमृत विचार

### हाईवे पर लोगों को बांटा शरबत

**किरतपुर, अमृत विचार :** रविवार को नगर की मंडी समिति के बाहर हाईवे पर युवा समाज सेवियों ने भीषण गर्मी को देखते हुए राहगीरों को शरबत पिलाया। अमित अग्रवाल व कपिल रस्तोगी ने शरबत वितरण का कार्यक्रम प्रारंभ किया। शरबत वितरण करने वालों में मुख्य रूप से सुरेंदर अग्रवाल, अशोक गुप्ता, प्रदीप चौहान, सचिन अग्रवाल, मुकेश गोयल, दिव्यम अरोरा, कपिल रस्तोगी, संदीप चौधरी, जिला पंचायत सदस्य संजीव मालिक, सय्यम अग्रवाल, अभिनव अग्रवाल, नीरज अग्रवाल, खिजीर जावेद, ऋतिक, निखिल चौधरी, अंकुश चौधरी, राम सिंह, मूसेब सिद्दीकी, रोहित कुमार, फाहत खा, कल्लू चौधरी, मोहम्मद शुएब, शेर सिंह, श्याम तनेजा आदि समाजसेवी मौजूद रहे।

### किशोरी से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**हापुड़, अमृत विचार :** थाना बाबूगढ़ क्षेत्र में सब्जी बेचने वाली 13 वर्षीय नाबालिग को एक युवक खाली मकान में ले गया। जहां आरोपी ने नाबालिग से दुष्कर्म किया। आरोपी ने परिजनों या पुलिस से शिकायत पर जान से मारने की धमकी दी। रोती-बिलखती नाबालिग घर पहुंची और परिजनों को आपबीती सुनाई। जिसके बाद परिजन थाने पहुंचे और तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने आरोपी को रिपोर्ट दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है। बाबूगढ़ के एक मोहल्ले की महिला ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि वह सब्जी बेचकर पालन-पोषण करती आ रही है। उसने 13 वर्षीय बेटी को घर से सब्जी बेचने के लिए एक दुकान पर भेजा था। यहां उसे गांव भड़ंगपुर का रहने वाला युवक मिला। आरोपी बेटी को गांव उपैड़ा स्थित मकान में ले गया। जहां आरोपी ने उसकी बेटी से दुष्कर्म किया। इसके बाद आरोपी ने उसे ई-रिक्शा में बैठाकर घर भेज दिया। रोती-बिलखती बेटी घर पहुंची और पीड़िता ने घटना की जानकारी दी। बेटी को लेकर पीड़िता थाने पहुंची और तहरीर दी। सदर डीएसपी वरुण मिश्रा ने बताया कि नाबालिग ने युवक पर दुष्कर्म का आरोप लगाया था। मामले में आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज कर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### गोशाला का परविंदर चौधरी व संजू ने किया निरीक्षण

**हापुड़, अमृत विचार :** मेरठ मंडल के गोरक्षा दल का वरिष्ठ मंडल उपाध्यक्ष परविंदर चौधरी हरोड़ा व संजू पहलवान ने जनपद बुलंदशहर के गांव भटेल में नंदी गोशाला का निरीक्षण किया। जहां उन्होंने नंदी की देख देख व चारा का व्यवस्था की जानकारी ली। उनकी सहयोगी टीम में परविंदर चौधरी मेरठ मंडल वरिष्ठ उपाध्यक्ष गोरक्षा संजू पहलवान पूर्व प्रधान संदीप मोहित चौधरी गड़ड़ी ककोड़ी टीम कार्यकर्ताओं के साथ साथ अन्य जनों का सहयोग रहा।

### आचार्य सम्मान समारोह संपन्न

**हापुड़, अमृत विचार :** पश्चिम उत्तर प्रदेश के अंचल बुलंदशहर के संच गढ़मुक्तेश्वर के स्थान गढ़मुक्तेश्वर गुरुद्वारे में आचार्य सम्मान समारोह व आचार्य मासिक अभ्यास संपन्न हुआ। जिसमें सभी आचार्यों को बैग देकर सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दिनेश एवं मुख्य वक्ता संभाग पश्चिम उत्तर प्रदेश के संभाग खेलकूद एवं शारीरिक प्रशिक्षक मोहित, अंचल बुलंदशहर के अंचल अभियान प्रमुख कृष्ण कुमार, व संच प्रशिक्षक बहन वरुण व एवं संच गढ़मुक्तेश्वर के सभी आचार्य उपस्थित रहे।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

संवाददाता, नगीना

**अमृत विचार :** अज्ञात वाहन की टक्कर से 22 वर्षीय बाइक सवार युवक की मौत हो गई। युवक हरिद्वार से आ रहा था। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे की जानकारी होने पर मृतक के परिजनों का बुरा हाल है।

थाना शेरकोट क्षेत्र के ग्राम फतहनगर निवासी जितेंद्र का 22 वर्षीय पुत्र पीयूष शनिवार रात्रि 9 बजे हरिद्वार से बाइक से लौटकर अपने गांव जा रहा था। थाना क्षेत्र के ग्राम सत्तारवाला के पास पहुंचने पर अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने घायल बाइक सवार को उपचार के लिए एंबुलेंस से सीएचसी लाया गया। जहां चिकित्सा अधीक्षक डॉ. नवीन चौहान ने जांच कर युवक को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मृतक के परिजनों को सूचना दी।

### दो बाइकों की टक्कर में चार युवक घायल

**नगीना, अमृत विचार :** बढ़ापुर क्षेत्र के ग्राम बांसोवाला निवासी 20 वर्षीय शिवम रविवार दोपहर तीन बजे बाइक से नगीना आ रहा था। दूसरी ओर क्षेत्र के ही गांव मुजफ्फरनगर निवासी 15 वर्षीय इकराम, 14 वर्षीय उबैद व 16 वर्षीय पाइज तीनों एक बाइक से कहीं जा रहे थे। ग्राम बांसोवाला के सामने ही दोनों बाइकों की टक्कर हो गई। जिससे दोनों बाइकों पर सवार चारों युवक घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए सीएचसी नगीना लाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल शिवम को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

# सोने-चांदी से भरे छह घड़े देने का झांसा देकर दो दोस्तों से ठगे 30 लाख रुपये

संवाददाता, नहटौर

**ठगी**

- साढ़े सोलह लाख रुपये देने पर सोने-चांदी से भरे चार और घड़े देने की बात कही थी
- दोनों दोस्तों ने जमीन और जेवरातों को गिरवी रखकर लाखों रुपये जुटाए थे

**अमृत विचार :** देवी दिखाकर सोने-चांदी से भरे छह घड़े देने का झांसा देकर दो दोस्तों से करीब 30 लाख रुपये की ठगी हो गई। 16 लाख रुपये और मांगे जाने पर उन्हें ठगी का एहसास हुआ। पीड़ितों ने पुलिस से मामले की शिकायत की गई है। पुलिस ने मामले में जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

नहटौर क्षेत्र के गांव दबथाला निवासी महेंद्र सैनी व नूरपुर थाना क्षेत्र के गांव बलदाना निवासी रईस अहमद दोस्त हैं। बताया जाता है कि महेंद्र सैनी को नूरपुर में एक व्यक्ति मिला। उसने देवी दिखाकर धन मिलने की बात कही। जिस पर उसने यह बात अपने दोस्त रईस से बताई। ठगों ने उन्हें एक चांदी का सिक्का भी दिया। जिसको बेचकर मिले रुपये दोनों दोस्तों ने धार्मिक स्थल में दान दे दिए। जिसके बाद आरोपियों ने उन्हें गांव रतनगढ़ में एक बाग में ले जाकर देवी दिखाई और देवी से बात कराई। देवी दिखाने के नाम पर साढ़े सोलह लाख रुपये ले लिए। रुपये लेने के बाद उन्हें रेत बजरी से भरे दो बंद घड़े दिए गए। इसके बाद हरिद्वार में पूजा अर्चना करते हुए साढ़े तेरह लाख रुपये लिए गए। पहले घड़े खोलने पर दोनों को अंधे होने का डर दिखाया गया। दोबारा से हरिद्वार में पूजा अर्चना करने के लिए साढ़े सोलह लाख और देने की बात कही गई। साढ़े सोलह लाख रुपये देने पर सोने चांदी से भरे चार और घड़े देने की बात कहीथी। रुपये की व्यवस्था न होने पर दोनों दोस्तों ने शुरू में दिए गए दो घड़ों के बारे में एक अन्य व्यक्ति से बताया। यह भी बताया कि घड़ों को खोलने पर अंधे हो सकते हैं। उस व्यक्ति ने घड़ों को खोलकर देखा तो उनकी आंखें फटी की फटी रह गई। घड़ों में रेत, बजरी भरी हुई थी। जिसके बाद दोनों दोस्तों को ठगी का एहसास हुआ। दोनों दोस्तों से करीब 30 लाख रुपये ठग लिए गए। दोनों दोस्तों ने रिश्तेदारों व जमीन और जेवरातों को गिरवी रखकर रुपये जुटाए थे। कोतवाल धर्मेंद्र सिंह का कहना है कि तहरीर मिल गई है। जांच पड़ताल की जा रही है।

### एचटी लाइन के करंट से एक व्यक्ति की मौत

**बढ़ापुर, अमृत विचार :** गांव में एचटी लाइन का करंट लगने से एक व्यक्ति झुलस गया। ग्रामीणों ने युवक को अस्पताल में दिखाया। जहां चिकित्सक ने युवक को मृत घोषित कर दिया।

थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव रायपुर गढ़ी निवासी पवन प्रजापति साथियों के साथ पास के गांव टांडा साहूवाला निवासी सुभाष हरदियाल के यहां नलकूप का बोर करने के लिए गया था। पवन जिस खेत में नलकूप का बोर कर रहा था। उस खेत के ऊपर से 11 हजार की लाइन गुजर रही थी। जैसे ही नलकूप के लिए तिपाई खड़ी की तो वह 11 हजार लाइन से टच हो गई। इससे पवन प्रजापति झुलस गया। ग्रामीण उपचार के लिए निजी चिकित्सक के यहां ले गए। जहां चिकित्सक ने युवक को मृत घोषित कर दिया।



पवन का फाइल फोटो।

# चार दिन से लापता मजदूर का शव मिला

संवाददाता, मिलक

- दंपती के बीच काफी दिन से चल रहा था विवाद
- जेब से मिले आधार कार्ड से हुई पहचान

**अमृत विचार :** रविवार की सुबह 9 बजे मजदूर का शव रेलवे लाइन किनारे पड़ा मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक की जेब में रखे पर्स को खंगाला। जेब से मिले आधार कार्ड से उसकी पहचान 35 वर्षीय संजीव कुमार निवासी ग्राम एमी थाना मिलक के रूप में हुई। पुलिस ने घटना की सूचना मृतक के परिजनों को दी। घटना स्थल पर पहुंचे परिजन संजीव का क्षत-विक्षित शव देख बुरी तरह बिलखने लगे। पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मिलक थाना क्षेत्र के गांव एमी निवासी संजीव कुमार के भाई राजीव ने बताया कि संजीव का विवाह करीब दस वर्ष पूर्व पटवाई थाना क्षेत्र के मतवाली गांव निवासी ओमप्रकाश की पुत्री सीमा के साथ हुआ था। विवाह के बाद से ही पति-पत्नी में अक्सर लड़ाई-झगड़ा होता रहता था। संजीव अपने परिवार के साथ बरेली स्थित ईंट भट्ठे पर मजदूरी करता था। लड़ाई-झगड़े के दौरान डेढ़ माह पूर्व पत्नी सीमा नाराज होकर मायके चली गई थी। उसने कई बार सीमा को ईंट भट्ठे पर बुलाने का प्रयास किया लेकिन वह नहीं आई। बीस मई को संजीव पत्नी को बुलाने ग्राम मतवाली गया था। इसके बाद से वह घर नहीं लौटा। चार दिन से संजीव की खोजबीन की जा रही थी, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिल पाया। रविवार को संजीव का शव मिलक स्थित रेलवे लाइन के किनारे मिला।

उन्होंने बताया कि संजीव के पत्नी सीमा के अलावा आठ वर्षीया बेटी राधिका, पांच वर्षीय पुत्र आयुष और दो वर्ष की पुत्री है। कोतवाल धनंजय सिंह ने बताया कि रेलवे लाइन के किनारे युवक का शव पड़े होने की सूचना मिली थी। शव की शिनाख्त कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही साफ होगा कि मजदूर की हत्या की गई है या उसनेआत्महत्या की है।

### मृतक के ससुरालियों से नहीं हो सका संपर्क

मृतक के पिता रामकुमार ने बताया कि संजीव के ससुराल जाने के बाद दो दिन तक इंतजार किया लेकिन वह घर नहीं लौटा। संजीव के ससुरालियों को फोन पर संपर्क करने की बहुत कोशिश की लेकिन किसी ने फोन रिसीव ही नहीं किया। जिन नंबरों से फोन किया गया उन सभी नंबरों को ब्लैक लिस्ट में डाल दिया गया। इसके कारण संजीव के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल सकी।

## सड़क हादसे में घायल साधु की उपचार के दौरान मौत

संवाददाता, शाहबाद

**अमृत विचार :** छह दिन पूर्व हुए सड़क हादसे में घायल हुए साधु की रविवार को उपचार के दौरान मौत हो गई। साधु की जेब से मिले आधार कार्ड से शिनाख्त हुई, लेकिन परिवार के बारे में पता नहीं चला। पुलिस के अनुसार पोस्टमार्टम के बाद सामाजिक संस्था द्वारा शव का अंतिम संस्कार किया जाएगा।

20 मई को शाहबाद-बिलारी मार्ग पर राणा शुगर मिल के निकट अज्ञात वाहन की टक्कर में जख्मी हुए साधु को सीएचसी में भर्ती कराया गया था। हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया था। रविवार को उपचार के दौरान साधु ने दम तोड़ दिया। जेब से मिले आधार कार्ड से उनकी शिनाख्त शाहबाद के भगवंतपुर गांव निवासी रामफल भारती (59) के रूप में हुई। पुलिस ने ग्राम प्रधान से संपर्क किया तो पता चला कि वह तीन साल पहले तक भगवंतपुर के मंदिर पर महंत थे। कहां से आए थे और कहां चले गए, इस बारे में ग्रामीणों को कोई जानकारी नहीं है। काफी कोशिश के बाद भी पुलिस को महंत के परिवार के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल सकी।

### साधु की हत्या में जेल जा चुका था रामफल

बताया जाता है कि साधु रामफल अक्टूबर 2018 में कोतवाली क्षेत्र के गांव ढकुरिया में हुई साधु की हत्या में जेल जा चुका था। ढकुरिया गांव में रामगंगा तट पर स्थित मढ़ी पर रहने वाले साठ वर्षीय पुजारी श्यामदास त्यागी की गला काटकर हत्या कर दी गई थी। उनका शव तालिकाबाद गांव से भगवंतपुर जाने वाले कच्चे मार्ग पर मिला था।

# आईआईएफएल फाईनेंस ब्रांच से 20 लाख रुपये के जेवर चोरी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- सिविल लाइन थाने में एक कर्मचारी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज
- लॉकर से चोरी हुआ सोना, सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई आरोपी की करतूत

**अमृत विचार :** आईआईएफएल फाईनेंस ब्रांच के लॉकर से करीब बीस लाख का जेवर गायब हो गया। इसका वजन 370.59 ग्राम है। मैनेजर की तहरीर के आधार पर पुलिस ने एक कर्मचारी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

सिविल लाइन थाना क्षेत्र के शौकत अली रोड पर आईआईएफएल फाईनेंस ब्रांच का कार्यालय है। यहां तैनात मैनेजर शाहनवाज हुसैन का कहना है कि यह कंपनी सोना गिरवी रखकर लोगों को ऋण देती है। ब्रांच में पांच लोग काम करते हैं। यहां सौरभ वर्मा भी काम करता था। उसका काम गिरवी रखने आए सोने की जांच करना और पैकेट बनाकर उस पर लोन नंबर डालकर रखना होता था। ब्रांच में सात से 15 अप्रैल तक रोजाना ऑडिट का काम चला था। इस दौरान पता चला कि बैंक के लॉकर से सोने के सात पैकेट गायब हैं। यह देख मैनेजर के होश उड़ गए। उसने सिविल लाइन थाने में तहरीर दी।

इसके आधार पर पुलिस ने सौरभ वर्मा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

> लोन दिलाने वाली कंपनी में सोना चोरी होने के मामले में वहीं के एक कर्मचारी के खिलाफ रविवार को रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के आधार पर जांच की जाएगी।
> -अजय मिश्रा, सिविल लाइंस प्रभारी

### सीसीटीवी में युवक कैद

370 .59 ग्राम सोना गायब हो जाने के बाद कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। ब्रांच मैनेजर ने जब सीसीटीवी कैमरे चेक किए तो उसमें 10 फरवरी की दोपहर, शाम पौने छह बजे और 22 फरवरी की शाम छह बजे लॉकर से सोना चोरी करते हुए दिखाई दिया। आरोपी ने 15 अप्रैल से बैंक में आना बंद कर दिया है।

### 58 ग्राम के दो नेकलैस भी शामिल

लॉकर से चोरी हुए सोने के सात पैकेट में काफी जेवर थे। इनमें 171.04 ग्राम की चार चूड़ी, कानों के 10 टॉप्स, दो चेन, तीन अगूंठी और एक हथफूल था। इसके अलावा 27 .59 ग्राम की दो चेन, एक जोड़ा कानों का स्टर्ड भी था। इसके साथ ही 58 ग्राम के दो नैकलेस भी पैकेट में रखे थे।

### पोस्टमार्टम में नहीं खुला सलमान की मौत का राज

**स्वार, अमृत विचार :** पोस्टमार्टम में सलमान की मौत का सच उजागर नहीं हो सका। चिकित्सकों की टीम ने पोस्टमार्टम के बाद बिसरा सुरक्षित रख लिया है। उसके पिता की गुहार के बाद शव को कब्र से निकालकर पोस्टमार्टम कराया था।

कोतवाली के गांव रसूलपुर निवासी पीओपी कारीगर सलमान का शव 18 मई को बाजार में नल के पास पड़ा मिला था। पिता मुजीबुर्रहान ने बताया था कि सलमान अपनी मां के साथ गांव की मजार पर उर्स देखने गया था। वहां से सलमान को उसका दोस्त शब्बू बुलाकर ले गया था। शब्बू ने ही घर आकर बताया था कि सलमान बाजार में नल के पास पड़ा है। उन्होंने जाकर देखा तो सलमान की मौत हो चुकी थी। जिलाधिकारी के आदेश पर एसडीएम अवनीश कुमार की आगुवाई में शनिवार को पुलिस ने शव को कब्र से निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया था।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
BIU COLLEGE OF PHARMACY BAREILLY
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)

मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
- एम.एच.ए. (2 वर्षीय)
- एम.पी.एच. (2 वर्षीय)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

प्रवेश प्रारम्भ
FACULTY OF PARAMEDICAL SCIENCES FOPS BAREILLY
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
- बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
- एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
- बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)

For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

ब्राह्मण प्रत्याशी उतार कर भाजपा को घेरने के सपा के दांव में बसपा का यादव उम्मीदवार बढ़ा रहा मुसीबत

# सपा की बिछाई बिसात में बसपा की चाल से भाजपा को राहत की सांस

मनोज त्रिपाठी

**अमृत विचार:** कभी युवा तुर्क के नाम से मशहूर रहे, खांटी समाजवादी नेता पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर की सियासी जमीन बलिया में उनके जीवन काल में कभी भगवा नहीं फहरा पाया, लेकिन 2014 की मोदी लहर में यहां पहली बार कमल खिला और अब इस बार के चुनाव में चंद्रशेखर के ही बेटे नीरज शेखर भाजपा को लगातार तीसरी जीत दिलाने के लिए दिन-रात एक किए हैं। पूर्वांचल इलाके में बिहार की सीमा से लगने वाली बलिया लोकसभा सीट पर राजनीतिक बदलाव के चलते इस बार समीकरण काफी दिलचस्प और मतदाता असमंजस में दिखाई पड़ते हैं। अपना गढ़ वापस पाने के लिए बेचैन सपा फिर से ब्राह्मण नेता सनातन पांडेय को उतारकर भाजपा की जीत की हैट्रिक रोकना चाहती है, तो बसपा के लल्लन यादव चुनावी लड़ाई त्रिकोणीय बनाकर सपा का खेल बिगाड़ने में लगे नजर आ रहे हैं।

### 2019 का चुनाव परिणाम

| | | | |
|---|---|---|---|
| भाजपा | वीरेंद्र सिंह मस्त | 4,69,114 | 47.40 प्रतिशत |
| सपा | सनातन पांडेय | 4,53,595 | 45.83 प्रतिशत |
| सुभसपा | विनोद | 35,900 | 3.63 प्रतिशत |

### 2014 का जनादेश

| दल | उम्मीदवार | वोट | % |
|---|---|---|---|
| भाजपा | भरत सिंह | 3,59,760 | 38.18 |
| सपा | नीरज शेखर | 2,20,324 | 23.38 |
| कौमी एकता | अफजाल अंसारी | 1,63,943 | 17.40 |
| बसपा | वीरेंद्र कुमार पाठक | 1,41,684 | 15.04 |
| कांग्रेस | सुधा राय | 13,501 | 1.43 |

- 2014 की मोदी लहर में सपा का किला ध्वस्त करने वाली भाजपा इस बार जीत की हैट्रिक लगाने को तत्पर
- 2019 के लोकसभा चुनाव में हुआ था कांटे का संघर्ष, 15,559 मतों से भाजपा से हार गई थी सपा मुकाबला

### नीरज शेखर के पाला बदल की परीक्षा

- वर्तमान में राज्यसभा सांसद रहते हुए ही भाजपा ने उन्हें बलिया लोकसभा सीट से चुनावी मैदान में उतारा है। नीरज शेखर के खिलाफ सपा ने दूसरी बार सनातन पांडेय पर अपना भरोसा जताया है। 2019 का चुनाव वह भाजपा के वीरेंद्र सिंह मस्त से कांटे के मुकाबले में 15 हजार से कुछ अधिक मतों से हार गए थे। सपा ने ब्राह्मण, यादव और मुस्लिम मतों के सहारे इस बार भाजपा की जीत की हैट्रिक रोकने की व्यूह रचना की है। लेकिन सपा की इस कोशिश में बसपा के प्रत्याशी गाजीपुर निवासी पूर्व सैनिक लल्लन सिंह यादव रोड़ा अटकाते नजर आ रहे हैं। वह बसपा के कॉडर वोट को लामबंद करने के साथ सपा के परंपरागत यादव मतदाताओं का बड़ा हिस्सा अपने पाले में करने की कोशिश कर रहे हैं।

### जातीय समीकरण अनुमानित

| | |
|---|---|
| ब्राह्मण | 15% |
| राजपूत | 13.5% |
| दलित | 16% |
| भूमिहार | 09% |
| यादव | 12 % |
| मुसलमान | 08 % |
| अनुसूचित जनजाति | 2.5 % |
| अन्य | 24 % |

**2014** की मोदी लहर में टूटा था समाजवादी तिलिस्म और पहली बार बागी बलिया की धरती पर खिला था कमल

### आठ बार पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर ने दर्ज की जीत

- ब्राह्मण और राजपूत बहुल मानी जाने वाली बलिया लोकसभा सीट पर पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर के परिवार का दबदबा रहा है। चंद्रशेखर आठ बार इस सीट से सांसद चुने गए। इसमें छह बार लगातार जीतने का रिकार्ड भी उनके नाम पर है। चंद्रशेखर के निधन के बाद उनके बेटे नीरज शेखर समाजवादी पार्टी से दो बार सांसद चुने गए। नीरज शेखर पहली बार पिता के निधन के बाद साल 2007 में हुए उपचुनाव में जीते फिर 2009 के चुनाव में भी सपा से ही सांसद चुने गए। लेकिन 2014 के चुनाव में मोदी लहर के आगे नीरज शेखर भाजपा के प्रत्याशी भरत सिंह मस्त से 1.39 लाख वोटों से हार गए और सपा का किला ध्वस्त कर भाजपा ने इस सीट पर अपनी पहली जीत दर्ज की। हालांकि सपा की हार का कारण कौमी एकता दल से चुनाव लड़े अफजाल अंसारी को माना गया, जिन्हें 1.63 लाख वोट मिले थे। 2014 का लोकसभा चुनाव हारने के बाद सपा ने नीरज शेखर को राज्यसभा में भेज दिया। लेकिन साल 2019 में नीरज सपा छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए। भाजपा ने उन्हें दूसरी बार राज्य सभा के लिए नामित किया और वह राज्यसभा के सांसद चुन लिए गए।

### बलिया सीट पर मतदाता

| | |
|---|---|
| कुल वोटर | 19,12,864 |
| पुरुष मतदाता | 10,26,474 |
| महिला मतदाता | 8,86,316 |
| थर्ड जेंडर मतदाता | 74 |



### तीन विधानसभा सीटें सपा के पास, भाजपा व सुभासपा का एक-एक पर कब्जा

बलिया लोकसभा क्षेत्र में विधानसभा की पांच सीटें बलिया सदर, फेफना, बैरिया, जहूराबाद और मोहम्मदाबाद आती हैं। 2022 के विधानसभा चुनाव में बलिया सदर में भाजपा विजयी रही थी। तीन सीटों बैरिया, फेफना और मोहम्मदाबाद में सपा ने जीत हासिल की थी। जहूराबाद सीट सुभासपा के खाते में गई थी। 2019 के लोकसभा चुनाव में लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले पांच विधानसभा क्षेत्रों में बैरिया, बलिया सदर और फेफना में भाजपा आगे रही थी, जबकि मोहम्मदाबाद और जहूराबाद में सपा ने बढ़त बनाई थी।

**02** जिलों गाजीपुर और बलिया में फैला है यह लोकसभा क्षेत्र, गाजीपुर की दो और बलिया जिले की तीन विधानसभा सीटें यहां पर हैं

# सातवें चरण में 11-2 के स्कोर से आगे बढ़ पाएगा इंडिया गठबंधन

चुनाव डेस्क



**अमत विचार।** उत्तर प्रदेश में सातवें और अंतिम चरण में 13 लोकसभा सीटों महराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, बांसगांव, घोसी, सलेमपुर, बलिया, गाजीपुर, चंदौली, वाराणसी, मिर्जापुर और रॉबर्ट्सगंज में पहली जून को मतदान होगा। इसमें गाजीपुर और घोसी लोकसभा सीट 2019 में बसपा ने सपा के साथ गठबंधन में जीती थी। इस बार दोनों दल एक-दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं। सपा का कांग्रेस के साथ गठबंधन है। सपा के समर्थन से देवरिया और महराजगंज सीट पर कांग्रेस के प्रत्याशी ताल ठोंक रहे हैं । इस तरह सपा 11 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। इसके मुकाबले भाजपा अंतिम चरण की 10 सीटों पर ही चुनाव मैदान में है। मिर्जापुर और रॉबर्ट्सगंज सीट पर भाजपा का सहयोगी अपना दल (एस) चुनाव लड़ रहा है, तो घोसी सीट पर सुभासपा प्रमुख ओम प्रकाश राजभर भाजपा की मदद से अपने बेटे अरविंद राजभर को संसद में पहुंचाने के लिए दिन-रात एक किए हैं।

अंतिम चरण की मतदान वाली 13 सीटों में से 11 पर पिछली बार एनडीए ने जीत दर्ज की थी। इस बार मिशन-80 का लक्ष्य लेकर चल रही भाजपा ने सभी 13 सीटें जीतने के लिए जोर लगा रखा है। रविवार को भीषण गर्मी के बावजूद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मिर्जापुर, मऊ और देवरिया में चुनावी रैलियां करके सात लोकसभा सीटों पर जीत के समीकरण साधे। इस दौरान मोदी ने जनता से इंडिया गठबंधन पर पूर्वांचल का प्रहार करने, साजिश के तहत पूर्वांचल को पिछड़ा बनाए रखने और सपा-कांग्रेस पर अपने वोट बैंक को खुश करने के लिए संविधान बदलने का आरोप लगाकर एनडीए के लिए 400 पार की हुंकार भरी। एनडीए गठबंधन को मात देकर पिछली बार से ज्यादा सीटें झटकने के लिए इस बार सपा-कांग्रेस गठबंधन ने जातीय समीकरणों पर भरोसा करते हुए न सिर्फ प्रत्याशी उतारे हैं।

### बलिया, चंदौली और राबर्ट्सगंज सीटें कड़े मुकाबले वाली

- पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा को सातवें चरण में औसतन 52 प्रतिशत वोट जबकि विपक्ष को 38 प्रतिशत वोट ही मिले थे। 2019 के चुनाव परिणाम के लिहाज से बलिया और चंदौली सर्वाधिक कड़े मुकाबले वाली सीटें हैं। यहां दो प्रतिशत से कम वोटों के अंतर से भाजपा को जीत मिली थी। चंदौली में भाजपा को 47.07 और सपा-बसपा को 45.79 फीसद जबकि बलिया में भाजपा को 47.40 और सपा-बसपा को 45.43 फीसद वोट मिले थे। इसी तरह राबर्ट्सगंज लोकसभा सीट भी नजदीकी मुकाबले में छह प्रतिशत वोटों के अंतर से भाजपा के हाथ लगी थी। यहां भाजपा को 45.32 और सपा-बसपा को 39.82 प्रतिशत वोट मिले थे।

- 10 सीटों पर 2019 में सपा-बसपा के साथ मिलकर चुनाव लड़ने पर भी 10 फीसदी से ज्यादा था वोटों का अंतर
- इस बार सपा 11 और भाजपा 10 सीटों पर लड़ रही है चुनाव, कांग्रेस-दो, अपना दल (एस) दो सीटों पर मैदान में

### 2019 में 13 सीटों पर यह था मत प्रतिशत

| सीट | भाजपा | सपा-बसपा |
|---|---|---|
| गाजीपुर | 40.40% | 51.20% |
| घोसी | 39.56% | 50.30% |
| बलिया | 47.40% | 45.83% |
| चंदौली | 47.07% | 45.80% |
| राबर्ट्सगंज | 45.32% | 39.82% |
| सलेमपुर | 50.72% | 38.52% |
| महराजगंज | 59.2.% | 31.45% |
| गोरखपुर | 60.54% | 35.07% |
| कुशीनगर | 56.69% | 24.64% |
| देवरिया | 57.19% | 32.57% |
| बासगांव | 56.14% | 40.57% |
| मिर्जापुर | 53.34% | 32.42% |
| वाराणसी | 63.62% | 18.40% |

### घोसी में सपा और बसपा ने घेर रखी एनडीए की चुनौती

पिछले चुनाव में घोसी लोकसभा सीट पर बसपा के अतुल राय ने 1,22,568 मतों के अंतर से चुनाव जीता था। इस बार यहां सपा और बसपा दोनों ने मजबूत उम्मीदवार उतारे हैं। सपा से राजीव राय तो बसपा से बालकृष्ण चौहान मैदान में हैं। बालकृष्ण यहां से एक बार सांसद रह चुके हैं। एनडीए ने इस सीट पर सुभासपा के अनिल राजभर को उम्मीदवार बनाया है। वह सुभासपा अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर के बेटे हैं। भाजपा सपा विधायक दारा सिंह चौहान को पार्टी में लेकर चुनाव हारने के बाद भी मंत्री बना चुकी है, ताकि चौहान (नोनिया) वोटों का फायदा हो सके। लेकिन बसपा उम्मीदवार भी नोनिया जाति से होने के कारण यह फायदा भाजपा को मिलता नहीं नजर आ रहा है। इसी तरह भाजपा को मिलने वाला भूमिहार वोट भी बंट रहा है, क्योंकि समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी राजीव राय भूमिहार समुदाय से ही आते हैं। घोसी लोकसभा सीट पर अब तक 17 चुनाव हुए हैं। यहां 14 मौके पर राय, राजभर अथवा चौहान प्रत्याशी ही जीतते रहे हैं। यही वजह है कि सभी राजनीतिक दल इन्हीं जातियों पर भरोसा जताते रहे हैं। इस बार भी त्रिकोणीय मुकाबले में इन्हीं जातियों के बीच संघर्ष है। घोसी सीट पर भाजपा एक बार सिर्फ मोदी लहर में 2014 में यहां चुनाव जीत सकी है।

# जालंधर में बहुकोणीय मुकाबले में साख पर प्रतिष्ठा

चुनाव डेस्क



चरणजीत सिंह चन्नी।



सुशील रिंकू।

पंजाब की 13 लोकसभा सीटों पर चारों प्रमुख दलों आम आदमी पार्टी, कांग्रेस, शिरोमणि अकाली दल और भाजपा के बीच सियासी घमासान छिड़ा है। इसके चलते आधी से ज्यादा सीटों पर त्रिकोणात्मक और बाकी सीटों पर चतुष्कोणीय के साथ एक-दो स्थानों पर बहुकोणीय मुकाबले की तस्वीर देखने में नजर आ रही है। ऐसी ही एक सीट जालंधर की भी है, जहां आम आदमी पार्टी के सांसद सुशील रिंकू भाजपा से और शिरोमणि अकाली दल के पूर्व विधायक पवन टीनू भाजपा से चुनाव लड़ रहे हैं। इस सीट पर कांग्रेस से पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी तो शिरोमणि अकाली दल से वरिष्ठ नेता मोहिंदर सिंह केपी के साथ बसपा की चुनौती भी कमजोर नहीं आंकी जा रही है।

आप ने जालंधर सीट पर पूरी ताकत झोंक रखी है। पिछले साल उपचुनाव में पार्टी ने इस सीट को जीतकर लोकसभा में फिर से अपनी जगह बनाई थी। यहां से जीते सुशील रिंकू आम आदमी पार्टी के एकमात्र सांसद थे।

इस बार भी आप ने उनको टिकट दिया था, लेकिन टिकट की घोषणा होने के बाद रिंकू भाजपा में शामिल हो गए। रिंकू अब भाजपा प्रत्याशी के रूप में जालंधर से ताल ठोंक रहे हैं। यहां उनका मुकाबला कांग्रेस प्रत्याशी राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी से हो रहा है। इस लड़ाई में आम आदमी पार्टी से उतरे अकाली दल के दो बार के विधायक पवन टीनू भी हैं, तो बसपा से बलविंदर कुमार मैदान में हैं।

बलविंदर कुमार की चुनौती को हल्के में इसलिए नहीं लिया जा रहा है, क्योंकि 2019 में भी उन्होंने बसपा से चुनाव लड़ा था और दो लाख से अधिक मत हासिल करके सबको चौंका दिया था। अकाली दल ने यहां से पूर्व सांसद मोहिंदर सिंह केपी पर दांव लगा रखा है। मजे की बात यह है कि मोहिंदर सिंह और कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व सीएम चरणजीत चन्नी के बीच आपस में समधी का रिश्ता है। मोहिंदर सिंह की बेटी की शादी चन्नी के भतीजे के साथ हुई है। दोनों दलित नेता के रूप में पहचान रखते हैं और कई चुनाव जीत चुके हैं।

भाजपा प्रत्याशी रिंकू आप में शामिल होने से पहले कांग्रेस के टिकट पर जालंधर पश्चिमी से विधायक रहे चुके हैं। जानकार उन्हें मजबूत मान रहे हैं, लेकिन कांग्रेस और अकाली दल के अनुभवी प्रत्याशियों ने उनके लिए कड़ी टक्कर का मैदान तैयार कर दिया है। उधर आम आदमी पार्टी से उतरे पवन कुमार टीनू 2012 से 2022 तक आदमपुर सीट से शिअद के विधायक रहे हैं, अप्रैल 2024 में शिअद का दामन छोड़कर वह आप में शामिल हुए थे।



**मैच जीतेंगे** जादवपुर सीट से टीएमसी प्रत्याशी सयानी घोष के लिए सभा करने पहुंची सीएम ममता बनर्जी ने मंत्री अरूप विश्वास के साथ जनता की तरफ फुटबाल फेंकी।

### ओवैसी ने काराकाट में दिलचस्प बना दिया चुनावी मुकाबला

**चुनाव डेस्क।** काराकाट लोकसभा सीट पर 2019 में मिली हार का बदला लेने को आतुर रालोसपा चीफ उपेंद्र कुशवाहा इस बार त्रिकोणीय मुकाबले में फंसे हुए हैं। यहां से भाजपा नेता एवं फिल्म अभिनेता पवन सिंह ने भी उनकी मुश्किल बढ़ा रखी है। पवन यहां से निर्दलीय मैदान में हैं। ऐसे में भाजपा के कोर मतदाता भी असमंजस में हैं कि वे पवन के साथ जाएं या गठबंधन धर्म निभाते हुए उपेंद्र कुशवाहा को वोट दें। इन सबके बीच एआईएमआईएम चीफ असदुद्दीन ओवैसी के एक दांव ने यहां की लड़ाई को दिलचस्प बना दिया है। ओवैसी की पार्टी की उम्मीदवार प्रियंका चौधरी के पक्ष में अतिपिछड़ा और मुस्लिम समुदाय के मतदाताओं के जुटान ने पवन सिंह के साथ ही सीपीआईएमएल के उम्मीदवार राजाराम कुशवाहा को भी परेशान कर दिया है। ऐसे में उपेंद्र कुशवाहा को अपनी जीत आसान दिख रही है पर वे भाजपा के कोर मतदाताओं को समझाने की कोशिश में कितना सफल होते हैं या समय बताएगा। भाजपा के मतदाता उनके साथ जाएं इसके लिए पार्टी नेता भी रात दिन एक कर रहे हैं।

# मुख्तार अंसारी की मौत के बाद अब माफिया को मिलेगी चुनावी मात?

- भाजपा ने पिछली हार का बदला लेने के लिए अफजाल अंसारी के खिलाफ झोंक रखी है पूरी ताकत
- आज हाईकोर्ट का फैसला आने के बाद साफ होगी सपा से प्रत्याशिता की तस्वीर, बेटी भी मैदान में

गाजीपुर लोकसभा सीट

चुनाव डेस्क



**अमृत विचार:** माफिया डॉन की छवि वाले मुख्तार अंसारी की मौत के दो माह बाद गाजीपुर में पहली जून को लोकसभा चुनाव के लिए वोट डाले जाएंगे। मुख्तार अंसारी की बांदा जेल में 28 मार्च को मौत हो गई थी। सपा ने इस बार गाजीपुर लोकसभा सीट पर मुख्तार के बड़े भाई अफजाल अंसारी को चुनाव मैदान में उतार रखा है। वह 2019 में सपा के साथ हुए गठबंधन में बसपा से यहां से चुनाव जीते थे और फिलहाल गैंगस्टर एक्ट में चार साल की सजा सुनाए जाने के बाद हाईकोर्ट से सोमवार को आने वाले फैसले का इंतजार कर रहे हैं। पिता की प्रत्याशिता पर संकट होने की संभावना के मद्दे नजर उनकी बेटी नुसरत अंसारी कवर प्रत्याशी के रूप में निर्दलीय मैदान में हैं। भाजपा से यहां पारसनाथ राय ताल ठोंक रहे हैं। उन्हें इस सीट के पूर्व सांसद और लोकसभा क्षेत्र में खासा प्रबाव रखने वाले जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा का करीबी माना जाता है। मनोज सिन्हा के चुनावों की जिम्मेदारी उठाने वाले पारसनाथ इलाके के भूगोल और मतदताओं के गणित से अच्छी तरह वाकिफ हैं। भाजपा और सपा के बीच सीधे संघर्ष के मैदान में बसपा तीसरा कोण बनाने की कोशिश में है, लेकिन उसके प्रत्याशी डॉ. उमेश कुमार सिंह की चुनौती बहुत मजबूत नहीं मानी जा रही है। भाजपा ने पिछले चुनाव की हार का बदला लेने और माफिया का वर्चस्व समाप्त करने के लिए गाजीपुर में पूरी ताकत झोंक रखी है। रविवार को यहां चुनावी सभा करने पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अफजाल अंसारी की प्रत्याशिता को लेकर सपा पर जमकर निशाना साधा। मोदी ने कहा कि सपा के 'शहजादे' ने कभी कहा था कि माफिया की 'इंट्री' पर रोक लगाएंगे लेकिन वह तो माफिया के ही चरणों में जाकर बैठ गए। सपा ने माफिया को पाला पोसा और टिकट दिया। सपा के राज में प्रदेश में माफिया लालबत्ती में घूमते थे, खुली जीप में कानून को चेतावनी देते थे। विरोधियों को खुलेआम गोलियों से भून दिया जाता था। दरइसल, अंसारी परिवार का गाजीपुर के साथ पड़ोस के बलिया, मऊ, और वाराणसी जिलें तक में प्रभाव माना जाता है।

### मनोज सिन्हा को 1.20 लाख वोटों से दी थी मात

- अफजाल अंसारी ने 2019 के चुनाव में भाजपा के मनोज सिन्हा को मात दी थी। अफजाल को पांच लाख 66 हजार 82 वोट और मनोज सिंन्हा को चार लाख 46 हजार 690 वोट मिले थे। सुभासपा के रामजी को 33 हजार 877 और कांग्रेस के अजीत प्रताप कुशवाहा को 19 हजार 834 वोट मिले थे। इस बार सुभासपा भाजपा तो कांग्रेस सपा के साथ है।

### एक विधान सभा सीट पर सुभासपा बाकी में समाजवादी पार्टी का कब्जा

मुख्तार की मौत के बाद परिवार सहानुभूति वोट बटोरने की कोशिश में लगा है। गाजीपुर लोकसभा क्षेत्र में छह विधानसभा क्षेत्र जखनिया (सुरक्षित), सैदपुर (सुरक्षित), गाजीपुर सदर, जंगीपुर और जामनिया आते हैं। इनमें से जखनिया को छोड़कर बाकी सभी सीटों पर सपा का कब्जा है। जखनिया में सुभासपा के त्रिवेणी राम विधायक हैं। 2022 का विधानसभा चुनाव सपा और सुभासपा ने मिलकर लड़ा था। अब सुभासपा ने सपा से रिश्ता तोड़ लिया है, भाजपा के साथ एनडीए गठबंधन का हिस्सा है।

### बाप और बेटी प्रचार में एक दूसरे के लिए मांगते घूम रहे हैं वोट

गाजीपुर से सांसद अफजाल अंसारी सपा से तो उनकी बेटी नुसरत अंसारी निर्दलीय मैदान में हैं। अफजाल अंसारी को एमपी एमएलए स्पेशल कोर्ट ने 29 अप्रैल 2023 को गैंगस्टर एक्ट में दोषी करार देकर चार साल की सजा सुनाई थी। हालांकि बाद में उनकी सजा पर हाईकोर्ट ने रोक लगाते हुए जमानत दे दी थी। अब मामले में हाईकोर्ट में फैसला आना है। 27 मई को सुनवाई है। अगर फैसला हक में आता है तो अफजाल मैदान में होंगे अन्यथा नुसरत ही सपा-कांग्रेस के समर्थन से बतौर निर्दलीय उम्मीदवार मैदान में होंगी, क्योंकि सजायाफ्ता व्यक्ति चुनाव नहीं लड़ सकता है। चूंकि नामांकन प्रक्रिया पूरी हो गई है। ऐसे में अफजाल की उम्मीदवारी तो रद नहीं हो पाएगी लेकिन वे चुनाव जीत जाते हैं तो पद छोड़ना पड़ेगा। ऐसी स्थिति में अफजाल खुद के बजाय बेटी के लिए ही वोट मांगेंगे। इस परिस्थिति से सपा-कांग्रेस के मतदाता असमंजस में हैं, तो भाजपा और समर्थक वोटरों की निगाह भी हाईकोर्ट के निर्णय पर टिकी है। अभी तो अफजाल लोगों से खुद की जीत के लिए वोट मांग रहे हैं, साथ में बेटी नुसरत अंसारी का प्रचार भी चल रहा है। । यही काम उनकी बेटी भी कर रही हैं, ताकि राहत नहीं मिलने की स्थिति में बेटी का चुनाव निशान हर किसी को याद रहे और समर्थकों के वोट उसे मिल सकें।

## सार-संक्षेप

### दरोगा का अर्द्धनग्न अवस्था का वीडियो वायरल

**उन्नाव, अमृत विचार :** अचलगंज थानांतर्गत कोलुहा गाढ़ा चौकी इंचार्ज का अंडरवियर में कुर्सी पर बैठने का वीडियो रविवार को सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। दरोगा की इस हरकत से चौकी परिसर में बने मंदिर में भागवत सुनने आईं सैकड़ों महिलाएं असहज हो गईं। एसपी ने वीडियो पर संज्ञान लेते हुए दरोगा को लाइन हाजिर कर दिया, सीओ बीघापुर को मामले की जांच करने के आदेश दिए हैं। हालांकि अमृत विचार ऐसे किसी वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। इसी दौरान किसी व्यक्ति ने इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल कर दिया। उधर, दरोगा ने अपनी सफाई में कहा कि उन्होंने सुबह कपड़े और तौलिया धुलकर सूखने को डाल दी थी। तभी अचानक लाइट चली गई। इस पर वह कुर्सी में बैठकर लाइट आने का इंतजार करने लगे। इसी दौरान किसी ने उनका वीडियो बनाकर वायरल कर दिया।

### प्रेमी युगल ने एक ही दुपट्टे से फंदा लगाकर दी जान

**शिवली, अमृत विचार :** रामपुर गांव के बाहर खेतों में रविवार को बबूल के पेड़ से एक दुपट्टे में प्रेमी युगल फंदे पर लटके मिले। सूचना पर सीओ पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और छानबीन शुरू की है। दोनों की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। शिवली कोतवाली क्षेत्र के रामपुर गांव निवासी रामपाल का पुत्र मदन (21) कस्बे के देवनगर मोहल्ला निवासी महेश के यहां ट्रैक्टर चलता था। उसी दौरान उसकी दोस्ती महेश की पुत्री शकुंतला से हो गई थी। दोनों की दोस्ती प्रेम में बदल गई और वह दोनों बीते वर्ष 21 जुलाई को घर से बिना बताए केरल चले गए थे। पिता ने थाने पहुंच कर मदन पर पुत्री को बहला कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने दोनों को केरल से बरामद किया था। मामले में मदन को जेल भेजने के साथ ही शकुंतला को नारी निकेतन भेजा गया था। परिजन पुत्री को नारी निकेतन से घर ले आए थे। बाद मे दोनों फिर मिलने लगे थे।

### डंडे से पीट-पीटकर बड़े भाई की हत्या

**राजपुर/सिकंदरा, अमृत विचार :** सिल्हौला बुजुर्ग गांव में देर रात किसी बात को लेकर हुए विवाद में छोटे भाई ने बड़े भाई की डंडे से पीट-पीट कर हत्या कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की। वहीं फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य संकलित किए हैं। वहीं गांव बाहर खेतों से आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सिकंदरा थाना क्षेत्र के सिल्हौला बुजुर्ग गांव निवासी शैलेंद्र यादव ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि मंझला भाई ट्रक चालक उपेंद्र यादव उर्फ नीतू (35) अपनी पत्नी रेशमा देवी की शिकायत पर शनिवार रात ट्रक लेकर घर आया था। इसी दौरान उसकी किसी बात को लेकर सबसे छोटे भाई रविंद्र यादव उर्फ कल्लू से विवाद हो गया। गालीगलौज के साथ दोनों में मारपीट होने लगी। तभी रविंद्र यादव ने डंडे से उपेंद्र यादव के सिर पर हमला कर दिया और पीट-पीटकर हत्या कर दी।

### मरीजों की जान बचाने में एंबुलेंस ड्राइवर कीअहम भूमिका

**लखनऊ, अमृत विचार :** एंबुलेंस 108 एवं 102 में कार्यरत पायलट बीमार एवं दुर्घटनाग्रस्त लोगों को अस्पतालों तक शीघ्र ले जाते हैं। गोल्डन आवर में मरीजों को अस्पताल पहुंचाकर उनकी जान बचाने में अहम भूमिका निभाते हैं। वह स्वंय सेवाओं में अग्रिम पंक्ति में काम करते हैं और आपात स्थितियों में महत्वपूर्ण सहायता प्रदान करते हैं। यह बात ईएमआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विसेज के सीनियर वाइस प्रेसीडेंट टीवीएसके रेड्डी ने कही। उप्र. में 108 एवं 102 एंबुलेंस सेवा प्रदाता संस्था की ओर से रविवार को आशियाना स्थित कार्यालय में पायलट दिवस मनाया गया। लखनऊ सहित विभिन्न जिलों के पायलट (एंबुलेंस ड्राइवर) के बेहतर कार्यों के लिए सर्टिफिकेट व चेक देकर सम्मानित किया गया।

### चौकी प्रभारी का गाली देते हुए वीडियो वायरल, निलंबित

**अयोध्या, अमृत विचार :** गाली-गलौच का वीडियो वायरल होने के बाद एसएसपी ने रौनाही थाने की चौकी सत्ती चौरा प्रभारी गोविंद अग्रवाल को निलंबित कर दिया है। साथ ही विभागीय जांच शुरू कराई है। दो पक्षों के मध्य के रास्ते का विवाद सुलझाने गए चौकी इंचार्ज का एक शख्स से विवाद और गाली-गलौच हुआ था, जिसका किसी ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया था। रौनाही थाना क्षेत्र के सत्ती चौरा चौकी क्षेत्र के गांव रग्घूपुर दोस्त में अर्जुन पांडेय व जगदम्बा शुक्ला के बीच रास्ते को लेकर विवाद चल रहा है। रविवार को पुलिस ने दोनों पक्षों को पंचायत के लिए बुलाया था और विवाद को सुलझाने के लिए चौकी प्रभारी अपने हमराही सिपाहियों के साथ मौके पर पहुंचे थे। वायरल वीडियो से पता चलता है कि चौकी प्रभारी किसी युवक को भद्दी-भद्दी गाली दे रहे हैं और वह भी तमाम महिला व पुरुष तथा अन्य की मौजूदगी में। मामला संज्ञान में आने के बाद एसएसपी ने क्षेत्राधिकारी सदर संदीप सिंह से पूरे प्रकरण की जांच कराई है। प्रथम दृष्ट्या कर्तव्य पालन में दोषी पाए जाने पर एसएसपी ने चौकी प्रभारी गोविन्द अग्रवाल को चुनाव आयोग की अनुमति से निलंबित कर दिया।

### दर्शन मार्ग पर युवक के पास मिली अवैध पिस्तौल

**अयोध्या, अमृत विचार :** रामजन्मभूमि थाना क्षेत्र स्थित रामलला के दर्शन मार्ग से पुलिस ने वाराणसी के एक निजी सुरक्षा गार्ड को गिरफ्तार कर अवैध पिस्तौल बरामद की है। रविवार की सुबह दर्शन मार्ग पर जांच-तलाशी और सुरक्षा ड्यूटी में लगे सुरक्षा कर्मियों को श्रद्धालुओं के सामानों की जांच के दौरान एक बैग में पिस्तौल होने की जानकारी मिली। सुरक्षाकर्मियों ने बैग के मालिक वाराणसी जनपद के लालपुर थाना क्षेत्र स्थित पांडेयपुर निवासी सुमित सिंह (26) और उसके दो साथियों को हिरासत में ले लिया। पुलिस के साथ सुरक्षा और ख़ुफ़िया से जुडी एजेंसियों ने तीनों से पूछताछ की। इनके नाम-पता और चरित्र का सत्यापन कराया। जांच में पता चला कि सुमित अपने क्षेत्र स्थित एक होटल के कर्मी राजेंद्र सोनकर निवासी उड़ीसा व सूर्य कुमार शुक्ल निवासी पुणे, महाराष्ट्र के साथ यहां दर्शन-पूजन को आया था। सुमित का आरोप है कि किसी ने उसके बैग में साजिशन पिस्तौल रख दी। वहीं सुमित के खिलाफ हवाई फायरिंग के आरोप में उसके स्थानीय थाने में रिपोर्ट दर्ज मिली है।

### अयोध्या मंडल के पांचों जिले के बीएसए लखनऊ तलब

**अयोध्या, अमृत विचार :** बीते 15 वर्षों के दौरान जिला स्तर पर निर्गत की गई मान्यता का ब्योरा न दे पाने के कारण अयोध्या मंडल के पांचों जिलों के बेसिक शिक्षा अधिकारी बुरे फंसे हुए हैं। महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा ने इस पर लेकर आपत्ति जताते हुए तीस मई तक ब्यौरा न दे पाने के कारण सभी बेसिक शिक्षा अधिकारियों को व्यक्तिगत रूप से मुख्यालय तलब किया है। महानिदेशक की ओर 24 मई को जारी आदेश में कहा गया है कि गत 15 वर्षों से बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा विद्यालयों के संचालन के लिए प्रदत मान्यता की सूचना मांगी गई थी। आदेश में कहा गया है कि 23 फरवरी को ही आदेश जारी कर 15 वर्षों में निर्गत मान्यता का ब्यौरा संबंधित प्रारुप के तहत मांगा गया था। इसे 15 दिन में दिया जाना था लेकिन अभी तक केवल जनपद अलीगढ़, बलरामपुर, बांदा, रायबरेली और सोनगढ़ को छोड़कर किसी जिले ने ब्यौरा नहीं दिया है जो गंभीर लापरवाही का परिचायक है। महानिदेशक ने निर्देश दिया है कि तीस मई तक निर्धारित एक्सेल शीट पर 15 वर्षों में निर्गत मान्यता का ब्यौरा दे।

# तकनीकी विशेषज्ञ, बैंक स्टॉफ के बगैर कैसे होगी साइबर सुरक्षा

## पुलिस की होने वाली भर्ती में तकनीकी विशेषज्ञ का जिक्र नहीं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- बिना बैंक कर्मी समय से कैसे होगी फ्राड की विवेचना

**अमृत विचार:** साइबर अपराधों से प्रदेश को मुक्ति दिलाने की तैयारी तो शुरू कर दी गई है, लेकिन आधारभूत संरचना में कई बिंदुओं पर गौर ही नहीं किया गया है। प्रदेश के थानों में होने वाली 1,425 कार्मिकों की भर्ती में कार्मिकों की तकनीकी विशेषज्ञता का जिक्र ही नहीं किया गया है। यही नहीं फ्राड का बैंक डिटेल मिलने में महीनों लग जाते हैं, ऐसे में बिना बैंकर्स को साथ लिए समय से विवेचना कैसे संभव होगी। हालांकि उक्त दोनों चुनौतियों के प्रति पुलिस विभाग अवगत तो है, लेकिन कुछ बोलने को तैयार नहीं हैं।

सरकार ने प्रदेश को साइबर अपराध से मुक्ति दिलाने के लिए ठोस कदम उठाएं हैं। इसी क्रम में प्रत्येक जिले में थाने खुल रहे हैं और आधारभूत संसाधन थानों में भेजे जा रहे हैं। विभाग को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए अलग से कार्मिकों की भर्ती भी होने जा रही हैं। इन सबके बीच साइबर अपराध रोकने के सबसे महत्वपूर्ण घटक पर अभी चर्चा तक नहीं हुई है। वह है तकनीकि विशेषज्ञ एवं बैंक कर्मी। जिन कार्मिकों की भर्ती होने जा रही है उनके लिए तकनीकी से जुड़ी किसी भी अर्हता का जिक्र नहीं है। साइबर अपराध का खुलासा बिना तकनीकी विशेषज्ञ के संभव नहीं हो पाता। वहीं बिना बैंक कर्मी के साइबर थाने चलाने में भी दिक्कत आएगी। लगभग सभी तरह के साइबर अपराध रुपयों के लिए ही होते हैं। फ्राड की शिकायत होने के बाद बैंक डिटेल आने में ही कई-कई महीने लग जाते हैं। बैंक पूरी जानकारी भी नहीं देते। ऐसे में बिना बैंक कर्मी के ससमय विवेचना भी नहीं हो पाएगी। साइबर अपराध रोकने से जुड़ी पूरी संरचना में दोनों का जिक्र न होना चर्चा का विषय है।

### अब दंडात्मक नहीं मानी जाएगी साइबर विभाग में पोस्टिंग

एसएचओ के पद से साइबर सेल में तबादले को दंडात्मक पोस्टिंग के तौर पर गिना जाता था। लेकिन अब यह पोस्टिंग महत्वपूर्ण पोस्टिंग मानी जाएगी। जिले का पुलिस अधीक्षक ही साइबर थानों को नियंत्रित करेगा। थानों में पोस्टिंग के बाद अब दंडात्मक पोस्टिंग का भ्रम भी दूर हो जाएगा।

### प्रश्नपत्र लीक मामले में दो और आरोपी गिरफ्तार

- नोएडा एसटीएफ ने की कार्रवाई

**लखनऊ, अमृत विचार :** 17 एवं 18 फरवरी को उप्र. आरक्षी पुलिस भर्ती परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक कराने के आरोप में एसटीएफ नोएडा की टीम ने हाथरस से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों पर 25-25 हजार रुपए का इनाम भी रखा गया था।

गिरफ्त में आया पहला आरोपी बिट्टू उर्फ विनोद कुमार शर्मा लोधा अलीगढ़ का निवासी है। बिट्टू एम्स ऋषिकेश में विद्युतकर्मी की नौकरी करता है। पेपर लीक कांड में बिट्टू की संलिप्तता का पहले ही खुलासा हो चुका था। जबकि दूसरे आरोपी कुशलपाल उर्फ राजा को भी गिरफ्तार किया गया है। राजा पांचवीं पास है और टैक्सी चलाने का काम करता है। राजा पर भी पुलिस ने 25 हजार का इनाम रखा था। एसटीएफ के अधिकारियों ने बताया कि दोनों की गिरफ्तारी हाथरस के रोडवेज वर्कशाप के पास से हुई है।

# अवैध खनन के विरोध पर मंत्री के पति को जान से मारने की धमकी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात



- राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला के पति अनिल शुक्ला वारसी का मामला
- खनन करा रही कंपनी के प्रबंधक निदेशक के खिलाफ एफआईआर

**अमृत विचार :** अवैध मिट्टी खनन का विरोध करने पर खनन करवा रही कंपनी के प्रबंध निदेशक ने राज्यमंत्री के पति पूर्व सांसद अनिल शुक्ला वारसी को जान से मारने की धमकी दी और अपशब्द कहे। वारसी की तहरीर पर पुलिस ने रविवार को आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्जकर जांच शुरू की है।

उत्तर प्रदेश सरकार में महिला कल्याण एवं बाल विकास पुष्टाहार राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला के पति पूर्व सांसद अनिल शुक्ला वारसी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि अकबरपुर-रनियां विधानसभा क्षेत्र में मिट्टी चोरी व अवैध खनन का कार्य राज कारपोरेशन लिमिटेड (आरसीएल कंपाउंड स्टेशन रोड मैनपुरी) कर रही है। जिससे सड़कें बदहाल हो रही हैं। इसकी शिकायत राज्यमंत्री ने कोतवाली शिवली, एसपी, डीएम व आयुक्त कानपुर मंडल से की थी। पूर्व सांसद ने बताया कि 25 मई की दोपहर कंपनी के प्रबंध निदेशक मनोज यादव ने उन्हें फोन किया और धमकी देने लगे। जिसका विरोध करते हुए उन्होंने कहा कि गरीब किसानों की जमीन पर बिना सहमति रात में मिट्टी खुदाई की जा रही है। ओवरलोड खनन वाहनों ने सड़कें भी खराब हो रही हैं। वारसी का आरोप है कि उक्त बात कहने पर प्रबंधक निदेशक ने भड़कते हुए उन्हें अपशब्द कहे और धमकी दी। पूर्व सांसद ने आरोपी से स्वयं व परिवार को खतरा बताया है। इस संबंध में शिवली कोतवाल संजय गुप्ता ने बताया कि पूर्व सांसद की तहरीर पर कंपनी के प्रबंधक निदेशक के खिलाफ धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। छानबीन की जा रही है।

# कक्षा 6 की छात्रा के साथ 37 वर्ष के युवक का हुआ विवाह

- मां को धमकी दे फूफा ने 12 वर्ष की बालिका का करा दिया विवाह

**बहराइच, अमृत विचार :** मनोचा गांव निवासी 12 वर्षीया बालिका और उसकी मां को डरा धमकाकर एक वर्ष पूर्व 37 वर्ष के युवक के साथ विवाह करवा दिया गया। इसके बाद बालिका के साथ शारीरिक संबंध बनाने का दबाव बनाने लगे। चोरी से घर पहुंची बालिका ने पांच लोगों के विरुद्ध केस दर्ज कराया है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मरौचा गांव निवासी 12 वर्षीया बालिका कक्षा 6 की छात्रा है। बालिका के फूफा कोतवाली नगर के वजीरगंज मोहल्ला निवासी खेलावन पुत्र टेढ़े हैं। पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर छात्रा का कहना है कि उसके पिता की मौत हो चुकी है। बालिका ने बताया कि फूफा ने मां को जान से मारने की धमकी देते हुए सहसलमपुर गांव निवासी पंकज के साथ उसका विवाह तय कर दिया। ससुराल सहसलमपुर में उसके पति उसके साथ शारीरिक संबंध बनाने के लिए दबाव डालने लगे। पुलिस ने पंकज, भाई विनोद, हनुमंत, पिता जोखू और फूफा खेलावन के विरुद्ध केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पूर्व राज्यमंत्री विनय शाक्य का हृदयाघात से निधन

**बिधूना, औरैया, अमृत विचार :** जिले की बिधूना विधानसभा क्षेत्र से विधायक एवं एमएलसी रहे पूर्व राज्यमंत्री विनय शाक्य की सोमवार की रात हृदयाघात से निधन हो गया।



सोमवार की देर रात विनय शाक्य को दिल का दौरा पड़ा। उन्हें उपचार के लिए सीएचसी बिधूना लाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। रविवार को भटौरा स्थित आवास पर भारी जनसैलाब उमड़ पड़ा।





**मैली हो रही गंगा**

कानपुर में गंगा में हर दिन एक करोड़ लीटर गंदा पानी उड़ेल रहा है सीसामऊ नाला। इस नाले को 2019 में टैप किया गया था और यहां सेल्फी प्वाइंट बनाया गया था। तब 20 करोड़ लीटर गंगा पानी गंगा में गिरता था। सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट बंद होने की वजह से अब गंदा पानी गंगा में उड़ेला जा रहा है। ● मनोज तिवारी

# माफिया की नई श्रेणी में पशु व शिक्षा माफिया

विनय सिंह, लखनऊ

- पहले खनन, शराब व भूमाफिया की बनती थी श्रेणी

**अमृत विचार :** उप्र. पुलिस ने माफिया को चिन्हित करने की कड़ी में दो अन्य तरह के माफिया के लिए अलग से श्रेणी बनाई है। ये दो नई श्रेणियां हैं, शिक्षा माफिया और पशु माफिया। अब पशु और शिक्षा के क्षेत्र में गैरकानूनी कार्य करने वालों को सामान्य माफिया की श्रेणी में न रखकर अलग से बनाई गई श्रेणी में रखा गया है।

लखनऊ जोन के दोनों परिक्षेत्रों को मिलाकर शिक्षा माफिया की श्रेणी में अभी एक ही नाम दर्ज हुआ है। जबकि पशु माफिया 30 की संख्या में हैं। राज्य सरकार माफिया उन्मूलन को लेकर सख्त कार्रवाई कर रही है। पुलिस ने लखनऊ जोन के घोषित पांच माफिया का तंत्र ध्वस्त कर दिया है। पुलिस खनन, शराब और जमीनों को लेकर गैरकानूनी कार्य करने वालों पर भी कार्रवाई कर रही है।

खनन, शराब और जमीनों से जुड़े मामलों में माफिया को पुलिस पहले भी चिन्हित करके कार्रवाई करती रही है, लेकिन परीक्षाओं आदि में पेपर लीक कराने, परीक्षा सेंटर आवंटित कराने वाले व सामूहिक नकल कराने वाले माफिया और प्रतिबंधित पशुओं की तस्करी आदि करने वाले माफिया की अलग से श्रेणी नहीं बनी थी।

### सर्वाधिक पशु-शराब माफिया बाराबंकी में

लखनऊ जोन में सर्वाधिक पशु माफिया बाराबंकी में हैं। यहां 10 पशु माफिया घोषित हैं। इस जिले में सर्वाधिक 11 शराब माफिया भी सक्रिय हैं। अमेठी में खनन, पशु, जमीन और शिक्षा की श्रेणी में एक भी माफिया नहीं है। लखनऊ जोन के माफिया की सूची में खनन माफिया की संख्या दो है। जबकि शराब माफिया की संख्या 45 है। भू-माफिया की संख्या 10 और पशु माफिया की संख्या 30 है। अन्य तरह के कुल 49 माफिया भी सूची में दर्ज हैं।

### गोरखपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस के पहिए में लगी आग

**बाराबंकी, अमृत विचार :** ऐशबाग से गोरखपुर जा रही ऐशबाग गोरखपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस के पहियों में रविवार शाम करीब 5 बजे अचानक आग लग गई। सफेदाबाद स्टेशन मास्टर ने बाराबंकी स्टेशन मास्टर को सूचना दी कि इंजन से दूसरे कोच में धुएं के साथ चिंगारी निकल रही है। ट्रेन सफीपुर क्रॉसिंग पहुंची थी, तभी अचानक पहियों से निकलता धुआं देख यात्रियों में भी हड़कंप मच गया।

### रिटायर्ड आईएएस की पत्नी हत्याकांडः फुटेज से आरोपियों का चेहरा हुआ हुआ साफ

**लखनऊ, अमृत विचारः** इंदिरानगर में रिटायर्ड आईएएस देवेंद्र दुबे की पत्नी की हत्या में पुलिस की रेडार पर आए नीली स्कूटी सवार दोनों संदिग्धों के करीब पुलिस पहुंच गई है। घटनास्थल से सात किलोमीटर दूर कैंट के लालकुर्ती क्षेत्र में दोनों का एक फुटेज मिला है। इसमें दोनों संदिग्धों का चेहरा साफ नजर आ रहा है।

रिटायर्ड आईएएस देवेंद्र नाथ दुबे की पत्नी मोहिनी दुबे की शनिवार सुबह संदिग्धों ने गला घोंटकर हत्या कर दी थी। घटना के बाद छानबीन में पुलिस को कॉलोनी के कुछ कैमरों की फुटेज दो संदिग्ध युवक दिखे थे। पुलिस ने घटनास्थल से 15 किलोमीटर के दायरे में लगे 500 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरे खंगाले। देर रात पुलिस को कैंट के लालकुर्ती में लगे एक कैमरे में यही नीली स्कूटी सवार दोनों युवक नजर आए। इस फुटेज में दोनों के चेहरे साफ नजर आ रहे हैं। दोनों की उम्र 25 से 35 वर्ष के बीच है।


### वर्ग पहेली-82

**बाएं से दाएं**

2. 1. अवनति, गिरावट 2. क्षय 3. अपमान 4. अपयश 5. हीनता।
4. 1. दैनिक जीवन की परेशानियां 2. व्यर्थ के झगड़े 3. झंझट या बखेड़ा 4. इधर-उधर फैला हुआ कबाड़ या कूड़ा-करकट।
6. 1. घड़ा 2. अंधविश्वास के कारण प्रेतक्रिया में पीपल से लटकाया जाने वाला घड़ा।
7. 1. समाप्त न होना, कम न पड़ना 2. लड़खड़ाना।
8. 1. निशाना लगाने का कार्य या कौशल 2. निशाना लगाने का अभ्यास।

**ऊपर से नीचे**

1. चैत्र के बाद पड़ने वाला माह।
3. परिगणन, अनुसूची, (शेड्यूल)।
5. वह स्थान या गृह जहां नाटक का मंचन किया जाता है, नाट्यशाला।
7. आकाश में सहसा क्षण भर के लिए दिखाई देने वाला वह प्रकाश जो बादलों में वातावरण की विद्युत शक्ति के संचार के कारण होता है, विद्युत, तड़ित, जोखना।





### वर्ग पहेली -81 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 भो | | | 2 च | | |
| | ज | | 3 छ | पा | का | |
| | 4 क | चो | ट | ना | | |
| | | | क | | 5 शा | ना |
| | 6 सा | 7 नु | ना | सि | क | |
| | | जू | | | भा | |
| 8 कॉ | ल | म | | | जी | |

### सुडोकू-161

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | | | | | |
| | | | 4 | | 5 | | | |
| | | 6 | | | | | | |
| 5 | | | | | | | | |
| | | | 1 | | 7 | | | |
| | | | | | | | | |
| | 5 | | | | | | 8 | |
| | | | | | 9 | | | |
| 2 | | | | | | | | |

### सुडोकू -160 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 5 | 1 | 3 | 9 | 2 | 6 | 7 |
| 7 | 3 | 2 | 6 | 4 | 8 | 5 | 9 | 1 |
| 9 | 6 | 1 | 2 | 7 | 5 | 8 | 3 | 4 |
| 5 | 7 | 6 | 9 | 2 | 4 | 1 | 8 | 3 |
| 1 | 8 | 4 | 3 | 5 | 7 | 6 | 2 | 9 |
| 2 | 9 | 3 | 8 | 1 | 6 | 4 | 7 | 5 |
| 6 | 5 | 9 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 | 2 |
| 3 | 2 | 7 | 5 | 6 | 1 | 9 | 4 | 8 |
| 4 | 1 | 8 | 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 6 |

### आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 27 मई सोमवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-चतुर्थी 16 .53 तक तत्पश्चात पंचमी।

### आज का पंचांग





**दिशाशूल**-पूर्व। **ऋतु**-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुम्भ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-पूर्वाषाढ़ा 10 .13 तक तत्पश्चात उत्तराषाढ़ा।

**मेष:** आज प्रतिष्ठित लोगों के बीच आपका सम्मान बढ़ेगा। आप भविष्य को लेकर काफी आशान्वित रहेंगे। बुद्धिजीवी लोगों से आपका संपर्क बढ़ेगा। शाम के समय आपको धन लाभ भी हो सकता है। दिन ठीक रहेगा। आप अपनी योग्यता का प्रदर्शन कर पाएंगे।

**वृष:** आज क्रोध में आकर किसी से बात न करें। शाम के समय आप कई समस्याओं को सुलझाने में सफल होंगे। आपको बहुत से अनुत्तरित प्रश्नों का उत्तर मिल जाएगा। दिन की शुरुआत ज्यादा ठीक नहीं रहेगी, किंतु आप समस्याओं का समाधान ढूंढ़ने में सफल होंगे।

**मिथुन:** आज यात्रा का विचार बना सकते हैं। कारोबार में मित्रों का सहयोग मिलेगा। विवाह संबंधी विषयों को लेकर घर में चर्चा हो सकती है। आंखों में जलन और दर्द की शिकायत होने की आशंका है। बिजली के यंत्रों का प्रयोग सावधानी पूर्वक करें।

**कर्क:** आज कारोबार में अपेक्षा से अधिक लाभ हो सकता है। नौकरी में उच्च अधिकारी आपके ऊपर प्रसन्न रहेंगे। रुका हुआ धन प्राप्त होगा। सामाजिक कार्यक्रमों में आपकी सहभागिता बढ़ेगी। आपसे पड़ोसी भी आपकी प्रशंसा करेंगे और आपसे वार्तालाप करना चाहेंगे।

**सिंह:** आज काम का दबाव आपके ऊपर देखने को मिल सकता है। यदि आप व्यवसायी हैं तो आप अपने उत्पाद की बहुत अच्छी ब्रान्डिंग कर सकते हैं। मनोरंजन के कार्यों में आप काफी रुचि ले सकते हैं। अनावश्यक कार्यों में आपको व्यस्त नहीं होना चाहिए।

**कन्या:** आज आप कुछ पुराने मामलों को लेकर तनाव में आ सकते हैं। घर का समस्याओं को बाहर के लोगों से व्यक्त न करें। माता-पिता की सेहत का विशेष ध्यान रखें। प्रेम विवाह को लेकर परिवार की सहमति मिल सकती है।

**तुला:** आज आप नई जॉब के लिए प्रयास कर रहे हैं तो उसमें अचानक ही सफलता मिल सकती है। आप अपनी अभियोग्यता को बढ़ाने को लेकर प्रतिबद्ध रहेंगे। कुछ गुप्त बातों को जानने में लगे रहेंगे। किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है।

**वृश्चिक:** आज सरकारी नौकरी कर रहे लोगों के ऊपर काम का दबाव बढ़ेगा। कारोबार में सहयोगियों के साथ नोंक-झोंक हो सकती है। अपने गुस्से पर नियंत्रण रखें। हालांकि आप अपनी गलती सुधार भी लेंगे और स्थितियां अपने पक्ष में भी कर सकते हैं।

**धनु:** आज दिन की शुरुआत आपके लिए शुभ रहेगी। विरोधी आपके सामने कमजोर दिखेंगे। आप अपनी संकल्प शक्ति के बूते कई लोगों के अपने अनुकूल काम भी करवा सकते हैं। राजनीति से जुड़े लोगों का समाज में वर्चस्व बढ़ेगा।

**मकर:** आज वैवाहिक जीवन में सामंजस्य अच्छा रहेगा। कोई नया काम शुरू न करें। बिना मन के किए गए कार्य गड़बड़ हो सकते हैं। कला क्षेत्र से जुड़े लोग अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। शाम के समय बीमार लोग स्वस्थ महसूस कर सकते हैं।

**कुंभ:** आज ऐसे विषयों पर चर्चा न करें जिन पर झगड़ा होने की संभावना हो। संपत्ति से जुड़े मामलों को लेकर कुछ परेशानियां हो सकती हैं। यदि किसी मीटिंग आदि का आयोजन कर रहे हैं तो उसे दिन के दूसरे प्रहर से पहले कर लें।

**मीन:** आज कारोबार में विस्तार के अवसर मिलेंगे। यदि आप निवेशक हैं तो आपको उत्तम धन लाभ हो सकता है। अधीनस्थ कर्मचारियों की शिकायतों का निवारण कर सकते हैं। बेरोजगार लोगों को नौकरी मिल सकती है।

### आज की फिल्में

B4U MOVIES
15 अगस्त — सुबह : 09 .52
मेला — रात : 07 .00

&pictures
सीक्रेट सुपरस्टार — सुबह : 10 .47
हीरोपंती 2 — शाम : 04 .56

SONY PIX
स्पाइडर-मैन — सुबह : 10 .45
द मैकेनिक — रात : 09 .00

ZEE CINEMA
मैं तेरा हीरो — सुबह : 10 .35
पहेली — रात : 07 .45

colors CINEPLEX
बेटिंग राजा — दोपहर : 12 .34
रुध्रन — रात : 08 .02

### आज की सुपरहिट फिल्म





एंड पिक्चर्स पर शाम : 04 .56 बजे

### जोक्स ऑफ द डे

पापा- बेटा, आज तेरी मम्मी चुप-चाप क्यों बैठी है?
बेटा- मेरी गलती है इसमें
पापा- ऐसा क्या किया तूने
बेटा- मम्मी को लिपस्टिक की जगह फेविस्टिक दे दी?
पापा- जुग-जुग जियो मेरे लाल, भगवान ऐसा बेटा सबको दे।


मौलवी- किसी को इस शादी से ऐतराज?
तभी आवाज आई हां मुझे है।
मौलवी- अरे तुमसे किसने पूछा? तुम तो दूल्हे हो तुम्हें तो जिंदगी भर रहेगा।

# वर्क फ्रॉम होम के बारे में सुना है, वर्क फ्रॉम जेल के बारे में पहली बार सुना: राजनाथ

## चंडीगढ़ की चुनावी रैली में रक्षा मंत्री ने अरविंद केजरीवाल के काम पर कसा तंज

चंडीगढ़, एजेंसी

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर तंज कसते हुए रविवार को कहा कि उन्होंने वर्क फ्रॉम होम (घर से काम करने) के बारे में तो सुना है लेकिन वर्क फ्रॉम जेल (जेल से काम करने) के बारे में वह पहली बार सुन रहे हैं। फतेहगढ़ साहिब से भाजपा के उम्मीदवार गेजा राम वाल्मीकि के समर्थन में खन्ना में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा-यहां आम आदमी पार्टी सत्तारूढ़ है। आपको इस बारे में ज्यादा बताने की जरूरत नहीं है कि वह किस तरह का काम कर रही है। सिंह ने कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में केजरीवाल की गिरफ्तारी का जिक्र करते हुए कहा-दिल्ली में भी 'आप' सरकार है, लेकिन आप नेता को शराब घोटाले को लेकर जेल में डाल दिया गया था। रक्षा मंत्री ने कहा कि अगर किसी भी नेता पर कोई आरोप लगता है तो उसमें तब तक के लिए अपने पद से इस्तीफा देने का नैतिक साहस होना चाहिए जब तक वह आरोपों से मुक्त न हो जाए।



### भाजपा सरकार के तहत लोगों के जीवन में कोई प्रगति नहीं हो रही: प्रियंका गांधी



**फतेहगढ़ साहिब/पटियाला।** कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने रविवार को भाजपा नीत केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए पूछा कि अगर देश की अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है तो लोगों के जीवन में प्रगति क्यों नहीं हो रही। फतेहगढ़ साहिब सीट से कांग्रेस उम्मीदवार अमर सिंह के समर्थन में पंजाब में अपनी पहली जनसभा को संबोधित करते हुए प्रियंका ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर सिर्फ सत्ता हासिल करने के लिए झूठ बोलने और जनता से खोखले वादे करने का आरोप लगाया। प्रियंका ने मोदी सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि देश में 70 करोड़ युवा बेरोजगार हैं और बेरोजगारी 45 साल में सबसे ज्यादा है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के तहत सरकारी क्षेत्र में 30 लाख पद रिक्त हैं।

### केरल के रेस्तरां में खाना खाने के बाद करीब 70 लोग बीमार

**त्रिशूर (केरल)।** मध्य केरल के त्रिशूर जिले में एक दिन पहले एक रेस्तरां में खाना खाने वाले लगभग 70 लोगों को कथित तौर पर विषाक्त भोजन के चलते बीमार पड़ने पर विभिन्न अस्पतालों में भर्ती होना पड़ा। स्वास्थ्य अधिकारियों ने यह जानकारी दी। जिला स्वास्थ्य विभाग के एक अधिकारी ने कहा कि मूननुपीडिका क्षेत्र में एक रेस्तरां में खाना खाने वाले 60 से 70 लोगों ने विभिन्न अस्पतालों में इलाज कराया।

अधिकारी ने कहा-उनमें से किसी की भी हालत गंभीर नहीं है। स्वास्थ्य अधिकारियों को संदेह है कि संबंधित लोग कुझिमंथी नामक व्यंजन के साथ दी जाने वाली मेयोनीज खाकर बीमार पड़े। कैपमंगलम थाने के एक अधिकारी ने कहा कि घटना के बाद अधिकारियों ने पूरे होटल को सील कर दिया है।

## छत्तीसगढ़ की विस्फोटक इकाई में धमाके के बाद आठ श्रमिक लापता

पिरदा, एजेंसी

- बचाव दल को घटनास्थल पर मानव शरीर के अंग भी मिले
- लापता श्रमिकों के रिश्तेदारों ने किया प्रदर्शन

छत्तीसगढ़ में बेमेतरा जिले के पिरदा में शनिवार को विस्फोटक सामग्री बनाने वाले एक कारखाने में धमाके के बाद कम से कम आठ कर्मचारी लापता बताए जा रहे हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

पिरदा में विस्फोट स्थल के पास रविवार को तनावपूर्ण स्थिति बनी रही, जहां उन लोगों ने प्रदर्शन किया जिनके रिश्तेदार घटना के बाद से लापता हैं। शनिवार को बेरला विकास खंड के पिरदा गांव के पास स्पेशल ब्लास्ट लिमिटेड नामक इकाई में हुए धमाके में कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। बचाव दल को घटनास्थल पर मानव शरीर के अंग भी मिले हैं। अधिकारियों ने कहा था कि विस्फोट की तीव्रता इतनी थी कि इससे लगभग 30 फुट गहरा गड्ढा हो गया। बेमेतरा के पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने कहा-आठ श्रमिकों के परिजनों ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है कि वे कारखाने में विस्फोट के बाद से लापता हैं। उन्होंने कहा कि विस्फोट स्थल पर मलबे से मानव शरीर के अंग बरामद हुए हैं। साहू ने कहा-विस्फोट में लोगों के शरीर के टुकड़े-टुकड़े हो गए और उनकी पहचान के लिए डीएनए जांच की जाएगी। वहीं जिलाधिकारी रणबीर शर्मा ने कहा कि कारखाना प्रबंधन को आठ लापता श्रमिकों के परिजनों को 10-10 लाख रुपये का मुआवजा देने का निर्देश दिया गया है और उन्हें तुरंत पांच-पांच लाख रुपये का चेक दिया जा रहा है।

### जामिया वीसी विवाद: प्रो. ने नियुक्ति रद करने के आदेश को दी चुनौती

**नई दिल्ली।** प्रो. इकबाल हुसैन ने जामिया मिलिया इस्लामिया के कार्यवाहक कुलपति के तौर पर अपनी नियुक्ति को निरस्त किए जाने के दिल्ली उच्च न्यायालय की एकल पीठ के फैसले के खिलाफ खंडपीठ का दरवाजा खटखटाया है। हुसैन की अपील न्यायमूर्ति रेखा पल्ली और न्यायमूर्ति सौरभ बनर्जी की खंडपीठ के समक्ष सोमवार को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध है। उच्च न्यायालय के एकल न्यायाधीश ने हुसैन को प्रति कुलपति बनाए जाने तथा बाद में विश्वविद्यालय के कार्यवाहक कुलपति के तौर पर नियुक्ति को यह कहते हुए रद कर दिया था कि नियुक्तियां संबंधित कानून के अनुरूप नहीं की गई थीं। एकल पीठ ने हालांकि, यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया था कि विश्वविद्यालय के कार्यवाहक कुलपति के पद पर एक सप्ताह के भीतर नई नियुक्ति की जाए।

**एक नजर**

### मप्र में शराब पीने से एसएएफ के दो जवानों की हुई मौत

**छिंदवाड़ा (मध्य प्रदेश)।** मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले में शराब पीने के बाद राज्य पुलिस के विशेष सशस्त्र बल (एसएएफ) के दो जवानों की मौत हो गई। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। कोतवाली थाना प्रभारी उमेश गोल्हानी ने बताया कि एसएएफ की आठवीं बटालियन के दानीराम उइके (55) और प्रेमलाल काकोड़िया (50) ने शनिवार रात शराब पी थी। गोल्हानी ने बताया कि दोनों को उल्टी होने लगी, जिसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां उइके की तुरंत मौत हो गई और काकोडिया ने रविवार सुबह इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

### जम्मू में मालगाड़ी का डिब्बा पटरी से उतरा

**जम्मू।** रविवार को जम्मू के पास एक मालगाड़ी का डिब्बा पटरी से उतर गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि जब मालगाड़ी जम्मू से उधमपुर की ओर जा रही थी उस दौरान दोपहर करीब साढ़े तीन बजे जम्मू शहर के बाहरी इलाके मनवाल के पास संगर में यह दुर्घटना हुई। उन्होंने बताया कि इस दुर्घटना से रेल यातायात की सेवाओं में कोई बड़ा व्यवधान उत्पन्न नहीं हुआ। उन्होंने बताया कि प्रभावित ट्रैक को बहाल करने के लिए एक क्रेन भेजी गई।

## 22 लोगों का 16 लाख करोड़ कर्ज माफ हिमाचल को नहीं दिए 9,000 करोड़

शिमला, एजेंसी


- राहुल ने प्रधानमंत्री मोदी पर लगाया आरोप



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले 10 साल में 22 लोगों का 16 लाख करोड़ रुपये कर्ज माफ कर दिया, लेकिन वह पिछले साल मॉनसून में बारिश के कारण आई आपदा से निपटने के लिए हिमाचल प्रदेश को 9,000 करोड़ रुपये नहीं दे सके।

गांधी ने कहा कि हिमाचल प्रदेश की मदद करने के बजाय मोदी ने राज्य की चुनी हुई सरकार को चुराने का प्रयास किया। उन्होंने यह बयान ऐसे समय में दिया है जब कुछ दिन पहले प्रधानमंत्री मोदी ने राज्य में बाढ़ से निपटने के लिए केंद्र द्वारा मुहैया कराई गई सहायता का कांग्रेस सरकार द्वारा अनुचित वितरण किए जाने का आरोप लगाया था और इसके खिलाफ कार्रवाई करने का वादा किया था। शिमला (सुरक्षित) संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार विनोद सुल्तानपुरी के समर्थन में हिमाचल प्रदेश में सिरमौर जिले के नाहन में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए राहुल ने कहा कि मोदी ने सेब की कीमतों को नियंत्रित करने के लिए सभी भंडारण सुविधाओं को एक व्यक्ति को सौंप दिया। उन्होंने दावा किया कि जब भी नरेन्द्र मोदी शपथ लेते हैं, अडाणी के स्वामित्व वाली कंपनियों के शेयर की कीमतें अपने आप ही बढ़ जाती हैं।

### चांदी के चम्मच के साथ पैदा होने वाले गरीबों का दुख दर्द क्या जानें : शाह



**औरंगाबाद/भभुआ।** केंद्रीय गृह मंत्री और भाजपा नेता अमित शाह ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता तेजस्वी प्रसाद यादव पर कटाक्ष करते हुए आज कहा कि चांदी के चम्मच के साथ पैदा होने वाले गरीबों का दुख दर्द क्या जानेंगे। शाह ने रविवार को काराकाट लोकसभा क्षेत्र के तहत औरंगाबाद जिले के दाउदनगर में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) उम्मीदवार के पक्ष में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित करते हुए श्री राहुल गांधी और तेजस्वी प्रसाद यादव पर जमकर तंज कसा और कहा कि चांदी के चम्मच के साथ पैदा होने वाले गरीबों का दुख दर्द क्या जानेंगे।

## विज्ञापनों पर उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ याचिका पर सुनवाई आज

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय लोकसभा चुनावों के दौरान भाजपा को चुनावी विज्ञापन जारी करने से रोकने संबंधी कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ पार्टी की याचिका पर सोमवार को सुनवाई करेगा। एकल पीठ ने 20 मई को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को चार जून तक आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने वाले विज्ञापन प्रकाशित करने से रोक दिया था। इस फैसले के खिलाफ भाजपा ने खंडपीठ का दरवाजा खटखटाया था, लेकिन खंडपीठ ने 22 मई को कहा था कि वह एकल पीठ के अंतरिम आदेश के खिलाफ अपील पर विचार करने की इच्छुक नहीं है।

## नमूने एकत्र और पीड़ितों की पहचान करना बना चुनौती

ठाणे, एजेंसी

**डोंबिवली कारखाना विस्फोट मामला**

महाराष्ट्र में डोंबिवली केमिकल फैक्टरी में हुए विस्फोट के बाद पुलिस को मृतकों की सटीक संख्या का पता लगाने और उनकी पहचान सुनिश्चित करने के कठिन कार्य से जूझना पड़ रहा है क्योंकि कई शव इस कदर जल गए हैं कि उनकी पहचान करना मुमकिन नहीं है।

इस विस्फोट में 10 लोगों की जान चली गई जबकि 60 से अधिक लोग घायल हुए थे। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि अहम सबूत, जिसमें जले हुए अवशेष और शवों के हिस्से के नमूने शामिल हैं, सावधानी पूर्वक एकत्र करके फॉरेंसिक साइंस लैबोरेटरी में डीएनए जांच के लिए भेजे गए हैं ताकि उनके रिश्तेदारों से इसका मिलान किया जा सके। ठाणे जिले के डोंबिवली एमआईडीसी के फेज- 2 में स्थित अमुदान केमिकल्स में बॉयलर के फटने और इसके कारण लगी आग में 10 लोगों की मौत हो गई और 60 से अधिक लोग घायल हो गए थे।

## देश में 80,455 करोड़ रुपये के 10.46 लाख सड़क दुर्घटना दावे लंबित

नोएडा, एजेंसी

- आरटीआई अधिनियम के तहत दायर आवेदन के माध्यम से हुआ खुलासा

देश में सड़क दुर्घटनाओं से जुड़े 80,455 करोड़ रुपये के लगभग 10,46,163 दावे लंबित हैं और 2018-19 से 2022-23 के बीच इनकी संख्या में लगातार वृद्धि हुई। सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम के तहत दायर आवेदन के माध्यम से यह जानकारी मिली है।

अप्रैल में उच्चतम न्यायालय के वकील के. सी. जैन के आवेदन के जवाब में भारतीय बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण (आईआरडीएआई) ने यह विवरण प्रदान किया है। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय से पूछे गए प्रश्न में जैन ने राज्य और जिलेवार विवरण



के साथ-साथ देश में लंबित मोटर दुर्घटना दावों की कुल संख्या बताने का अनुरोध किया था। उन्होंने पिछले पांच वर्षों के दौरान शुरू किए गए, निपटाए गए व शेष दावों का वार्षिक विवरण और मोटर दुर्घटना दावों के शीघ्र निपटान के लिए केंद्र द्वारा की गई पहल, यदि कोई हो, के बारे में पूछा था। आईआरडीएआई की जानकारी के मुताबिक वित्त वर्ष 2018-19 में 52,713 करोड़ रुपये के 9,09,166 दावे, 2019-20 में 61,051 करोड़ रुपये के 9,39,160 दावे, 2020-21 में 70,722 करोड़ रुपये के 10,08,332 दावे, 2021-22 में 74,718 करोड़ रुपये के 10,39,323 दावे, 2022-23 में 80,455 करोड़ रुपये के 10,46,163 दावे थे। क्षेत्रीय स्तर की जानकारी के बारे में आईआरडीएआई ने कहा, मोटर थर्ड पार्टी दावों का जिला-वार और राज्य-वार विवरण आईआरडीएआई के पास उपलब्ध नहीं है, क्योंकि आईआरडीएआई ऐसी विस्तृत जानकारी एकत्र या बरकरार नहीं रखता है।

## पासपोर्ट रद करने के अनुरोध पर केंद्र से कोई जवाब नहीं: जी परमेश्वर

बेंगलुरु, एजेंसी

- महिलाओं के यौन शोषण मामले में बोले कर्नाटक के गृहमंत्री

कर्नाटक के गृहमंत्री जी. परमेश्वर ने रविवार को कहा कि महिलाओं के यौन शोषण के आरोपों का सामना कर रहे हासन के सांसद प्रज्ज्वल रेवन्ना का राजनयिक पासपोर्ट रद करने के अनुरोध पर राज्य को केंद्र से अभी तक कोई आधिकारिक जवाब नहीं मिला है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर के उस कथित बयान पर निशाना साधते हुए जिसमें कहा गया था कि प्रज्ज्वल का राजनयिक पासपोर्ट रद करने का राज्य सरकार का अनुरोध 21 मई को ही प्राप्त हुआ था, परमेश्वर ने जानना चाहा कि मुख्यमंत्री सिद्धारमैया द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को एक मई लिखे गए पत्र का क्या हुआ।

परमेश्वर ने कहा-जहां तक मुझे पता है, हमें अब तक (केंद्र से) कोई सूचना या पत्र नहीं मिला है। मैंने देखा है कि विदेश मंत्री ने मीडिया से कहा है कि वे कार्रवाई कर रहे हैं और एक दो दिनों में वे इसे (राजनयिक पासपोर्ट) रद्द कर देंगे, लेकिन हमें इस पर कोई लिखित सूचना नहीं मिली है। उन्होंने यहां पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ने एक मई को प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर प्रज्वल का राजनयिक पासपोर्ट रद करने की मांग की थी और उसके बाद आरोपों की जांच के लिए राज्य सरकार द्वारा गठित विशेष जांच दल ने भी केंद्र को इसी अनुरोध के साथ पत्र लिखा था।

# कारोबार/कृषि

**एक नजर**

### भारतपे, फोनपे ने पे पर लंबे समय से चल रहे विवादों को निपटाया

**नई दिल्ली।** वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनियों... भारतपे ग्रुप और फोनपे समूह ने प्रत्यय 'पे' के साथ ट्रेडमार्क के उपयोग से संबंधित लंबे समय से चले आ रहे सभी कानूनी विवादों को सौहार्दपूर्ण ढंग से सुलझा लिया है। दोनों कंपनियों ने संयुक्त बयान में यह जानकारी दी। बयान के अनुसार, भारतपे और फोनपे पिछले पांच वर्षों के दौरान कई अदालतों में लंबे समय से चले आ रहे कानूनी विवादों में रही हैं। यह समझौता सभी खुली न्यायिक कार्यवाही को समाप्त कर देगा। बयान में कहा गया कि भारतपे और फोनपे ने लंबे समय से चले आ रहे सभी ट्रेडमार्क विवादों को सौहार्दपूर्ण ढंग से सुलझा लिया। बयान के अनुसार, अगले कदम के रूप में पार्टियों ने ट्रेडमार्क रजिस्ट्री में एक-दूसरे के खिलाफ सभी विरोधों को वापस लेने के लिए पहले ही कदम उठा लिया है, जिससे उन्हें अपने संबंधित ट्रेडमार्क के पंजीकरण के साथ बढ़ने में मदद मिलेगी।

### गड़बड़ी से स्पाइसजेट का विमान वापस लौटा

**नई दिल्ली।** लेह जा रहा स्पाइसजेट का एक विमान रविवार सुबह कुछ गड़बड़ी की वजह से दिल्ली वापस लौट आया। एक सूत्र ने यह जानकारी दी। सूत्र ने बताया कि करीब 135 लोगों को लेकर लेह जा रहा यह विमान दिल्ली हवाई अड्डे पर सुरक्षित उतर गया। हवाई अड्डे पर पूर्ण आपातकालीन स्थिति घोषित कर दी गई। यह उड़ान एसजी 123 10 :30 बजे रवाना हुई थी और करीब 11 बजे वापस लौट आई। सूत्र ने कहा कि इंजन में कंपन के कारण विमान वापस लौटा। उड़ान निगरानी वेबसाइट फ्लाइटरडार-24 पर उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, बोइंग 737-7 विमान उड़ान भरने के कुछ समय बाद राजधानी लौट आया।

## चौथी तिमाही में 6.1-6.7% रहेगी आर्थिक वृद्धि दर

### विभिन्न अर्थशास्त्रियों ने जताई उम्मीद, 31 को जारी होगा वृद्धि दर का अनुमान

नई दिल्ली, एजेंसी

बीते वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही में भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 6.1 से 6.7 प्रतिशत के बीच रहने की उम्मीद है। यह इससे पिछली तिमाहियों में दर्ज आठ प्रतिशत की वृद्धि दर से कम है। विभिन्न अर्थशास्त्रियों ने यह अनुमान लगाया है। सरकार चौथी तिमाही के जीडीपी आंकड़े और पूरे वित्त वर्ष के लिए अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर का अनुमान 31 मई को जारी करेगी।

अर्थशास्त्रियों के मुताबिक, वित्त वर्ष 2023-24 में वृद्धि दर 7.6-7.8 प्रतिशत के बीच रहने का अनुमान है। भारतीय अर्थव्यवस्था 2023-24 की जून तिमाही में 8.2 प्रतिशत, सितंबर तिमाही में 8.1 प्रतिशत और दिसंबर तिमाही में 8.4 प्रतिशत की दर से बढ़ी है। कोटक महिंद्रा बैंक की मुख्य अर्थशास्त्री उपासना भारद्वाज ने कहा कि मुख्य आंकड़े व्यापक रूप से मजबूत वृद्धि का संकेत देते हैं। उन्होंने कहा-विनिर्माण गतिविधियां भी अच्छी रही हैं, और निर्माण से जुड़े और निवेश क्षेत्रों का प्रदर्शन भी बेहतर रहना चाहिए। हालांकि, कृषि क्षेत्र की वृद्धि धीमी पड़ सकती है। हमारा अनुमान है कि चौथी तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर 6.1 प्रतिशत रहेगी और पूरे वित्त वर्ष के लिए यह आंकड़ा 7.6 प्रतिशत के करीब रहेगा। 31 मई, 2023 को जारी अनुमान के अनुसार, वित्त वर्ष 2022-23 की मार्च तिमाही में भारत की आर्थिक वृद्धि दर 6.1 प्रतिशत रही थी। पूरे वित्त वर्ष 2022-23 के लिए यह आंकड़ा सात प्रतिशत था। भारद्वाज ने कहा-हम सेवा क्षेत्र और औद्योगिक क्षेत्र में आर्थिक गतिविधियों में कुछ नरमी देख रहे हैं। यही कारण है कि चौथी तिमाही में सकल मूल्य वर्धन (जीवीए) 5.7 प्रतिशत और जीडीपी वृद्धि दर 6.1 प्रतिशत रहने की उम्मीद है। जीडीपी एक निश्चित अवधि में उत्पादित वस्तुओं और सेवाओं का कुल मूल्य होता है।

### घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय संस्थान जता रहे सात प्रतिशत की वृद्धि दर का अनुमान



ईवाई इंडिया के मुख्य नीति सलाहकार डी के श्रीवास्तव ने कहा कि घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय संस्थान दोनों 2024-25 में भारत के लिए सात प्रतिशत की वृद्धि दर का अनुमान जता रहे हैं। श्रीवास्तव ने कहा-बीते वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में जीडीपी की वृद्धि दर संभवत: 6.5 प्रतिशत से अधिक रहेगी। ऐसे में पूरे वित्त वर्ष के लिए यह आंकड़ा 7.8 प्रतिशत रहेगा। अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) का अनुमान भी यही है। एक अन्य रेटिंग एजेंसी इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च का अनुमान है कि 2023-24 की चौथी तिमाही में देश की आर्थिक वृद्धि दर 6.2 प्रतिशत रहेगी। घरेलू रेटिंग एजेंसी इक्रा ने मंगलवार को कहा था कि बीते वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में भारत की जीडीपी की वृद्धि दर चार तिमाहियों के निचले स्तर 6.7 प्रतिशत पर आ जाएगी।

## वाहनों की तरह फसलों का बीमा करेंगे एजेंट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**नई व्यवस्था**

- प्रदेश में खरीफ से होगी शुरुआत एआईडीई एप से होगा बीमा
- कंपनियां बनाएंगी ब्लॉकों पर एजेंट, किसानों को मिलेगी सुविधा

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत फसलों का बीमा गांव-गांव जाकर एजेंट करेंगे। नई व्यवस्था के तहत बीमा कंपनियां ब्लॉकों पर अपने एजेंट बनाएंगी। जो गैरऋणी किसानों से संपर्क कर एडवांस्ड इंट्रूजन डिटेक्शन एनवायरनमेंट (एआईडीई) एप पर वाहनों की तरह फसलों का बीमा करेंगे। एजेंटों को 30 से 32 रुपये कमीशन कंपनियां देंगी।

केंद्र सरकार ने 2023 में एआईडीई एप लांच किया था और शुरुआत मध्य प्रदेश व राजस्थान ने की थी लेकिन, पूरी तरह से एप का संचालन नहीं हो पाया था। नतीजा पुरानी व्यवस्था के तहत फसलें बीमित हुईं। लेकिन, इस वर्ष केंद्र सरकार ने सभी राज्यों में एजेंट बनाकर बीमा कराने पर



जोर दिया है। इससे की ज्यादा से ज्यादा फसलें बीमित की जा सके। उत्तर प्रदेश में इस खरीफ सीजन में यह प्रक्रिया शुरू होगी। इसके लिए केंद्र ने अनुबंधित कंपनियों के प्रतिनिधियों को वर्चअुल प्रशिक्षण दिया है।

**कॉमन सर्विस सेंटर लेते ज्यादा शुल्क:** गैरऋणी किसान यानी जो किसान क्रेडिट कार्ड धारक नहीं है वह कॉमन सर्विस सेंटर से सीधे फसलों का बीमा कराते हैं। इसमें किसानों को भागदौड़ करना होता है। कभी पोर्टल नहीं चला तो कहीं ओटीपी की समस्या भी झेलते हैं। बीमा करने पर संचालक सुविधा शुल्क लेते हैं। जबकि प्रक्रिया निशुल्क है और बीमा कंपनी पॉलिसी होने पर खुद शुल्क अदा करती है। हालांकि सेंटरों पर पहले की तरह बीमा किए जाएंगे। इसके अलावा किसान क्रेडिट कार्ड धारकों की फसलों का बीमा बैंकें ही करेंगी।

खरीफ में एजेंटों के माध्यम से फसलों का बीमा कंपनियां करेंगी। जबकि पुरानी प्रक्रिया भी चलेगी। किसान सुविधानुसार बीमा करा सकते हैं। कॉमन सर्विस सेंटरों पर सुविधा शुल्क लेने पर कार्रवाई करेंगे।

**-उमा शंकर सिंह,** उपनिदेशक फसल बीमा एवं सांख्यिकी, कृषि निदेशालय।

## आरबीआई को संभवत: हुआ है तीन लाख करोड़ का लाभ : सुभाष चंद्र गर्ग

नई दिल्ली, एजेंसी



- पूर्व वित्त सचिव बोले सरकार को रिकॉर्ड लाभांश देने का है कारण

पूर्व वित्त सचिव सुभाष चंद्र गर्ग ने कहा है कि आरबीआई का सरकार को रिकॉर्ड 2.11 लाख करोड़ करोड़ रुपये का लाभांश देने का कारण संभवतः अधिक लाभ का होना है। हालांकि, इसका अर्थव्यवस्था पर प्रभाव इस बात पर निर्भर करता है कि सरकार इसका उपयोग किस सीमा तक उधारी कम करने या व्यय बढ़ाने के लिए करती है। हालांकि उन्होंने कहा कि मेरा अनुमान है कि आरबीआई का लाभांश लगभग तीन लाख करोड़ रुपये हुआ है।

उल्लेखनीय है कि आरबीआई के केंद्रीय निदेशक मंडल की पिछले सप्ताह 608वीं बैठक में वित्त वर्ष 2023-24 के लिए केंद्र सरकार को 2.11 लाख करोड़ रुपये के लाभांश भुगतान को मंजूरी दी है। यह केंद्रीय बैंक की ओर से अबतक का सर्वाधिक लाभांश भुगतान होगा। यह चालू वित्त वर्ष के बजट अनुमान की तुलना में दोगुना से भी अधिक है। अंतरिम बजट में सरकार ने आरबीआई और सार्वजनिक क्षेत्र के वित्तीय संस्थानों से कुल 1.02 लाख करोड़ रुपये की लाभांश आय का अनुमान जताया था। केंद्रीय बैंक ने वित्त वर्ष 2022-23 के लिए 87,416 करोड़ रुपये का लाभांश सरकार को दिया था। गर्ग ने कहा-आरबीआई के अत्यधिक लाभांश का सबसे स्पष्ट कारण बड़ा मुनाफा हो सकता है। हालांकि, अभी आरबीआई की बैलेंस शीट प्रकाशित नहीं हुई है।

### एआई अध्ययन के लिए बोली लगाने की समयसीमा 18 जून तक बढ़ी

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने कृत्रिम मेधा (एआई) और प्रतिस्पर्धा पर इसके प्रभाव पर अध्ययन करने के लिए बोलियां जमा करने की समय सीमा 18 जून तक बढ़ा दी है। इससे पहले बोली लगाने की अंतिम तिथि तीन जून थी। सीसीआई ने कहा कि बोलियां किसी गठजोड़ (कंसोर्टियम) या संयुक्त उद्यम के माध्यम से प्रस्तुत नहीं की जा सकतीं। अन्य पात्रता आवश्यकताओं के अलावा, बोलीदाताओं के लिए न्यूनतम वार्षिक कारोबार 50 करोड़ रुपये बरकरार रखा गया है।

## भारत के शीर्ष 10 साझेदारों में से नौ के साथ हुआ व्यापार घाटा

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत को वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान चीन, रूस, सिंगापुर और दक्षिण कोरिया समेत शीर्ष 10 व्यापारिक साझेदारों में नौ के साथ व्यापार घाटे का सामना करना पड़ा है। आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है।

व्यापार घाटा, आयात और निर्यात के बीच का अंतर है। आंकड़ों से यह भी पता चलता है कि बीते वित्त वर्ष में 2022-23 की तुलना में चीन, रूस, दक्षिण कोरिया और हांगकांग के साथ घाटा बढ़ गया। दूसरी ओर संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), सऊदी अरब, रूस, इंडोनेशिया और इराक के साथ व्यापार घाटे में कमी हुई। वित्त वर्ष 2023-24 में चीन के साथ व्यापार घाटा बढ़कर 85 अरब डॉलर, रूस के साथ 57.2 अरब डॉलर, दक्षिण कोरिया के साथ 14.71 अरब डॉलर और हांगकांग के साथ 12.2 अरब डॉलर हो गया। चीन के साथ दोतरफा व्यापार 2023-24 में 118.4 अरब डॉलर रहा, और वह अमेरिका को पीछे छोड़ते हुए भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बन गया। भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार 2023-24 में 118.28 अरब डॉलर रहा।


### एफपीआई ने अब तक शेयरों से 22,000 करोड़ रुपये निकाले

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के नतीजों को लेकर अनिश्चितता और बाजारों के बेहतर प्रदर्शन के कारण विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने इस महीने अब तक भारतीय शेयरों से 22,000 करोड़ रुपये की भारी निकासी की है। इससे पहले मॉरीशस के साथ भारत की कर संधि में बदलाव और अमेरिका में बॉन्ड प्रतिफल में निरंतर वृद्धि को लेकर चिंता के बीच एफपीआई ने अप्रैल में शेयरों से 8,700 करोड़ रुपये से अधिक की निकासी की थी। वहीं एफपीआई ने मार्च में शेयरों में 35,098 करोड़ और फरवरी में 1,539 करोड़ का निवेश किया था।

# 10 साल बाद केकेआर ने जीता खिताब

## कोलकाता नाइट राइडर्स ने तीसरी बार हासिल की आईपीएल ट्रॉफी, हैदराबाद को सस्ते में समेट कर आठ विकेट से हराया






चेन्नई, एजेंसी

कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद वेंकटेश अय्यर के नाबाद अर्धशतक से रविवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 के एकतरफा फाइनल में सनराइजर्स हैदराबाद को आठ विकेट से हराकर तीसरा खिताब अपनी झोली में डाला। केकेआर ने गौतम गंभीर की कप्तानी में 2012 और 2014 में आईपीएल ट्राफी जीती थी। अब गुरू गंभीर ने कुशल रणनीतिकार के तौर पर केकेआर को तीसरी ट्राफी दिलाई। केकेआर इस तरह चेन्नई सुपर किंग्स (पांच) और मुंबई इंडियंस (पांच) के बाद तीन आईपीएल खिताब जीतने वाली तीसरी टीम बनी।

गंभीर के अलावा मुख्य कोच चंद्रकांत पंडित ने इस खिताब को दिलाने में अहम भूमिका निभाई जो जानते हैं कि रणजी ट्रॉफियां



कैसे जीती जाती हैं। इस सत्र का सबसे बड़ा स्कोर (तीन विकेट पर 287 रन) बनाने वाली सनराइजर्स हैदराबाद फाइनल में लड़खड़ा गई और टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने के बाद 18.3 ओवर में महज 113 रन पर ढेर हो गई।

यह आईपीएल फाइनल का सबसे कम स्कोर भी रहा। इस सत्र में शुरू से दबदबा बनाने वाले केकेआर के लिए यह लक्ष्य बनाना महज औपचारिकता थी, उसने वेंकटेश अय्यर (नाबाद 52 रन) और रहमनुल्लाह गुरबाज (39 रन) की मदद से यह स्कोर 10.3 ओवर में दो विकेट पर 114 रन बनाकर हासिल कर लिया। वेंकटेश अय्यर ने 26 गेंद में चार चौके और तीन छक्के लगाये जबकि गुरबाज ने 32 गेंद में पांच चौके और दो छक्के जड़े। गुरबाज ने स्टंप के पीछे तीन शानदार कैच भी लपके। कप्तान के तौर पर यह श्रेयस अय्यर का दूसरा फाइनल था, उन्होंने तीन गेंद में नाबाद 6 रन बनाए। केकेआर की जीत के नायक रहे उसके गेंदबाज जिसमें मिचेल स्टार्क नीलामी में मिली रिकॉर्ड राशि को सही साबित करते हुए तीन ओवर में 14 रन देकर दो विकेट चटकाए। आंद्रे रसेल ने मध्य के ओवरों में शिकंजा कसा और 2.3 ओवर में 19 रन देकर तीन विकेट झटके। हर्षित राणा ने चार ओवर में एक मेडन से 24 रन देकर दो विकेट हासिल किए। केकेआर की शानदार गेंदबाजी के सामने सनराइजर्स हैदराबाद का कोई भी बल्लेबाज टिककर नहीं खेल सका।

**हैदराबाद 113/10** — 18.3 ओवर, अतिरिक्त: 13

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| अभिषेक शर्मा बोल्ड स्टार्क | 2 | 5 | 0/0 |
| ट्रेविस हेड कैच गुरबाज बो वैभव | 0 | 1 | 0/0 |
| राहुल त्रिपाठी कैच रमनदीप बो स्टार्क | 9 | 13 | 1/0 |
| एडेन मारक्रम कैच स्टार्क बो रसल | 20 | 23 | 3/0 |
| नीतिश रेड्डी कैच गुरबाज बो हर्षित राणा | 13 | 10 | 1/1 |
| हेनरिच क्लासेन बोल्ड हर्षित राणा | 16 | 17 | 1/0 |
| शहबाज अहमद कैच नरेन बो वरुण | 8 | 7 | 0/1 |
| अब्दुल शमद कैच गुरबाज बो रसल | 4 | 4 | 0/0 |
| पैट कमिंस कैच स्टार्क बो रसल | 24 | 19 | 2/1 |
| जयदेव उनादकट पगबाधा नारायण | 4 | 11 | 0/0 |
| भुवनेश्वर कुमार नाबाद | 0 | 1 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** स्टार्क 3-0-14-2, वैभव अरोरा 3-0-24-1, हर्षित राणा 4-0-24-2, नारायण 4-0-16-1, आंद्रे रसल 2.3-0-20-3, वरुण चक्रवर्ती 2-0-9-1

**कोलकाता 114/2** — 10.3 ओवर, अतिरिक्त: 11

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| रहमानउल्लाह गुरबाज पगबाधा शाहबाज | 39 | 32 | 5/2 |
| नारायण कैच शाहबाज बोल्ड कमिंस | 6 | 2 | 0/1 |
| वेंकटेश अय्यर नाबाद | 52 | 26 | 4/3 |
| श्रेयस अय्यर नाबाद | 6 | 3 | 1/0 |

**गेंदबाजी :** भुवनेश्वर कुमार 2-0-25-0, पैट कमिंस 2-0-18-1, थंगारसु नटराजन 2-0-29-0, शाहबाज अहमद 2.3-0-22-1 जयदेव उनादकट 1-0-9-0, एडन मारक्रम 1-0-5-0

## खेल डायरी

### एशियाई चैंपियनशिप में दीपा ने स्वर्ण जीत रचा इतिहास

**ताशकंद।** शीर्ष भारतीय जिमनास्ट दीपा करमाकर रविवार को यहां महिला वॉल्ट स्पर्धा में पीला तमगा हासिल कर एशियाई सीनियर चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाली देश की पहली जिमनास्ट बन गईं। दीपा (30 वर्ष) ने प्रतियोगिता के आखिरी दिन वॉल्ट फाइनल में 13.566 का औसत स्कोर बनाया। उत्तर कोरिया की किम सोन हयांग (13.466) और जो क्योंग ब्योल (12.966) ने क्रमश: रजत और कांस्य पदक जीते। रियो ओलंपिक 2016 में वॉल्ट फाइनल में चौथे स्थान पर रही दीपा ने 2015 चरण में इसी स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था। आशीष कुमार ने 2015 एशियाई चैम्पियनशिप में व्यक्तिगत फ्लोर एक्सरसाइज में कांस्य पदक जीता था। प्रणति नायक ने भी 2019 और 2022 चरण में वॉल्ट स्पर्धा में कांस्य पदक हासिल किया था। डोपिंग उल्लघंन के कारण 21 महीने के निलंबन के बाद पिछले साल वापसी करने वाली दीपा आगामी पेरिस ओलंपिक की दौड़ से बाहर हैं।

### फ्रेंच ओपन के दूसरे दौर में पहुंची ओसाका

**पेरिस।** जापान की नाओमी ओसाका ने फ्रेंच ओपन 2024 के शुरुआती दिन रविवार को यहां लूसिया ब्रोंजेटी के खिलाफ महिला एकल के शुरुआती दौर में संघर्षपूर्ण जीत दर्ज की। फ्रेंच ओपन टेनिस में सातवीं बार खेल रही ओसाका ने शुरुआती सेट की निराशा से उबरते हुए विश्व रैंकिंग में 48वें पायदान पर काबिज ब्रोंजेटी पर 1-6, 6-4, 7-5 की जीत दर्ज की। रोलां गैरां में ब्रोंजेटी की तीन प्रयास में यह तीसरी हार है। दयान यास्त्रेमस्का ने अजला टोमलजानोविक को शिकस्त दी तो वहीं डोना वेकिच के खिलाफ पीठ दर्द की समस्या के कारण लेसिया त्सुरेंको पहले सेट के बीच में ही मैच से हट गईं। पुरुषों के ड्रा में विश्व रैंकिंग में छठे स्थान पर काबिज आंद्रे रुबलेव ने टारो डेनियल को हराया।

### श्रीहरि ने मेयर नोस्ट्रम तैराकी में रजत जीता

**नई दिल्ली।** भारत के अनुभवी तैराक श्रीहरि नटराज ने फ्रांस में चल रहे 30वें मेयर नोस्ट्रम तैराकी टूर्नामेंटमें 50 मीटर बैकस्ट्रोक में रजत पदक जीता। तोक्यो ओलंपिक खेल चुके नटराज ने 25.50 सेकंड का समय निकालकर हंगरी के एडम जास्जो के बाद दूसरा स्थान हासिल किया। ब्रिटेन के स्कॉट गिब्सन को कांस्य पदक मिला। नटराज का इस वर्ग में व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 25.11 सेकंड का है। 50 मीटर बैकस्ट्रोक ओलंपिक स्पर्धा नहीं है। पेरिस ओलंपिक के लिए अभी तक कोई भारतीय तैराक क्वालीफाई नहीं कर सका है। तोक्यो ओलंपिक में साजन प्रकाश और नटराज ने क्वालीफाई किया था।

### भारतीय महिला हॉकी टीम अर्जेंटीना से हारी

**एंटवर्प (बेल्जियम)।** भारतीय महिला हॉकी टीम का एफआईएच प्रो लीग के बेल्जियम चरण में हार का सिलसिला जारी रहा और उसे रविवार को अर्जेंटीना से 0-3 से पराजय मिली। भारत के बेल्जियम चरण के अंतिम मैच में अर्जेंटीना के लिए सेलिना डि सैंटो (पहले मिनट), मारिया कैंपॉय (39वें) और मारिया ग्रेनाटो (47वें मिनट) ने गोल किए। अर्जेंटीना ने पहले ही मिनट में बढ़त बना ली जब डि सैंटो ने ग्रेनाटो के शॉट पर गोल दागा। दीपिका भारतीय टीम को मिले एक पेनल्टी कॉर्नर का फायदा नहीं उठा सकीं। भारत को तीसरे क्वार्टर की शुरुआत में पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन कोई गोल नहीं हुआ।

### लिम से हारी दीपिका, विश्व कप से लौटेंगी खाली हाथ

**येचियोन (दक्षिण कोरिया)।** मां बनने के बाद अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर वापसी कर रही दीपिका कुमारी तीरंदाजी विश्व कप में लगातार दूसरे पदक से चूककर दुनिया की दूसरे नंबर की तीरंदाज लिम सिहियोन और तीसरे नंबर की अलेजांद्रा वालेंशिया से हार गई। भारतीय तीरंदाजों को विश्व कप के दूसरे चरण से रिकर्व वर्ग से खाली हाथ लौटना पड़ेगा जबकि कंपाउंड वर्ग में एक स्वर्ण और एक रजत पदक जीता है। रिकर्व स्पर्धाएं ओलंपिक का हिस्सा हैं। भारत ने कंपाउंड वर्ग में महिला टीम स्पर्धा का स्वर्ण और मिश्रित टीम स्पर्धा का रजत पदक जीता है लेकिन दीपिका को छोड़कर रिकर्व वर्ग में कोई तीरंदाज पदक दौर में नहीं पहुंचा। दक्षिण कोरिया की 20 वर्ष की लिम ने सेमीफाइनल में जीत दर्ज की।

## फाइनल में फिर नरम पड़ी सिंधू की कलाई

कुआलालंपुर, एजेंसी

भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू का पिछले दो साल से चला आ रहा खिताब का इंतजार और लंबा हो गया क्योंकि उन्हें मलेशिया मास्टर्स के फाइनल में रविवार को यहां विश्व रैंकिंग में सातवें स्थान पर काबिज चीन की वांग झी यी से हार का सामना करना पड़ा। ओलंपिक में दो बार की पदक विजेता सिंधू तीन गेम तक चले 79 मिनट के मुकाबले के निर्णायक गेम में 11-3 की बड़ी बढ़त के बावजूद 21-16 5-21 16-21 से हार गई। वांग ने वापसी करते हुए आखिरी 23 में से 18 अंक जीत कर खिताब अपने नाम किया।

विश्व रैंकिंग में 15वें स्थान पर काबिज सिंधू इससे पहले 2022 सिंगापुर ओपन खिताब अपने नाम करने में सफल रही थी और पिछले साल मैड्रिड स्पेन मास्टर्स में उपविजेता रही थी। पांचवी वरीयता प्राप्त सिंधू अगर चैंपियन बनती तो



● मलेशिया मास्टर्स के खिताबी मुकाबले में वांग से हारीं सिंधू

सोने पर सुहागा होता लेकिन फाइनल तक के सफर में इस प्रभावशाली प्रदर्शन से पेरिस ओलंपिक से पहले उनका आत्मविश्वास काफी बढ़ेगा। सिंधू मैच के अधिकांश मौजूदा एशियाई चैंपियन वांग के खिलाफ दबदबा बनाने में सफल रही लेकिन निर्णायक गेम में ब्रेक के बाद उन्होंने लय गंवा दी और वांग ने शानदार वापसी कर जीत दर्ज की।

दिलचस्प बात यह है कि सिंधू ने अपना पिछला फाइनल सिंगापुर ओपन में वांग के खिलाफ ही जीता था। वह हालांकि पिछले साल आर्कटिक ओपन में वांग से हार गई थीं, लेकिन उन्होंने इससे पहले तीन मुकाबलों में चीन की खिलाड़ी को दो बार हराया था।

सिंधू ने पिछले काफी समय से कैरोलिना मारिन, ताई त्जु यिंग, चेन यू फेई और अकाने यामागुची जैसी बड़ी खिलाड़ियों को हराने में विफल रही है और पेरिस ओलंपिक में उन्हें इन खिलाड़ियों के कड़ी चुनौती मिल सकती है। घुटने की चोट से उबर कर खेलों में वापसी कर रही सिंधू का फाइनल में पहुंचने से आत्मविश्वास जरूर बढ़ेगा। सिंधू अब मंगलवार से शुरू होने वाले सिंगापुर ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट में चुनौती पेश करेंगी। यह खिलाड़ी बेंगलुरु के प्रकाश पादुकोण बैडमिंटन अकादमी में अभ्यास करती हैं। वह वांग के खिलाफ जीतने की स्थिति में होने के बावजूद मैच गंवाने की खामी को दूर करना चाहेंगी।

## टी20 में वेस्टइंडीज ने दक्षिण अफ्रीका को 16 रन से हराया

**किंगस्टन।** रॉस्टन चेज नाबाद (67) और कप्तान ब्रैंडन किंग (36) की शानदार बल्लेबाजी और उसके बाद गुडाकेश मोती की 22 रन पर तीन विकेट की घातक गेदबाजी के दम पर वेस्टइंडीज ने दूसरे टी-20 में मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 16 रन से हरा दिया है। इसी के साथ वेस्टइंडीज तीन मैचों की सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली है।

शनिवार देर रात सबाइना पार्क में 208 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका ने शानदार शुरुआत करते हुए पहले विकेट लिए 81 रन जोड़े। डिकॉक 17 गेंदों में 41 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, हेंड्रिक्स 18 गेंदों में 34 रन बनाकर पवेलियन लौटे। इसके बाद दक्षिण अफ्रीका का कोई भी बल्लेबाज गेंदबाजों के आगे नहीं टिक सका। दक्षिण अफ्रीका सात विकेट पर 191 रन ही बना सकी और 16 रन से मुकाबला हार गई।

## प्रशासक की नियुक्ति के बाद विकल्प तलाश रहा है ईएफआई

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय घुड़सवारी महासंघ (ईएफआई) अपने कामकाज के संचालन के लिए दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा तदर्थ समिति के गठन के बाद कानूनी विकल्पों पर विचार कर रहा है। ईएफआई ने कहा कि अदालत के इस फैसले से इस गरीब खेल महासंघ पर भारी वित्तीय बोझ पड़ जाएगा जो या तो समिति को फीस दे सकता है या खेल के विकास के लिए काम कर सकता है। अदालत ने राजस्थान घुड़सवारी संघ की याचिका पर यह फैसला सुनाया था।

आरईए ने ईएफआई कार्यकारी समिति के सदस्यों के कार्यकाल में विस्तार को चुनौती देते हुए कहा था कि यह खेल कोड के खिलाफ है। एक अलग याचिका में आरईए ने आरोप लगाया था कि ईएफआई ने क्लबों और संस्थानों को मताधिकार देकर खेल कोड का उल्लंघन किया



है क्योंकि प्रदेश संघों को ही मतदान का अधिकार है। ईएफआई के एक सूत्र ने कहा हमारा सालाना राजस्व दो करोड़ रूपये हैं और कम से कम एक करोड़ तदर्थ समिति की फीस में चला जाएगा अगर वह एक साल तक काम करती है। आदेश के तहत ईएफआई को समिति के अध्यक्ष को प्रतिमाह पांच लाख रूपये और दो सदस्यों को एक एक लाख रूपये देने होंगे। ईएफआई गरीब महासंघ है और इतना पैसा एक समिति को नहीं दे सकता। ईएफआई के चयनित सदस्यों ने अपने काम के लिये एक रूपया तक नहीं लिया है। वे निस्वार्थ काम करते आये हैं। अगर समिति को भुगतान करना पड़ा तो कोचिंग शिविर बंद करने पड़ेंगे तथा टूर्नामेंटों की संख्या में कटौती करनी होगी।

## अमेरिका में ऐतिहासिक होगा टी-20 विश्व कप : प्रधान

न्यूयॉर्क, एजेंसी

न्यूयॉर्क में भारत के महा वाणिज्यदूत बिनय श्रीकांत प्रधान ने कहा है कि अमेरिका में टी20 विश्व कप ऐतिहासिक टूर्नामेंट होगा जिसे लेकर भारतवंशियों के साथ अमेरिकी लोगों में भी इसे लेकर काफी उत्साह है और क्रिकेट को देश में मुख्यधारा में लाने में यह अहम भूमिका निभाएगा।

प्रधान ने कहा पहली बार अमेरिकी धरती पर क्रिकेट का विश्व कप खेला जा रहा है। इसे लेकर भारतवंशियों में ही नहीं बल्कि अमेरिका के लोगों में भी भारी उत्साह है।अमेरिकी कांग्रेस सदस्य, सीनेटर, जन प्रतिनिधि सभी इसके बारे में बात कर रहे हैं। टी20 विश्व कप अमेरिका और वेस्टइंडीज में दो से 29 जून तक खेला जाएगा। भारतीय क्रिकेट टीम पांच जून को आयरलैंड के खिलाफ यहां नासाउ काउंटी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में अपने अभियान का आगाज करेगी। भारत और पाकिस्तान का मैच यहां नौ जून को होना है। प्रधान ने कहा मुझे यकीन है कि यह ऐतिहासिक आयोजन होगा। टीम इंडिया कई तरह से भारत का प्रतिनिधित्व करती है। हम उनका स्वागत करने को बेताब हैं और उनकी हौसलाअफजाई भी करेंगे। भारतीय टीम पहली बार अमेरिका की टीम से खेलेगी, यह बड़ा पल होगा। भारत-पाकिस्तान मैच को लेकर उन्होंने कहा इसे लेकर काफी उत्साह है। कई जानी-मानी हस्तियां इसे देखने पहुंचेंगी। बाकी मैच भी महत्वपूर्ण हैं लेकिन भारत-पाकिस्तान मैच हमेशा चर्चा का केंद्रबिंदु रहता है।

## बॉलीवुड हलचल

### मनोरंजन से भरपूर होगी मिस्टर एंड मिसेज माही

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता राजकुमार राव का कहना है कि उनकी आने वाली फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही, मनोरंजन से भरपूर फिल्म है और उसमें दर्शकों को रोमांस, इमोशन,फाइट सब कुछ देखने को मिलने वाला है। राजकुमार राव और जाह्नवी कपूर इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। राजकुमार राव ने बताया है कि फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही में दर्शकों को रोमांस, इमोशन,फाइट सब कुछ देखने को मिलने वाला है। उन्होंने बताया, मिस्टर एंड मिसेज माही यह आप सभी की कहानी है। इस फिल्म में मेरे किरदार का नाम है महेंद्र, जो एक असफल क्रिकेटर है। महेंद्र अपना सपना पत्नी के जरिए जीते हैं। पहले महिमा क्रिकेट खेलती थीं और महेंद्र उन्हें सपोर्ट करेंगे। शरण शर्मा द्वारा निर्देशित और जी स्टूडियो और धर्मा प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित, मिस्टर एंड मिसेज माही 31 मई को रिलीज होगी।



### मिस्टर इंडिया का सीक्वल बनाने के लिए बेताब बोनी

**मुंबई।** बॉलीवुड के जाने-माने फिल्मकार बोनी कपूर अपनी सुपरहिट फिल्म मिस्टर इंडिया का सीक्वल बनाने के लिए बेताब हैं। बोनी कपूर ने वर्ष 1987 में अनिल कपूर, श्रीदेवी और अमरीशपुरी को लेकर सुपरहिट फिल्म मिस्टर इंडिया बनाई थी। शेखर कपूर के निर्देशन में बनी फिल्म मिस्टर इंडिया, 25 मई 1987 को प्रदर्शित हुई थी। मिस्टर इंडिया के सीक्वल पर बोनी कपूर ने एक अपडेट दिया है। इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें 'मिस्टर इंडिया' के सेट से पर्दे के पीछे की कई फोटोज हैं। बोनी ने कैप्शन में लिखा, दिखाई नहीं देने वाली घड़ी अभी भी ऑर्बिट में है। इसने 37 साल पूरे कर लिए हैं। इस जादू को फिर से चलाने के लिए रिचार्ज हो रहा हूं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

